DAT NEWS
हर खबर आप तक

# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

वर्ष : 11 अंक : 085
कानपुर नगर से प्रकाशित
मंगलवार 27 मई 2025
पृष्ठ : 08 मूल्य : 1 रुपये



दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, असम, त्रिपुरा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, गोवा, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उड़ीसा में प्रसारित

## खाद और अन्य सब्सिडी किसान के खाते में सीधे मिले-उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली |उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने आज किसान को हर प्रकार की सहायता सीधा किसान के कहते में देने की बात का समर्थन करते हुए कहा "किसान की आमदनी में उत्थान आएगा जब हर सहायता किसान को सीधी मिलेगी। अमेरिका वो देश है जहां किसान परिवार की आय सामान्य परिवार की आय से ज्यादा है, इसका एक आधार है कि किसान को सीधी सरकारी सहायता मिलती है। हमारे यहां खाद को लेकर बहुत बड़ी सब्सिडी है, अन्य भी बहुत बड़ी सब्सिडी हैं पर वो indirect है। यदि वो सब सीधी किसान को दी जाए तो मेरा आंकलन है एक आधार पर कि हर किसान को हर साल कम से कम 35,000 रुपए मिलेंगे। मैं मानकर चलता हूँ कि इंडियन काउंसिल एग्रीकल्चर रिसर्च इस पर ध्यान देगी, इस पर पूरी तरह से एक टिप्पणी का कागज निकालेगी ताकि किसान को ज्यादा से ज्यादा फायदा हो पाए। किसान को हर तरीके से सरकार मदद कर रही है PM KISAN सम्मान निधि सीधा किसान के खाते में जाता है, पर अब आवश्यकता है कि बाकी सहायता जो किसान को मिल रही है, वो सीधी किसान के खाते में जाए, क्योंकि इससे किसान को बहुत बड़ा फायदा होगा।"

किसान की आमदनी में उत्थान तब आएगा जब हर सहायता किसान को सीधी मिलेगी। अमेरिका वो देश है जहां किसान परिवार की आय सामान्य परिवार की आय से ज्यादा है, इसका एक आधार है कि किसान को सीधी सरकारी सहायता मिलती है। "आज मैं मन से ऐलान करना चाहता हूँ सभी के लिए कि कृषि सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है। कृषि का उद्योग से भारी लगाव है और माननीय मुख्यमंत्री ने यह पहल की है। हमारी आधी आबादी कृषि पर आधारित है", उन्होंने कहा। आज का भारत यह मानता है कि हमारी सेनाओं के पराक्रम ने हर भारतीय का सिर ऊँचा कर दिया है।

हम गर्व से कहते हैंकृ हम भारतीय हैं। भारत अब बदल चुका है। भारत अब आतंकवाद को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगा। नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश में 'कृषि उद्योग समागम' के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में भारतीय सेना के पराक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, "आज का भारत ये मानता है कि३. हमारी सेनाओं के पराक्रम ने हर भारतीय का सर ऊंचा कर दिया है। हम शान से कहते हैं, हम भारतीय हैं, भारत बदल चुका है, भारत अब आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा।

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के दाहोद में 24,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण किया

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

☒ 140 करोड़ भारतीय एक विकसित भारत के निर्माण में एकजुट हैं: प्रधानमंत्री

दाहोद गुजरात। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात के दाहोद में 24,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 26 मई का दिन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसी दिन उन्होंने 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने गुजरात के लोगों के अटूट समर्थन और आशीर्वाद को स्वीकार किया, जिन्होंने उन्हें देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस विश्वास और प्रोत्साहन ने दिन-रात देश की सेवा के लिए उनके समर्पण को बढ़ावा दिया है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने ऐसे अभूतपूर्व और अकल्पनीय निर्णय लिए हैं, जो दशकों पुरानी बाधाओं से मुक्त हैं और हर क्षेत्र में आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा, "आज देश निराशा और अंधकार के युग से निकलकर आत्मविश्वास और आशावाद के नए युग में प्रवेश कर चुका है।" श्री मोदी ने कहा, 140 करोड़ भारतीय एक विकसित भारत के





निर्माण में एकजुट हैं। उन्होंने भारत के भीतर आवश्यक वस्तुओं के विनिर्माण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता समय की मांग है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और घरेलू उत्पादन और निर्यात दोनों में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत अब स्मार्टफोन, ऑटोमोबाइल, खिलौने, रक्षा उपकरण और दवाओं सहित कई तरह के उत्पादों का निर्यात कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत न केवल रेल और मेट्रो तकनीक का विनिर्माण कर रहा है, बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर निर्यात भी कर रहा है। इस प्रगति का एक प्रमुख उदाहरण दाहोद, जहां हजारों करोड़ रुपये की प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ किया गया, को बताते हुए श्री मोदी ने दाहोद इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव फैक्ट्री को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने तीन वर्ष पूर्व इसकी आधारशिला रखने को याद किया और गर्वपूर्वक कहा कि अब पहला इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव सफलतापूर्वक विनिर्मित किया गया है। उन्होंने लोकोमोटिव को झंडी दिखाकर रवाना किया, जो गुजरात और पूरे देश के लिए गौरव का क्षण था। इसके अतिरिक्त, उन्होंने घोषणा की कि गुजरात ने अपने रेलवे नेटवर्क का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल कर लिया है। उन्होंने इसे एक उल्लेखनीय उपलब्धि बताया और इसके लिए गुजरात के लोगों को बधाई दी। दाहोद के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे संबंधों और इस क्षेत्र से जुड़ी कई यादों का स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे दशकों से दाहोद आते रहे हैं और अपने शुरुआती वर्षों में वे अक्सर साइकिल से इस क्षेत्र का भ्रमण करते थे। उन्होंने रेखांकित किया कि इन अनुभवों से उन्हें दाहोद की चुनौतियों और संभावनाओं दोनों को समझने का अवसर प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद भी वे कई बार इस क्षेत्र का दौरा करते रहे और इसके मुद्दों को हल करने के लिए निर्णायक कदम उठाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दाहोद में हर विकास पहल से उन्हें अपार संतुष्टि मिलती है और आज का दिन उनके लिए एक और सार्थक दिन है।

पिछले 10-11 वर्षों में भारत के रेलवे क्षेत्र के त्वरित विकास को रेखांकित करते हुए, श्री मोदी ने मेट्रो सेवाओं के विस्तार और सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों की शुरुआत पर जोर दिया, जिससे पूरे देश में कनेक्टिविटी रूपांतरित हो रही है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेनें अब लगभग 70 रूटों पर चल रही हैं, जो भारत के परिवहन नेटवर्क को और सुदृढ़ बनाती हैं। उन्होंने अहमदाबाद और वेरावल के बीच एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत की घोषणा की। श्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत में आधुनिक ट्रेनों का उदय देश की प्रौद्योगिकी में प्रगति की वजह से है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोच और इंजन अब घरेलू स्तर पर विनिर्मित होते हैं, जिससे आयात पर निर्भरता कम होती है।

## पाकिस्तान को मोदी की चेतावनी: सुख चौन की जिंदगी जियो, रोटी खाओ, वरना मेरी गोली तो है ही

नई दिल्ली |आतंकवाद को उद्योग मानने के लिए पाकिस्तान की आलोचना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के भुज में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस्लामाबाद



आतंकवाद को पर्यटन की तरह मानता है। पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो कोई भी भारत को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा, उसे उसकी ही भाषा में जवाब दिया जाएगा। मोदी ने चेतावनी देते हुए कहा कि सुख चौन की जिंदगी जियो, रोटी खाओ, वरना मेरी गोली तो है ही...। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान के लोगों को अपने देश को आतंकवाद से मुक्त कराने के लिए आगे आना होगा। उनके युवाओं को आगे आना होगा। मोदी ने साफ तौर पर कहा कि भारत की दिशा एकदम स्पष्ट है... भारत ने विकास का पथ चुना है, शांति और समृद्धि का रास्ता चुना है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के नागरिकों और खासकर वहां के बच्चे... ये मोदी की बात कान खोलकर लो... ये आपकी सरकार और आपकी सेना आतंकवाद को समर्थन दे रही है। आतंकवाद पाकिस्तान की सरकार और सेना के लिए पैसा कमाने का जरिया बन गया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के युवकों को तय करना होगा, बच्चों को तय करना होगा... क्या ये रास्ता उनके लिए ठीक है, क्या उनका भला हो रहा है। ये आपके भविष्य को नष्ट कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान को आतंकी बीमारी से मुक्त करने के लिए पाकिस्तान के आवाम को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि भारत टूरिज्म पर विश्वास करता है, टूरिज्म लोगों को जोड़ता है। लेकिन पाकिस्तान जैसा देश भी है, जो टेररिज्म को ही टूरिज्म मानता है और ये दुनिया के लिए बहुत बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि हमारी नीति आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की है। ऑपरेशन सिंदूर ने इस नीति को और स्पष्ट कर दिया है। जो भी भारतीयों का खून बहाने की कोशिश करेगा, उसको उसकी भाषा में ही जवाब दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबर

### भारत ने मौलिक भौतिकी में लार्ज हैड्रान कोलाइडर प्रयोगों के लिए मिले ब्रेक F: पुरस्कार का जश्न मनाया

नई दिल्ली |मौलिक भौतिकी में 2025 का ब्रेक F: पुरस्कार, 2015 से 15 जुलाई, 2024 के बीच एटीएलए एस, सीएमएस, एएलआईसीई और एलएचसीबी प्रयोगात्मक सहयोग से जारी किए गए सीईआरएन के लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर रन-2 डेटा पर आधारित प्रकाशनों के सह-लेखकों को दिया जाता है। सीईआरएन में इन चार प्रयोगों के लिए 3 मिलियन डॉलर का पुरस्कार प्रदान किया गया है और इसका उपयोग इनके द्वारा सदस्य संस्थानों के डॉक्टरेट छात्रों को सीईआरएन में अनुसंधान के दौरान अनुदान देने के लिए किया जाएगा। इससे छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र में काम करने का अनुभव और अपने देश तथा क्षेत्रों में वापस लाने के लिए नई विशेषज्ञता मिलेगी। एलटीएलएएस में 5,345 अनुसंधानकर्ता शामिल थे, जबकि सीएमएस में 4,550, एएलआईसीई में 1,869 और एलएचसीबी में 1,744 अनुसंधानकर्ता शामिल थे। भारतीय वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं ने एलिस (ए लार्ज आयन कोलाइडर एक्सपेरीमेंट) और सीएमएस (कॉम्पैक्ट म्यूऑन सोलेनॉइड) प्रयोगों के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कई भारतीय संस्थानों, विश्वविद्यालयों और वैज्ञानिकों ने प्रयोग की सफलता में बौद्धिक और तकनीकी दोनों तरह से योगदान दिया है। डिटेक्टर विकास से लेकर डेटा विश्लेषण तक, भारतीय अनुसंधानकर्ताओं की विभिन्न टीमें प्रयोगों के हर चरण में, उनकी शुरुआत से ही सक्रिय रूप से शामिल रही हैं। ये योगदान वैश्विक वैज्ञानिक सहयोग के लिए भारत की प्रतिबद्धता और एलएचसी प्रयोगों की सफलता में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाते हैं।

### 278 करोड़ से तैयार होगी डिजिटल वर्कफोर्स आधुनिक तकनीक से जुड़ेंगी ग्राम पंचायतें

लखनऊ |मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ग्राम पंचायतों को डिजिटल रूप से सशक्त और जनसुविधाओं से लैस करने के लिए 278 करोड़ रुपये से डिजिटल वर्क फोर्स तैयार की जाएगी। जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर एवं पंचायत लर्निंग सेंटर भी स्थापित होंगे। यह पहल राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत हो रही है।

पंचायती राज विभाग की कार्ययोजना के अनुसार ग्राम पंचायतों के कर्मचारियों को डिजिटल प्लेटफार्मों पर कुशलता से कार्य करने के लिए यह पहल हो रही है। इसका उद्देश्य पंचायतों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर सेवा वितरण की दिशा में प्रभावी बनाना है। इसके लिए राज्य, जिला और खंड स्तर पर मानव संसाधन तैयार किए जाएंगे। पंचायत कर्मियों के प्रशिक्षण और सतत विकास के लिए केंद्र बनाए जाएंगे। जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर और पंचायत लर्निंग सेंटर की स्थापना से लोगों को योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। इससे गांवों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को भी बढ़ावा मिलेगा। वहीं, एआई प्रज्ञा कार्यक्रम के तहत प्रदेश में 10 लाख लोगों को एआई में दक्ष बनाने की तैयारी है। ब्लॉक, जिला व ग्राम पंचायतों में भी अंतर्गत कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्ययोजना के अनुसार, चार स्तरीय समितियां योजना की निगरानी और क्रियान्वयन को अधिक प्रभावी बनाएंगी। पंचायती राज मंत्री की अध्यक्षता में राज्य सलाहकार समिति, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य संचालन समिति, प्रमुख सचिव पंचायती राज की अध्यक्षता में राज्य कार्यकारी समिति तथा निदेशक पंचायती राज की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति भी बनेगी।

## प्रदेश की हर विधानसभा में बनेंगे कंपोजिट विद्यालय, प्री प्राइमरी से लेकर 12वीं तक की होगी पढ़ाई: योगी आदित्यनाथ

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 43 सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय के शिलान्यास का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश शिक्षा का एक नया मॉडल देने जा रहा है। एक ऐसा कैंपस जहां प्री-प्राइमरी, आंगनबाड़ी भी होगा। यहां प्री प्राइमरी से 12वीं तक की पढ़ाई एक छत के नीचे होगी। 10 से 15 एकड़ में बनने वाले इन विद्यालयों की लागत लगभग 25-30 करोड़ होगी।



उन्होंने कहा कि इन स्कूलों को



अटल आवासीय विद्यालयों की तर्ज पर एक मॉडल के रूप में चलाया जाएगा। यहां साइंस, मैथ्स, कंप्यूटर लैब, कौशल विकास केंद्र, स्टेडियम और मल्टीपर्पज हॉल भी होगा। अभी हर जिले में दो-दो विद्यालय दिए गए हैं। आगे चलकर हर विधानसभा में एक-एक सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय दिए जाएंगे। इससे एक ही घर के बच्चे अलग-अलग विद्यालयों में नहीं बल्कि एक ही कैंपस में पढ़ेंगे।

सीएम ने कहा कि इन विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ प्रशिक्षित व पर्याप्त शिक्षक भी मिलेंगे। उन्होंने डीबीटी के माध्यम से बच्चों के यूनिफॉर्म, बैग, जूते, मोजे और स्वेटर के लिए 1200 करोड़ रुपये जारी करते हुए शिक्षकों से कहा कि वह इस राशि के सदुपयोग के लिए अभिभावकों को जागरूक करें। उन्होंने यह भी कहा कि जुलाई में शिक्षक घर-घर जाएं और अभिभावकों को 5 से 14 साल के हर बच्चे को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें।

सीएम ने कहा कि 2017 से पहले बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में जर्जर भवन, गंदगी और अव्यवस्था का बोलबाला था। छात्रों की कमी और ड्रॉपआउट दर अधिक थी। आज इन स्कूलों में शौचालय, पेयजल, खेल के मैदान, स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसकी वजह से स्कूलों में छात्रों की संख्या 800 से 1200 तक पहुंच गई है। यह शिक्षा का एक नया मॉडल है, जो बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास के अवसर दे रहा है। उन्होंने पांच विद्यालयों के निर्माण के लिए 150 करोड़ देने के लिए ओएनजीसी का भी आभार जताया।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद यूपी बीमारू राज्य के धब्बे से निकालकर विकासशील राज्य बना है। यहां के पानी, बिजली, सड़क, अस्पताल, कानून व्यवस्था की चर्चा देश भर में है। अब यहां टूटी सड़क नहीं मिलती है। प्रदेश के लोग बाहर जाते हैं तो उनको सम्मान मिलता है। पहले लोग अपने बच्चों को सरकारी स्कूल भेजने नहीं चाहते थे। स्कूलों में 8- 10 बच्चे ही होते थे। शिक्षक नियमित नहीं जाते थे।

उन्होंने कहा कि आज इन सरकारी स्कूलों में 1.90 करोड़ बच्चे हैं। पहले सिंडिकेट मिड-डे-मील खाता था। आज बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में पाक में घर में बैठे आतंकियों को, उनके अड्डे को नष्ट किया है। क्या पहले यह संभव था। मुंबई की घटना याद है। पीएम मोदी के नेतृत्व में अब भारत घर में घुसकर मारने वाला है। भारत रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बन रहा है। यूपी भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। गेहूं, चीनी उत्पादन में नंबर एक है। अब शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नंबर बनेंगे।

- 43 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों व 66 मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास
- 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों और अतिरिक्त डॉरमेट्री का लोकार्पण
- बच्चों के ड्रेस व स्टेशनरी के लिए प्रति छात्र 1200 की धनराशि अभिभावकों के बैंक खाते में हस्तांतरित
- 7409 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, 5,258 विद्यालयों में आईसीटी लैब की शुरुआत की
- शिक्षकों को 51667 टैबलेट वितरण व 503 पीएमश्री विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ
- राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान में स्थापित एडुकेशनल ब्रॉडकास्ट स्टूडियो का किया शुभारंभ
- कक्षा 3 से 12 के छात्र-छात्राओं के स्मार्ट असेसमेंट हेतु निपुण प्लस एप की शुरुआत की
- सभी परिषदीय उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालयों में समर कैंप नवाचार का किया शुभारंभ
- निपुण आंकलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 05 शिक्षकों को किया सम्मानित
- राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा तैयार किताबों सारथी व अनुरूपण का विमोचन।

## केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंती डा. जितेंद्र सिंह ने आईआईटीएम द्वारा विकसित दुनिया की पहली स्वदेशी रूप से विकसित उच्च रिजाल्यूशन श्भारत पूर्वानुमान प्रणाली को समर्पित किया

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली |केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में दुनिया की पहली स्वदेशी रूप से विकसित उच्च-रिजॉल्यूशन मौसम पूर्वानुमान प्रणालियों में से एक - भारत पूर्वानुमान प्रणाली - को समर्पित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि चूंकि भारत विश्व में अपनी अर्थव्यवस्था के चौथे स्थान पर पहुंचने का जश्न मना रहा है तथा पहले स्थान पर पहुंचने की आशा कर रहा है, इसलिए हमारे पूर्वानुमान की सटीकता का उद्देश्य संभावित नुकसान को कम करके संभावित लाभ को बढ़ाकर आर्थिक विकास में योगदान करना है।



भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम), पुणे द्वारा विकसित यह अत्याधुनिक प्रणाली भारत के मौसम पूर्वानुमान रिजॉल्यूशन को 12 किमी से बढ़ाकर 6 किमी कर देती है, जिससे भारत के हर गांव को अधिक सटीक और स्थान-विशिष्ट पूर्वानुमान प्राप्त करने में मदद मिलती है। यह प्रगति भारत की मौसम सेवाओं में एक ऊंची छलांग है और आत्मनिर्भर भारत तथा मेक इन इंडिया पहल के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, ष्यह स्वदेशी सफलता भारत को मौसम पूर्वानुमान में वैश्विक अग्रणियों में स्थान दिलाती है। यह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में हमारे उत्थान का गौरवपूर्ण प्रमाण है और अत्याधुनिक, आत्मनिर्भर वैज्ञानिक समाधान विकसित करने की हमारी क्षमता को दर्शाता है जो राष्ट्र की उपलब्धियों में एक और उपलब्धि है।

## असंगठित क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण 2023-24 और निजी क्षेत्र के पूंजीगत व्यय निवेश मंशा के अग्रगामी सर्वेक्षण परिणामों पर डेटा उपयोगकर्ता सम्मेलन

नई दिल्ली |केंद्र सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय 27 मई, 2025 को हैदराबाद के गाचीबोवली में इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) के सहयोग से डेटा उपयोगकर्ता सम्मेलन आयोजित कर रहा है। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) परिसर के खेमका ऑडिटोरियम में होने वाले इस सम्मेलन में डेटा प्रदाताओं और उपयोगकर्ताओं को असंगठित क्षेत्र उद्यमों के हाल के डेटा नवाचारों और वार्षिक सर्वेक्षण 2023-24 और निजी क्षेत्र के पूंजीगत व्यय (सीएपीईएक्स) निवेश मंशा पर अग्रगामी सर्वेक्षण से प्राप्त निष्कर्षों पर चर्चा करने के लिए संवादमूलक विमर्श का अवसर मिलेगा। डेटा उपयोगकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन सचिव डॉ. सौरभ गर्ग करेंगे। सम्मेलन में तेलंगाना सरकार के विशेष मुख्य सचिव श्री जयेश रंजन, भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाह कार डॉ. वी. अनंथा नागेश्वरन, इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के डीन प्रोफेसर मदन एम. पिल्लुटला और राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएस) की महानिदेशक सुश्री गीता सिंह राठौर सहित कई गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे और अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम में शोधकर्ता, शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, औद्योगिक संघ और व्यापार निकाय, नीति निर्माता, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि, उद्यमों के प्रतिनिधि तथा शिक्षा जगत और प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों सहित लगभग 200 प्रतिभागी शामिल होंगे। संबंधित विषय के विशेषज्ञ और राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग (एनएससी) के सदस्य भी इसमें मौजूद रहेंगे।

## श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने लिवरपूल विश्वविद्यालय को आशय पत्र सौंपने के समारोह की अध्यक्षता की

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली |केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज नई दिल्ली में लिवरपूल विश्वविद्यालय को आशय पत्र (एलओआई) सौंपे जाने के समारोह की अध्यक्षता की। यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-यूजीसी द्वारा भारत में विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों के परिसरों की स्थापना और संचालन विनियम, 2023 के तहत आशय पत्र प्राप्त करने वाला दूसरा विदेशी विश्वविद्यालय है।

भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त, सीबी ओबीई सुश्री लिंडी कैमरून,





विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अंतरिम अध्यक्ष और शिक्षा मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग सचिव, डॉ. विनीत जोशी, लिवरपूल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टिम जोन्स, लिवरपूल विश्वविद्यालय में वैश्विक जुड़ाव और भागीदारी के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. तारिक अली के साथ-साथ विदेश मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। रॉयल कॉलेज ऑफ ऑब्सटेट्रिशियन एंड गायनेकोलॉजिस्ट (आरसीओजी), एस्ट्राजेनेका फार्मा इंडिया लिमिटेड, यूवीकैन और ड्रीम11 सहित कंपनियों और संगठनों के साथ भविष्य में सहयोगी के रूप में काम करने के अवसरों का पता लगाने के लिए आज तीन महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए गए।

इस अवसर पर श्री प्रधान ने कहा कि आशय पत्र वैश्विक उच्च शिक्षा में भारत के एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में उभरने की पुष्टि करता है। उन्होंने कहा कि यह कदम अग्रणी वैश्विक विश्वविद्यालयों के साथ अकादमिक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में भारत की एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह एक ऐसी आकांक्षा है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण में दृढ़ता से अंतर्निहित है।




# अयोध्या टाइम्स कानपुर मण्डल

मंगलवार 27 मई 2025




# बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का शुभारंभ/लोकार्पण

कानपुर। आज दिनांक 26–05–2025 को पूर्वाह्न 10:30 बजे लखनऊ स्थित लोक भवन में माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों का शुभारंभ व लोकार्पण किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत विगत 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की उपलब्धियो के संबंध में लघु फिल्म प्रदर्शित कर की गई तत्पश्चात माननीय मुख्यमंत्री जी ने कक्षा तीन से 12 के छात्र–छात्राओं के स्पॉट असेसमेंट हेतु निपुण प्लस ऐप का शुभारंभ किया। शैक्षिक सत्र 2025 26 में छात्र–छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से ड्रेस, जूता–मोजा,स्वेटर, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग आदि के लिए बटन दबाकर धनराशि हस्तांतरित की गई। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने 38 मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल, 66 अभ्युदय कंपोजिट विद्यालयों का भी शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री जी द्वारा राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान लखनऊ में स्थापित एजुकेशनल ब्रॉडकास्टिंग स्टूडियो का भी शुभारंभ किया गया इसके साथ–साथ टेबलेट वितरण, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब एवं डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना का बटन दबाकर शुभारंभ किया गया एनसीईआरटी द्वारा तैयार की गई सारथी एवं अनुरूपण पुस्तकों का विमोचन भी माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया।

इसी क्रम में जनपद कानपुर नगर में भी बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीएनएसडी शिक्षा निकेतन के सभागार, एवं समस्त खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद स्तर पर आयोजित कार्यकम में माननीय विधायक कल्याणपुर श्रीमती नीलिमा कटियार जी मुख्य अतिथि रहीं। लखनऊ से माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के उपरांत माननीय विधायक श्रीमती नीलिमा कटियार ने विभिन्न परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को टैबलेट वितरित किए। स्मार्ट क्लास, आई सी टी लैब एवं डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना वाले 15 विद्यालयों के प्रधानाध्यकों की प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही परिषदीय विद्यालयों में संचालित समर कैंप में सराहनीय योगदान देने वाले शिक्षामित्रों, अनुदेशकों तथा शिक्षकों को भी उन्होंने सम्मानित किया। जनपद को अब तक पिछले शैक्षिक सत्र में 165 स्कूलों में स्मार्ट क्लास, वर्तमान शैक्षिक सत्र में 42 स्कूलों में डेस्कटॉप कंप्यूटर, शिक्षकों हेतु 3502 टैबलेट, 5 पीएम श्री स्कूलों में डिजिटल लाइब्रेरी व विकासखंड कल्याणपुर में एक मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय की सौगात मिल चुकी है साथ ही मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय हेतु भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है। विगत कई वर्षों से मिशन प्रेरणा और निपुण भारत मिशन की उपलब्धियों और शैक्षिक उन्नयन में विशेष भूमिका निभाने हेतु एआरपी को भी आज के कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक(बे०) श्री राजेश कुमार वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री दुर्गेश प्रताप सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री सुरजीत कुमार सिंह, नगर के खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, एस आर जी सहित सभी न्यायपंचायतों के नोडल संकुल शिक्षक उपस्थित रहे।




## भारतीय जनता पार्टी कानपुर देहात हिंदी भवन अकबरपुर में महारानी अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन

कानपुर देहात। भारतीय जनता पार्टी कानपुर देहात हिंदी भवन अकबरपुर में महारानी अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें अहिल्याबाई द्वारा समाज हित में किए गए कार्यो को याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी मंत्री संजय निषाद जिला अध्यक्ष रेणुका सचान विधान परिषद सदस्य अविनाश सिंह चौहान द्वारा रानी अहिल्याबाई होलकर,पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा






प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित करके किया गया। कार्यक्रम में एलसीडी द्वारा महारानी अहिल्याबाई के जीवन पर चलचित्र प्रदर्शित किए गए जिसमें महारानी अहिल्याबाई की जीवन एवं देश प्रेम का अनूठा प्रेम चल चित्र के माध्यम से प्रदर्शित किया गया इस दौरान मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने कहा अहिल्याबाई द्वारा किए गए कार्यो को भुलाया नहीं जा सकता है। अहिल्याबाई होल्कर ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया उन्होंने मछली, पशु–पक्षी, नदी, तालाब, कुएं–बावड़ी, पेड़–पौधे यहां तक कि मिट्टी के संरक्षण की तक बात की बात की। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है। इसी के चलते आज अहिल्याबाई होल्कर के कार्यों को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य भाजपा कर रही है। विधान परिषद सदस्य एवं पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन के संयोजक अविनाश सिंह चौहान ने कहा ने कहा कल्कि, काशी, अयोध्या और केदारनाथ समेत कई स्थानों पर उनके द्वारा किए गए कार्य सनातन धर्म की मजबूती का प्रतीक हैं। जिला अध्यक्ष रेणुका सचान ने कहा आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी है और अहिल्याबाई के आदर्श, कार्यों से प्रेरणा लेकर और आगे बढ़ेगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य, चौयरमैन, सदस्य भारी संख्या में शामिल हुए कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधान परिषद सदस्य अविनाश सिंह चौहान महामंत्री बबलू शुक्ला रामजी मिश्रा रामजी गुप्ता अमित तिवारी सोनू अशोक निषाद देवा रागिनी भदोरिया बबलू कटियार कृष्णा गौतम सौरभ मिश्रा नीरज पांडे केपी सिंह हेमू सिंह जीतू त्रिपाठी राकेश तिवारी अमित राजपूत लकी सिंह अनिरुद्ध सिंह विकास मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी आदि रहे।

## संक्षिप्त

### बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएन्जा) से बचाव सम्बन्धित तैयारियां

कानपुर।आज उपरोक्त से बचाव एवं नियंत्रण हेतु जनपद कानपुर नगर में निम्नलिखित कार्यवाही की गयी है।

1. आई०वी०आर०आई० इज्जत नगर बरेली को भेजे गये सैम्पल में से शहरी क्षेत्र के 78 सैम्पल एवं ग्रामीण क्षेत्र के 214 सैम्पल की रिपोर्ट आज दिनांक 26.05.2025 को प्राप्त हो गयी है जो सभी एवियन इन्फ्लूएन्जा मुक्त नकारात्मक (NEGATIVE) पाये गये है।
2. जनपद में प्राप्त सूचना के अनुसार शहर या ग्रामीण क्षेत्रों में पक्षियों की अस्वाभाविक मृत्यु नही हुई है। जनपद के किसी भी क्षेत्र में पोल्ट्री या पोल्ट्री उत्पाद के विपणन एवं आवागमन पर जिला प्रशासन कानपुर नगर द्वारा प्रतिबन्ध नही लगाया गया है। यह जानकारी (डा० आई०डी०एन०चतुर्वेदी) मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, कानपुर नगर नें दी।

### साइबर क्राइम ब्रांच रामपुर ने साइबर ठगों द्वारा ठगी गई रकम 30825/-रुपए वापस कराई

संवाददाता—— सुधीर कुमार शर्मा

रामपुर। जैसा कि आपको बताते चले कि नायाब इकराम अली खान पुत्र मुबारक अली खान नि0 घेर मुल्ला गंज चौकी पीला तालाब थाना गंज जनपद रामपुर से अज्ञात साइबर ठगों द्वारा काल करके एसबीआई हेल्थ इश्योरेंस कराने के नाम पर 30,825/– रूपये ट्रांसफर करा लिये गये थे। उक्त साईबर फ्राड के सम्बन्ध में पीड़ित ने अपनी शिकायत थाना साईबर क्राइम पर दिनांक 17 मई 2025 को की थी। पीड़ित द्वारा अपनी साईबर शिकायत में उल्लेख किया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी को झांसे में लेकर काल करके एसबीआई हेल्थ इश्योरेंस



कराने के नाम पर कुल 30,825/– रूपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिये थे। साइबर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने के क्रम में विद्यासागर मिश्र पुलिस अधीक्षक रामपुर व अतुल कुमार श्रीवास्तव अपर पुलिस अधीक्षक(नोडल ऑफिसर साईबर अपराध) के कुशल नेतृत्व में उक्त प्रकरण में थाना साईबर सैल रामपुर द्वारा तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए अभियुक्त के खाते की जानकारी प्राप्त कर त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 26 मई 2025 को पीड़ित नायाब इकराम अली खान उपरोक्त की साईबर फ्राड हुई शतप्रतिशत धनराशि 30,825/– रूपये उसके खाते में वापस करायी गयी।

### आज चुनाव की घोषणा होते ही चढ़ा सियासी पारा

लुधियाना।केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव का ऐलान कर दिया गया है। जिसमें पंजाब की लुधियाना विस सीट शामिल है जहां पर अब 19 जून को संबंधित हलके के मतदाता अपने पंसदीदा उम्मीदवार को वोट डालकर उसे पंजाब विधान सभा की सीढ़ियां चढायेंगे। आयोग के ऐलान के बाद पंजाब विशेष लुधियाना का सियासी तापमान एकदम बढ़ गया है। हालांकि यहां पर आम आदमी पार्टी द्वारा सबसे पहले अपने उम्मीदवार के तौर पर राज्यसभा सदस्य एवं प्रमुख उद्योगपति संजीव अरोड़ा को चुनाव मैदान में उतार कर राजनीतिक सरगर्मियों की शुरूआत कर दी थी।

## आगामी 30 को मा. प्रधानमंत्री जी के जनपद दौरे के संबंध में चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय (सीएसए) स्थित सभा स्थल का निरीक्षण

कानपुर नगर। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन श्री मनोज कुमार सिंह एवं डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस प्रशांत कुमार द्वारा आज आगामी 30 को मा. प्रधानमंत्री जी के जनपद दौरे के संबंध में चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय



(सीएसए) स्थित सभा स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव महोदय ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा – निर्देश दिए। इसके उपरांत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संयुक्त आयुक्त,उद्योग कार्यालय सभागार, एचबीटीयू में आला अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान उन्होंने सभा स्थल पर आगंतुकों के लिए खान–पान एवं पेयजल व्यवस्था के साथ–साथ स्वास्थ्य एवं बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मा. प्रधानमंत्री जी के दौरे को देखते हुए संबंधित अधिकारियों से कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अन्य आवश्यक उपाय किए जाने के साथ–साथ यह भी निर्देश दिए कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए लोगों को आवश्यक सुविधाएं सभा स्थल पर ही अवश्य उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा पूरे नगर



में स्वच्छता का विशेष अभियान चलाते हुए समूचे नगर को स्वच्छ करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पुलिस महकमें के आला अफसरों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखना के विशेष उपाय अभी से सुनिश्चित कराएं। वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग हो, इसके भी निर्देश दिए गए। साथ ही, एसपीजी व एनएसजी के अधिकारियों के साथ सामंजस्य बनाते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

बैठक में मण्डलायुक्त के. विजयेंन्द्र पाण्डियन, पुलिस आयुक्त श्री अखिल कुमार, जिलाधिकारी श्री जितेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती दीक्षा जैन समेत जनपद के संबंधित अधिकारी मौजूद रहें।

## दीवार से टकराकर नहर में गिरे बाइक सवार तीन युवक दो निकले एक की तलाश जारी, बस्ती के रामनगर में हुआ हादसा

विकास चौधरी ब्यूरों प्रभारी
दैनिक अयोध्या टाइम्स बस्ती

बस्ती के सोनहा थाना क्षेत्र के मझौवा रामप्रसाद गांव में सोमवार दोपहर एक हादसा हुआ। खोरिया नहर की दीवार से एक बाइक



टकरा गई। बाइक पर सवार तीनों युवक नहर में गिर गए। दो युवक तैरकर बाहर निकल आए। एक युवक अभी भी लापता है।मेहताब, सोनू और अखिलेश एक ही बाइक पर सवार थे। बाइक तेज रफ्तार में थी। अचानक चालक का नियंत्रण बिगड़ गया। बाइक नहर की दीवार से टकरा गई। इस हादसे में अखिलेश और सोनू तैरकर बाहर निकल आए। मेहताब लापता हो गया।

दोनों युवकों ने तुरंत मेहताब के परिजनों को सूचना दी। खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। परिजन औरग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए।थाना प्रभारी सोनहा मोतीचंद मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से खोजबीन शुरू की गईं। नहर में तेज बहाव के कारण तलाश में दिक्कतें आ रही हैं। पुलिस ने राहत और बचाव कार्य में सहयोग शुरू कर दिया है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से गोताखोरों की मदद की मांग कीहै। गांव में शोक का माहौल है। परिजन और ग्रामीण नहर किनारे डटे हुए हैं। सभी मेहताब के सुरक्षित मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

# मा0 प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा, दिये निर्देश

•अभियान चलाकर प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों, सार्वजनिक भवनों में करायी जायें साफ–सफाई

.............................................................................

•जनसुनवाई, तहसील व थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में करें संतुष्टिपरक निस्तारण

अनुज प्रताप सिंह ब्यूरोचीफ कानपुर देहात।

मा0 मंत्री, मत्स्य विभाग, उत्तर प्रदेशध्जनपद प्रभारी मंत्री, डा0 संजय कुमार निषाद जी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी आलोक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन0 की उपस्थिति में समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ की गयी। बैठक में मा0 मंत्री जी द्वारा सर्वप्रथम गत बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग को उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित संज्ञान लेकर निस्तारण निर्धारित समय सीमा में करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता विद्युत द्वारा अवगत कराया गया कि शिकायतों से सम्बन्धित पंजिकायें प्रत्येक सब स्टेशनों पर उपलब्ध हैं, जिसमें नियमित रूप से शिकायतों का अंकन कर निर्धारित समयावधि में निस्तारण कराया जाता है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी विभागीय योजनाओं के साथ–साथ विद्युत आपूर्ति के सम्बन्ध में सूचनायें नियमित रूप से प्रसारित की जा रहीं हैं। उन्होंने कृषि विभाग को विभागान्तर्गत संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने, सभी केन्द्रों पर खाद व बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा संचालित योजनाओं से पात्र किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा समय–समय पर चिकित्सकों की टीम गांव में भेजकर स्थानीय स्तर पर कैम्प के माध्यम से लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने, अभियान चलाकर मेडिकल स्टोरों की जांच कराने के निर्देश दिये। मा0 प्रभारी मंत्री जी ने कहा कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मुहैया कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों, प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों, सार्वजनिक भवनों व ग्रामों में साफ–सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने मत्स्य विभाग व एलडीएम को अधिक से अधिक मत्स्य लाभार्थियों का क्रेडिट कार्ड बनाने व मत्स्य विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं से आच्छादित करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रीष्मावकाश के मध्य समस्त प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में स्थापित शौचालयों व पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। मा0 मंत्री जी ने कहा कि निर्माण कार्यो को समयान्तर्गत पूरा किया जाये। कार्यो में मानक, गुणवत्ता का पालन किया जाये। उन्होंने टॉस्क फोर्स बनाकर परियोजनाओं का समय–समय पर निरीक्षण कराने के भी निर्देश दिये। मा0 मंत्री जी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप कानून व्यवस्था स्थापित की जाये। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई, तहसील व थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाये तथा आवश्यकतानुसार टीम गठित कर स्थलीय निरीक्षण कराये जाने के भी निर्देश दिये। अंत में माननीय मंत्री जी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों से समन्वय करते हुए विकास कार्यों को कराया जाए, अधिकारी नियमानुसार कार्य करें, पात्र को योजनाओं से जोड़े तथा सरकार द्वारा चलायीं जा रहीं योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाये। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश आगे बढ़ रहा है अधिकारी इसमें अपना सहयोग दें। जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 मंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देशों का समयान्तर्गत सभी अधिकारी अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे।





बैठक में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन0, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य, सीएमओ डा0 एके सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पाण्डेय, प्रभागीय वनाधिकारी एके द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बीएनएसडी शिक्षा निकेतन कानपुर में शौर्य अभिनंदन तिरंगा यात्रा योजना की बैठक हुई सम्पन्न

कानपुर। भारतीय सेना द्वारा संचालित ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में तथा देश की सैन्य शक्ति को वंदन व अभिनंदन अर्पित करने हेतु कानपुर विभाग की मातृ शक्ति द्वारा आयोजित "शौर्य अभिनंदन तिरंगा यात्रा" की पूर्व–योजना बैठक आज दिनांक 26 मई 2025 को सायं 5.00 बजे, बीएनएसडी शिक्षा



निकेतन, कानपुर में संपन्न हुई।

यात्रा दिनांक 31 मई 2025 को सायं 5.00 बजे बीएनएसडी शिक्षा निकेतन से प्रारंभ होकर कारगिल शहीद पार्क पर सम्पन्न होगी। इस यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों की मातृ शक्तियों से स्कूटी, बाइक आदि के माध्यम से सहभागिता का आह्वान किया गया है, जिससे राष्ट्रप्रेम का संदेश जन–जन तक पहुँच सके।

बैठक में माननीय भवानी तिवारी जी (भाईसाहब, प्रांत संघचालक, कानपुर प्रांत),आदरणीय बैरिस्टर जी (विभाग प्रचारक) तथा आदरणीय साहब लाल जी (विभाग कार्यवाह) ने मार्गदर्शन प्रदान किया।

योजना बैठक में, डॉ. प्रियंका सिंह (प्रांत संयोजिका, महिला समन्वय),डॉ. विवेक सिंह (सह विभाग संघचालक), श्रीमती मधु अवस्थी (विभाग संयोजिका,कानपुर),डॉ.मोनिका अग्रवाल (सह विभाग संयोजिका), श्रीमती मीना पांडे,श्रीमती रचना पांडे,श्रीमती संध्या गुप्ता, डॉ. प्रतिभा एवं श्रीमती रजनी प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

यह आयोजन मातृ शक्ति के संगठित प्रयासों एवं देशभक्ति भाव को सशक्त करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल है। समस्त नागरिकों से अनुरोध है कि इस शौर्य अभिनंदन तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर राष्ट्र गौरव का हिस्सा बनें।

# प्रभारी मंत्री जी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान व प्रशस्ति पत्र किया गया वितरण

दैनिक अयोध्या टाइम्स

ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा
सुलतानपुर। जनपद में मंत्री, पंचायती राज तथा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी/ जनपद प्रभारी मंत्री, श्री ओम प्रकाश राजभर द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारम्भ/ लोकार्पण, उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान व प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया तत्पश्चात बेसिक शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों का माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा लोकभवन लखनऊ से लोकार्पण व शुभारंभ कार्यक्रम पर आधारित समारोह जनपद के प्रभारी मंत्री जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। जनपद प्रभारी मंत्री जी द्वारा मुख्यमंत्री उ0प्र0 जी के कर कमलों से लोक भवन लखनऊ में आयोजित बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के शुभारंभ्लोकार्पण समारोह का सजीव प्रसारण कार्यक्रम देखा व सुना गया तत्पश्चात प्रभारी मंत्री जी द्वारा जनपद के पांच शिक्षकों आकांक्षा शुक्ला, रीना सिंह, अजिता, हरि प्रसाद व मंजूलता राय को टैबलेट वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैंप) में बेहतर कार्य कर रहे जफर अरमान, शिव बहादुर, नीलम, ज्ञानेश्वरी व अमर बहादुर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संदीप सिंह, विजय प्रताप, अजय मिश्रा, वैभव सिंह व सत्येन्द्र सिंह को सम्मानित किया। शैक्षिक सत्र 2025 – 26 में अधिक नामांकन करने वाले शिक्षकों में सीमा श्रीवास्तव, राकेश, नीलम यादव, मुनेन्द्र मिश्रा व राम गोविंद को प्रमाण पत्र देकर मंत्री जी द्वारा सम्मानित किया गया प्रभारी मंत्री जी द्वारा अपने उद्बोधन में बेसिक शिक्षा विभाग में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन की चर्चा करते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा, बच्चों के सीखने




की नींव है इसलिए हमारी सरकार ने बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में भौतिक परिवेश को बेहतर किया है। आज बेसिक शिक्षा विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी, सक्रिय पुस्तकालय, दीक्षा एप, निपुण लक्ष्य एप आदि के माध्यम से भी बच्चों को सीखने का अवसर मुहैया करा रही है। शिक्षकों को टैबलेट देकर उन्हें भी डिजिटल माध्यम से शिक्षा देने हेतु समृद्ध किया जा रहा है। सदस्य विधान परिषद ने कहा कि आज बेसिक के विद्यालयों में खेलकूद सामग्री के माध्यम से खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। जनपद सुलतानपुर के बच्चे प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में अपना हुनर दिखा रहे हैं जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने बताया कि बेसिक शिक्षा में हो रहे सकारात्मक बदलाव की नियमित समीक्षा करते हुए आवश्यक सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सजीव प्रसारण में मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 द्वारा सुझाये गये सभी बिन्दुओं का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने सभी अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए समारोह का समापन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री जी द्वारा लोक भवन लखनऊ में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 38 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों व 67 अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास किया गया इस अवसर पर उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नये भवनों, डारमेट्री, पीएम श्री विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास व डीबीटी आदि का शुभारंभ किया गया।

# मॉडल ग्राम पंचायत गुतासी में बाल वाटिका आगनवाड़ी केंद्र का भव्य लोकार्पण, जिलाधिकारी ने की प्रशंसा

दैनिक अयोध्या टाइम्स

ब्यूरो चीफ विपिन सिंह चौहान फर्रुखाबाद। मॉडल ग्राम पंचायत गुतासी में सोमवार को डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी के कर– कमलों द्वारा मॉडल बाल वाटिका आगनवाड़ी केंद्र का भव्य लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों की भारी उपस्थिति रही। बाल वाटिका आगनवाड़ी केंद्र की उत्कृष्ट डिजाइन और सुंदरता देखकर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे जनपद स्तर पर आदर्श मॉडल के रूप में प्रस्तुत करने की बात कही।कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं के लिए गोद भराई और एक बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया। साथ ही, गर्भवती महिलाओं एवं शिशु पालक माताओं को पोषण सामग्री का वितरण किया गया। लाभार्थियों को राशन वितरण का लाभ दिया गया।जिलाधिकारी द्विवेदी ने परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इसके उपरांत उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। और पंचायत सहायक ऐ न म आशा रोजगार सेवक को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये सचिवालय की स्वच्छता एवं साज–सज्जा की विशेष रूप से सराहना की।उन्होंने गाँव में बनी भूमिगत नाली एवं जल निकासी व्यवस्था को देखकर ग्राम प्रधान और खंड विकास अधिकारियों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान आशीष मिश्रा सत्यनारायण सिंह ओम शिव पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, खंड विकास अधिकारी एवं आंगनवाड़ी उपस्थित रहीं।यह आयोजन महिला, बाल विकास, स्वच्छता और ग्राम सुधार की दिशा में एक प्रभावशाली कदम साबित हुआ।






## संक्षिप्त खबर

### श्रीमद्भागवत कथा श्रवण कर भाव विभोर हुए श्रोता

रिपोर्ट गुरु प्रसाद पाण्डेय सुल्तानपुर। जनपद के जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत गोसैसिहपुर धरम पुर में सप्त दिवसीय संगीत



मय श्रीमद्भागवत कथा महापुराण के दूसरे दिन अवध धाम से पधारे कथावाचक आचार्य संजय कृष्णा द्विवेदी ने अपने मुखारविंदो से राजा परीक्षित की कथा की व्याख्या करते हुए कहा कि महाराजा परीक्षित अभिमन्यु और उत्तरा के पुत्र थे।जो पांडवों के वंशधर थे। उनकी मृत्यु तक्षक नाग के काटने से हुई थी।जो श्रृंगी ऋषि के श्राप के कारण हुई थी।वह एक धर्मात्मा राजा थे और उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया था । कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता मुख्य यजमान अरविंद तिवारी पत्नी तरूना तिवारी ने कथा सुन अपने जीवन को धन्य बनाया। भारी संख्या में ग्राम वासी क्षेत्र वासी मौजूद रहे।

### बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से 11 हजार लाइन का पोल टूटने से बड़ा हादसा टला

ब्यूरो चीफ विपिन सिंह चौहान फर्रूखाबाद। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के बगिया मांगूलाल मोहल्ला में 11 हजार लाइन का पोल टूटकर मकान पर गया जहां पर ग्रामीणों जानवर थे आज सुबह तेज आंधी पानी के तूफान में 11 हजार लाइन का पोल टूट गया ग्रामीणों ने बताया कि इस पोल के बारे में सभी ग्रामीणों ने जे0ई0साहब व उप–खण्ड अधिकारी को दिनांक 20 जून 2023 व 23 जुलाई 2023 को प्रार्थना पत्र ब ई–मेल के जरिए अवगत कराया गया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई ग्रामीणों का कहना है कि यदि आज बिजली चल रही होती हो बड़ा हादसा हो सकता था वर्तमान में तैनात जे0ई0जावेद अहमद व उपखण्ड अधिकारी विनोद कनोजिया कई बार अवगत कराया लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई वहीं गौरव मिश्रा मण्डल अध्यक्ष ने बताया कि आए दिन बिजली विभाग के अधिकारी इतने लापरवाह क्यों होते जा रहे है यदि ऐसे ही चलता रहा तो किसी दिन निश्चित ही बड़ा हादसा हो सकता है घटना के दौरान ब्रह्मानंदन,रामराजी,दीपक, संजय,वदनसिंह,पुष्पेंद्र आदि लोग मौजूद थे।

### फर्रुखाबाद में झमाझम बारिश से मौसम खुशनुमा, किसानों के चेहरे खिले तापमान 36 डिग्री पहुंचा

ब्यूरो चीफ विपिन सिंह चौहान फर्रूखाबाद। मक्का और धान की फसलों को मिलेगा फायदा फर्रुखाबाद। जिले में सोमवार सुबह हुई झमाझम बारिश से मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिला। करीब 9 बजे के आसपास आसमान में काले बादल छा गए और तेज गरज–चमक के साथ बारिश शुरू हो गई, जो एक घंटे तक लगातार चलती रही। उसके बाद रुक–रुक कर बारिश होती रही। इस बारिश से सड़कों पर पानी भर गया और गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली।मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने बताया कि मंगलवार को भी तापमान लगभग इसी स्तर पर रहेगा, जबकि बुधवार को अधिकतम तापमान बढ़कर 38 डिग्री और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।किसानों को राहत बारिश से किसानों को भी बड़ी राहत मिली है। उनका कहना है कि मक्का की फसल को इससे खासा लाभ मिलेगा, वहीं अब धान की बुवाई सहित अन्य खरीफ फसलों की तैयारी भी शुरू की जा सकेगी। बीते कई दिनों से जिले में भीषण गर्मी पड़ रही थी, जिससे आमजन और किसानों दोनों की मुश्किलें बढ़ गई थीं। इस बारिश से मौसम तो सुहावना हुआ ही है, फसलों के लिए भी यह संजीवनी साबित होगी।

# अहिल्याबाई होल्कर का कार्यक्रम और संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट अनिल कुमार सुल्तानपुर। जनपद के ब्लॉक कुड़वार मे पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी त्रिशताब्दी स्मृति अभियान बिधानसभा–पंचायत प्रतिनिधि सम्मलेन और सनातन धर्म के प्रति सजगता का आयोजन किया गया कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि– चन्द्र प्रकाश मिश्रा पूर्व विधायक (मटियारी), ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी प्रत्याशी 187 विधानसभा इसौली, संजय सिंह त्रिलोक चंदी जिलाध्यक्ष भाजपा, योगेन्द्र प्रताप सिंह 'ब्लॉक प्रमुख कुड़वार', और कुड़वार ब्लॉक के कई सम्मानित जनप्रतिनिधि (प्रधान), और कर्मचारीगण व स्थानीय लोग मौजूद रहे।



## कार्यालय ग्राम पंचायत गुतासी
## वि0ख0 बढ़पुर फर्रुखाबाद

पत्रांकः 01/ग्रा0पं0/ राज्य वित्त/मुख्यमंत्री प्रोत्सहान पुरुष्कार/टेण्डर/प्रकाशन दिनांक 25.05.2025

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/ मुख्यमंत्री प्रोत्सहान पुरुष्कार अन्तर्गत ग्राम पंचायत गुतासी की वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 25.05.2025 से 08.06.2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 08.06.2025 सायं 5.30 बजे निर्माण कार्य समिति द्वारा निविदा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | जमानत धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मुख्यमंत्री प्रोत्सहान पुरुष्कार | जयवीर के घर से मन्दिर तक भूमिगत, नाली एवं इ0ला0 कार्य | सीमेंट,बालू,गिट्टी, मौरम,ईंट,पाइप आदि | 1.93 लाख | 3784.00 | 500/– |
| 02 | मुख्यमंत्री प्रोत्सहान पुरुष्कार | जूनियर विद्यालय गुतासी में स्कूल गेट निर्माण कार्य | सीमेंट,बालू,मौरम, ईंट एम.एस.स्टोन, ग्रिट आदि | 1.96 लाख | 3845.00 | 500/– |
| 03 | मुख्यमंत्री प्रोत्सहान पुरुष्कार | नरेश के घर से जयवीर के घर तक भूमिगत नाली एवं इंटरलाकिंग कार्य | ईंट,बालू,,मौरम, सीमेंट,स्टोन ग्रिट आदि | 1.97 लाख | 3860.00 | 500/– |
| 04 | मुख्यमंत्री प्रोत्सहान पुरुष्कार | पंचायत घर के पास पुलिया से जूनियर स्कूल तक सड़क मरम्मत कार्य | सीमेंट,बालू,मौरम, स्टोन ग्रिट, आदि | 1.97 लाख | 3856.00 | 500/– |
| 05 | मुख्यमंत्री प्रोत्सहान पुरुष्कार | जूनियर स्कूल प्रांगण में सुन्दरीकरण कार्य | जूनियर स्कूल प्रांगण में सुन्दरी करण कार्य | 2.94 लाख | 5769.00 | 500/– |
| 06 | मुख्यमंत्री प्रोत्सहान पुरुष्कार | ग्राम पंचायत में स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 3.95 लाख | 7742.00 | 500/– |
| 07 | मुख्यमंत्री प्रोत्सहान पुरुष्कार | उचित दर की दुकान एवं जन सुविधा केन्द्र इ0ला0एव बैठने हेतु पटियों का निर्माण कार्य | सीमेंट,बालू,मौरम वेवर, ब्रिक आदि | 2.38 लाख | 4674.00 | 500/– |
| 08 | मुख्यमंत्री प्रोत्सहान पुरुष्कार | अरुणपाल के घर से तालाब तक भूमिगत नाली निर्माण कार्य | ईंट,सीमेंट,बालू, मौरम,स्टोन ग्रिट आदि | 2.66 लाख | 5213.00 | 500/– |
| 09 | मुख्यमंत्री प्रोत्सहान पुरुष्कार | राम प्रकाश के घर से शेर सिंह के घर तक भूमिगत नाली व इ0ला0 कार्य | ईंट,मौरम,बालू सीमेंट आदि | 2.59 लाख | 5072.00 | 500/– |
| 10 | मुख्यमंत्री प्रोत्सहान पुरुष्कार | उच्च प्राथमिक विद्यालय में टाइलीकरण कार्य | सीमेंट,मौरम, टाइल्स आदि | 3.68 लाख | 7217.00 | 500/– |
| 11 | मुख्यमंत्री प्रोत्सहान पुरुष्कार | जिम सेन्टर निर्माण कार्य | सीमेंट,मौरम,बालू, स्टोन, ग्रिट, इ0ल0 ईट आदि | 4.98 लाख | 9755.00 | 500/– |
| 12 | मुख्यमंत्री प्रोत्सहान पुरुष्कार | लोकसर नगला से देवस्थल तक मिट्टी व इंटरलाकिंग कार्य | सीमेंट,मौरम,बालू, स्टोन, ग्रिट, इ0ल0 ईट आदि | 4.92 लाख | 9653.00 | 500/– |
| 13 | मुख्यमंत्री प्रोत्सहान पुरुष्कार | गोल्डी के घर से विनोद विहारी के घर तक भूमिगत नाली एवं इं0ला0 कार्य | सीमेंट,मौरम,बालू, स्टोन ग्रिट, इ0ल0 ईट आदि | 7.48 लाख | 9653.00 | 500/– |

नियम व शर्तें: निविदादाता का जी0एस0टी0 व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है धरोहर राशि एफ0डी0आर0, एन0एस0सी0 व चेक द्वारा ली जायेगी। किसी भी कार्य दिवस में आकर भी देख सकतें है।

आशीष मिश्रा
प्रधान
ग्राम पंचायत गुतासी
वि0ख0 बढ़पुर
फर्रुखाबाद

ओम शिव पाण्डेय
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत गुतासी
वि0ख0 बढ़पुर
फर्रुखाबाद

# कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स

संवाददाता बाबा संदीप श्रीवास्तव
सुल्तानपुर। जनपद मंत्री ओमप्रकाश राजभर का तीखा हमला।उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने राहुल गांधी पर बड़ा बयान दिया है। सुल्तानपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी जब भी विदेश दौरे पर जाते हैं, तो भारत को बदनाम करने से नहीं चूकते।सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर भी साधा निशाना,अब तो ट्विटर से भी गायब हो गए हैं,उनका काम सिर्फ ट्वीट करना और प्रेस वार्ता करके सरकार का विरोध करना रह गया है।राजभर ने कहा कि राजनीति में आरोप–प्रत्यारोप चलते



हैं,लेकिन मां–बाप को बीच में लाना ठीक नहीं।अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर सुल्तानपुर पहुंचे थे मंत्री राजभर,कलेक्ट्रेट में अधिकारियों संग की बैठक,कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह,शहर विधायक विनोद सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार सिंह,सदर विधायक राजप्रसाद उपाध्याय,एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह,कादीपुर विधायक राजेश गौतम,लम्भुआ विधायक सीताराम वर्मा और जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी,हुए शामिल।

# स्कूटी सवार वृद्ध चालक की सड़क दुर्घटना में दरपी पुर गांव के पास हुई मौत, किया गया अंतिम संस्कार

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट अजय वर्मा सुल्तानपुर। जनपद के जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव निवासी गंगेव अशफाक अहमद उम्र 70 वर्ष रविवार को स्कूटी से बिरसिंहपुर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत जा घर के कुछ काम से जा रहे थे कि तभी अचानक उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर पड़ी और जिससे तेज रफ्तार से आ रहा अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए यह घटना रविवार दरपीपुर गांव के पास हुई वहां पर मौजूद राहगीरों ने इसकी सूचना स्थानी चौकी दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए बिरसिंहपुर सौ सैया अस्पताल भिजवाया जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया वहीं मृतक का शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेते हुए।

पीएम के लिए भेज दिया जहां पर पीएम होने के बाद जब मृतक का शव उनके पैतृक निवास घर गंगेव पहुंचा तो पारिवारिक जनों में कोहराम मच गया वहीं मृतक के शव का अंतिम



संस्कार गंगेव गांव के पास बाग में कर दिया गया।

# एंबुलेंस चालक की बस्ती जनपद के हडीया चौराहे पर, सड़क दुर्घटना में हुई मौत



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर संवाददाता बाबा संदीप श्रीवास्तव सुल्तानपुर। जनपद के जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत का मामला आया सामने जहां पर गांव निवासी बरसोमा नत्थईपुर जितेंद्र गोस्वामी उम्र 42 वर्ष थाना कोतवाली जयसिंहपुर जनपद सुलतानपुर ने बस्ती जनपद में एंबुलेंस चालक था जिसको लेकर वह रोजाना की तरह एंबुलेंस गाड़ी को चला रहा था इसी दौरान हडीया चौराहे पर 3 दिन से लगातार खराब पड़ी ट्रक में एंबुलेंस रविवार 4:00 दिन में जा टकराई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए वहां पर मौजूद राहगीरों ने इसकी सूचना सुल्तानपुर जनपद में परिजनों को देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर चिकित्सकों ने मृत्यु घोषित कर दिया वहीं पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी रही इसी दौरान मृतक के परिजन को जब इसकी सूचना मिली तो परिवार में कोहराम मच गया वहीं दूसरी तरफ मृतक के परिजन बस्ती जनपद के लिए रवाना हो गए देर शाम को मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# बीपीएल प्रीमियर लीग का मनोज मिश्रा ने फीता काट कर किया शुभारंभ

ब्यूरो चीफ विपिन सिंह चौहान फर्रूखाबाद। 25 मई से शुरू हुए प्रीमियर लीग मैच में जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा ने अध्यक्ष अनुभव मिश्रा के साथ पूजा अर्चना के बाद फीता काट कर शुभारंभ किया और खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए बताया कि कठिन परिश्रम सफलता की निशानी है शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम बैरमपुर में शुरू हो हुए क्रिकेट टूर्नामेंट का जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा ने रविवार को फीता काटकर उद्घाटन किया इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा क्रिकेट खेल के जरिए अच्छा स्वास्थ्य तथा समाज में एक अलग पहचान बनाई जा सकती है इसके लिए कठिन परिश्रम की आवश्यकता है।




उन्होंने सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा खेल एक बिना पैसे का प्रदर्शन है इससे आप समाज में एक अलग पहचान बना सकते हैं इस दौरान कार्यक्रम के अध्यक्ष अनुभव मिश्रा ने मुख्य अतिथि मनोज मिश्रा को माला व पटका पहनाया व्यवस्थापक विनय मिश्रा संरक्षक अखिलेश मिश्रा कोषाध्यक्ष निर्दोष मिश्रा आकाश पाठक पंकज पाल ने मुख्य अतिथि का माला पहनाकर स्वागत किया इस दौरान मुख्य अतिथि ने अंपायर स्वदेश द्विवेदी, और गौरव मिश्रा को माला पहनाई कार्यक्रम में ग्रामीण सुनील मिश्रा, अरविन्द रजनेश केशव अग्निहोत्री, विवेक मिश्रा, अमित मिश्रा, राजीव पाठक, देवू, जितेंद्र पाल, कुनाल पाठक, हर्षित दुबे, रिंकू पाल, भुवनेश पाल, अनिरुद्ध मिश्रा, कल्लू मिश्रा आदर्श शुक्ला अनुज शुक्ला क्षेत्रीय ग्राम प्रधान जुबैर खा नीलू यादव सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। सुबह पहली पारी में फर्रुखाबाद और उखरा का मैच हुआ जिसमें फर्रुखाबाद टीम ने 133 रन का लक्ष्य रखा और उखरा टीम ने सिर्फ 75 रन बनाए और हार का सामना करना पड़ा फर्रुखाबाद की विजेता टीम के खिलाड़ी सोबरन को मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार रामकिशोर मिश्रा के हाथों कमेटी ने दिलवाया और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

अयोध्या टाइम्स



सम्पादकीय

## ग्लोबल वार्मिंग एक बड़ी चुनौती, इससे नदियां अनियंत्रित

हर वर्ष जल के भयानक रौद्र रूप देश के कई राज्यों को मुसीबत में डाल देता है।देश के अनेक राज्यों में जैसे दिल्ली ,गुजरात ,महाराष्ट्र, उत्तरांचल, और उत्तराखंड आदि में हर वर्ष मानव अपनी जान बचाने को तरस गया है। इसी तरह भूकंप के झटके कई प्रदेशों में जनहानि तथा मालहानी की विराट समस्या पैदा कर देता है। जन संख्या में बेतहाशा वृद्धि और जमीन में मकानों के बेतरतीब, अनियंत्रित निर्माण ने ऐसी स्थिति पैदा की हैस शहरों में ड्रेनेज सिस्टम बरसों पुराने हैं और अब लगभग असफल हो चुके जिसके फल स्वरूप जल का बहाव अनियंत्रित होकर शहरों के लिए विभीषिका बनकर टूट पड़ता है।देश में लगभग बाढ़ के प्रकोप से 1000 लोग प्रतिवर्ष जीवन काल से काल कवलित हो जाते हैं। हमें कब समझ में आएगा और हम कब अपनी इन हरकतों से बाज आएंगे। ग्लोबल वार्मिंग तथा अप्राकृतिक उष्णता के अनेक प्रभाव अब धरती, नदियां पहाड़, पेड़ एवं मानव जाति पर बेहद चिंताजनक रूप में दिखाई देने वाला है और निसंदेह यह प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी तथा अप्राकृतिक दोहन के फल स्वरुप होने वाला हैस जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई–मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं। नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा। भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ–साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ साफ–सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम ,थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है,

जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना,
पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे।

विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 140 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।

# भारत की बड़ी आर्थिक छलांग- जापान को पछाड़कर विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बना भारत, अभी 4 ट्रिलियन बना अगला लक्ष्य 5 ट्रिलियन फिर 10 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी दूर नहीं

वैश्विक स्तरपर कोरोना कहर के बाद हम दुनियाँ के करीब–करीब हर देश की अर्थव्यवस्था में स्थिरता नहीं देख पा रहे हैं, अमेरिका में बैंक ऋण वाले मामले से लेकर इंग्लैंड व श्रीलंका से लेकर पाकिस्तान तक में किसी न किसी रूप में हम अर्थव्यवस्था लेवल पर क्राइसेस देखे हैं ऊपर से वैश्विक आर्थिक मंदी की बात भी मीडिया के अनेक प्लेटफॉर्म्स पर चली थी, परंतु एक बात पूरी दुनियाँ ने रेखांकित की है कि, भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर ही नहीं बल्कि आगे बढ़ती गई और ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बना था। आज हम इस विषय पर इसलिए चर्चा कर रहे हैं क्योंकि फिर एक बार भारत ने आर्थिक स्तरपर बड़ी लम्बी छलांग लगाई है, जापान को पछाड़ते हुए दुनियाँ की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। यानें 4 ट्रिलियन डॉलर से बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है, यह बात अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) 2025 में कही गई है,जो अभी हाल ही में जारी की गई है यानें भारत अपने पीएम के स्वप्न 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था अभी बस एक कदम पीछे है, मुझे पूरी उम्मीद है करीब एक–दो वर्षों में ही हम यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे, फिर हम 10 ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य और विजन 2047 के लिए तेजी से कार्य करेंगे, जिसका लक्ष्य 25 मई 2025 को एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रीयों व उप मुख्यमंत्रीयों की बैठक में माननीय पीएम महोदय ने मार्गदर्शन दिए हैं।इसके पूर्व 24 मई 2025 को नीति आयोग की 10वीं गवेर्निंग काउंसिल की बैठक में भी यह मंत्र दे चुके हैं। क्योंकि दुनियाँ की अर्थव्यवस्था जब धीमी गति से चल रही है, तो भारत सेवा, मैन्युफैक्चरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर व मेडिकल क्षेत्रों में विशेष भूमिका निभा रहा है तथा वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा, निवेशकों की नजरें व विश्वास दोनों बढ़ाते हैं।चूँकि यह ग्रोथ तात्कालिक नहीं बल्कि टिकाऊ है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत की बढ़ी आर्थिक छलांग, ब्रटेन को पछाड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना, भारत अभी 4 ट्रिलियन बना अगला लक्ष्य 5 ट्रिलियन फिर 10 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी दूर नहीं! साथियों बात अगर हम भारत को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की करें तो, भारत ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक और बड़ी छलांग लगाते हुए जापान को पीछे छोड़ दिया है। भारत अब दुनियाँ की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।यह जानकारी आईएमफ की वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट (अप्रैल 2025) में दी गई है। नीति आयोग के सीईओ ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि भारत की जीडीपी अब 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो चुकी है,और ये कोई हमारा अनुमान नहीं, बल्कि आईएमफ के आंकड़े हैं।उन्होंने यह भी कहा कि अगर देश की नीतियां इसी तरह बनी रहीं तो आने वाले 2 से 3 सालों में भारत जर्मनी को भी पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।2023 के आंकड़ों के अनुसार टॉप 10 अर्थव्यवस्थाओं की लिस्ट (जीडीपी के आधार पर) : (1)अमेरिका––+27.72 ट्रिलियन (2) चीन––+17.79 ट्रिलियन (3) जर्मनी––+4.52 ट्रिलियन (4) जापान––+4.20 ट्रिलियन (5) भारत––+3.56 ट्रिलियन (6) ब्रिटेन––+3.38 ट्रिलियन (7) फ्रांस––+3.05 ट्रिलियन (8) इटली––+2.30 ट्रिलियन (9) ब्राजील–– +2.17 ट्रिलियन (10) कनाडा––+2.14 ट्रिलियन,2025 –26 में भारत की जीडीपी +4.287 ट्रिलियन तक पहुंचने का अनुमान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की नई रिपोर्ट के अनुसार 2025–26 में भारत की जीडीपी +4.287 ट्रिलियन तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि जापान की जीडीपी +4.186 ट्रिलियन रहने का अनुमान है।याने भारत अब जापान से आगे निकल चुका है।अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने यह भी कहा कि भारत की विकास दर 2025 में 6.2 पेर्सेंट और 2026 में 6.3 पेर्सेंट रहने का अनुमान है, जो कि बाकी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में ज्यादा है। भारत अगले 2–3 वर्षों में जर्मनी को भी छोड़ देगा पीछे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अनुमान लगाया है कि अगर यही रफ्तार रही तो भारत अगले 2–3 वर्षों में जर्मनी को भी पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इससे स्पष्ट है कि भारत अब सिर्फ जनसंख्या में ही नहीं, अर्थव्यवस्था के मामले में भी दुनियाँ में सबसे आगे निकलने की रेस में है।

साथियों बात अगर हम भारत के चौथी अर्थव्यवस्था पर छलांग लगाने के को अहम् उपलब्धि माननेकी करें तो,यह आर्थिक छलांग भारत के लिए इतनी अहम क्यों है? इसका पहला कारण है वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति, जैसे ही भारत ने जापान को पीछे छोड़ा और चौथे नंबर पर आया, निवेशकों की नजरें और विश्वास दोनों बढ़े हैं, दूसरी बात, भारत की युवा आबादी, बढ़ता मध्यम वर्ग और टेक्नोलॉजी हब बनता इको–सिस्टम यह दिखाता है कि यह ग्रोथ सिर्फ तात्कालिक नहीं, बल्कि टिकाऊ है। इसका असर हर नागरिक पर भी पड़ता है,चाहे वह नौकरी के नए अवसर हों, निवेश के रास्ते हों या जीवन स्तर में सुधार, हालांकि चुनौतियां भी हैं, जैसे कि प्रति व्यक्ति आय अब भी कम है, और आयात पर निर्भरता बनी हुई है, लेकिन फिर भी, यह उपलब्धि बताती है कि भारत अब उस मोड़ पर पहुंच चुका है जहां से उसका अगला लक्ष्य,5 ट्रिलियन,फिर 10 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी, दूर नहीं रह गया, एक 4 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी होना दर्शाता है कि देश में उपभोग बढ़ा है, निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ है,चाहे वह तकनीक हो, सेवा क्षेत्र, मैन्युफैक्चरिंग या इंफ्रास्ट्रक्चर हो हर सेक्टर अपनी भूमिका निभा रहा है, खास बात यह भी है कि यह ग्रोथ ऐसे समय पर हुई है जब दुनियाँ भर की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं धीमी गति से चल रही हैं, इसके विपरीत भारत तेज गति से विकास कर रहा है, इसका सीधा मतलब यह है कि देश में एक साल में जितना उत्पादन, सेवाएं और कारोबार होता है, उन सभी की कुल कीमत अब 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुकी है, यह आंकड़ा 'नॉमिनल जीडीपी' कहलाता है और यह किसी भी देश की आर्थिक ताकत का सबसे सीधा माप होता है. इसे डॉलर में मापा जाता है ताकि सभी देशों की तुलना की जा सकेज, लेकिन सिर्फ एक बड़ी संख्या होना इस खबर को खास नहीं बनाता, असल बात यह है कि यह आंकड़ा भारत की वैश्विक भूमिका, उसकी आर्थिक नीतियों और नागरिकों की सामूहिक मेहनत का नतीजा दिखाता है, इसका मतलब है कि भारत अब सिर्फ 'उभरती हुई अर्थव्यवस्था' नहीं, बल्कि एक 'स्थापित वैश्विक आर्थिक शक्ति' बन चुका है, इतिहास पर नजर डालें तो आजादी के बाद भारत को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में 60 साल लगे. फिर 2014 तक यह आंकड़ा 2 ट्रिलियन हुआ, 2021 में 3 ट्रिलियन और अब सिर्फ 4 साल में यह 4.3 ट्रिलियन तक पहुंच गया है।यानी भारत अब लगभग हर डेढ़ साल में एक ट्रिलियन डॉलर की बढ़त हासिल कर रहा है।

साथियों बात अगर हम महाराष्ट्र राज्य ने 2047 तक 5 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखने की करें तो, हर भारतवासी के लिए यह गर्व का पल है हमारा देश जापान को पछाड़कर अब दुनियाँ की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग के सीईओ ने गवर्निंग काउंसिल की 10वीं बैठक के बाद इस बात का ऐलान किया है, खास बात है कि इसी मीटिंग में देश के एक अहम राज्य ने महाराष्ट्र ने 2047 तक 5, हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है,दरअसल, यह संकल्प महाराष्ट्र सरकार ने लिया है, और इसके लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं, राज्य के मुख्यमंत्री ने शनिवार को नीति आयोग की शासी परिषद की बैठकमें यह बात कही,खास बात है कि अकेले महाराष्ट्र की इकोनॉमी, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था से ज्यादा बड़ी है,पाक की जीडीपी करीब +350–380 अरब डॉलर है, जबकि महाराष्ट्र की जीडीप +550–600 अरब डॉलर है।महाराष्ट्र के सीएम नें कहा कि उनकी सरकार विकास और विरासत संरक्षण के लिए अपनी योजना को लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो 2047 तक विकसित भारत के लिए केंद्र सरकार की योजना के अनुरूप है,आगे कहा कि उनकी सरकार 2030 तक 1,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने पर काम कर रही है। बता दें कि मुंबई, भारत की आर्थिक राजधानी होने के साथ–साथ एशिया का एक बड़ा फाइनेंशियल हब है, पाक में इसकी तुलना में कोई शहर है ही नहीं, पाक का कमर्शियल कैपिटल, कराची भी मुंबई के आगे बहुत फीका है अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत की बड़ी आर्थिक छलांग– जापान को पछाड़कर विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बना भारत, अभी 4 ट्रिलियन बना अगला लक्ष्य 5 ट्रिलियन फिर 10 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी दूर नहीं। दुनियाँ की अर्थव्यवस्था जब धीमी गति से चल रही है तो भारत सेवा, मैन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर व मेडिसिन क्षेत्र में विशेष भूमिका निभा रहा है।वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा, निवेशकों की नजरें व विश्वास दोनों बढ़ा है, क्योंकि यह ग्रोथ तात्कालिक नहीं बल्कि टिकाऊ है।

किशन सनमुखदास भावनानी, महाराष्ट्र

# सैक्स स्लेव से अंग तस्करी तक महिलाएं

- देश में मानव तस्करी पुरानी समस्या रही है, लेकिन हाल के वर्षों में महिलाओं की अंग तस्करी एक नए और खतरनाक रूप में उभरी है, यह अपराध केवल शरीर के अंगों तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं की गरिमा, मानवाधिकार और जीवन को सीधे प्रभावित करता है

हाल ही में केरल में महिला अंग तस्करी का एक संगठित रैकेट उजागर हुआ है, जिसने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में गहरी चिंता पैदा कर दी है। यह रैकेट मुख्य रूप से आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को निशाना बनाता था, जो कर्ज के बोझ तले दबकर अंग दान के लिए राजी हो जाती थीं। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। वह इस अंतरराष्ट्रीय रैकेट का मास्टरमाइंड था और देश में अंग प्राप्तकर्ताओं से संपर्क करता था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस रैकेट के माध्यम से कई लोगों ने किडनी ट्रांसप्लांटेशन करवाए थे, जिनमें से अधिकांश भारतीय थे। केरल के तिरुवनंतपुरम और एर्नाकुलम जिलों से मिली शिकायतों के अनुसार, कई महिलाओं ने आर्थिक तंगी के कारण अंगदान किया था। इनमें से कुछ महिलाओं ने बताया कि उन्हें अंगदान के बदले में पैसे नहीं मिले, जबकि कुछ का कहना था कि उन्होंने यह कार्य मानवता के नाते किया।

जांच में पता चला है कि यह रैकेट ईरान में स्थित अस्पतालों के माध्यम से संचालित हो रहा था, जहां अंगदान के लिए कानूनी प्रावधान हैं। देश में पुलिस ने इस मामले में अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया है और मुख्य आरोपी की तलाश जारी है, जो वर्तमान में ईरान में छिपा हुआ बताया जा रहा है। यह घटना केरल में महिला अंग तस्करी के बढ़ते खतरे को उजागर करती है और इस पर कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता को दर्शाती है। केरल में साल 2024 में इस तरह के 25 से अधिक मामले सामने आए, जिनमें 50 से अधिक महिलाएं प्रभावित हुईं। अधिकतर पीड़ित 18 से 35 वर्ष की आयु वर्ग की थीं। तस्करी के अधिकांश मामले आर्थिक तंगी और बेरोजगारी से जुड़े थे। केरल राज्य महिला आयोग ने इस मामले में राज्य पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। राज्य सरकार ने इस मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच दल गठित किया है, जिसमें 13 सदस्य शामिल हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय जांच एजेंसी को भी मामले में शामिल करने की योजना है, ताकि अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की जांच हो सके। असल में देश में मानव तस्करी खासकर महिलाओं का सैक्स स्लेव के लिए गायब होना शुरुआत से ही समस्या रही है, लेकिन हाल के वर्षों में महिलाओं की अंग तस्करी एक नए और खतरनाक रूप में उभरी है। यह अपराध केवल शरीर के अंगों तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं की गरिमा, मानवाधिकार और जीवन को सीधे प्रभावित करता है। यह विषय इसलिए अत्यंत प्रासंगिक है, क्योंकि इसमें केवल तस्करी नहीं, बल्कि जबरन अंग निकासी, अवैध प्रत्यारोपण और चिकित्सा प्रणाली के दुरुपयोग जैसी गंभीर समस्याएं जुड़ी हुई हैं। आज जब अंग प्रत्यारोपण की मांग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रही है, तो संगठित अपराधी गिरोह गरीब और असहाय महिलाओं को निशाना बना रहे हैं। साल 2020 से 2022 के बीच भारत में मानव तस्करी के मामलों में 24 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। पीड़ितों में से लगभग 60 फीसदी महिलाएं थीं। चौंकाने वाली बात यह है कि तस्करी से जुड़े 80 प्रतिशत आरोपी अदालतों से बरी हो जाते हैं। गौरतलब है कि पड़ोसी देशों म्यांमार, सऊदी अरब और यूएई में महिलाओं की तस्करी आम बात हो चली है। फरवरी, 2024 में ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस ने एक ऐसे गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया, जो बांग्लादेशी महिलाओं को भारत और मध्य–पूर्व के देशों में भेजकर उनके अंगों की तस्करी करता था। इस गिरोह ने कम से कम 100 लड़कियों को शिकार बनाया था। वहीं महाराष्ट्र के ठाणे में एक अंतरराष्ट्रीय एनजीओ द्वारा साल 2023 में सात बांग्लादेशी महिलाओं को बचाया गया, जिन्हें मानव तस्करी के लिए भारत लाया गया था। आज जब हम महिला तस्करी की बात करते हैं, तो केवल यौन शोषण तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है। अब इस विषय की प्रासंगिकता अंग तस्करी के बढ़ते खतरे से भी जुड़ चुकी है। यह नया रूप न केवल महिलाओं की गरिमा को कुचलता है, बल्कि एक ऐसी अंधी व्यवस्था की ओर संकेत करता है, जहां इंसानी शरीर बाजार की वस्तु बन चुका है। अब महिलाएं केवल यौन व्यापार के लिए नहीं, बल्कि अब महिलाओं को शरीर के अंगों के लिए तस्करी का शिकार बनाया जा रहा है। यह स्थिति सभ्य समाज पर एक कटु प्रश्नचिन्ह है। यह दिखाता है कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और मानवाधिकारों पर एक नया और गहरा संकट मंडरा रहा है। असल में महिला तस्करी का मुख्य कारण गरीबी और बेरोजगारी है। ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को सीमित रोजगार के अवसर मिलते हैं, जिससे वे बेहतर जीवन की तलाश में शहरी क्षेत्रों या विदेशों की ओर प्रवास करती हैं। शिक्षा और जागरुकता की कमी के कारण कई महिलाएं तस्करों के धोखेबाज वादों से अनजान होती हैं और रोजगार, शिक्षा या विवाह के बहाने उन्हें फंसा लिया जाता है। सामाजिक और पारिवारिक दबाव, कमजोर सामाजिक स्थिति और परिवार की मजबूरियां भी महिलाओं को असुरक्षित बनाती हैं। कई बार सोशल मीडिया के जरिए भी संपर्क होता है। जांच में सामने आया है कि कई निजी अस्पतालों के डॉक्टर, नर्स और दलाल इस तस्करी में संलिप्त हैं। फर्जी दस्तावेजों के जरिए लिवर, किडनी और अस्थि मज्जा जैसे अंगों की तस्करी की जाती है। कोलकाता और उत्तर प्रदेश में ऐसे कई मामले सामने आए, जहां महिलाओं को कर्ज के बदले अपनी किडनी बेचने के लिए मजबूर किया गया। उन्हें पांच लाख रुपए देने का वादा किया गया, लेकिन उनके अंग 25 लाख रुपए तक बेचे गए। अंग तस्करी की शिकार महिलाएं सिर्फ शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक आघात भी झेलती हैं। सामाजिक बहिष्कार, अवसाद और आत्महत्या की प्रवृत्ति जैसी समस्याएं आम हैं। कुछ पीड़ितों को तो वापस लौटने के बाद भी अपने गांव या परिवार में जगह नहीं मिलती।

संयुक्त राष्ट्र और विभिन्न गैर सरकारी संगठनों की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश से हर साल लगभग पचास हजार से अधिक महिलाएं तस्करी की शिकार होती हैं। महिला तस्करी के लगभग 70 प्रतिशत मामले सेक्स वर्कर के रूप में जबरन इस्तेमाल के हैं। बांग्लादेश में मानव तस्करी रोकने के लिए मानव तस्करी रोकथाम अधिनियम, 2012 लागू है। वहीं भारत में मानव अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 और मानव तस्करी विधेयक, 2021 (प्रारूप) जैसे कानून मौजूद हैं, लेकिन इनका पालन कमजोर है। गिरफ्तारियों की संख्या कम है और सजा की दर और भी कम। इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता अभियान चलाने होंगे। आर्थिक रूप से महिलाओं को सशक्त बनाना होगा। फास्ट ट्रैक अदालतों द्वारा सख्त सजा का प्रावधान करना होगा। प्रवर्तन एजेंसियों की निगरानी और जवाबदेही बढ़ानी होगी। एनजीओ और मीडिया की भूमिका को मजबूत करना होगा। हालांकि इन कानूनों की कड़ाई से पालना में कई बाधाएं हैं, खासकर ग्रामीण इलाकों में। भ्रष्टाचार और जागरुकता की कमी के कारण तस्करी नेटवर्क सक्रिय हैं। इस मामले में सरकारी और गैर सरकारी प्रयास किए जा रहे हैं, जो नाकाफी हैं। हालांकि पुलिस ने कई तस्करी रैकेटों का भंडाफोड़ कर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यूएनओडीसी, आईओएम और स्थानीय एनजीओ पीड़ित महिलाओं को बचाने और पुनर्वास में लगे हैं। स्कूलों और गांवों में महिला तस्करी के खतरों को लेकर जागरुकता फैलाने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। कुल मिलाकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना होगा, ताकि वे तस्करों के झांसे में न आएं। तस्करों और उनके नेटवर्क के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही पीड़ितों के लिए स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार की सुविधा होनी चाहिए। इसके साथ ही तस्करी के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को खत्म कर पड़ोसी देशों के साथ तालमेल अत्यंत जरूरी है। फास्ट ट्रैक अदालतों द्वारा सख्त सजाएं, ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता अभियान चलाना, प्रवर्तन एजेंसियों की निगरानी और जवाबदेही बढ़ाना, एनजीओ और मीडिया की भूमिका को मजबूत करने जैसे कदम उठाने होंगे। महिलाओं की अंग तस्करी कोई दूर की कहानी नहीं है। यह हमारे समाज का एक घातक और दर्दनाक सच है। जब तक हम जागरूक नहीं होंगे, कड़े कानूनों का पालन नहीं होगा और समाज में संवेदनशीलता नहीं आएगी, तब तक यह अपराध फलता–फूलता रहेगा। हमें मिलकर इस अदृश्य व्यापार को उजागर करना होगा और हर महिला को उसका सम्मान और जीवन का अधिकार दिलाना होगा। अगर हम ऐसा नहीं कर पाते हैं, तो महिला सम्मान और समानता की सारी बातें बेमानी हैं। ऐसे में देश के विकास के सतत लक्ष्यों को भी हासिल करना मुश्किल होगा।

डॉ. नीलू तिवारी, राजस्थान

# इच्छाएँ...

ध्रुव–1

मन अंतहीन इच्छाओं का जन्मदाता हैं । वह कभी कुछ,कभी कुछ चाहता ही रहता हैं पर सब कुछ मन मुताबिक हो यह संभव ही नहीं हैं । सब इच्छाएँ जिसकी हों पूरी ऐसा कोई व्यक्ति ही नहीं हैं क्योंकि सब इच्छाएँ किसी की न आज तक पूरी हुई हैं, न होती हैं। यह तथ्य है कि इच्छाएँ अन्तहीन हैं जबकि शास्त्र वचन है जब तक इच्छाएँ अनन्त हैं आदमी शान्ति विहीन है। इच्छाओं का मकडजाल के घेरे में जब घुसते हैं तो उससे निकलने के लिए फिर कहीं मार्ग नहीं है। इच्छायें फिर ऐसा ताना बाना बुनती है कि उसका फिर समुद्र के दो किनारों की तरह कोई ओर छोर नहीं हैं । इन्सान की इच्छापूर्ति कभी पूरी नहीं होती हैं । एक पूरी हो भी जाये तो दुगुनी इच्छा मुँह बायें सामने खड़ी रहती है ,तभी तो कहते हैं कि इच्छाओं का आसमान अन्तहीन है। एक बाबा थे। उनके पास पहनने को सिर्फ एक लँगोटी थी। एक दिन एक भक्त जो कपड़ों का व्यापारी था आया और कुछ कपड़ा लेने का बहुत आग्रह किया। बाबा ने सोचा इतना आग्रह कर रहा है एक लँगोटी जितना कपड़ा रख लेता हूँ। एक धोकर सूखाऊँगा दूसरी लँगोटी काम आ जायेगी। एक दिन लंगोटी घास पर सूख रही थी चूहे ने काट ली। दूसरे दिन फिर दूसरी भी चूहे ने काट ली। भक्त को पता चला तो बिल्ली रखने की सलाह दी। पालतू बिल्ली पाल

क्रमशः आगे

भव्य संकलेचा, गुजरात

अयोध्या टाइम्स के लिए
मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य
द्वारा अयोध्या टाइम्स प्रकाशन, नौरैया खेड़ा गांव कानपुर नगर मो0: 8887196791 (E-mail: mourya9918523251@gmail.com) से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
सम्पादक
अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
DAVP CODE 133691
डाक पंजीयन सं.: 272/2024–26
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.com

आवश्यक सूचना
समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

# बच्चों के हित में करें छुट्टियों का उपयोग : डॉ. डी.डी. सिंह

दैनिक अयोध्या टाइम्स

आनन्द गुप्ता आजमगढ़। अब स्कूलों में गर्मी की छुट्टियाँ शुरू हो गई हैं। अतः प्रत्येक अभिभावक का कर्तव्य है कि इन छुट्टियों का उपयोग वे अपने बच्चे के हित में करें। चाइल्ड केयर क्लिनिक, सिधारी के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. डी. डी. सिंह ने अनौपचारिक बातचीत में बताया कि यदि बच्चों के ऊपर थोड़ा ध्यान दिया जाए, तो इन छुट्टियों का बेहतर उपयोग किया जा सकता है। स्कूल जाने वाले सभी बच्चों के अभिभावकों से एक छोटी सी गुजारिश करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि :

1. शाम 8:00 बजे तक टीवी बंद कर दें। टीवी पर आठ बजे के बाद आपके बच्चे से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ नहीं होता है। 2. अपने बच्चे की स्कूल डायरी देखने के लिए 30–45 मिनट निकालिए। उसके गृहकार्य पूरे कराइए। 3. रोज सभी विषयों में उनका प्रदर्शन देखिए। उन विषयों का खास ध्यान रखिए जिसमें वह कमजोर है या अच्छा नहीं कर रहा है। 4. उनकी बुनियादी शिक्षा भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। 5. उन्हें सुबह जल्दी उठने की आदत डालिए 5:30 बजे तक। उन्हें मेडिटेशन या ध्यान लगाने का प्रशिक्षण दीजिए। 6. अगर आप पार्टी या सामाजिक आयोजन में जाते हैं और बच्चों के साथ इसमें देर रात तक मजे करते हैं, तो अगले दिन बच्चे को आराम करने दीजिए (स्कूल मत भेजिए)। अगर आप चाहते हैं कि बच्चा अगले दिन स्कूल जाए तो रात 10:00 बजे तक घर लौट आइए। 7. अपने बच्चे में पौधे लगाने और उनका ख्याल रखने की आदत का विकास कीजिए।

8. सोने के समय अपने बच्चों को पंचतंत्र, अकबर–बीरबल, तेनाली राम आदि की कहानी सुनाइए।

9. हर साल गर्मी की छुट्टी में (अपने बजट के अनुसार) कहीं घूमने जाइए। इससे वे अलग लोगों के साथ और अलग जगहों पर रहना सीखते हैं।

10. अपने बच्चे की प्रतिभा का पता लगाइए और उसे इसे निखारने में सहायता कीजिए (वह किसी विषय, संगीत, खेल, अभिनय, चित्रांकन, नृत्य आदि में दिलचस्पी रख सकता है)। इससे उसका जीवन आनंददायक हो जाएगा। 11. उसे सीखाइए कि प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए (कम से कम गर्म चीजें प्लास्टिक में उपयोग न करें)।





12. हर रविवार कोशिश कीजिए कि खाने की कोई ऐसी चीज बनाएं जो उन्हें पसंद है। उन्हें इसमें अपनी मदद करने के लिए कहिए। (उन्हें अच्छा लगेगा)। 13. प्रत्येक बच्चे जन्म से वैज्ञानिक होते हैं। उनके पास ढेरों सवाल होते हैं, मुमकिन है हम जवाब न दें पर जानकारी न होने के कारण हमें सवाल पर गुस्सा नहीं दिखाना चाहिए। (उत्तर पता करने की कोशिश कीजिए और उन्हें बताइए)। 14. उन्हें अनुशासन और जीने के बेहतर तरीकों के बारे में बताइए। ( सही गलत के बारे में समझाइए)। 15. दाखिले के लिए किसी स्कूल के सर्वश्रेष्ठ होने संबंध में निर्णय (कॉरपोरेट स्कूल या पास प्रतिशत ज्यादा होने या परिचितों, पड़ोसियों की सिफारिश या सरकारी स्कूल या कम बजट वाला स्कूल होने के आधार पर मत कीजिए)। सबसे अच्छा स्कूल वह है जो आपके बजट के लिहाज से उपयुक्त हो। भविष्य में आपको बच्चे की शिक्षा पर ज्यादा खर्च करने की जरूरत है। इसलिए आपको आज कुछ पैसे बचाने की जरूरत है। इसके अलावा दूसरे खर्चे तो हैं ही। इसलिए योजना सोच समझकर बनाइए।

16. उनमे खुद पढ़ने और सीखने की आदत डालिए। 17. उन्हें मोबाइल फोन का उपयोग न करने दिया जाए, आवश्यक होने पर अपनी देखरेख में ही मोबाइल का उपयोग करने दिया जाए।

18. बच्चे को अपने काम में सहायता करने के लिए कहिए। (इसमें खाना बनाना, सफाई, चीजों को व्यवस्थित करना शामिल है।) 19. और सबसे महत्त्वपूर्ण कि हमें अपने बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी देने चाहिए, ताकि वो जीवन में सफल और सही इन्सान बन सके। हमें अपने अनुभव के आधार पर अपने बच्चों का जीवन सुंदर और स्वस्थ बनाने में उनकी सहायता करना चाहिए।

# परिजनों से नाराज होकर मासूम तीन बच्चों ने छोड़ दिया था घर, सकलडीहा पुलिस बनी देवदूत

दैनिक अयोध्या टाइम्स

चंदौली ब्यूरो चीफ आनन्द कुमार

चंदौली। सकलडीहा कोतवाली क्षेत्र के बरठि गाँव के अजय चौबे के दो पुत्र व एक पुत्री परिजनों से नाराज होकर अपने ननिहाल बिहार के जमुरनी गाँव के लिए पैदल ही निकल गए। आपको बता दें कि चंदौली जनपद के सकलडीहा कोतवाली क्षेत्र के बरठि गांव के अजय चौबे व विजय चौबे के दो पुत्र व एक पुत्री परिजनो से नाराज होकर के अपने ननिहाल बिहार के जमुरनी गांव के लिए पैदल ही निकल गए।बच्चों के हाथों में अपने कुछ कपड़े समान थे और वे बच्चे पैदल ही जा रहे थे,जाते समय बीच में नई बाजार पुलिस चौकी पड़ी तो उन्हें पुलिस कर्मियों ने रोक लिया और फिर उनसे,उनके घर और जाने का पता पूछने लगे तो उनमें अजय चौबे की सबसे बड़ी लड़की विद्या 11 वर्ष ,पुत्र चिराग 9 वर्ष तथा विजय चौबे के पुत्र रूद्र 8 वर्ष शामिल थे। पुलिस ने जब उनसे नाम पता पूछा तो बच्चे परिजन से इतना नाराज थे की पुलिस को भी झांसा देने लगे और सकलडीहा अपना पता बताए। पुलिस ने जब सकलडीहा कस्बा में पता लगाया तो सही जानकारी नहीं मिल पाई फिर बच्चों को घुमा फिरा,कर पूछा गया तो वह अपने पिता का नाम अजय चौबे व विजय चौबे बताए, तथा पता ग्राम बराठी बताए तब परिजनों को सूचित किया गया।



जानकारी से पता चला कि विद्या व उसके भाई चिराग की मां का संबंध उसके पिता से 5,6 वर्षों से नहीं है,जिसके कारण वह अपने मां के पास नहीं रहते हैं और पिता से किसी बात को लेकर उनको नाराजगी हो गई तो अपने ननिहाल बिहार के जमुरनी गांव के लिए पैदल ही निकल गए। उनके साथ उनके चाचा का लड़का रुद्र भी चल दिया और तीनों पैदल ही बिहार के जमुरनी के लिए चल दिए थे। इस संबंध में नई बाजार चौकी प्रभारी विजय राज ने बताया कि तीनों बच्चों के परिजन आ गए हैं और उनको बच्चों को सुपुर्द कर दिया गया है।

## संक्षिप्त खबर

### आधा दर्जन लोगों का फर्जी रिकवरी अफिसर बनकर 78 हजार रूपये किया हजम

रसड़ा(बलिया)। क्षेत्र के कोटवारी गांव में बैंक से ऋण लेने वाले आधा दर्जन लोगों से फर्जी रिकवरी ऑफिसर बनकर 78 हजार रुपए किया हजम। पीड़ितों ने मुख्यमंत्री के यहां शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। कोटवारी निवासी लालचंद ने मुख्यमंत्री के यहां भेजे शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि मेरे पुत्र देवानंद यूपी ग्रामीण बैंक कोटवारी से ऋण लिया था। 22 फरवरी 24 को दीपू यादव पुत्र स्व राजेंद्र यादव जोगापुर रतनपुरा मऊ निवासी आकर कहे कि मैं बैंक के रिकवरी विभाग बलिया से आया हु। आप के बेटे का बैंक से लोन है जमा नहीं करने पर आर सी कट जायेगी। छूट आई है आप लोगो का कम पैसा में नो ड्यूज दिलवा दूंगा। मेरे पुत्र के देवा नंद के साथ गांव के ही रमई, गणेश, हरेराम तथा सुनीता से 78 हजार लिए तथा कहे कि 2024 में सबका पैसा जमा करके नो ड्यूज दे दूंगा। उसके बाद से कहे कि मार्च 2025 में नो ड्यूज दे दूंगा। इस तरह गांव के अन्य गरीब अनपढ़ लोगों को भी फ्राड करके दो लाख से ऊपर ले लिए है। पैसा मांगने पर तरह तरह की धमकी देते है। न्याय कर पैसा दिलाने की मांग की है।

### पिता–पुत्र के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

रसड़ा(बलिया)। कोतवाली क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पिता–पुत्र के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।पीड़िता की शिकायत के अनुसार, आरोपी सर्वेश कुमार भास्कर गांव की महिलाओं को प्रताड़ित करता था। वह उन्हें गालियां देता और अपहरण की धमकियां देता था। जब इस बारे में उसके पिता चंद्रमा राम से शिकायत की गई, तो उन्होंने भी धमकियां दीं। 22 मई 2025 की रात करीब 8 बजे का मामला है। सर्वेश भास्कर पीड़िता के घर में घुस गया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। महिला के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ लिया। डायल 1090 की पुलिस को बुलाया गया और ग्रामीणों ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़िता ने पुलिस से अपनी जान–माल की सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जर्जर एवं ढीले तारों से हो रही है विद्युत आपूर्ति, दुर्घटना की आशंका

- ग्रामीणों ने सुधार करने की मांग की

गोला बाजार,गोरखपुर। उपनगर गोला के विस्तारित वार्ड नंबर 14 के अंतर्गत आने वाले रामा मऊं मे ढीले एवं जर्जर तारों से विद्युत आपूर्ति हो रही है।जिससे आपूर्ति बाधित होने के साथ दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।नगर पंचायत वासियों ने समस्या के दृष्टिगत सुधार करने की मांग की है। नगर पंचायत गोला के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 14 के विस्तारित रामा मऊं में लगभग 150 घरों को मदारिया फीडर से विद्युत आपूर्ति होती है।आपूर्ति हे तु विद्युत पोलो पर लगाए गए उपकरण व तार काफी पुराने एवं जर्जर हो गए है।जो जगह–जगह झूल रहे है।जिससे आंधी–पानी मे फाल्ट होने की समस्या के साथ ढीले तारों से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।नगर पंचायत वासियों सन्त प्रसाद नायक, रामकिशुन यादव ,परमहंस नायक, दिलीप नायक, खलील अहमद, रामदुलारे गोंड, दिनानाथ विश्वकर्मा, किशन, मनीष नायक ,संदीप तिवारी, रमेश तिवारी, दिनेश यादव, सुरेश यादव ,पिन्टू नायक, बशीर अहमद, राम सिंगारे गोंड, राजाराम, रवि ठाकुर ,राजेन्द्र शर्मा, रामदरश यादव ,श्रीनिवास कन्नौजिया,सर्वजीत कन्नौजिया, विनोद कन्नौजिया, ललिता प्रसाद कन्नौजिया, रामा गोंड आदि ने निर्वाध विद्युत आपूर्ति एवं दुर्घटना की आशंका से बचने हेतु विभागीय स्तर पर मरम्मत की मांग की है।

# शहीद सैनिक का पार्थिव शरीर घर पहुंचते ही उमड़ा जन सैलाब

## भारत माता की जय व प्रेमशंकर यादव अमर रहे के लगे नारे

दैनिक अयोध्या टाइम्स

आजमगढ़। शाम शहीद सैनिक प्रेमशंकर यादव का पार्थिव शरीर पैतृक गांव दीदारगंज थाना क्षेत्र के संग्रामपुर पहुंचा। अपने मिट्टी के लाल के अंतिम दर्शन के लिए भारी संख्या में जनसैलाब उमड़ गया । तिरंगे व फूलो से सजे सेना के वाहन में रखे ताबूत व उस पर अर्पित पुष्प चक्र को देखते ही लोगो की आंखो से आंसू झलक पड़े। नम आंखों से लोग वंदे मातरम् भारत माता की जय, वीर प्रेमशंकर यादव अमर रहे के नारे लगाने लगे, तथा सलामी दी। दीदारगंज थाना क्षेत्र के संग्रामपुर गांव निवासी 45 वर्षीय जवान प्रेमशंकर यादव पुत्र दलसिंगार यादव भारतीय सेना के माउंटेन डिवीजन प्रोवोस्ट यूनिट अरुणाचल प्रदेश के टेंगा में नायब सूबेदार के पद पर तैनात थे। आपरेशन सिंदूर को लेकर चल रहे तनाव को देखते हुए 14 मई को युद्धाभ्यास हेतु जवानों को बॉर्डर पर भेजा जा रहा था। सेना के आगे लीड कर रहे नायब सूबेदार प्रेमशंकर यादव सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए, उनका इलाज कोलकाता में चल रहा था कि रविवार को सुबह उनकी मौत हो गई। सोमवार को शाम साढ़े तीन बजे राजकीय सम्मान के साथ अयोध्या व साथ आए सेना के जवान शहीद अग्निवीर सैनिक प्रेमशंकर का पार्थिव शरीर लेकर गांव पंहुचे। सैनिक का शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। जवान का शव पैतृक गांव संग्रामपुर में रखा गया। पिता दलसिंगार यादव, भाई गिरजा शंकर, जयशंकर यादव एवं विजय शंकर यादव व पत्नी तथा दोनों बच्चों सहित परिवार के लोग अपने लाडले के शव से लिपट कर दहाड़े मार कर रोने लगे। इस दौरान अपने मिट्टी के लाल भारत मां के वीर सपूत के अंतिम दर्शन व श्रद्धांजलि के लिए जन सैलाब उमड़ा रहा। उपस्थित सभी लोगो की आखों में आंसू थे। मौके पर स्थानीय लोगो के अलावा दूर दूर से भी लोग शहीद जवान के दर्शन के लिए पहुंचे। सुबह से ही संग्रामपुर गांव सहित दीदारगंज चौक, कुशल गांव, लारपुर में भारी भीड़ जमा होने लगी। अग्निवीर देश के लाल प्रेमशंकर यादव का शव एम्बुलेंस से दीदारगंज क्षेत्र के करूई मोड़ के पास पहुंचा, जहां से सेना के जवानों ने शव को तिरंगे व फूलो से सजी सेना की गाड़ी में रखकर पैतृक गांव तक अंतिम यात्रा निकाली। इस दौरान जवान के अंतिम दर्शन के लिए भारी संख्या में लोग रास्ते पर खड़े रहे। शाम चार बजे शहीद के सम्मान में सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जवान के शहीद होने के शोक में दीदारगंज चौक की दुकानें बंद रहीं। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीलम सोनकर, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री कृष्णमुरारी विश्वकर्मा, सांसद दरोगा प्रसाद सरोज, विधायक कमलाकांत राजभर, पूर्व मंत्री राम आसरे यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष लालगंज विनोद राजभर, जिला पंचायत सदस्य संतोष यादव, पूर्व सांसद संगीता आजाद, पूर्व विधायक अरिमर्दन आजाद, फूलपुर विधायक प्रतिनिधि विजय बहादुर यादव, टाइगर यादव आदि जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।





दुर्वासा स्थित नदी के तट पर भारी संख्या में उमड़े जनसैलाब, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियो की मौजूदगी में जवान को मुखाग्नि दी गई। इस दौरान सीओ फूलपुर अनिल कुमार वर्मा, तहसीलदार कमल सिंह, थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह व उनकी टीम मौजूद रही।

# त्रिदिवसीय समर कैंप के प्रथम दिवस पर बच्चों ने प्रतिभाग कर लिया आनंद

बाबूराम यादव,तहसील प्रभारी दैनिक अयोध्या टाइम्स गोला बाजार,गोरखपुर।उपनगर गोला के एम सीए पब्लिक स्कूल पर सोमवार को त्रि दिवसीय समर कैंप के प्रथम दिवस पर नर्सरी से लेकर कक्षा दो तक के बच्चो में शिवांश पाल, दिव्यांश यादव , आभ्यांश पाण्डेय, साक्षी,वेदांत राय, रेयांश, विराट,तन्वी, आकांक्षा, आस्था, रित्विक,अदिति , शाहील, अर्णव,कौशल आदि ने पूल पार्टी,रैन डांस, जुंबा डांस, एरोबिक डांस, योगा, मूवी इत्यादि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया कैंप में सहभागी सभी बच्चो में अपार हर्ष दिखा ।आयोजन का शुभारंभ विद्यालय के प्रबन्धक प्रदीप सिंह एवं शिक्षा निदेशिका रत्ना सिंह ने दीप प्रज्वलन के साथ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया। आयोजन को संबोधित करते प्रबंधक श्री सिंह ने कहा की ऐसे आयोजन से बच्चो के अंदर छुपी प्रतिभाओ में निखार आता है एवं साथ ही उनके मुखरता में प्रवीणता बढ़ती है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रधानाचार्य एस के मिश्रा ,राहुल यादव शिक्षक वीरेंद्र मौर्य ,अमित दीक्षित, आकाश , विशाल, मुकेश, राजन, खुशबू,काजल,खुशबू चंद,फरजाना ,शकीला,नीलू तिवारी , पूनम यादव के साथ अन्य शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित रहें।



# जर्जर एवं ढीले तारों से हो रही है विद्युत आपूर्ति, दुर्घटना की आशंका

बाबूराम यादव,तहसील प्रभारी, दैनिक अयोध्या टाइम्स, गोला बाजार,गोरखपुर। उपनगर गोला के विस्तारित वार्ड नंबर 14 के अंतर्गत आने वाले रामा मऊं मे ढीले एवं जर्जर तारों से विद्युत आपूर्ति हो रही है।जिससे आपूर्ति बाधित होने के साथ दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।नगर पंचायत वासियों ने समस्या के दृष्टिगत सुधार करने की मांग की है।





नगर पंचायत गोला के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 14 के विस्तारित रामा मऊं में लगभग 150 घरों को मदारिया फीडर से विद्युत आपूर्ति होती है।आपूर्ति हेतु विद्युत पोलो पर लगाए गए उपकरण व तार काफी पुराने एवं जर्जर हो गए है।जो जगह–जगह झूल रहे है।जिससे आंधी–पानी मे फाल्ट होने की समस्या के साथ ढीले तारों से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

नगर पंचायत वासियों सन्त प्रसाद नायक, रामकिशुन यादव ,परमहंस नायक, दिलीप नायक, खलील अहमद, रामदुलारे गोंड, दिनानाथ विश्वकर्मा, किशन, मनीष नायक ,संदीप तिवारी, रमेश तिवारी, दिनेश यादव, सुरेश यादव ,पिन्टू नायक, बशीर अहमद, राम सिंगारे गोंड, राजाराम, रवि ठाकुर ,राजेन्द्र शर्मा, रामदरश यादव ,श्रीनिवास कन्नौजिया,सर्वजीत कन्नौजिया, विनोद कन्नौजिया, ललिता प्रसाद कन्नौजिया, रामा गोंड आदि ने निर्वाध विद्युत आपूर्ति एवं दुर्घटना की आशंका से बचने हेतु विभागीय स्तर पर मरम्मत की मांग की है। इस सबंध में हमे अभी तक इस शिकायत की कोई जानकारी नहीं है। हम फीडर के जेई को इस मामले को देखने के बोल देते हैं।

एसडीओ गोला सुशील कुमार

# लापारवाही पर दो सफाईकर्मियों का वेतन रोका, नोटिस जारी

## सात ग्राम पंचायतों का अधोहस्ताक्षरी द्वारा निरीक्षण, बरंगा प्रधान एवं सचिव की प्रशंसा

दैनिक अयोध्या टाइम्स

ब्यूरो चीफ आनन्द कुमार

चंदौली। जिले के विकास खण्ड सकलडीहा अंतर्गत ग्राम पंचायत अधिकारी संजय यादव के कार्य क्षेत्र मे आने वाले सात ग्राम पंचायतो बहरवानी, पौरा, दिवाकरपुर, कटसिल, दीघवट , फेसुडा, एवं बरंगा का सोमवार को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निरीक्षण किया गया.निरीक्षण के समय संबंधित ग्रामों के ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक एवं सफाई कर्मी मौजूद रहे. दिवाकरपुर में सफाई कर्मी ममता की जगह उनके पति द्वारा कार्य किये जानें था तथा नियमित कूड़ा कलेक्शन नहीं होने पर उन्हें वेतन अवरुद्ध करते हुए नोटिस जारी की गई है. साथ ही कटसिल की सफाई कर्मी श्रीमती विभा द्वारा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन नहीं किए जानें तथा ग्राम में सफाई व्यवस्था सही नहीं होने पर उनका मई 2025 का वेतन अवरुद्ध करते हुए नोटिस जारी किया गया. ग्राम पंचायत दीघवट में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन समूह के महिलाओं द्वारा किया जा रहा है. 5000 से अधिक आबादी वाले ग्राम में एक ही सफाई कर्मी होने पर वहां एक अन्य सफाई कर्मी की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव जिला पंचायत राज अधिकारी महोदय के समक्ष भेजा.

पंचायत सहायक ट्विंकल जायसवाल विगत माह से कार्यालय अनुपस्थित है जिसके लिए उन्हें नोटिस जारी करते हुए सचिव को निर्देशित किया गया कि उन्हें पद से हटाने की कार्यवाही करते हुए कार्यालय को अवगत कराऐं. ग्राम पंचायत बरंगा में सामुदायिक शौचालय का संचालन बड़े ही अच्छे तरीके से किया जा रहा है तथा शौचालय के साथ वहां का कैंपस बहुत अच्छा है जिसके लिए प्रधान श्री कन्हैया राम एवं सचिव श्री संजय यादव की प्रशंसा की गई।





# वट सावित्री व्रत पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, जनपद भर में महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा

ब्यूरो चीफ विपिन सिंह चौहान

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद में सोमवार को वट सावित्री व्रत का पर्व पारंपरिक श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर अपने पति की दीर्घायु और परिवार की सुख–शांति के लिए प्रार्थना की ।सवेरे से ही महिलाएं सज–धज कर मंदिरों, पक्के वट वृक्षों तथा धार्मिक स्थलों पर पहुंचीं। पूजा–पाठ, परिक्रमा और कथा श्रवण के साथ उन्होंने पूरे विधि–विधान से व्रत का पालन किया। इस दौरान जगह–जगह व्रत कथाओं का सामूहिक पाठ भी हुआ, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा ।अमृतपुर में भारतदास बाबा का थान बना आस्था का केंद्र जनपद के अमृतपुर थाना क्षेत्र स्थित भारतदास बाबा के थान पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं पहुंचीं। यहां पर वट वृक्ष के नीचे महिलाएं घंटों तक पूजा–अर्चना करती रहीं। महिला मंडलों द्वारा भजन–कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धा और संस्कृति की झलक साफ दिखाई दी ।कमालगंज, कायमगंज, शमसाबाद और नवाबगंज में भी दिखा उत्साह : कमालगंज, कायमगंज, शमसाबाद, नवाबगंज, मेरापुर, राजेपुर सहित अन्य क्षेत्रों में भी व्रतधारी महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे पूजा–अर्चना की। नगरों में मंदिर परिसरों में भीड़ देखी गई, जबकि ग्रामीण अंचलों में पीपल के वृक्षों के पास व्रत का आयोजन पारंपरिक तरीके से हुआ ।प्रशासन रहा सतर्क, पूजा संपन्न रही शांतिपूर्ण पूरे जनपद में व्रत के दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा और सफाई व्यवस्था बनाए रखी गई। पुलिस बल ने प्रमुख पूजा स्थलों पर गश्त कर महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली ।फर्रुखाबाद में जीवित हैं परंपराएं फर्रुखाबाद जनपद अपने धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए जाना जाता है। यहां की महिलाएं आज भी पारंपरिक व्रतों और पर्वों को पूरी निष्ठा के साथ निभाती हैं। वट सावित्री व्रत इसका एक जीवंत उदाहरण है, जो पीढ़ियों से यहां की संस्कृति का हिस्सा बना हुआ है ।आखिर क्यूँ मनाते हैं वट पूजा



वट पूजा (वट सावित्री व्रत) का आयोजन विशेष रूप से सावित्री और सत्यवान की कथा से जुड़ा हुआ है और यह सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घायु और सुखद वैवाहिक जीवन के लिए किया जाता है। यह व्रत हिंदू पंचांग के ज्येष्ठ मास की अमावस्या को मनाया जाता है।

वट पूजा क्यों मनाई जाती है?

1. सावित्री–सत्यवान की कथा पर आधारितरूमान्यता है कि देवी सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस ले लिए थे। उन्होंने वट (बड़) वृक्ष के नीचे बैठकर कठोर व्रत और तप किया था। उनकी दृढ़ निष्ठा, भक्ति और संकल्प से यमराज भी प्रभावित हो गए और सत्यवान को जीवनदान दे दिया ।2. वट वृक्ष का आध्यात्मिक महत्वरूवट वृक्ष (बड़ का पेड़) को हिन्दू धर्म में त्रिदेव दृ ब्रह्मा, विष्णु और महेश दृ का स्वरूप माना जाता है। इसकी छाया को शुभ और जीवनदायिनी माना गया है।

इसलिए महिलाएं इसकी पूजा कर अपने वैवाहिक जीवन की स्थिरता और समृद्धि की कामना करती हैं ।3. पति की लंबी उम्र की कामनारूवट सावित्री व्रत में महिलाएं दिनभर उपवास रखती हैं, वट वृक्ष की परिक्रमा करती हैं और पीले धागे से वृक्ष को बांधकर अपने पति की लंबी उम्र की प्रार्थना करती हैं ।4. पारंपरिक और सामाजिक महत्व यह व्रत भारतीय समाज में नारी की आस्था, त्याग और शक्ति का प्रतीक भी माना जाता है। यह महिलाओं को सामाजिक रूप से एकजुट करता है और पारंपरिक मूल्यों को आगे बढ़ाता है ।संक्षेप मेंरू वट पूजा एक ऐसा पर्व है जिसमें आस्था, प्रेम, समर्पण और पारिवारिक मूल्यों की झलक मिलती है। यह न केवल धार्मिक अनुष्ठान है बल्कि भारतीय स्त्री की शक्ति और श्रद्धा का प्रतीक भी है।

# सुबीज किसान गोष्ठी का आयोजन









प्रतापगढ़। पट्टी तहसील अंतर्गत एक पैलेस में न्यूजीवीडू सीड्स लिमिटेड कंपनी के द्वारा एक सुबीज किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के अलग अलग क्षेत्र से करीब 30 किसान एकत्रित हुए सभी एकत्रित किसानों को कंपनी के एरिया मैनेजर विजय दुबे के द्वारा खरीफ में संशोधित धान की प्रजाति पूर्वा, मोती अल्ट्रा, मोती, मोती गोल्ड, NP 7075 और कनक मंसूरी की प्रजाति के विषय में भरपूर जानकारी दी और साथ ही किसानों को खेती करने के विषय में भी बताया, सभी किसानों को कंपनी की तरफ से धान का बीज और एक एक गिफ्ट भी दिया गया।

कंपनी के मार्केट डेवलपमेंट ऑफिसर दीपक मिश्रा और बहुत सारे किसान इस गोष्ठी में एकत्रित हुए।



दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284

# मथुरा



मंगलवार, 27 मई 2025




## रामकली देवी सरस्वती विद्या मंदिर में पांच दिवसीय समर कैंप का समापन

**(दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट)**

**वृंदावन।** रामकली देवी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल केशव धाम वृंदावन में बच्चों के लिए पांच दिवसीय समर कैंप का समापन विद्यालय के प्रबंधक हरिवंश खंडेलवाल प्रधानाचार्य, गणेश दत्त शर्मा ने किया। प्रबंधक ने सफलतापूर्वक समर कैंप को संपन्न कराने के लिए सभी आचार्य और आचार्या का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य एक तरफ जहां बच्चों का सर्वपक्षीय विकास करना है वहीं उन के भीतर छुपी प्रतिभा को उभारना भी है। शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का दौर शुरू होने के साथ स्कूलों द्वारा ज्यादातर शिक्षा पर ही ध्यान दिया जाता है, जिससे उन का शैक्षणिक विकास तो हो जाता है, ऐसे में उन का सर्वपक्षीय विकास करना तथा उन के भीतर छुपी प्रतिभा को निखारने के लिए समर कैंप



ही एक मात्र ऐसा विकल्प है। पांच दिन तक चलने वाले इस समर कैंप में स्कूल के करीब 100 बच्चों ने हिस्सा लिया। जिन्हें आर्ट, डांस, म्यूजिक, माइम, मिमिक्री, पोएट्री मेकिंग, योगा, संघ के खेल और आसन, म्यूजिकल चेयर, अंताक्षरी और विभिन्न तरीके के एक्टिविटी का आयोजन किया गया। समर कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रधानाचार्य ने पुरस्कृत किया और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य धीरज बंसल , शैलेंद्र शर्मा ,अरुण उपाध्याय , राजू सिंह , शशिबाला शर्मा, अर्चना तिवारी, जितेंद्र सिंह, राम मोहन शुक्ल, श्रीकांत शर्मा, शशांक शर्मा, रवि सिसोदिया सुनील शर्मा विनोद सिंह प्रदीप आर्य , प्रेम किशोर कर्मवीर सिंह, देवेंद्र गौतम, दुष्यंत शर्मा प्रियंका शर्मा , संगीता अरोड़ा, सुनीता सिंह, वंदना गोयल, दीपशिखा, निशा पांडे, राकेश शर्मा, सुधांशु शाक्य हेमेंद्र आदि आचार्य और आचार्या ने सहयोग प्रदान किया।

## लोक भवन लखनऊ में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का शुभारंभ/लोकार्पण किया गया

मथुरा। **(दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर)**26 मई को लोक भवन लखनऊ में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का शुभारंभ/लोकार्पण किया गया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद मथुरा के कलेक्ट्रेट सभागार में मा0 महापौर श्री विनोद अग्रवाल, मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष श्री किशन चौधरी, मा0 विधायक बल्देव श्री पूरन प्रकाश, मा0 एम0एल0सी0 श्री ओम प्रकाश सिंह, मा0 सांसद प्रतिनिधि श्री जनार्दन शर्मा, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त सहित जनपद के विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों,अनुदेशकों एवं शिक्षामित्रों द्वारा देखा गया। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत स्कूलों की दिशा और दशा बदली है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने में शिक्षकों का योगदान जरूरी है। बच्चों के अंदर प्रतिभाए हैं, सिर्फ उनको उभारने की जरूरत है। उन्होंने ग्रीष्मावकाश में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित समर कैम्प की सराहना करते हुए कहा कि समर कैम्प में बच्चे




योगाभ्यास, पर्यावरण जागरूकता आदि अनेकों गतिविधियों को सीखने का अवसर पाएंगे, जिससे बच्चे प्रफुल्लित होंगे और उनका सर्वांगीण विकास होगा।

कार्यक्रम में निपुण आकलन में जनपद मथुरा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापक शिक्षकों को माननीय जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र दिया जिसमें, प्रा0वि0 जिखनगाँव ब्लॉक मथुरा की ऐश्वर्या, प्रा0वि0 राची बांगर ब्लॉक मथुरा के गोविन्द सिंह, प्रा0वि0 देवीपुरा ब्लॉक मथुरा की गरिमा सक्सेना, प्रा0वि0 असगरपुर ब्लॉक मथुरा की शिप्रा यादव, प्रा0वि0 पालीखेडा ब्लॉक मथुरा की संगीता शर्मा, प्रा0वि0 तारसी ब्लॉक मथुरा की भावना चौधरी, उ0प्रा0वि0 लक्ष्मीनगर (1-8) न0क्षे0 मथुरा की कल्पना सिंह तथा उ0प्रा0वि0 सताहा मथुरा की विमला शर्मा है।

उ0प्रा0वि0 नगला बिहारी की निधि पाण्डेय, उ0प्रा0वि0 जिखन गाँव के वीरेंद्र सिंह, उ0प्रा0वि0 अड्डे की के राजुद्दीन, प्रा0वि0 बेसका के गजेन्द्र सिंह, उ0प्रा0वि0 नगला माना की मधु सिंह, प्रा0वि0 करनावल के मनीष उपाध्याय, प्रा0वि0 जयसिंहपुर के पंकज, प्रा0वि0 गोविंदपुर के योगेश चौधरी, प्रा0वि0 यमुना के सुधीर सोलंकी तथा प्रा0 वि0 कमला नेहरू की पूनम शर्मा को माननीय जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी ने टैबलेट वितरित किया।

स्मार्ट क्लास का उपयोग कर बेहतर शिक्षण कार्य हेतु उच्च प्राथमिक विद्यालय बिर्जापुर की गुरु प्यारी सत्संगी, जैत के श्रीकृष्ण उपाध्याय, गोपालगढ़ के बृजराज, बाटी के नूतन नागर, कारब के गोपाल कुमार कौशिक, शेरनी में करनपाल सिंह तथा नगला बली के सुशेंद्र मित्तल को प्रशस्ति पत्र दिया गया है।

समर कैंप में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों को प्रशस्ति पत्र दिया गया, जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय बबूरी के लोकेश कुमार कुंतल, बाटी के वीरेंद्र कुमार, लक्ष्मीनगर की संगीता देवी, नगला हंसी की ऊषा वर्मा तथा ईशापुर के मनोज कुमार है।

## भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत मथुरा-वृंदावन विधानसभा संगोष्ठी का आयोजन

मथुरा।**(दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर)** भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा पुष्पांजलि स्थित में भाजपा जिला कार्यालय पर पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत मथुरा-वृंदावन विधानसभा संगोष्ठीआयोजित हुई।

संगोष्ठी का शुभारंभ प्रदेश मंत्री एवं संगोष्ठी की मुख्य वक्ता सुश्री पूनम बजाज, विधान परिषद सदस्य ठा. ओम प्रकाश सिंह, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य भुवन भूषण कमल पूर्व महापौर डॉ. मुकेश आर्य बंधु ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चित्रपट पर पुष्प अर्पित किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पूनम बजाज बताता ÷आज हम सभी पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी की त्रिशताब्दी स्मृति में एकत्रित हुए हैं। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि उस अद्वितीय परंपरा को स्मरण करने का अवसर है, जिसने भारतीय समाज को जनसेवा, सामाजिक न्याय और नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक नई दिशा दी।

अहिल्याबाई होल्कर न केवल एक यशस्वी शासिका थीं, बल्कि वे एक संवेदनशील, दूरदर्शी और आध्यात्मिक दृष्टिकोण रखने वाली लोकनायिका थीं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सत्ता का उपयोग केवल प्रशासन के लिए नहीं, बल्कि




समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए।

उन्होंने बताया महिलाओं की शिक्षा, विधवा पुनर्विवाह, धर्मशालाओं और तीर्थस्थलों के जीर्णोद्धार जैसे अनेकों कार्यों के माध्यम से यह प्रमाणित किया कि यदि इच्छाशक्ति हो, तो कोई भी महिला समाज परिवर्तन की धुरी बन सकती है। आज के समय में, जब हम 'नारी शक्ति' की बात करते हैं, तो अहिल्याबाई जी का जीवन हमारे लिए आदर्श और प्रेरणा दोनों है।

वहीं प्रस्तावना रखते हुए कहा ÷सबसे पहले मैं पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती पर उन्हें शत-शत नमन करता हूँ। यह अवसर हमें न केवल एक महान शासिका को स्मरण करने का, बल्कि उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा के पथ पर अग्रसर होने का भी अवसर प्रदान करता है।अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की उन विरल विभूतियों में से हैं, जिन्होंने शक्ति और संवेदनशीलता, शासन और सेवा – दोनों का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया। उन्होंने साबित किया कि एक महिला, यदि संकल्प ले ले, तो वह समाज की दिशा और दशा दोनों बदल सकती है। उन्होंने जनकल्याण की भावना से प्रेरित होकर न केवल धर्मस्थलों का निर्माण कराया, बल्कि अनगिनत सामाजिक सुधारों को भी जन्म दिया। उनके शासनकाल में महिलाओं की गरिमा सुरक्षित थी, किसानों को न्याय मिलता था, और समाज में समरसता का भाव विकसित होता था।

मैं सभी कार्यकर्ताओं से अपील करता हूँ कि वे नारी गरिमा की रक्षा, सामाजिक समरसता की स्थापना और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। यही पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।÷

संगोष्ठी में पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग पूर्व महापौर पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर पूर्व महामंत्री मुकेश खंडेलवाल पूर्व ब्लाक प्रमुख पन्नालाल गौतम हीरा सिंह कुंतल महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष पूजा चौधरी ने मंच साझा किया। कार्यक्रम संयोजक ज्ञानेंद्र राणा के नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। मंच का संचालन संजय शर्मा ने किया। इस अवसर रामकिशन पाठक हरिओम शर्मा विजय शर्मा मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा लोकेश तायल नितिन कौशिक लोकेश निषाद जितेन्द्र वार्ष्णेय हाकिम सिंह टीटू नितिन चतुर्वेदी दीपा अग्रवाल योगेश द्विवेदी पिछड़ा वर्ग महानगर अध्यक्ष दीपक गोला ललित गौतम मनोज सरोठ कपिल पटेल पार्षद हनुमान गुर्जर अंकुर गुर्जर सुभाष यादव तरुण सैनी आदि मौजूद रहे।

## आश्रम पर कब्जा करने की नियत से तोड़फोड़ व धमकाने को लेकर पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज

चौमुहां।**(दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर)**थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत सुनरख बांगर स्थित आश्रम का गेट तोड़ने व दीवार तोड़ने को लेकर पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाने पर दर्ज कराए मुकदमे में जिला बांदा के थाना गिरवा, गांव ऐला हाल निवासी श्री प्रकाशानंद आश्रम सुनरख बांगर निवासी राजकुमार व शिवलात ने बताया कि सुनरख मौजा अंतर्गत उनका श्री श्री 1008 स्वामी शिवप्रकाशानंद महाराज के नाम से आश्रम है। जिसको मुख्य गेट व दोनों दीवार को सुनरख बांगर निवासी अन्नत बघेल व बेटा पुरुषोत्तम बघेल ने तोड़ दिया। इसके साथ ही आश्रम पर कब्जा करने की नीयत से मुख्य गेट नल लगवा दिया है। जब उनसे यह सब करने के लिए मना किया तो वह गालीगलौज करने लगे मारपीट करने पर आमादा हो गए। सीओ सदर संदीप कुमार सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यालय की अध्यापिका गायब, थाने में दर्ज कराई गुमशुदगी।

छाता।**(दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर)**जनपद मथुरा की कोतवाली छाता क्षेत्र अंतर्गत प्रताप सिंह निवासी सरस्वती स्कूल के पास गोवर्धन रोड छाता, थाना छाता, जनपद मथुरा की 18 वर्षीय पुत्री राधा प्रतिदिन की भांति अध्यापन कार्य के लिए तक्षशिला पब्लिक स्कूल गोवर्धन रोड छाता में गई थी, लड़की के पिता ने थाना छाता में शिकायत करते हुए बताया कि दिनांक 24 मई दिन शनिवार को मेरी पुत्री राधा स्कूल में अध्यापन कार्य के लिए गई थी, एक बजे छुट्टी होने के बाद भी वह घर वापस नहीं आई तो मैंने अन्य शिक्षकगणों से जाकर पता किया, तो अध्यापकों ने कहा कि वह छुट्टी के समय यहां से चली गई। हमने अपनी बेटी को फोन किया तो उसका फोन स्विच ऑफ मिला। उसके बाद काफी जगह तलाश और ढूंढा पर वह नहीं मिली। जिस किसी भी सज्जन को मेरी पुत्री का सुराग हाथ लगे तो उसे उचित नाम दिया



जाएगा।

संपर्क करें थाना अध्यक्ष छाता मोबाइल नंबर 9454 40 39 38

## छाता क्षेत्र में हुई चौकीदार के हत्यारोपियों से जैंत पुलिस सहित अन्य टीम की मुठभेड़

**मुठभेड़ के दौरान दो आरोपी गिरफ्तार**

चौमुहां।**(दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर)**थाना जैंत पुलिस, स्वाट टीम, थाना हाईवे व थाना नौहझील पुलिस की संयुक्त रूप से थाना छाता में असर एग्रो कंपनी में हुई चौकीदार की हत्या व डकैती के अपराधियों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दोनों आरोपियों पैर में गोली लगने से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

थाना क्षेत्र छाता में असर इको कम्पनी के पास कुछ अज्ञात बदमाशो द्वारा चौकीदार बद्री पुत्र मदन निवासी ग्राम नरी थाना छाता मथुरा की बंधक बनाकर हत्या कर दी गयी थी तथा एक चौकीदार को गंभीर रूप से घायल कर दिया था । जिसके संबंध में थाना छाता में हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था



जैंत पुलिस व स्वाट टीम की एसकेएस इंटरनेशनल यूनीवर्सिटी से चौमुहां की ओर जाने वाले नेशनल हाइवे-19 पर नाले की पटरी के पास थाना क्षेत्र जैत जनपद मथुरा में मुठभेड़ हो गई। थाना जैंत पुलिस को गश्त के दौरान छाता व कन्ट्रोल रूम से सूचना प्राप्त हुई कि असर कम्पनी थाना क्षेत्र छाता में चौकीदार की हत्या की थी जिसके संबंध में थाना छाता पर मु0अ0सं0 271/25 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत है। मुकदमे से संबंधित आरोपी हरिराम पुत्र तेज सिंह निवासी धम्मपथ का पुरा थाना बिम्नी मुरैना मध्य प्रदेश व विशाल पुत्र राम निवास निवासी राजीव नगर थाना ताजगंज आगरा,जो कि थाना छाता की तरफ से टेंपो से जैत की तरफ भाग रहे है, सूचना पर थाना जैंत पुलिस व स्वाट टीम/ थाना नौहझील/थाना हाईवे द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई। आरोपी खुद को बचाने के लिये भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम से अपने आप को घिरा हुआ देख उनके द्वारा पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस द्वारा दीवार व झाडियों की आड़ से होकर अपने बचाव में फायर किया गया जिसमें बदमाशों के पैर में गोली लगी और घायल हो गये, घायल अवस्था में उन्हे गिरफ्तार कर इलाज हेतु चिकित्सालय भेजा गया है द्य

**ये हुआ बरामद**

आरोपियों से हुई मुठभेड़ में पुलिस को आरोपियों के कबीर से 02 तमन्चे व 07 कारतूस 315 बोर व 03 खोखा कारतूस नाजायज व थाना छाता की डकैती की घटना में प्रयुक्त एक ऑटो बरामद हुआ है।

## बलदेव में शिक्षकों को मिले टेबलेट ,निपुण स्कूलों के बांटे प्रमाण पत्र

बलदेव।**(दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर)**लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर-कमलों से 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवीन भवनों/अतिरिक्त डॉरमेट्री का लोकार्पण तथा 43 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों एवं 66 मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर बारह सौ रुपए प्रति छात्र-छात्रा की दर से यूनिफॉर्म, स्कूल बैग एवं स्टेशनरी क्रय हेतु अभिभावकों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से धनराशि का हस्तांतरण भी किया गया। साथ ही, विभिन्न विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब की स्थापना, शिक्षकों को टैबलेट वितरण, 503 पीएम श्री विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी




सहित अनेक नवाचारों का शुभारंभ तथा निपुण आकलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों का सम्मान भी किया गया।इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बीआरसी बलदेव पर किया गया जिसे खंड शिक्षा अधिकारी कौशल कुमार की उपस्थिति में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने देखा।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी कौशल कुमार ने टैबलेट वितरित किए साथ ही निपुण विद्यालयों के प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

## मनरेगा में निकला 18 लाख का घोटाला

*** ग्रामीणों ने प्रशासन पर लगाया कार्रवाई न करने का आरोप**

मथुरा।**(दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर)**बलदेव ब्लॉक की ग्राम पंचायत जटौरा में मनरेगा के कामों में घोटाले का मामला प्रकाश में आया है। प्रशासन की ही जांच में करीब 18 लाख का घोटाला पाया गया है। यह घोटाला मजदूरों के नाम पर किया गया। ग्रामीणों में इस मामले को लेकर आक्रोश व्याप्त है कि प्रशासन के द्वारा घोटाला मिलने के बाद भी दोषियों के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की हुई है इसे लेकर के कांग्रेस के कॉर्डिनेटर एवं अलीगढ़ जनपद प्रभारी एडवोकेट भगवान सिंह वर्मा के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया और कहा गया के यदि दोषियों के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई तो वह जन आंदोलन करेंगे।

मामला बलदेव के गांव जटौरा का है। जहां के ग्राम प्रधान विकास कुमार ने ग्राम पंचायत सचिव तरुण कुमार ओर रोजगार सेवक ललित कुमार के साथ मिलकर मनरेगा की योजना में करीब 18 लाख का घोटाला कर डाला। ग्राम प्रधान के द्वारा मनरेगा की योजना में मजदूरों के नाम पर सरकारी योजना के पैसे ऐंठ लिए गए हैं जब कि मौके पर इन मजदूरों के द्वारा ना तो कोई काम किया गया है और ना ही उन्हें इस योजना का एक नया सिक्का मिला है। जानकारी रहे मनरेगा में गांव के ही मजदूरों को मजदूरी दिए जाने का प्रावधान होता है गांव के ही जो ग्रामीण बेरोजगार हैं उनके नाम मनरेगा योजना में दिखाए गए हैं और उन्हें मजदूर दिखाते हुए गांव में मेड़बंदी से लेकर के खेल मैदान निर्माण और कच्ची नाली खुदवाने मेड़बंदी तथा मनरेगा के अंतर्गत आने वाले



अन्य काम दिखाए गए हैं।ग्रामीणों को जब प्रधान के द्वारा किए गए इस घोटाले की जानकारी हुई तो उन्होंने इस पर विरोध किया और शपथ पत्र देते हुए जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह से शिकायत की गई जिलाधिकारी के निर्देश पर सीडीओ मनीष मीणा ने पूरे मामले की जांच कराई यह जांच समिति में खंड विकास अधिकारी बलदेव सहायक विकास अधिकारी पंचायत बलदेव और सहायक विकास अधिकारी कृषि बलदेव को नामित किया गया। तीनों अधिकारियों के द्वारा अपनी जांच रिपोर्ट सीडीओ को सौंप दी गई। जिसमें उनके द्वारा ग्राम प्रधान पंचायत सचिव और रोजगार सेवक आदि के द्वारा मनरेगा के मामले में भ्रष्टाचार हुआ पाया गया। पूरा भ्रष्टाचार करीब 18 लाख 19 हजार 783 रुपए का है। 26 मई को इस संबंध में कांग्रेस कोऑर्डिनेटर एवं अलीगढ़ प्रभारी चौधरी भगवान सिंह वर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह को ज्ञापन दिया है जिसमें उनके द्वारा भ्रष्टाचार करने वाले ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव तथा अन्य के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है उन्होंने कहा है कि प्रशासन के द्वारा पूरे मामले में अभी तक लापरवाही बढ़ती गई है जानकारी होने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों में आक्रोश प्राप्त है अगर प्रशासन ने तीन दिन के अंदर सभी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेस इस मामले को लेकर आंदोलन करेगी और जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की जड़े और गहरी हो गई है। भोले भाले ग्रामीणों के साथ और मजदूरों के साथ सरकारी तंत्र के द्वारा धोखा किया जा रहा है। कांग्रेस पूर्व ब्लाक अध्यक्ष लोकेश शर्मा ने बताया कि ग्राम प्रधान जटौरा के द्वारा ग्रामीणों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। मजदूरों का नाम फर्जी तरीके से मनरेगा में दर्ज कर दिया गया है और उनका ज़1 नहीं दिया गया जबकि उनके नाम पर 18 लाख का घोटाला कर दिया गया इसकी शिकायत जब जिलाधिकारी से की तो उन्होंने जांच भी कराई परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ग्रामीणों में इसको लेकर के आक्रोश है। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत ने कहा कि कांग्रेस किसी भी कीमत पर भाजपा के द्वारा किया जा रहे भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी किसानों के साथ अन्य बर्दाश्त नहीं करेगी जल्द ही जटोरा के मामले में अगर ग्रामीणों को न्याय नहीं मिला और भ्रष्टाचार करने वाले प्रधान और पंचायत सचिव व अन्य लोग जेल नहीं गए तब वह सभी किसानों को लेकर के जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना देंगे। पूर्व जिला उपाध्यक्ष बृजेश शर्मा ने कहा कि गौरा में जिस तरह से भ्रष्टाचार किया गया है इस तरह का भ्रष्टाचार जनपद के अन्य गांव में भी फल फूल रहा है भाजपा के पदाधिकारी इसमें शामिल है सबके खिलाफ जांच होनी चाहिए। ज्ञापन देने वालों में नरेंद्र रावत गिरीश कुमार शर्मा पवन कुमार शर्मा देव स्वरूप शर्मा सतीश कुमार तेज सिंह मालती देवी हरपाल माला देवी लखन सिंह प्रतीक तेहरिया प्रहलाद पवन कुमार ओझा राजेश चतुर्वेदी कंचन कुमारी एवं घसू आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संस्कृति विवि और अनरियल एज एजुकेशन के मध्य हुए समझौते

*** प्रदर्शित करते अनरियल एज के संस्थापक मणिगंदन मंजूनाथन, यूनीकौशल की संस्थापक श्रीमती मृदुला त्रिपाठी और संस्कृति विश्विद्यालय की ओर से मनीष मिश्रा, डिप्टी रजिस्ट्रार और डॉ. गजेंद्र सिंह, सीईओ, संस्कृति इनक्यूबेशन।**

***संस्कृति विवि में स्थापित होगी अनरियल लैब और ग्रीन स्टूडियो**

मथुरा।**(दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर)**अनरियल एज संस्कृति विश्वविद्यालय में चार करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक अनरियल इंजन लैब और ग्रीन स्क्रीन स्टूडियो स्थापित करेगा।

संस्कृति यूनिवर्सिटी ने अनरियलएज एजुकेशन एंड वेलफेयर फाउंडेशन और यूनीकौशल के साथ मिलकर अत्याधुनिक, उद्योग-संरेखित कार्यक्रम- इंटरएक्टिव और रियल-टाइम 3डी (अनरियल इंजन जनरलिस्ट) में एमबीए और इंटरएक्टिव और रियल-टाइम 3डी (अनरियल इंजन जनरलिस्ट) में बीबीए शुरू करने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस रणनीतिक गठबंधन के हिस्से के रूप में, अनरियलएज यूनिवर्सिटी में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेगा, जिसमें 4 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक अनरियल इंजन लैब और ग्रीन स्क्रीन स्टूडियो होगा। यह सुविधा छात्रों को मजबूत तकनीकी सहायता और गहन, व्यावहारिक शिक्षण अनुभव प्रदान करेगी।

इस समझौता ज्ञापन पर अनरियलएज एजुकेशन के संस्थापक मणिगंदन मंजूनाथन, यूनीकौशल की संस्थापक श्रीमती मृदुला त्रिपाठी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। संस्कृति विश्विद्यालय की ओर से मनीष मिश्रा, डिप्टी रजिस्ट्रार और डॉ. गजेंद्र सिंह, सीईओ, संस्कृति इनक्यूबेशन सेंटर मौजूद रहे।

यह सहयोग विशेषज्ञ सलाह, हाइब्रिड लर्निंग और 100त्न प्लेसमेंट सहायता प्रदान करके अकादमिक-उद्योग अंतर को पाटने पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य छात्रों को गेमिंग, एनीमेशन,ञ्ज्र/ङ्क्र और इमर्सिव मीडिया तकनीकों में भविष्य के लिए तैयार कौशल से लैस करना है।

अनरियल इंजन, एक विश्व-अग्रणी 3 डी निर्माण प्लेटफ़ॉर्म है, जो छात्रों को गेमिंग, फ़िल्म, आर्किटेक्चर और अन्य क्षेत्रों में करियर और उद्यमशीलता के अवसरों से सशक्त बनाएगा। अपने उच्च-निष्ठा दृश्यों, क्रॉस-प्लेटफ़ॉर्म विकास क्षमताओं, सहज ज्ञान युक्त इंटरफ़ेस और ब्लूप्रिंट विजुअल स्क्रिप्टिंग के साथ, अनरियल इंजन डिजिटल नवाचार की अगली लहर का नेतृत्व करने के लिए शिक्षार्थियों को तैयार करता है।

# प्रभारी मंत्री ने बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

– जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन द्वारा रानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी कार्यक्रम का किया गया आयोजन।

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता

पीलीभीतध्बेसिक शिक्षा विभाग में चलाई जा रही तमाम कल्याणकारी योजनाओं का लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बटन दबाकर शुभारंभ किया। गांधी प्रेक्षागृह के सभागार में एलईडी के माध्यम से शिक्षकों, ग्रामीण जनसमुदाय को संजीव लाइव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी मंत्रीध्कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उत्तर प्रदेश सरकार श्री बलदेव सिंह औलख रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाइव प्रसारण के माध्यम से कहा कि 2017 से पहले बेसिक शिक्षा की व्यवस्था वेपटरी पर थी। स्कूलों की दशा देखी नहीं जाती थी। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प योजना को चलाकर स्कूलों की सूरत को संभाला गया। मौजूदा समय में बेसिक शिक्षा के स्कूल कान्वेंट स्कूल से कम नहीं दिखाई देते हैं। जिले के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हर क्षेत्र में विकास हुआ है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क ,सहकारिता के साथ ही लाइन ऑर्डर की व्यवस्था भी बेहतर हुई है। रानी अहिल्याबाई होलकर के तीन सौ वें जन्म दिवस समारोह के अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री ने कहा अहिल्याबाई होलकर ने समाज की बेहतरी के लिए कार्य किए थे। उनके द्वारा किए गए कार्य भी आज उनके नाम की पहचान बन गए हैं। उन्होंने देशभर में मंदिरों, कुओं, धर्मशालाओं और घाटों का निर्माण करावाया जिनमें काशी गया, सोमनाथ, द्वारका, रामेंश्वरम् जैसे तीर्थस्थलों है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर महिला सशक्तिकरण की मूर्तिमान प्रेरणा थीं। उन्होंने महिलाओं के मान–सम्मान को बढ़ाने के उद्देश्य से नारी शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने विधवा महिलाओं को यह अधिकार दिया कि पति द्वारा छोडी गई सम्पत्ति की उत्तराधिकारी होगी एवं अपनी इच्छानुसार उसका उपयोग भी कर सकेगी। इसके साथ ही उन्होंने दलित, आदिवासी और पिछडेध् समाज की भलाई के लिए बहुत कार्य किये गए। इस दौरान पांच निपुण विद्यालय,पांच स्मार्ट क्लास वाले विद्यालय, पांच आईसीटी लैब स्कूल ,दो डिजिटल लाइब्रेरी स्कूल के शिक्षकों को भी प्रमाण पत्र देकर मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरुभाग सिंह ,भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ अचल कुमार मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने सम्मानित किया।





समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा की मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन सभी करें। शिक्षा की बेहतरी के लिए सभी लोग अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार हुए हैं। गांव गांव स्कूल खोलकर शिक्षा दी जा रह रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा हर क्षेत्र में विकास कार्य किए जा रहे हैं। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ अचल कुमार मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ,खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंह, जिला समन्वयक राकेश पटेल, मनीष श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार, सचिन कुमार, जिला व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार, प्रशांत गंगवार, के के सागर, एस आर जी वैभव जैसवार, अमित पाठक, सय्यदा, शबाना वी, डॉली सिंह ,अवंती गंगवार सहित तमाम शिक्षक

# ओ लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिये जाने हेतु मान्यता प्राप्त संस्थाएं 02 जून तक करें ऑनलाइन आवेदन

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ अमेठी। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए पारिवारिक आय रू० 01 लाख वार्षिक तक जीवन यापन करने वाले शिक्षित बेरोजगार युवकध्युवतियों को भारत सरकार की अधिकृत संस्था DOEACC वर्तमान में NIELIT (राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रद्योगिकी संस्थान) से मान्यता प्राप्त कार्यरत संस्थानों में 'ओ' लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण तथा सी०सी०सी० कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिलाया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिये संस्था के चयन हेतु पात्रता व शर्तें एवं समय सारिणी के अनुसार नीलिट द्वारा 'ओ' लेवल एवं सी०सी०सी० कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये विभागीय वेबसाइट www. backwardwelfare.up.nic.in पर दिये गये लिंक obccomputertraining. upsdc.gov.in से निर्धारित प्रारूप पर संस्था द्वारा ऑनलाइन आवेदन किये जाने हेतु 13 मई 2025 से 27 मई 2025 तक निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर 2 जून 2025 तक किया गया है। उन्होंने बताया कि दिशा निर्देश/समय सारिणी उक्त वेबसाइट पर विभाग द्वारा प्रदर्शित करा दी गयी है तथा संस्था द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने एवं मान्यता से सम्बन्धित अभिलेखों एवं आधारभूत ढाँचे का विवरण नोटरी शपथ पत्र का विवरण ऑनलाइन अपलोड कराने के साथ ही आवेदन पत्र की हार्डकापी मय संलग्नकों सहित जनपद के जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन गौरीगंज के कार्यालय में प्रत्येक दशा में 2 जून 2025 तक ऑनलाइन आवेदन करते हुए अपरान्ह 5 बजे तक जमा करना अनिवार्य होगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि अर्हता रखने वाली इच्छुक प्रशिक्षणदायी संस्थाएँ नियत तिथियों के अन्तर्गत विभागीय वेबसाइट पर अपना ऑनलाइन आवेदन करते हुये उपरोक्तानुसार दिये गये पतों पर संलग्नकों सहित हार्डकापी उपलब्ध करा दें तथा योजना से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन अमेठी के मो0नं0– 8299022989 से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

# जनपद में संचालित समस्त आंगनबाड़ी केन्द्र ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत 15 जून 2025 तक रहेंगे बंद

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ एस बी यादव अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान ने जनपद में संचालित सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शैक्षिक सत्रों में ग्रीष्मकालीन के दृष्टिगत दिनांक 20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक अवकाश घोषित किया है। उक्त अवकाश अवधि में जनपद के सभी आंगनबाड़ी केन्द्र बंद रहेंगे तथा अवकाश अवधि में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण, गृह भ्रमण, सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन कराते हुए समस्त शासकीय कार्यों का निष्पादन पूर्व की भांति किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबर

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एनसीओआरडी की जनपद स्तरीय समिति की बैठक हुई सम्पन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में एनसीओआरडी की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई।



विगत माह में किए गए कार्यों के समीक्षा की गई एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी कार्यवाही करने एवं आपसी समन्वय स्थापित कर सूचना तंत्र विकसित कर अधिक मात्रा में मादक पदार्थ अपहृत करने हेतु निर्देश दिए गए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी औषधि निरीक्षक सहित समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जन कल्याण सुरक्षा संघ का सुमित्रा देवी गंगवार को महिला नगर अध्यक्ष पीलीभीत मनोनीत किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता मिल्टन कुमार पीलीभीत। नगर वार्ड नंबर दस मोहल्ला नई बस्ती निवासी सुमित्रा देवी गंगवार को सामाजिक संगठन जन कल्याण सुरक्षा संघ के महिला नगर अध्यक्ष पीलीभीत के पद पर मनोनीत किया गया है यह लंबे



समय से संगठन में नगर उपाध्यक्ष महिला पीलीभीत के पद पर कार्य कर रही थी जिनका अच्छा कार्य देखते हुए नगर अध्यक्ष महिला के पद पर नई जिम्मेदारी दी गई है संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रहमपाल सिंह ने अपने लेटर पर मनोनयन पत्र जारी किया है और उनको निर्देशित करते हुए कहा गया है कि आप अपनी नगर की टीम को तत्काल गठन कर लिस्ट भेजेंगे कार्यालय पर उनको मनोनयन पत्र एवं आई कार्ड देकर सम्मानित किया है!

### हर वर्ष करोड़ों रुपए खर्च कर परियोजना बनाई जाती है जिसमें सिर्फ खाना पूर्ति

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता

पूरनपुरध्पीलीभीत। तहसील क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा, राहुलनगर, मुरैनिया गांधी नहर सहित लगभग एक दर्जन से ज्यादा गांव शारदा नदी की बाढ की चपेट में आते है। सरकार बाढ वचाव कार्य के नाम पर हर वर्ष करोड़ों रुपए खर्च कर रही हैं। उसके बाद भी ग्रामीणों को शारदा नदी के कहर से कौई नहीं बचा पा रहा है। बाढ बचाव कार्य कराने को लेकर लगातार धरना प्रदर्शन व आंदोलन भी किए गए पर ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं हो सका।

रविवार चार बजे मुरैनिया गांधी नगर ग्राम प्रधान मुकेश कुमार एडवोकेट ने बताया कि इस वर्ष लगभग 9 करोड़ रुपए की परियोजना बनी है। कि शारदा नदी कटान को रोका जा सके पर यह सव हवा हवाई साबित हो रही हैं। बताया कि शारदा नदी कटान की असल वजह नेपाल का पानी है पर शासन प्रशासन इस पर ध्यान नहीं देता है और हर वर्ष करोड़ों रुपए खर्च कर परियोजना बनाई जाती है। जिसमें सिर्फ खाना पूर्ति करते हुए कार्य कर दिया जाता है।

करोड रुपए पानी में बह जाता है। इसको लेकर उन्होंने मांग की है की हवा हवाई कार्य कराने और करोड़ों रुपए नदी में बहाने से बेहतर है कि शारदा नदी कटान को रोकने के लिए उसकी जड़ तक जाया जाए।

# महिलाओं ने व्रत रखकर की वट वृक्ष की पूजा अर्चना

– परिक्रमा कर पति की लंवी आयु की गई कामना

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर,पीलीभीत। वट वृक्ष की पूजा को लेकर के सुहागिनों ने व्रत रख कर पति परिवार की कुशलता के लिए कामना की गई।महिलाओं ने पूजा अर्चना वैदिक विधि विधान से की। इस कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर महिलाओं ने अपनी सहभागिता दिखाई। घुंघचाई गांव जितौरिया टांडा, पून्नापुर, केशोपुर , अजीतपुर बिल्हा , गोपाल पुर सिरसा पिपरिया दुलई के अलावा दिलावरपुर,कबीर कसगंजा, सेहरामऊ सहित अन्य कई गांवों में सोमवार को वटवृक्ष की पूजा अर्चना की गई। महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया।यह कार्यक्रम पति की दीर्घायु के लिए और साथ ही घर परिवार संपन्न रहने के साथ आगे बढ़ता रहे इसको लेकर के होता है। बताया जाता है कि सत्यवान के प्राणों को लेकर जब यमलोक के दूत चल दिए। तब सावित्री ने अपने पति के लिए अपने किए कर्मों का फल जानने के लिए वर मांगा। जिसमें पुत्र रतन होना चाहिए।इसको लेकर के यमराज भी पहले तो हां कर चुके थे।लेकिन अचंभित हो गए। अब उसके पति का प्राण हरण कर लिया है तो ऐसा कैसे संभव है दिए गए वरदान को सावित्री ने सच करने के लिए अपने पति की दीर्घायु की कामना की। सनातन धर्म में यह व्यवस्था अपने आप में अलबेली थी। अपने दिए गए प्रण से यमराज हार गए और उन्होंने सावित्री के पति को दीर्घायु का वरदान दिया।वही परिवार में कुशलता रहे इसको लेकर के वटवृक्ष की पूजा सुहागिन महिलाओं द्वारा की जाती है। घुंघचाई के पूरब स्थित एक मंदिर के पास कार्यक्रम करने के लिए बड़ी तादाद में महिलाएं पहुंची।उन्होने वट वृक्ष की परिक्रमा कर मन्नतें मांग कर परिवार की कुशलता की कामना की। घरों पर पकवान वनाए गए।देर शाम तक पूजा अर्चना चलती रही।



ग्रामीण क्षेत्र में वट सावित्री पर्व पर महिलाओं व्रत रखकर खेतों में वट वृक्ष के नीचे बरसात का भरा पानी होने के बाबजूद भी वट वृक्ष की पूजा अर्चना की और पूड़ी पकवान बनाए।

सोमवार को सुबह तड़के काफी बरसात होने के बाबजूद भी वट सावित्री पर्व पर सुबह से ही महिलाओं ने व्रत रखकर पुए, पूड़ी, हलुवा और पूड़ी पकवान बनाए और महिलाओं ने गांव के बाहर खेतों पर जाकर खेतों में वट वृक्ष के नीचे बरसात का भरा पानी होने के बाबजूद भी वट वृक्ष की पूजा अर्चना की और वट वृक्ष के जनेऊ के सात फेरे लगाकर खरबूजा, बैंगन आदि फल व सोलह सिंगार चढ़ाकर वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। यह वट सावित्री पर्व गांव खाता, अमरैया कलां, सुखदास पुर, महादिया, तकियादीनार पुर, रघुनाथपुर, धरमंगदपुर, नवदिया धनेश, सुंदरपुर, रम्पुरा फकीरे, सबलपुर, ककरौआ, देवीपुर आदि कई गांव में मनाया गया। पर्व समारोह में कंचन देवी कुशवाहा, सुधा देवी, ममता मौर्य, गीता देवी, पारुल, प्रीती कुशवाहा, राजेश्वरी, नेमवती, मायादेवी, दिव्या देवी, बबिता कुशवाहा, अंजली कुशवाहा, अंशू, रूपवती, ममता आदि मौजूद रही।



# सुप्रसिद्ध शिव मंदिर में मनोकामना होती है पूरी

– शिव मंदिर पर नही घूम रहा विकास का पहिया

पूरनपुर,पीलीभीत। तहसील पूरनपुर के जंगल में स्थित बाबा एकोत्तरनाथ के नाम से एक प्राचीन शिव मंदिर है। यहां पर हजारों की संख्या में रोज श्रद्धालु आते हैं। और यहां लाखों का चढ़ावा भी चढ़ाया जाता है। मंदिर परिसर में बनाए गए यात्री यात्री सेट भी श्रद्धालुओं द्वारा ही बनाए गए हैं।

यहां पर मान्यता अनुसार लगाए गए नल भी असंख्य हैं जो ज्यादातर देखरेख के अभाव में खराब पड़े हुए हैं और ज्यादातर नल चोरी करके बिक्री भी कर लिए जाते हैं। अनुमान लगाया जा सकता है कि मंदिर पर सालाना 18 से 20 लाख रुपए दान में आता है और इसी अनुपात में नल भी लगाए जाते हैं। लेकिन प्रशासन की उदासीनता के कारण मंदिर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं है और ना ही श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए कोई विकास कार्य किया गया है अब प्रश्न यह उठता है की इतनी कमाई करने वाला मंदिर आज तक प्रशासन की देखरेख में क्यों नहीं आया किसी के पास भी मंदिर की संपत्ति और दान में है। आए हुए पैसों का कोई हिसाब नहीं है।



लाखों का राजस्व देने वाला बाबा एकोत्तरनाथ मंदिर सरकार के नजरों से बचा के रखा गया है। या कुछ और कारण है बताया जाता है की मंदिर की देखरेख सिर्फ एक ही परिवार करता चला आ रहा है और मंदिर पर आए हुए दान का पैसा भी इसी परिवार को मिल रहा है। जिसका कोई हिसाब नहीं है। जिस कारण लाखों का राजस्व देने वाला मंदिर आज सरकार की नजरों से दूर हैं।

# मौरेनियां गांधी नगर सामुदायिक केंद्र का सीएमओ ने किया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर,पीलीभीत। हजारा थाना क्षेत्र के गांव मौरेनियां गांधी नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा है। इसको लेकर सोमवार को सीएमओ डॉ. आलोक कुमार,प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.मनीष राज शर्मा, अजय शुक्ला व विश्व वीर सिंह के साथ पहुंच कर नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग का निरीक्षण कर पास में ही मौजूद एनम सेंटरों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल के निर्माण कार्य में खामियां मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार करने के निर्देश दिए हैं। पीलीभीत सीएमओ डॉक्टर आलोक कुमार ने बताया कि 33 बेड़ का अस्पताल का निर्माण कार्य चल रहा है। उसी के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया और कुछ कमियां मिली है जिनका सुधार करने व कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।



# चन्दुईया कालौनी में चल रहे श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन समापन

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता मिल्टन कुमार ।

पूरनपुर,पीलीभीत। गांव चन्दुईया कालौनी में चल रहे श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन समापन हो गया। अंतिम दिन भक्तों की भारी भीड उमडी। श्री श्री अखंड महा नाम संकीर्तन के आयोजन का सोमवार को सुवह समापन हो गया। श्री श्री राधे कृष्णा चेतन्य महाप्रभु व्यापी अखंड महानाम संकीर्तन किए गए। अंतिम दिन विशाल भंडारा का आयोजन भी किया गया। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं तथा पुरुषों ने चढ़ बढ़कर हिस्सा लिया। कीर्तन मंडलियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजित कार्यक्रम में गांव के अलावा दूर दराज व आस पडोस गांवो से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमडे। कलाकारों की ओर से सुंदर सुंदर प्रस्तुतियां की जा रही है। कार्यक्रम के अंतिम दिन अखंड महानाम संकीर्तन में पहुंच कर भक्तो ने कीर्तन सुना और क्षेत्रवासियों की सुख–समृद्धि के लिए कामना कर मन्नते मांगी। इस दौरान आयोजित किए गए विशाल भंडारा देर शाम तक चलता रहा। यह कार्यक्रम 23 मई को विशाल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया था। 24 मई को श्री श्री अखंड महा नाम संकीर्तन शुरु हुए थे। 26 मई को विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हो गया। इस दौरान बडी संख्या में ग्रामीण व कमेटी के लोग मौजूद रहे।

# आखिर कार रविवार की देर शाम पकडी गई बाघिन

– नजीरगंज व चतीपुर में दो को बना चुकी थी शिकर

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता पूरनपुर,पीलीभीत। जंगल से दूर आबादी क्षेत्र में घूम रही वाघिन को पकड लिया गया। पिंजरे में बंद कर दुधवा टाइगर रिजर्व ले जाने की तैयारी की जा रही है। सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के चतीपुर,नजीरगंज समेत छह से अधिक गांवों में छह माह से चहलकदमी कर रही बाघिन लगातार हमलाबर हो रही थी। उसने दो ग्रामीणों को मौत के घाट उतार दिया। लगातार हो रहे हमलों के बाद मुख्यालय से अनुमति मिलने पर दुधवा, पीटीआर और शाहजहांपुर की टीमें बाघिन को पकड़ने के प्रयास में जुटी थीं। तीन दिन पूर्व से बाघिन वन विभाग की टीमों को चकमा दे रही थी। रविवार देर शाम लोकेशन मिलने पर टीमों ने बाघिन की घेराबंदी की गई।पिंजरा लगाकर उसमे पड्डे को रखा था। शिकार करने के लिए बाघिन पिंजरे के पास पहुंची। इस दौरान पीटीआर के पशु चिकित्सक डॉ.दक्ष गंगवार ने बाघिन को ट्रेंक्यूलाइज किया। इसके बाद चतीपुर गांव की सीमा में मैलानी के जंगल में दो सौ मीटर अंदर बाघिन को ट्रेंक्यूलाइज कर पकड़ लिया। पिंजरे में कैद करने के बाद बाघिन को रेस्क्यू वाहन से दुधवा टाइगर रिजर्व ले जाने की तैयारी की जा रही है। क्षेत्रीय लोगों के साथ वन महकमे ने भी राहत की सांस ली है। डीएफओ पीटीआर मनीष सिंह ने वताया बाघिन को ट्रेंक्यूलाइज कर लिया गया है। अफसरों के निर्देश के अनुसार आगे की प्रक्रिया पर अमल किया गया।



# जमीन विवाद से पीड़ित 80 से अधिक हिंदू ग्रामीणों ने दीदी स्मृति ईरानी को सौंपी फरियाद







अयोध्या टाइम्स एस बी यादव ब्यूरो चीफ अमेठी। इन्हौना,ग्राम इन्हौना व आजादपुर के राम नेवल, रामकुमार, जितेंद्र मौर्य, संतु, लक्ष्मण, रामकेवल, रामनारायण, तीरथ राम, चंद्रकेश, तिलकराम सहित 80 से अधिक हिंदू ग्रामीणों ने आज अपनी व्यथा खुलकर रखी। वर्षों से जमीन विवाद में फंसे इन पीड़ितों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री दीदी स्मृति जुबिन ईरानी जी को ज्ञापन सौंपा और कहा कि अब उन्हें सिर्फ योगी सरकार से ही न्याय की उम्मीद है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 2009 में उन्हें वैध रूप से आवंटित करीब 100 बीघा सीलिंग भूमि पर चौधरी वहज अख्तर, चौधरी सऊद व उनके परिवार द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया। यह कब्जा स्थगन आदेश (स्टे ऑर्डर) के बहाने किया गया और मौके से गरीब हिंदू परिवारों को जबरन बेदखल कर दिया गया।



पीड़ितों ने बताया कि उनका नाम खतौनी में आज भी दर्ज है, लेकिन 16 वर्षों से वे अपनी ही जमीन के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

न तो न्यायालय ने अब तक कोई ठोस सुनवाई की, न ही प्रशासन ने कब्जा हटवाया।"हम रामभक्त हैं, हिंदू हैं, मेहनतकश हैं दृ अब भी हमारी जमीन पर कब्जा है। क्या हमें भाजपा राज में भी न्याय नहीं मिलेगा?"दृ ऐसा कहते हुए कई ग्रामीणों की आंखें भर आईं।अब ये सभी 80 ग्रामीण योगी आदित्यनाथ सरकार से मांग कर रहे हैं कि उन्हें कब्जाधारियों से मुक्त करवा कर उनका हक दिलवाया जाए।

## पुल बंद होने से लोगों को भीरा पलिया मैलानी से लंबी दूरी तय करनी पड़ती

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता मिल्टन कुमार ।

पूरनपुर,पीलीभीत। तहसील क्षेत्र के धनाराघट पेंटून से नदी पार कर लोग हजारा थाना क्षेत्र के गांवों में जाते हैं और पुल बंद होने से लोगों को भीरा पलिया मैलानी से लंबी दूरी तय कर पूरनपुर व पीलीभीत आना पड़ता है। रविवार सोमवार की मध्यरात्रि बारिश होने की बजह से पुल के पास रास्ता खराब हो गया। जिसकी वजह से वाहन फंस जा रहे हैं।

इसी समस्या को लेकर पुल मुंशी बबलू मांझी ने सोमवार दो बजे जानकारी देते हुए बताया कि बारिश होने के बाद नदी का जलस्तर बढ गया और हजारा नाले से पानी चल रहा है इसलिए असुविधा से बचने के लिए अगली सूचना तक इस रास्ते पर न आए।

## ट्रक की टक्कर से बाइक चालक बिजली मिस्त्री की मौत

पूरनपुर। ट्रक की टक्कर से वाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। बरेली जिले के भोजीपुरा के धौरा टांडा निवासी उवैस पुत्र इस्तिखार उर्फ गुड्डू बिजली मिस्त्री का कार्य करता था। वह बाइक से किसी काम के लिए पूरनपुर आ रहा था।इसी दौरान हाईवे पर स्थित सोनू ढाबा के पास में तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई।इससे खलवली मच गई। लोगों की भारी भीड मौके पर एकत्र हो गई। मामले की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। जांच पडताल के बाद पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। मामले की सूचना मृतक के परिजनों को दी है। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। रोते विखलते परिजन मौके पर पहुंच गए। एसआई प्रताप धामा ने बताया कि सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई है। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चुनाव आयोग ने देश के चार राज्यों में पांच विधानसभा चुनाव का किया घोषणा

– चुनाव आयोग ने चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों के लिए चुनाव और मतगणना की तारीखों का एलान कर दिया है। हालांकि, जम्मू–कश्मीर की नगरोटा और बडगाम विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव का एलान नहीं किया है। यह दोनों ही सीटें अक्तूबर 2024 से खाली हैं

(रवि कुमार भार्गव दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार)।

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने 19 जून को चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का एलान किया है। इनमें गुजरात की दो सीटें और केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की एक–एक सीट पर चुनाव होगा। इसके बाद मतगणना 23 जून को तय की गई है। ऐसे में यह जानना अहम है कि किस राज्य की कौन सी सीट पर उपचुनाव होगा? उपचुनाव की वजह क्या है? मुकाबला किस–किस के बीच है? साथ ही अलग–अलग दलों के लिए इस उपचुनाव में क्या दांव पर लगा है? . 01–गुजरात कड़ी सीट से भाजपा विधायक करसनभाई पुंजाभाई सोलंकी का 4 फरवरी 2025 को कैंसर से निधन हो गया था। इसके चलते इस सीट पर उपचुनाव कराए जाने हैं। विसवादर सीट से आम आदमी पार्टी के विधायक भूपेंद्र भयानी दिसंबर 2023 में आप छोड़कर भाजपा में शामिल हुए। अदालत में चल रहे एक केस की वजह से इस सीट पर तबसे ही उपचुनाव नहीं हो सके। 02–केरल निलंबूर सीट पर लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) के समर्थन वाले विधायक पीवी अनवर ने केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन से विवाद के बाद 13 जनवरी 2025 को राज्य में तृणमूल कांग्रेस का हाथ थाम लिया। टीएमसी अनवर के जरिए राज्य में पैर पसारने की तैयारी में है। उनके नई पार्टी में शामिल होने की वजह से इस सीट पर चुनाव तय हुए हैं।

03–. पंजाब लुधियाना पश्चिम से कांग्रेस विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी का जनवरी में निधन हो गया था। उन्हें अपनी ही बंदूक से चली गोली लग गई थी। 4.पश्चिम बंगाल–पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट तृणमूल कांग्रेस के विधायक नसीरुद्दीन अहमद का फरवरी में निधन हो गया था। उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। इसके बाद से यह सीट खाली है।

बीच? 1.गुजरात गुजरात की कड़ी सीट मेहसाणा जिले के अंतर्गत आती है। यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस का सीधा मुकाबला है। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के करसनभाई पुंजाभाई सोलंकी ने कांग्रेस के परमार प्रवीणभाई गणपतभई को 28 हजार से ज्यादा वोटों से शिकस्त दी थी। वहीं, विसवादर में होने वाला उपचुनाव त्रिकोणीय होगा। इसमें भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी तीनों ही किस्मत आजमाएंगी। जूनागढ़ जिले में आने वाली इस सीट पर पिछली बार आम आदमी पार्टी के भूपेंद्र भयानी ने भाजपा के हर्षद रिबाड़िया को हरा दिया था। हालांकि, रिबाड़िया ने नतीजों को कोर्ट में चुनौती दी थी। कुछ समय बाद ही भयानी ने आप छोड़ दी और भाजपा में शामिल हो गए। अब विसवादर में भाजपा की तरफ से भूपेंद्र भयानी और आप की तरफ से प्रदेशाध्यक्ष गोपाल इटालिया के बीच कड़ा मुकाबला हो सकता है। 2.केरल निलंबूर सीट पर भी मुकाबला त्रिकोणीय होने की संभावना है। दरअसल, यहां से 2021 में एलडीएफ के समर्थन के बाद पीवी अनवर ने जीत दर्ज की थी। हालांकि, अब वे तृणमूल के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। वहीं, वाम दल इस सीट को बचाने की हरसंभव कोशिश करेगा। ऐतिहासिक तौर पर निलंबूर माकपा की पहुंच से अधिकतर दूर ही रही है। वहीं, मुकाबले में कांग्रेस के नेतृत्व वाला–यूडीएफ भी है, जिसने हाल ही में राज्य इकाई में कई परिवर्तन किए हैं। 3. पंजाब–पंजाब की लुधियान पश्चिम सीट पर मुकाबला मुख्यतः तो आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच रहने की संभावना जताई जा रही है।



हालांकि, शिरोमणि अकाली दल और भाजपा भी इस सीट पर चुनौती पेश कर सकती हैं। जहां आप की तरफ से इस सीट पर राज्यसभा सांसद और उद्योगपति संजीव अरोड़ा को उम्मीदवार बनाया गया है, तो वहीं कांग्रेस ने पंजाब के पूर्व मंत्री भारत भूषण आशू को प्रत्याशी घोषित किया है। शिअद ने इस सीट पर जाने–माने वकील परोपकार सिंह घूमन को उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा भाजपा भी जल्द इस सीट पर प्रत्याशी का एलान कर सकती है।

4.पश्चिम बंगाल पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर सीधा मुकाबला तृणमूल कांग्रेस और बीते वर्षों में मुख्य विपक्षी दल के तौर पर उभरे भाजपा के बीच होना है। 2021 में बंगाल में हुए विधानसभा चुनाव टीएमसी के दिवंगत नेता नसीरुद्दीन अहमद ने भाजपा के अभिजीत घोष को 46 हजार से ज्यादा वोटों से शिकस्त दी थी। वहीं, कांग्रेस के अब्दुल कासिम तब काफी पीछे रहे थे। अब जानें– इन उपचुनावों में किसका–क्या दांव पर गुजरात–1.कड़ी सीट गुजरात विधानसभा में भाजपा 182 में से 161 सीटों पर कब्जा जमाए हुए हैं। यहां कांग्रेस के 12 विधायक, जबकि आप के चार विधायक हैं। ऐसे में गुजरात में दोनों सीटों पर मुकाबला जहां भाजपा के लिए और मजबूत होने का मौका है, तो वहीं कांग्रेस–आप के लिए जमीन तलाशने का। कड़ी सीट पहले से ही भाजपा के पास थी, ऐसे में वह इस सीट को अपने पास रखने के लिए ताकत झोंक रही है।

2.विसवादर सीट विसवादर सीट पर मुकाबला काफी दिलचस्प रहने की उम्मीद है। दरअसल, आप यहां अपनी जमीन बचाने की कोशिश में प्रदेशाध्यक्ष गोपाल इटालिया को उतार चुकी है, तो वहीं भाजपा भी 2022 में आप को जिताने वाले भूपेंद्र भयानी को मौका दे रही है। ऐसे में विसवादर का चुनाव राजनीतिक दल और चेहरों के मुकाबले में तब्दील होने वाला है। केरल 03.निलंबूर सीट मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के लिए वायनाड जिले की यह सीट अपने प्रभाव को स्थापित करने की चुनौती के तौर पर देखी जा रही है। माकपा को यह साबित करना होगा कि उसके समर्थन से जीते पीवी अनवर के जाने से उसे कोई नुकसान नहीं होगा। दूसरी तरफ इस सीट पर तृणमूल कांग्रेस से लगातार बातचीत कर रही कांग्रेस के लिए यह मौका होगा कि वह वायनाड लोकसभा सीट का प्रभाव विधानसभा में भी दिखा सके और 2016 और 2021 में हारी निलंबूर सीट को फिर हासिल कर पाए। वहीं, भाजपा के नए प्रदेशाध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर एलडीएफ–यूडीएफ जैसे पारंपरिक गठबंधनों के वोट काटकर भाजपा को संगठनात्मक तौर पर मजबूर करना चाहेंगे।पंजाब–4.लुधियाना पश्चिम लुधियाना में होने वाले उपचुनाव में आप–कांग्रेस के साथ–साथ भाजपा–शिरोमणि अकाली दल का भी काफी कुछ दांव पर लगा है। दरअसल, इस सीट पर विधानसभा में जीत दर्ज करने के बाद बीते साल लुधियाना में हुए निकाय चुनाव में आप 95 में से 41 वॉर्ड ही हासिल कर पाई। वह बहुमत से सात वॉर्ड दूर रह गई। वहीं, कांग्रेस को इस चुनाव में 30 और भाजपा को 18 वॉर्डों में जीत मिली थी। निकाय चुनाव में सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि इसमें आप विधायक अशोक पराशर श्पप्पीश और गुरप्रीत सिंह गोगी की पत्नी भी हार गई थीं।

पश्चिमबंगाल–5.कालीगंज–पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले इन उपचुनावों को भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के लिए परीक्षा के तौर पर देखा जा रहा है। जहां तृणमूल हालिया समय में 25 हजार टीचरों की नियुक्ति रद्द होने और मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर राज्य में विरोध प्रदर्शनों का सामना कर रही है तो वहीं भाजपा बंगाल में लोकसभा चुनाव के दौरान खोई हुई अपनी जमीन को वापस पाने और विधानसभा चुनाव से पहले पूरी तरह तैयार दिखने की कोशिश में है। गौरतलब है कि कालीगंज सीट पर 40 फीसदी आबादी मुस्लिमों की है। ऐसे में भाजपा के लिए हिंदू वोटों को एकजुट करना बड़ी चुनौती हो सकता है। और आखिर में– वो सीटें जहां होने हैं उपचुनाव, पर तारीख अभी जारी नहीं।चुनाव आयोग ने फिलहाल जम्मू–कश्मीर की नगरोटा और बडगाम विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव का एलान नहीं किया है। यह दोनों ही सीटें अक्तूबर 2024 से खाली हैं। दरअसल, जम्मू–कश्मीर में चुनाव के दौरान उमर अब्दुल्ला गांदरबल और बडगाम की दो सीटों से चुनाव लड़े थे। दोनों पर जीत दर्ज करने के बाद अब्दुल्ला ने बडगाम की सीट छोड़ दी थी। दूसरी तरफ नगरोटा की सीट से विधायक देवेंदर सिंह राणा का अक्तूबर में निधन हो गया था, जिसकी वजह से यह सीट भी खाली है।

## संक्षिप्त खबर

### पॉक्सो मामले का आरोपी बहाना बना पुलिस हिरासत से हुआ फुर्र, वरीय अधिकारी सख्त, दोषियों पर होगी कार्रवाई

– पुलिस ने बताया कि आरोपी पॉक्सो एक्ट के तहत एक मामले में फरार चल रहा था और उसे पुलिस ने कल गिरफ्तार किया था। लेकिन आज वह बहाना बनाकर पुलिस को चकमा देकर हिरासत से भाग निकला

(रवि कुमार भार्गव दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार)। मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर जिले के काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना ने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया है। पुलिस हिरासत से एक आरोपी फरार हो गया, जिसे हाल ही में पॉक्सो एक्ट के तहत एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। इस घटना ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वरीय अधिकारियों ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया है। मुजफ्फरपुर के काजी मोहम्मदपुर थाना




पुलिस ने एक पॉक्सो मामले में फरार चल रहे आरोपी को छापा के जरिए कल गिरफ्तार किया था। आरोपी की पहचान मो. सितारे के रूप में हुई है, जो इसी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसे जेल भेजने की प्रक्रिया चल रही थी, लेकिन इसी दौरान उसने पुलिस को चकमा दे दिया। आरोपी ने शौच जाने का बहाना बनाया और मौके का फायदा उठाकर थाने से फरार हो गया। इस घटना के बाद पुलिस महकमे में खलबली मच गई। पुलिस ने तुरंत आरोपी की तलाश शुरू कर दी और उसके ठिकानों पर छापामारी की जा रही है। इस मामले ने पुलिस की सतर्कता और जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।इस घटना की जानकारी मिलने के बाद सिटी एसपी विश्वजीत दयाल ने तुरंत मामले को संज्ञान में लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी पॉक्सो एक्ट के तहत एक मामले में फरार चल रहा था और उसे पुलिस ने कल गिरफ्तार किया था। लेकिन आज शौच के बहाने वह पुलिस हिरासत से भाग निकला। सिटी एसपी ने इस मामले में पुलिस कर्मियों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया और सख्त कार्रवाई की बात कही। उन्होंने काजी मोहम्मदपुर थाना के प्रभारी से पूरी घटना की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। सिटी एसपी ने यह भी स्पष्ट किया कि उस समय ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों की भूमिका की जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस को तत्काल निर्देश दिए गए हैं।इस घटना के बाद पुलिस ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। फरार आरोपी मो. सितारे की गिरफ्तारी के लिए जिले भर में छापामारी की जा रही है। पुलिस ने उसके संभावित ठिकानों पर नजर रखी हुई है और उसकी तलाश में सभी संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है। सिटी एसपी ने थाना प्रभारी से इस बात की भी जानकारी मांगी है कि आरोपी के फरार होने के दौरान सुरक्षा में कहां चूक हुई और उस समय ड्यूटी पर कौन–कौन से पुलिस कर्मी मौजूद थे। इस मामले ने पुलिस की जवाबदेही और कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से अपराधियों के हौसले बुलंद होते हैं और आम जनता का पुलिस पर से भरोसा उठने लगता है।

## चंदेश्वर सिंह, पूर्व प्राचार्य, सीताराम सिंह महाविद्यालय को राजद ने बनाया शिक्षक प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष



(रवि कुमार भार्गव दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार)।

सिरहाकोठी 26 मई 2025। पकड़ीदयाल प्रखंड के रामबन निवासी एवं सीताराम सिंह महाविद्यालय बड़कागांव के पूर्व प्राचार्य श्री चंदेश्वर सिंह को श्री लालू प्रसाद जी माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय जनता दल तथा श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी माननीय पूर्व उपमुख्यमंत्री के निर्देश एवं श्री जगदानंद सिंह जी माननीय प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय जनता दल बिहार के परामर्श अनुसार शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मधुबन मनोनीत किया गया है। श्री चंदेश्वर सिंह को उक्त पद पर मनोनीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ के कुमर राय के द्वारा 27 फरवरी 2025 को पत्र के साथ पद का प्रमाण पत्र जारी किया गया है जो कल दिनांक 25 में 2025 को श्री चंदेश्वर सिंह को माला पहनकर स्वागत करते हुए प्राप्ति कराया गया है। शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बनाए जाने पर श्री चंदेश्वर सिंह को शुभकामनाएं एवं बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। श्री चंदेश्वर सिंह जिलाध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ ने दैनिक अयोध्या टाइम्स को बताया कि पार्टी के विश्वास को कभी ठेस नहीं लगने दूंगा। पार्टी के हित और पार्क पार्टी को ऊंचे स्तर पर ले जाने के लिए हम निष्ठा भाव से जनता की सेवा में लगे हुए थे लगे हुए हैं लगे हुए रहेंगे।

## महिला संवाद : जिले के गाँवों में उम्मीदों की नई सुबह

अजय कुमार,दैनिक अयोध्या टाइम्स सहरसा। जिले के गाँवों में एक नई शुरुआत हो रही है। जहाँ कभी सिर्फ खामोशी और परंपराओं की जंजीरें थीं, वहाँ अब आत्मविश्वास और बदलाव की आवाज गूंज रही है। इन चौपालों में महिलाएं अब न केवल सवाल उठा रही हैं, बल्कि बदलाव की राह खुद तैयार कर रही हैं। इस परिवर्तन का आधार बना है 'महिला संवाद'एक ऐसा अभियान, जिसने सरकारी योजना से आगे बढ़कर एक जन आंदोलन का रूप ले लिया है। आँकड़ों से परे, कहानियों का कारवाँ– महिला संवाद की यह यात्रा अब 924 ग्राम संगठनों तक पहुँच चुकी है, और इनसे जुड़ी दो लाख तीस हजार से अधिक महिलाएं न केवल श्रोता हैं, बल्कि सामाजिक बदलाव की सशक्त वाहक बन गई हैं। यह केवल संख्या नहीं है, बल्कि हर आँकड़ा एक प्रेरक कहानी का हिस्सा है– कहानियाँ उन महिलाओं की, जिन्होंने चुप रहना छोड़ा और अब अपने अधिकारों और नेतृत्व के लिए खड़ी हो रही हैं। एक दिन, एक नई दिशा– 26 मई 2025 को, इस आंदोलन ने एक और उपलब्धि हासिल की। जिले के 24 स्थानों पर महिला संवाद सत्र आयोजित हुए, जिनमें 6000 से अधिक महिलाओं ने अपनी भागीदारी दी। ये आयोजन किसी साधारण सभा से कहीं बढ़कर



सामुदायिक चेतना के उत्सव बन गए। यहाँ महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए, सपनों को शब्द दिए और एक नई दिशा की ओर कदम बढ़ाए। तकनीक से सशक्त हो रहा संवाद– इस पूरी प्रक्रिया में तकनीक ने एक अहम भूमिका निभाई। मोबाइल संवाद रथ– 12 डिजिटल इकाइयाँ– हर गाँव में पहुँचकर सरकारी योजनाओं की जानकारी, प्रेरक कहानियाँ और महिलाओं के अनुभव साझा कर रही हैं। एलईडी स्क्रीन पर प्रसारित सामग्री ने इन संवादों को सिर्फ ज्ञानवर्धक ही नहीं, बल्कि प्रेरणादायक भी बना दिया। सवाल जो बदलाव का आह्वान बन गए– महिला संवाद में उठे सवाल अब व्यक्तिगत समस्याएँ नहीं रहे। पेंशन में कटौती क्यों? कॉलेज इतने दूर क्यों?, सड़कों पर रोशनी कब आएगी?– ये सवाल अब सामाजिक बदलाव की नींव बन रहे हैं। महिलाएं केवल समस्याओं को उजागर नहीं कर रहीं, बल्कि नीति निर्माण में भागीदारी की राह भी खोल रही हैं। सत्तरकटैया प्रखंड के बिजलपूर पंचायत की लक्ष्मी देवी ने जब अपनी यात्रा साझा की, तो उनकी सादगी में गहराई और सच्चाई थी। उन्होंने कहा, "पहले हम चुप रहते थे, अब बोलते हैं.और हमें सुना भी जा रहा है।" यह कथन सिर्फ एक वाक्य नहीं, बल्कि सदियों की खामोशी को तोड़ने का उद्घोष था। महिला संवाद की सबसे बड़ी ताकत इसकी निरंतरता और गहराई है। हर सुझाव और हर विचार को डिजिटली रिकॉर्ड कर नीति निर्माताओं तक पहुँचाया जा रहा है। यह पहल जमीन से उपजी समस्याओं को नीतिगत समाधान तक पहुँचाने का माध्यम बन चुकी है।

## वट सावित्री पर सुहागिनों ने की पूजा महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए किया व्रत

– 16 श्रृंगार कर मांगा अखंड सौभाग्य का वरदान

आलोक बादल, प्रमंडल ब्यूरो चीफ, दैनिक अयोध्या टाइम्स कोशी प्रमंडल सहरसा बिहार।

सुपौल बाजार में आज वट सावित्री पर्व पर बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित होकर सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा–अर्चना कर वृक्ष की परिक्रमा की। पूजा में शामिल सुहागिन महिलाओं ने बताया कि ये पूजा पति की दीर्घायु के लिए की जाती है। वट वृक्ष की जड़ें जितनी लंबे समय तक जीवित रहती हैं, उतनी ही लंबी आयु की कामना पति के लिए की जाती है। ये व्रत साल में एक बार आता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं व्रत रखकर घर में सुख–समृद्धि की कामना करती हैं। अखंड सौभाग्यवती रहने का मिलता है आशीर्वाद मान्यता है कि इसी दिन मां सावित्री ने यमराज से पति



सत्यवान के प्राणों की रक्षा की थी। भारतीय धर्म में ये स्त्रियों का महत्वपूर्ण पर्व है। इससे अखंड सौभाग्यवती रहने का आशीर्वाद मिलता है।

वट वृक्ष ने सत्यवान के शव की रक्षा की थी। पौराणिक कथा के अनुसार, जब सावित्री अपने पति के प्राण यमराज से वापस लेने गई थीं, तब वट वृक्ष ने सत्यवान के शव की रक्षा की थी। पति के प्राण लेकर लौटने पर सावित्री ने वट वृक्ष का आभार व्यक्त करने के लिए उसकी परिक्रमा की थी।

## तेज प्रताप की पत्नी ऐश्वर्या ने लालू परिवार पर लगाए गंभीर आरोप, कहा- चुनाव की वजह से किया जा रहा ड्रामा

– तेज प्रताप को लेकर वायरल हो रही तस्वीरों पर उनकी पत्नी ऐश्वर्या राय की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने लालू परिवार और तेज प्रताप पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। बता दें कि तेज प्रताप और ऐश्वर्या का तलाक का केस कोर्ट में चल रहा है

(रवि कुमार भार्गव दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार)।

पटना। तेज प्रताप यादव की सोशल मीडिया पोस्ट के बाद उठा सियासी तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। लालू परिवार एक बार फिर से मुश्किलों में फंसता नजर आ रहा है। तेज प्रताप की पत्नी ऐश्वर्या ने लालू परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि ये सब चुनाव को लेकर ड्रामा किया जा रहा है।लालू परिवार पर गंभीर आरोप लगाते हुए तेज प्रताप यादव की पत्नी ऐश्वर्या राय ने कहा कि मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई? मुझे क्यों पीटा गया? अब अचानक उनमें सामाजिक जागृति आ गई है। वे सब एक हैं। वे अलग नहीं हुए हैं... चुनाव नजदीक हैं, इसलिए उन्होंने ऐसा कदम उठाया और यह ड्रामा किया जा रहा है। ऐश्वर्या राय ने कहा कि सबको पता है कि क्या हुआ।

अगर उन्हें (लालू प्रसाद यादव के परिवार को) सब पता था तो उन्होंने मुझसे उसकी शादी क्यों करवाई? मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई? मुझे अपने तलाक की जानकारी मीडिया से मिली। मुझे जो भी जानकारी मिली, वह सब मीडिया के जरिए मिली... मुझे नहीं पता था कि क्या हो रहा है... उनसे पूछिए, मेरी जिंदगी बर्बाद करने की क्या जरूरत थी? जब मुझे पीटा गया, तब उनका सामाजिक न्याय कहां था? ऐश्वर्या ने कहा कि वे हर चीज का दोष मुझ पर मढ़ते हैं। अब जब यह बात सामने आ गई है, तो उसका 12 साल से अफेयर






चल रहा है और महिला को दोषी ठहराना सबसे आसान है। मुझे कब न्याय मिलेगा? मैं अपनी लड़ाई जारी रखूंगी। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने रविवार को अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित करने की घोषणा की थी। तेज प्रताप की अनुष्का यादव के साथ एक निजी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह सख्त कदम उठाया था।

लालू यादव ने इस फैसले की पुष्टि करते हुए कहा, निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करती है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण और गैर–जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों के अनुरूप नहीं हैं। अतः मैं उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से उसकी किसी भी प्रकार की भूमिका न पार्टी में होगी, न परिवार में।उन्होंने कहा कि तेज प्रताप अब अपने जीवन के निर्णय स्वयं लें और उनसे संबंध रखने वाले लोग भी स्वविवेक से सोच–समझकर कदम उठाएं।

लालू ने यह स्पष्ट किया कि वह सदैव लोक लाज और नैतिक मूल्यों के पक्षधर रहे हैं और राजद की परंपरा भी यही रही है। पार्टी में इस निर्णय के बाद हलचल तेज हो गई है। राजद के भीतर तेज प्रताप की हालिया गतिविधियों को लेकर असंतोष पहले से ही था, जिसे अब सार्वजनिक रूप दे दिया गया है। हालांकि लालू यादव के इस कड़े कदम को आगामी चुनावों के मद्देनजर पार्टी की छवि को सुधारने की कोशिश माना जा रहा है। तेजस्वी यादव ने तेज प्रताप के वायरल पोस्ट पर स्पष्ट कहा कि यह सब उन्हें पसंद नहीं है। वहीं लालू प्रसाद के फैसले का उन्होंने समर्थन किया। पटना में पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि एक बात स्पष्ट है कि मुझे यह सब चीजें न अच्छी लगती है और न मैं यह सब बर्दाश्त करता हूं।

मैं जनता के दुख–सुख में साथ रहता हूं। उनके मुद्दों को उठाता हूं। मैं नेता विरोध हूं। बिहार के प्रति मैं समर्पित हूं। जहां तक मेरे बड़े भाई की बात है तो मेरा मानना है कि राजनीतिक जीवन और निजी जीवन अलग होता है। चूंकि वह बालिग हैं, इसलिए वह अपने निजी जीवन के फैसल ले सकते हैं।

उन्हें अपने फैसले लेने का अधिकार हैं। उनके लिए क्या सही होगा और किस निर्णय से नुकसान होगा? इसका निर्णय वह खुद लें।

## जलकुंभी से खाद निर्माण प्रशिक्षण सत्र सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




अजय कुमार,दैनिक अयोध्या टाइम्स सहरसा। जिले के अगवानपुर स्थित मंडन भारती कृषि महाविद्यालय के सौजन्य से सोमवार को जल कुंभी से खाद निर्माण एवं अन्य लाभदायक उत्पाद निर्माण संबंधित प्रशिक्षण सत्र सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक महिषी गुंजेश्वर साह ने संबोधित कर कहा की इस क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थिति के फलस्वरूप जलकुंभी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। जिसके फलस्वरूप परम्परागत कृषि फसलों का उत्पादन प्रभावित होता रहा है। तथापि जलकुंभी का विवेकपूर्ण उपयोग सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।उन्होंने कहा की कृषि फसलों के उत्पादन के वृद्धि हेतु वर्तमान में प्रयुक्त खाद न केवल उर्वरा शक्ति को प्रभावित करती है,बल्कि खाद में विद्यमान तत्वों के कारण स्वास्थ्य भी दुष्प्रभावित होता है। अतः कृषि फसलों के उत्पादन में वृद्धि हेतु अन्य विकल्पों पर भी गहन विचार आवश्यक है।जलकुंभी से खाद बनाने की प्रक्रिया इस दिशा में एक सराहनीय कदम है। इसी बिंदु पर विचार विमर्श हेतु प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया है। विधायक ने कहा की राज्य सरकार द्वारा क्षेत्र के विकास/बाढ़ से मुक्ति हेतु लगातार ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाधिकारी वैभव चौधरी ने उक्त अवसर पर कहा की जलकुंभी जिसे सामान्यतः कृषि फसलोंध्जलीय जीवो के लिए एक अवरोध के रूप में समझा जाता है के लाभप्रद उपयोग के संबंध में विचार विमर्शध्प्रशिक्षण हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया है,जो एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा की राज्य सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र के विकास हेतु अनेकों योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है, आवश्यकता है कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों के समावेश करने की, उन्होंने कहा की कृषि महाविद्यालय में अध्ययरत छात्रों/ कृषि कार्यालय में कार्यरत कर्मियों, पदाधिकारियों को नवीनतम तकनीकों के प्रचार प्रसार कार्य हेतु आगे आना चाहिए,जो उनका दायित्व भी है। जिलाधिकारी ने कार्यशाला में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सिखाए गए गुर को पूर्ण तन्मयता से ग्रहण करने की सलाह दी।वहीं कृषि महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० डॉ० अरुणिमा कुमारी ने अपने संबोधन में जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्यों के संबंध में प्रकाश डालते हुए कहा की जलकुंभी,जिसे सामान्यतः अभिशाप के रूप में समझा जाता है,का विवेकपूर्ण उपयोग लाभप्रद भी होता है। इसको क्मबवउचवेज करके हानिरहित खाद में परिवर्तित किया जा सकता है, जो परम्परागत रासायिक खाद के बदले एक अच्छा विकल्प हो सकता है,इसके अतिरिक्त जानकुंभी से अन्य लाभप्रद उत्पाद का निर्माण संभव है। जिला कृषि पदाधिकारी श्री संजय कुमार ने जलकुंभी के लाभप्रद उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए,इसके व्यापक प्रचार प्रसार की अपील की। जागरूकता सह प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ विधायक,जिलाधिकारी, प्राचार्या कृषि महाविद्यालय ,जिला कृषि पदाधिकारी,उप निदेशक जन संपर्क एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

दैनिक अयोध्या टाइम्स RNI NO.: UPHIN/2015/67264



# हाई कोर्ट का आदेश, श्री कृष्ण जन्मभूमि पर हलचल, सुरक्षा अलर्ट



मथुरा ।(दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर) श्री कृष्ण जन्म भूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष और कृष्ण जन्म भूमि केस के पक्षकार दिनेश फलाहारी ने बताया कि पिछली डेट पर माननीय प्रयागराज हाईकोर्ट में हिंदू पक्ष की तरफ से लगाई गए प्रार्थना पत्र पर बहस हुई, और प्रार्थना पत्र में मांग की गई कि संभल और अयोध्या की तरह मथुरा वाली मस्जिद को भी विवादित ढांचा घोषित कर दिया जाए, इस पर मुस्लिम पक्ष ने न्यायालय में विरोध जताया, मुस्लिम पक्ष का कहना है कि यदि इस मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित कर देंगे तो मुस्लिम नमाज नहीं पढ़ पाएंगे, लिहाजा इसको ईदगाह मस्जिद ही रहने दें, न्यायालय में हिंदू पक्ष ने दलील पेश की कि मथुरा में 1992 से नमाज पढ़ना चालू किया है

मुस्लिम समाज ने, मुस्लिम पक्ष के पास ऐसा कोई भी प्राचीन साक्ष्य नहीं है जिससे वह इस स्थान को मस्जिद कह सकें और ना ही उनके पास पानी का बिल है बिजली का बिल है, खसरा खतौनी में हिंदू मंदिर के ट्रस्ट का नाम है, पुरानी खेवट में हिंदू मंदिर का नाम है, रेल रेलवे मुआवजा हिंदू पक्ष को मिला, नगर निगम को टैक्स हिन्दू मंदिर देता है, बिजली और पानी का बिल हिंदू मंदिर देता है, उस विवादित स्थान पर बने हुए प्राचीन कलाकृतियों के निशान, शंखपुष्प, सुदर्शन चक्र, शेष नाग आदि के निशान चीख चीख कर हिंदू मंदिर की गवाही दे रहे हैं। हिंदू पक्ष ने न्यायालय में कहा कि संभल में भी हाईकोर्ट ने उस मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किया, अयोध्या में भी उस मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किया, इस प्रकार मथुरा में भी इस कथित ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किया जाए. हिंदू पक्ष ने कहा कि अयोध्या, मथुरा,काशी,संभल में नेचर समान है, इन सभी स्थानों पर मुगल अतिक्रमणकारियों ने तलवार के दम पर अवैध कब्जा किया था, माननीय न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया और 4 जुलाई की तारीख लगा दी. आपको बता दें कि इस विवादित स्थान पर फैसला कभी भी आ सकता है, आपको बता दें कि यह वही दिनेश फलाहारी जी महाराज हैं,जिन्होंने तीन वर्ष पहले संकल्प लिया था कि जब तक कथित ईदगाह मस्जिद नहीं हटेगी तब तक वह भोजन नहीं करेंगे, ये आज भी बिना भोजन के रह रहे हैं न्यायालय इस स्थान को विवादित ढांचा घोषित कर सकती है, कृष्ण जन्मभूमि पर हलचल तेज हो गई है,सुरक्षा अलर्ट है

# रिहायशी इलाके में लकड़ी के गोदाम में भीषण आग, लोगों में दहशत का माहौल



मथुरा (राया) (दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर) 26 मई को बलदेव रोड स्थित बंसी बट कॉलोनी के एक दोमंजिला मकान में बने लकड़ी के गोदाम में सोमवार को अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के चलते लगी, जो तेजी से फैलती चली गई। घटना के समय मकान के भीतर कोई मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन गोदाम में रखा लाखों रुपये मूल्य का सामान जलकर राख हो गया।

आग की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से आग बुझाने की कोशिश शुरू की गई, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया।

घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और रिहायशी इलाके में इस तरह के गोदामों की मौजूदगी को लेकर लोगों में रोष देखा गया। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए। समाजसेवी भूपेश अग्रवाल, विकास चौधरी सहित कई प्रमुख लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्यों में सहयोग किया।

थाना राया के प्रभारी अजय किशोर पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल प्रशासन द्वारा आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है

# मैथिल ब्राह्मण महासभा के प्रदेश पदाधिकारियों ने ली शपथ

* हेमदत्त पाठक बने उत्तर प्रदेश प्रांत प्रभारी



गोवर्धन।(दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर) अखिल भारतीय मैथिल ब्राह्मण महासभा (रजि) दिल्ली की शाखा उत्तर प्रदेश सभा की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ मंदिर ठाकुर श्री बिहारीजी महाराज हाथी दरवाजा गोवर्धन मंदिर परिसर में राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामदेव भारद्वाज जी के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में बिहारीजी महाराज की पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

उत्तर प्रदेश प्रांत की कार्यकारिणी में नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा, महामंत्री पंडित भूदेव प्रसाद शर्मा, कोषाध्यक्ष तुलसीराम शर्मा, राजपाल शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी विष्णु कुमार मैथिल सहित कार्यकारिणी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

इसी क्रम में महासभा द्वारा चारों प्रांतों के प्रभारी नियुक्त किए गए। जिनमें उत्तर प्रदेश प्रांत के लिए पंडित हेमदत्त पाठक को प्रदेश प्रभारी, पंडित रामजीत झा को हरियाणा प्रभारी, पंडित सत्यपाल शर्मा को राजस्थान प्रांत एवं पंडित शेरसिंह पटवारी जी को दिल्ली प्रदेश का प्रभारी बनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामदेव भारद्वाज, राष्ट्रीय महामंत्री पंडित सत्यपाल पाराशर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित जगन्नाथ शर्मा, पंडित चेतन स्वरूप शर्मा, मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष पंडित रमनलाल उपमन्यु, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पंडित नरेश कुमार शर्मा, राष्ट्रीय सचिव पंडित वीरपाल मिश्रा, चुनाव प्रबंध समिति के पंडित भूपराम पाठक जी, हरियाणा प्रांत अध्यक्ष पंडित शकेश शर्मा, राजस्थान प्रांत अध्यक्ष पण्डित वीरेंद्र कुमार शर्मा, मंदिर के कार्यकारी अध्यक्ष पंडित रूपकिशोर उपमन्यु, महामंत्री पंडित हरिवल्लभ शर्मा, पंडित सतेंद्र झा, पंडित सुभाष चंद्र शर्मा एडवोकेट, पंडित बच्चू शर्मा ठेकेदार, पंडित बाबूलाल शर्मा, पण्डित गोविंदराम झा, पंडित लक्ष्मीकांत शर्मा, ज्योतिराम शर्मा, हरपाल शर्मा जी, ओमप्रकाश शर्मा मित्रोल आदि उपस्थित रहे।

# एक लाख फॉलोवर्स होने पर गौ रक्षक दल ने छाता में किया सम्मान समारोह

**दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर दिनेश जादौन।**



छाता।(**दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर**) गौ रक्षक दल टीम कमल ठाकुर द्वारा छाता के बरसाना रोड स्थित कल्लू ढाबा पर गौ रक्षक दल की सभी टीमों का सम्मान समारोह आयोजन किया गया ,इस दौरान बाहर से आई गौ रक्षक की टीमों का गौ रक्षक दल टीम कमल ठाकुर के संस्थापक खेमकरण जी द्वारा सभी का पटुका एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ हरिगढ़ से आए शिवा नंद जी महाराज चन्द्र शेखर महाराज बंसी वाले बाबा वृंदावन से आए विमल किशोर दास महाराज जी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का संचालन चंद्रपाल सिंह किसान नेता ने किया,इसी दौरान गौ रक्षक दल टीम कमल ठाकुर के अध्यक्ष अरुण ठाकुर ने कहा कि जिस तरह से हमारी गौ रक्षक की टीमें दिन और रातों को जाग कर अपनी जान की परवाह न करते हुए गौ माताओं को तस्करों से बचाते है और जो गाय माता एक्सीडेंट से अपना शरीर पूरा कर जाती है ,उनको समाधि लगाते हैं,जो निस्वार्थ भाव से सेवा करते है ।

आज हमारी टीम के 100 के फॉलोवर्स होने की वजह से आज बाहर से आई सभी टीमों का जोरदार स्वागत किया गया और उन्हीं के साथ छाता कस्बे में भूखी गायों को हरा चारा डाला गया और लोगों को गौ माता के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान हरिगढ़ से सचिन राघव चंडौस से अजीत सिंह की टीम होडल , बिलोठी,जयपुर ,वृंदावन , कोसी कलां,शेरगढ़ , लाडपुर , बिलौड़ा, गोकुल, नौगांव तरौली,अकबरपुर,भरतपुर, पलवल, आदि सभी अलग अलग जगहों से गौ रक्षक दल की टीमें उपस्थित रहीं।

# डौकी के आगरा फतेहाबाद मार्ग पर सड़क दुर्घटना में बाइक से अपने घर लौट रहे युवक की मौत

**संवाददाता सभाजीत वर्मा दैनिक अयोध्या टाइम्स क्राइम ब्यूरो आगरा**

फतेहाबाद डौकी थाना क्षेत्र के धमोटा मंदिर के पास रविवार रात अपने घर बाइक से जा रहे दो भाइयों की बाइक में सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी । जिसके चलते बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। युवक डौकी के ग्राम पेतीखेड़ा से हाथरस जा रहा था।

**प्राप्त जानकारी अनुसार**

अजय पाल उम्र 28 पुत्र भगवान सिंह अपने भाई यशपाल पुत्र भगवान सिंह निवासी गाँव आरती सादाबाद हाथरस के साथ रविवार शाम करीब 7-00 बजे बाइक से ग्राम प्रति खेड़ा से अपने गांव जा रहा था। दोनों भाई शौचालय निर्माण का काम करते थे। शाम को 7बजे काम खत्म करने के बाद पेंतीखेड़ा से घर सादाबाद जा रहे थे। तभी आगरा फतेहाबाद रोड धमोटा मंदिर के पास विसारना मोड़ पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए । घायलों में अजय पाल की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गयी। मृतक के परिजनों ने थाना डौकी में लिखित तहरीर दी। वहीं पुलिस ने मृतक के सब का पंचनामा पर पोस्टमार्टम के लिए भेजदिया।

# जमकर पनप रहे झोलाछाप

**संवाददाता सभाजीत वर्मा दैनिक अयोध्या टाइम्स क्राइम ब्यूरो आगरा**

फतेहाबाद में बड़ी संख्या में झोलाछाप अस्पताल पनप रहे हैं। परंतु स्वास्थ्य विभाग इन पर कोई कार्यवाही नहीं करता है ।यहां सुरक्षा के कोई इंतजामत नहीं है। रविवार को ही घटना इसी का परिणाम बताया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहाबाद में कुकुरमुत्तो की तरह झोला छाप अस्पताल खुले हुए हैं। जहां ग्रामीण अंचल के मरीजों को भर्ती कर उनके साथ जमकर वसूली की जाती है। परंतु स्वास्थ्य विभाग इनके खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं करता है। ऐसे अस्पतालों में ना तो प्रशिक्षित चिकित्सक हैं ,और ना ही प्रशिक्षित स्टाफ ।

# अस्पताल में बीमार दादी को देखने आई 10 वर्षीय बालिका के साथ अस्पतल कर्मचारी ने किया दुष्कर्म ,पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**संवाददाता सभाजीत वर्मा दैनिक अयोध्या टाइम्स क्राइम ब्यूरो आगरा**



फतेहाबाद एक सनसनीखेज घटनाक्रम के अंतर्गत फतेहाबाद के फिरोजाबाद रोड स्थित एक अस्पताल में उपचार करा रही अपनी दादी को देखने आई 10 वर्षीय बालिका के साथ अस्पताल के कर्मचारी ने ही दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया । अधेड़ कर्मचारी को पुलिस ने निबोहरा रोड से गिरफ्तार का जेल भेज दिया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नाबालिक से दुष्कर्म की घटना का मुकदमा दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निबोहरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक ही व्यक्ति ने थाना फतेहाबाद में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि उसकी मां का फिरोजाबाद रोड स्थित एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। रविवार रात 10 वर्षीय बालिका अपने चाचा के साथ अपनी दादी को देखने के लिए अस्पताल पहुंची। तीमारदारी के दौरान वह अपने परिजनों के साथ अस्पताल में ही रुक गई। देर रात सोते समय अस्पताल कर्मी लक्ष्मी नारायण पुत्र खुशीराम निवासी डंडनिया का पुरा थाना निबोहरा ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया। चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तब बालिका ने अपने साथ हुई घटना के बारे में परिजनों को बताया। बताया जा रहा है कि परिजनों ने दोषी अस्पताल कर्मी की जमकर मरम्मत की, इसी बीच वह भाग गया। बालिका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने नाबालिक से दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। इस्पेक्टर देवी प्रसाद तिवारी के मुताबिक आरोपी को पुलिस ने निबोहरा रोड अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं बालिका को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक की पुण्य स्मृति पर कवि सम्मेलन का आयोजन ,फतेहाबाद में बांटे गए आमंत्रण पत्र

**संवाददाता सभाजीत वर्मा दैनिक अयोध्या टाइम्स क्राइम ब्यूरो आगरा**



फतेहाबाद ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में, आगरा जिले के खेरागढ़ स्थित अग्रवाल भवन में 27 मई 2025 मंगलवार को सायं छः बजे से भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों सहित अनेक प्रसिद्ध कवि अपनी काव्य प्रस्तुति देंगे।

इस आयोजन का जिम्मा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जिला इकाई आगरा ने उठाया है।फतेहाबाद में जिला उपाध्यक्ष दिलीप गुप्ता और तहसील अध्यक्ष मनोज शर्मा के नेतृत्व में विशिष्ट जनों को आमंत्रण पत्रों का वितरण किया गया।

जिलाध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन विष्णु सिकरवार के मुताबिक इस आयोजन के माध्यम से ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पत्रकारिता के क्षेत्र में स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल के योगदान को याद करेगा और साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा। उन्होंने इस कार्यक्रम में सभी साहित्य प्रेमी और पत्रकार बन्धुओं को सादर आमंत्रित किया है।

# रैपुरा भदौरिया- मंदिर के सामने पुराने कुएं का टूटा खरंजा बना खतरा, प्रधान के नेतृत्व मे काम शुरू

**रिपोर्टर सरबन भदौरिया दैनिक अयोध्या टाइम्स बाह**



पिनाहट रैपुरा भदौरिया गांव के राधा कृष्ण मंदिर के ठीक सामने स्थित पुराने कुएं के ऊपर बना खरंजा पूरी तरह से टूट चुका है, जिससे स्थानीय लोगों में दुर्घटना को लेकर गहरी चिंता व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कुआं वर्षों पुराना है और उसके ऊपर कभी सुरक्षा के लिए पत्थर का खरंजा बना दिया गया था, लेकिन अब वह जगह जगह से टूट गया है।

गांववासियों के अनुसार, यह स्थान मंदिर और मुख्य रास्ते के समीप होने के कारण बच्चों, महिलाओं और पशुओं की आवाजाही अधिक रहती है। ऐसे में अगर कोई बच्चा या मवेशी गलती से इस टूटे हुए हिस्से में गिर गया, तो गंभीर हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस टूटे खरंजे की मरम्मत कराई जाए, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी रोकी जा सके। इस पूरे मामले को तत्काल पंचायत प्रधान प्रतिनिधि उदयवीर सिंह ने संज्ञान मे लिया और ग्रामीणों की इस समस्या को देखते हुए, उन्होंने कुआँ को बंद करवाने के लिए मिट्टी और रावस से कार्य शुरू किया गया पंचायत प्रधान का कहना है कि मेरे संज्ञान मे मामला नहीं रहा जैसे ही मुझे जानकारी मिली उसके बाद किसी के साथ हादसा ना हो इसलिए तत्काल कार्य को 24 घंटे से पहले कुआँ को बंद करने के लिए निर्देश दिए और कार्य शुरू किया गया पूरा मामला पंचायत रैपुरा भदौरिया का है

# शाही झालरे में तैरता मिला पूर्व सभासाद की पत्नी का शव , फैली सनसनी

**दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो गोविंद शर्मा**

फतेहपुर सीकरी । कस्बा पुलिस चौकी के अंतर्गत ऐतिहासिक स्मारक बुलंद दरवाजा के पास बने शाही झालरे में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का शव तैरता मिला ,घटना की सूचना लोगों ने पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने झालरे में तैरते शव को स्थानी लोगों की मदद से बाहर निकाल पहचान कराई ।

सोमवार सुबह स्थानीय लोगों को बुलंद दरवाजा के समीप बने झालरे में एक शव तैरता हुआ दिखाई दिया ,जिससे लोगों में हडकंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को स्थानीय लोगों की मदद से झालरे से बाहर निकाला और शिनाख्त कराई, मृतका की शिनाख्त अशरफ बेगम 45 वर्ष पत्नी पूर्व सभासाद रईस कुरेशी फोटो ग्राफर मोहल्ला बनी इस्माइल के रूप में हुई । सूचना पर मृतक के परिजन घटना स्थल पर पहुंच गए परिजनों के अनुसार मृतका सुबह 5 बजे घूमने के लिए घर से निकली थी संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का सब झालरे में तैरता मिला है । थाना प्रभारी आनंद बीर ने बताया कि परिजनो ने कोई तहरीर नहीं दी है और ना ही पोस्टमार्टम कराया है ।

# चंबल जल पाइपलाइन का किसानों ने किया विरोध



**धरने पर बैठे कई गांवो के किसान**

**किसानों आक्रोश को देखते पाइप लाइन का काम रुका**

**दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो गोविंद शर्मा**

फतेहपुर सीकरी । थाना क्षेत्र सीकरी के अंतर्गत धौलपुर से राजस्थान के डीग जिले के लिए एलएनटी कंपनी मशीन से जोड़ी जा रही चंबल जल परियोजना के तहत पाइपलाइन का यूपी के किसानों ने विरोध करते हुए कार्य को रुकवा दिया, सैकड़ो की संख्या में किसानो ने धरने पर बैठकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं ।

ब्लॉक क्षेत्र के गांव दाउदपुर , उत्तू ,घोरौली , सामरा आदि ग्रामों के किसानों का आरोप है कि पूर्व में धौलपुर से चंबल परियोजना की लाइन भी हमारे खेतों में होकर भरतपुर के लिए गई है उससे खेतों में भारी नुकसान होता है , अब पुनः एलएनटी मशीनों द्वारा डीग जिले के लिए दूसरी पाइपलाइन खोदी जा रही है जिससे किसान भारी परेशान है ।

खेतों में पाइपलाइन खोदने की सूचना के बाद आक्रोशित किसाने धरने पर बैठ गए , सूचना के बाद मौके पर राजस्थान के जलनिगम की एक्सइयन अनिता सिंह व जेई कई अधिकारी मौके पर पहुंचे जिन्होंने किसानों से वार्ता की लेकिन किसानों ने पाइपलाइन खोजने से साफ इनकार कर दिया और जिलाअधिकारी भरतपुर से वार्ता के बाद आगे का निर्णय होगा । धरने पर बैठे किसानो में लाखन सिंह ,ओमी सिंह,रणवीर सिंह,दीपचंद,,महेंद्र, अर्जुन सिंह, सहदेव सोलंकी, राजेंद्र सिंह सोलंकी सरपंच,नीरज,,हरि ओम ,रामलाल, सुखबीर, बबलू, राजन, दीवान , बहादुर, बिजेंदर, रोशन, राजेंद्र सिंह, भगवान सिंह आदि मौजूद है ।

# पांच दिवसीय बाल संस्कार प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



*** भाविप संपर्क के शिविर में 150 बच्चो ने निःशुल्क पाया प्रशिक्षण**

**दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो गोविंद शर्मा**

आगरा। भारत विकास परिषद् संपर्क शाखा की ओर से पश्चिमपुरी स्थित गौतम ऋषि इण्टर कॉलेज में चल रहे बाल संस्कार प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को समापन किया गया। अध्यक्ष डॉ. दिग्जेंद्र सिंह ने बताया कि पांच दिवसीय निःशुल्क बाल संस्कार शिविर में लगभग 150 बच्चो ने प्रतिभाग किया।

जिसमे प्रतिदिन कृतिम बुद्धिमता, योग, ध्यान, खो-खो, कबड्डी, किक बॉक्सिंग, क्रिकेट, रंगोली, मेहंदी, शिल्प एवं कला का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

सचिव ईना फौजदार ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य पर चर्चा और महापुरुषों और वीरांगनाओ की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। छोटे बच्चों को गुड टच और बेड टच के बारे में समझाया। समापन पर प्रांतीय संस्कार गतिविधि संयोजक अखिलेश भटनागर ने बच्चो को प्रमाण पत्र प्रदान किये। धन्यवाद योगेश गौतम ने दिया। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंघल, प्रवीण जैन, अजीत फौजदार, अलोक गुप्ता, पूर्णिमा वर्मा, डॉ. रश्मि कपूर सिंह, मधु गौतम, पायल, हर्ष आदि मौजूद रहे।

# राजस्वकर्मी के परिजनों पर जानलेवा हमला में नहीं हुई कारवाही

**दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो गोविंद शर्मा**



फतेहपुर सीकरी। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला सराय निवासी श्रीभान सिंह कर्दम राजस्व अमीन के परिजनों पर विगत दिनों जानलेवा हमला बोला गया था ,जिसमें राजस्व कर्मी के बड़े भाई रमेश कर्दम और पुत्र सौरभ कुमार कोचिंग से घर आ रहा था उस पर धारदार हथियार से प्रहार किया गया था ।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों को देखकर हमलावर भाग गए हमलावर धमकी दे गए थे कि अगर हमारे खिलाफ थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे

राजस्वकर्मी का भाई रमेश कर्दम डावर गांव से नगला सराय में रोजाना दैनिक समाचार पत्र वितरण करते है इस मामले मे थाना फतेहपुर सीकरी को अवगत करा दिया गया है लेकिन क्षेत्रीय उपनिरीक्षक (प्रशिक्षु) पर आरोपियों की मदद का आरोप है।

घटना के संबंध में उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायपीठ सचिव डॉ डी वी सिंह ने थाना प्रभारी फतेहपुर सीकरी को हमलावरों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं साथ ही कर्तव्य निष्ठा को संदिग्ध होने पर साथ ही क्षेत्रीय उपनिरीक्षक की लापरवाही के संबंध मे पुलिस आयुक्त को अवगत कराया है।

# मा.मंत्री पर्यटन व संस्कृति विभाग श्री जयवीर सिंह जी की गरिमामई उपस्थिति में शमशाबाद में आयोजित की गई अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती

**दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो गोविंद शर्मा**

आगरा। शमसाबाद में पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति वर्ष के अंतर्गत सोमवार को जीआर कॉस्मिक स्कूल, धमेना रोड,शमसाबाद में भव्य जिला पंचायत सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह पहुंचे जिन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई के व्यक्तित्व को भारत की सांस्कृतिक आत्मा बताया।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि 300 वर्ष पूर्व जब विदेशी आक्रांताओं से भारत की सांस्कृतिक नींव हिला रखी थी,तब अहिल्याबाई होल्कर ने काशी,अयोध्या, सोमनाथ जैसे धरोहर स्थलों का पुनर्निर्माण कर भारतीय संस्कृति की रक्षा का अभूतपूर्व कार्य किया। वे केवल एक शासक नहीं,बल्कि धर्म और न्याय की मूर्तिमान प्रेरणा थीं। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और उत्तर प्रदेश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण हो रहा है। चाहे अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण हो या बटेश्वर में बनने वाला डिजिटल म्यूजियम, यह सब लोकमाता की परंपरा का ही पुनर्पाठ है। कार्यक्रम संयोजक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा, आज की महिलाएं अहिल्याबाई होल्कर से नेतृत्व, सेवा और संवेदनशीलता की प्रेरणा ले सकती हैं। उनका जीवन सामाजिक समर्पण और कर्तव्यपरायणता की अनुपम मिसाल है। आज देश विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। जब इन दोनों को साधा जाएगा, तभी भारत पुनः विश्वगुरु बनेगा।कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग ने राज माता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्श से प्रेरणा ली। वही कार्यक्रम में भाजपा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ मंजू भदोरिया, भाजपा विधायक छोटेलाल वर्मा, डॉ राजेंद्र सिंह पूर्व विधायक भाजपा,जिला अध्यक्ष बीजेपी प्रशांत पौनिया,राम सकल गुर्जर पूर्व मंत्री भाजपा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बजरंग रघुवंशी,सहित भाजपा के कई बड़े नेता कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# ताजमहल को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी में केरल जाएगी आगरा पुलिस

**दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो गोविंद शर्मा**



आगरा- आगरा ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। ईमेल केरल से आया था। इसलिए संभवता आगरा पुलिस की टीम केरल जा सकती है। आगरा पुलिस केरल पुलिस संपर्क कर जानकारी जुटा रही है। शनिवार को पर्यटन विभाग को सुबह ईमेल के जरिए ताजमहल को बम से उड़ने की धमकी मिली थी। ईमेल में लिखा था कि 3 बजकर 30 पर ताजमहल को आरडीएक्स से उड़ा दिया जाएगा। जिसपर सीआईएसएफ, ताज सुरक्षा,पुलिस बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड पर्यटन पुलिस और भारत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने करीब 3 घंटे तक ताजमहल का चप्पा चप्पा छाना था। हालांकि कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी। धमकी के बाद ताजमहल के पूर्वी और पश्चिमी गेट पर सतर्कता और बढ़ा दी गई है। ईमेल किसी सव्वाकु शंकर की मेल आईडी से आया था। साइबर सेल थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। ईमेल चूंकि आउटलुक के जरिए आया था। इसलिए साइबर थाना पुलिस ने आउटलुक की कंपनी माइक्रोसॉफ्ट को ईमेल भेजकर मेल भेजने वाले की जानकारी व आईपी एड्रेस मांगा है। केरल पुलिस से भी सहयोग मांगा है आगरा पुलिस केरल भी जा सकती है जिससे सव्वाकु शंकर की जानकारी मिल सके।

# विरासते पंजाब का आयोजन 1 जून को : गिद्दा-भांगड़ा कप प्रतियोगिता होगी मुख्य आकर्षण

**दैनिक अयोध्या टाइम्स, जीरकपुर, मोहाली, ब्यूरो चीफ अच्छेलाल,**

*** ईनामों में नकद पुरस्कारों के अलावा रखी गई हैं कैंठा, सग्गी फुल व ज्वैलरी आइटम्स**

*** आजकल के बच्चों को अपने विरसे व संस्कारों से जोड़े रखना जरूरी : नेहा खन्ना**

एनके प्रोडक्शंस एवं राइट ट्रैक फाउंडेशन द्वारा एनआरए डायरेक्शंस के सहयोग से आगामी 1 जून को एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम विरासते पंजाब का भव्य स्तर पर आयोजन कराया जा रहा है जिसमें गिद्दा भांगड़ा कप प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण होगी। ये जानकारी आज एक प्रेस कांफ्रेंस में आयोजक आयोजक नेहा खन्ना ने दी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा पंजाबी लोकगीत एवं पारंपरिक पोशाक आदि प्रतियोगिताएं भी होंगी। ईनामों में नकद पुरस्कारों के अतिरिक्त कैंठा, सग्गी फुल व ज्वैलरी आइटम्स रखी गई हैं।

नेहा खन्ना ने बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आजकल के बच्चों को अपने विरसे व संस्कारों से जोड़े रखना है जिससे आने वाले वक़्त में हर बच्चे को अपनी परम्पराओं व सभ्याचार आदि के बारे में पता होगा।

इस कार्यक्रम में पंजाब के प्रसिद्ध कलाकार मनी बोपाराए, सतवंत कौर, कामायनी शर्मा, राखी हुंदल, मिस संदीप, मनसा वर्मा, दविंदर कौर संधू, सिमरन चहल, पैरी ग्रोवर, सोनू प्रधान, टाइगर हरमीत सिंह, शैवी विर्क, फतेह, संजय कुमार, निमरत प्रताप सिंह, मोहित चौधरी, रमित कुमार व राज जुनेजा आदि सेलिब्रेटी गेस्ट होंगे। इस कार्यक्रम के मंच संचालक जूनियर जसपाल भट्टी गुरमीत चावला रहेंगे जबकि मुख्य अतिथि सुरेश कुमार तथा इवेंट काउंसलर मोहित सहोता होंगे। आरएमजेएम ट्राइसिटी की टीम की नेशनल वाइस प्रेजिडेंट अदिति भारद्वाज व सोनिया मनचंदा तथा ट्राइसिटी की वाइस प्रेजिडेंट रवीना आदमपुरिया भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगी।राइट ट्रैक फाउंडेशन, केबीडी बिल्डर्स, बिग रियलिटी, इंडिया हैन्डलूम, एमडी ट्रेडर्स, पीजे ज्वेल्स, एरा ज्वेल्स आदि कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक हैं।



# राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने नवनियुक्त मुख्य सूचना आयुक्त एवं राज्य सूचना आयुक्तों को दिलाई शपथ

**दैनिक अयोध्या टाइम्स, चंडीगढ़, हरियाणा, ब्यूरो चीफ अच्छेलाल,**

*** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी रहे उपस्थित**

हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने आज सोमवार को राजभवन में आयोजित गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह में हरियाणा के पूर्व मुख्य सचिव व नवनियुक्त मुख्य सूचना आयुक्त श्री टीवीएसएन प्रसाद (आईएएस सेवानिवृत्त) को पद एवं निष्ठा की शपथ दिलाई। साथ ही, चार नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्तों- श्री अमरजीत सिंह (एचसीएस सेवानिवृत्त), श्री कर्मवीर सैनी, श्रीमती नीता खेड़ा और श्री संजय मदान को भी पद एवं निष्ठा की शपथ दिलाई गई।

राज्यपाल ने मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की भूमिका को लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने नवनियुक्त आयुक्तों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे निष्पक्षता, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे, ताकि सूचना के अधिकार को और सशक्त किया जा सके। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, शिक्षा मंत्री श्री महिपाल ढांडा, कृषि मंत्री श्री श्याम सिंह राणा, मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# स्वच्छता रैली का आयोजन किया

**दैनिक अयोध्या टाइम्स, चंडीगढ़ , ब्यूरो चीफ अच्छेलाल,**

भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड (बीबीएमबी) ने 26 मई, 2025, सोमवार को अपने 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े (16 से 31 मई, 2025) के अंतर्गत स्वच्छता के महत्व और आवश्यकता के प्रति जन जागरूकता फैलाने हेतु एक स्वच्छता रैली का आयोजन किया। यह रैली चंडीगढ़ के सेक्टर 35 स्थित बीबीएमबी अधिकारी रेस्ट हाउस से प्रारंभ हुई, जिसे बीबीएमबी के अध्यक्ष श्री मनोज त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करना और स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में अपना सक्रिय योगदान देना था।

इस अवसर पर अध्यक्ष श्री मनोज त्रिपाठी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए स्वच्छता को एक सामाजिक उत्तरदायित्व बताया और सभी से आग्रह किया कि वे न केवल अपने घर बल्कि अपने आसपास के सार्वजनिक स्थलों की सफाई को भी प्राथमिकता दें। उन्होंने बीबीएमबी द्वारा स्वच्छता की दिशा में किए जा रहे विभिन्न प्रयासों की भी प्रशंसा की और कहा कि यह पहल संस्था की सामाजिक संवेदनशीलता और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी को दर्शाती है।

इस रैली में बीबीएमबी के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में स्वच्छता से जुड़े स्लोगन और संदेशों वाले पोस्टर एवं बैनर लेकर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।बीबीएमबी द्वारा इस पखवाड़े के दौरान केवल रैली ही नहीं, बल्कि अनेक अन्य गतिविधियाँ भी संचालित की गई जिनमें सफाई अभियान, सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जागरूकता फैलाना, वृक्षारोपण कार्यक्रम, तथा कर्मचारियों के लिए स्वच्छता पर आधारित कार्यशालाएँ शामिल थीं। इन सभी पहलों का उद्देश्य न केवल कार्यस्थलों को स्वच्छ और सुंदर बनाना था, बल्कि व्यापक रूप से समाज में स्वच्छता को लेकर सकारात्मक सोच विकसित करना भी था। इस प्रकार, बीबीएमबी का यह स्वच्छता पखवाड़ा एक संगठित और सार्थक प्रयास के रूप में सामने आ रहा है, जो कि स्वच्छ भारत मिशन को सशक्त समर्थन प्रदान करेगा।




# मानव को हो मानव प्यारा, एक दूजे का बने सहारा

**दैनिक अयोध्या टाइम्स, जीरकपुर, ब्यूरो चीफ अच्छेलाल,**

*** 175निरंकारी श्रद्धालुओं ने किया रक्तदान**

निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन व पवित्र आशीर्वाद से संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वधान में स्थानीय संत निरंकारी सत्संग भवन, ज़ीरकपुर में 16वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल श्रद्धालुओं ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ चंडीगढ़ जोन के जोनल इंचार्ज ओ.पी. निरंकारी जी ने स्थानीय मुखी श्री सुरेंद्र कुमार जी तथा अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों के साथ मिलकर अपने कर कमलों द्वारा किया।

इस अवसर पर चंडीगढ़ जोन के जोनल इंचार्ज श्री ओ.पी. निरंकारी जी ने रक्तदाताओं द्वारा मानवता के लिए किए गए अनुकरणीय प्रयास के लिए सतगुरु माता सुदीक्षा जी से आशीर्वाद की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस शिविर का मूल उद्देश्य बाबा हरदेव सिंह जी की वाणी ,÷मानव को मानव प्यारा, एक दूजे का बने सहारा ÷ को चरितार्थ करना है। सन् 1986 से लेकर अब तक संत निरंकारी मिशन द्वारा लगाए गए लगभग 9000 शिविरों में लगभग 1.5 मिलियन रक्त के यूनिट रक्तदान किए हैं। इसी संदर्भ में श्री ओ.पी. निरंकारी जी ने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान चंडीगढ़ जोन में लगभग 20 रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं जिनमें लगभग 3000 रक्तदाता रक्तदान करेंगे

आज की वर्तमान परिस्थिति में भी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज, बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के संदेश ÷रक्त नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहना चाहिए÷ को अपनाकर मानवता को बचाने के लिए जीवन जीने की प्रेरणा दे रहे हैं ।

जीरकपुर के मुखी सुरिंदर कुमार जी ने जोनल इंचार्ज ओ.पी. निरंकारी जी, विधायक कुलजीत सिंह रंधावा, पार्षद नवतेज नवी सहित आसपास के क्षेत्रों से आई साधसंगत व विशेष कर सभी रक्तदाताओं एवं डॉक्टरों की टीम का शिविर में पहुंचने पर धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सतगुरु माता जी का यही संदेश है कि ÷रक्तदान से रक्त संबंध है।÷ रक्तदान सामाजिक कारक न होकर मानवीयता का एक ऐसा दिव्य गुण है जो योगदान की भावना को दर्शाता है।'



# तरुण भंडारी ने सिर पर कलश उठा कर विशाल कलश यात्रा का शुभारम्भ किया

**दैनिक अयोध्या टाइम्स, पंचकूला, हरियाणा, ब्यूरो चीफ अच्छेलाल,**

*** कलश यात्रा में रिकॉर्ड 3500 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया**

*** चर्चित कथावाचक पं. धीरेन्द्र शास्त्री की श्री हनुमंत कथा कलश 26 मई से**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी के सौजन्य से सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से प्रख्यात कथावाचक पं. धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा शालीमार दशहरा ग्राउंड, पंचकूला में 26 मई से होने जा रही श्री हनुमंत कथा के लिए तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। आज इस सिलसिले निकाली गई कलश यात्रा का शुभारम्भ तरुण भंडारी ने स्वयं सिर पर कलश उठा कर की।

कलश यात्रा शिव मंदिर सेक्टर 5 में स्थित फायर ब्रिगेड स्टेशन से शुरू होकर कथा स्थल पर पहुंची। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। कलश यात्रा के लिए महिलाओं की ड्यूटी लगाई गई हुई थी। कलश यात्रा की संयोजक डॉ. भावना की देखरेख में कलश यात्रा सुचारू ढंग से निकाली गई।

इस कलश यात्रा में रिकॉर्ड 3500 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। सभी महिलाओं को कलश, नारियल और चुन्नी संस्था की तरफ से दी गई।

कलश यात्रा आरंभ होने से पहले गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा परिवार ट्रस्ट, पंचकूला के सदस्यों द्वारा कलश यात्रा के आरंभ होने से पहले सभी महिला शक्ति के लिए मंदिर में अल्पाहार की व्यवस्था की गई हुई थी।

तरुण भंडारी ने बताया कि कथा में भाग लेने के लिए प्रदेश भर की जनता में तो उत्साह है ही, साथ ही पड़ौसी राज्यों से भी खूब भीड़ उमड़ेगी। उन्होंने बताया कि देश भर से कई राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों व धर्माचार्यों ने भी भाग लेने के इच्छा जताई है। उन्होंने बताया कि प्रशासन व पुलिस भी इस विशालतम आयोजन को सुचारू रूप से पूर्ण करने के लिए कमर कस चुके हैं।

इस अवसर पर नरेश मित्तल, भूपिंदर सिंह( बब्बू), संदीप गुप्ता, दिनेश गुप्ता, पंकज बंसल, नरेश गोयल, राज मित्तल, साहिल गर्ग, राकेश गर्ग बिट्टू, अमन शर्मा, अक्षय कौशिक, अनिल थापर, , किशन जैन भोथरा,दीपक गुप्ता, विकास, सुरिंदर गोयल, कस्तूरी लाल बंसल, नीरज चौधरी, बिन्दर गुज्जर, सुदर्शन सिंगला, मेघराज गर्ग, मुनीश अरोड़ा, रजनीश बंसल, अशोक जिंदल, विकास गुप्ता,परवीन कंसल, संदीप गुप्ता (सैंडी), राकेश जगोता व अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि 26 मई से 30 मई तक पहली बार बाबा बागेश्वर धाम सरकार का दरबार ट्राइसिटी में लगेगा। पिछले दिनों भक्तों द्वारा कथा स्थल पर भूमि पूजन एवं हवन करने के उपरांत सालासर धाम, राजस्थान से लाई ध्वजा को हनुमंत कथा स्थल पर लगाया गया। उसके पश्चात उपस्थित सभी भक्तों द्वारा राम भक्त हनुमान जी से 25 मई को होने वाली विशाल एवं भव्य कलश यात्रा और 26 मई से 30 मई तक पांच दिवसीय हनुमंत कथा आयोजन को निर्विघ्न सफल बनाने की प्रार्थना की गई थी।

**आम जनता से वाहनों को सही प्रकार से पार्क करने की अपील**

समाजसेवी मुकेश सिंगला ने बताया कि प्रशासन द्वारा वाहनों की पार्किंग के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने साथ आम जनता से भी वाहनों को सही प्रकार से पार्क करने की अपील की ताकि अव्यवस्था की स्थिति पैदा न हो।

**रोजाना शाम को भंडारा बरताया जाएगा**

समाजसेवियों सत पाल सिंगला, बालाजी, अशोक गुप्ता, रमेश जिंदल, देशराज धीमान, संदीप झज्जर, हेमराज, अमन सिंगला, महावीर (बरवाला) व नरेश गोयल द्वारा 26 मई से 30 मई तक रोजाना शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक सेक्टर 5 में पल्लवी होटल के पास भंडारा बरताया जाएगा।

**आम जनता से अफवाहों से गुमराह न होने की अपील की**

तरुण भंडारी व मुकेश सिंगला ने बताया कि श्री हनुमंत कथा के लिए पासेज अथवा प्रवेश हेतु कोई शुल्क नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा कि कुछ शरारती तत्वों द्वारा बेबुनियाद अफवाहें फैलाई जा रहीं हैं। उन्होंने आम जनता से अपील की कि ऐसी अफवाहों से गुमराह न हों।



# दो दिवसीय 8वीं एमराल्ड ताइक्कांडो चैम्पियनशिप 2025 का भव्य समापन



**दैनिक अयोध्या टाइम्स, चंडीगढ़, ब्यूरो चीफ अच्छेलाल,**

*** बच्चों में अनुशासन और आत्मविश्वास देखकर गर्व हुआ÷ - सुरेन्द्र वर्मा**

कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल, सेक्टर 9 में आयोजित दो दिवसीय ÷8वीं एमराल्ड ताइक्कांडो चैम्पियनशिप 2025÷ का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। एमराल्ड मार्शल आर्ट्स एकेडमी की विभिन्न शाखाओं के 3 से 17 वर्ष आयु वर्ग के 500 खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा और खेल भावना का प्रदर्शन किया।

समारोह के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में सिटिज़न अवेयरनेस ग्रुप के चेयरमैन सुरेन्द्र वर्मा; केबीडी के प्रबंध निदेशक रमेश गोयल; भाजपा चंडीगढ़ उत्तराखंड प्रकोष्ठ के चेयरमैन भूपिंदर शर्मा उपस्थित रहे। उनके साथ समाजसेविका मधुलिका स्याल उपस्थित थीं। आयोजक मास्टर शिवराज घर्ती (6वीं डैन ब्लैक बेल्ट, कोरिया) और मास्टर कविता राय घर्ती ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों की ऊर्जा, अनुशासन और खेल भावना की सराहना की और बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु एकेडमी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

इस अवसर पर बोलते हुए सिटिज़न अवेयरनेस ग्रुप के चेयरमैन सुरेन्द्र वर्मा ने कहा, ÷जब मुझे इस कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में आमंत्रण मिला, तो मैं बहुत उत्साहित हुआ और तुरंत स्वीकार कर लिया, क्योंकि मेरी बेटी और बहू दोनों ने इसी स्कूल से पढ़ाई की है। बच्चों में अनुशासन और आत्मविश्वास देखकर मुझे गर्व हुआ। मैं सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देता हूं और आयोजकों मास्टर कविता राय और मास्टर शिवराज घर्ती को इतनी सुव्यवस्थित पुरस्कार वितरण समारोह व खिलाड़ियों की तैयारी के लिए धन्यवाद देता हूं। एकेडमी बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में प्रशंसनीय कार्य कर रही है।÷

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने ताइक्कांडो फाइट, ब्रेकिंग, स्पीड किकिंग और पूमसे जैसी विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया। विजेताओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्रदान किए गए।

वार्षिक पुरस्कार समारोह के दौरान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही, विभिन्न शाखाओं से चुने गए श्रेष्ठ खिलाड़ियों को %स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड% से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर आयोजक मास्टर शिवराज घर्ती ने कहा, ÷हमारा उद्देश्य केवल खेल कौशल विकसित करना नहीं, बल्कि बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी बढ़ावा देना है। हम चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करें।÷

# हाईवे स्थित मिला 70 वर्षीय वृद्ध का शव फेली सनसनी

**दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो**

अछनेरा। विकास खंड के गांव अरसेना के पास राष्ट्रीय राजमार्ग वेद ढाबा के पीछे रविवार सुबह करीब 9 बजे एक 70 वर्षीय वृद्ध का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वृद्ध के पास खाली देशी शराब का पाउच,नमकीन के रेफर,कुछ दवाइयों के साथ डंडा मिला। वृद्ध सफेद शर्ट व सफेद पजामा पहने हुए है। पुलिस की प्रथम जांच में वृद्ध की मौत शराब के सेवन से होना बताया जा रहा है। बाकी जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। पुलिस का कहना हैं कि वृद्ध के शव की अभी पहचान नहीं हुई है। उसके पहचान के प्रयास किए जा रहे है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं।



# वृंदावन के श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास का गठन

**राज्यपाल महोदय ने की अधिसूचना जारी**

मथुरा,लखनऊ।(दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर)सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद श्री बिहारी जी मंदिर कॉरिडोर वृंदावन के श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास 2025 अध्यादेश को आज उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन द्वारा अधिसूचित कर दिया गया है। राज्यपाल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास ट्रस्ट में 18 सदस्य होंगे जिसमें जिलाधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नगर आयुक्त उत्तर प्रदेश बृज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश धर्मार्थ विभाग के एक अधिकारी, बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सहित 11 साधु संत और दो सेवायत शामिल रहेंगे।



सूत्रों को कहना है कि आजकल में योगी सरकार श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास के सीईओ पद पर किसी वरिष्ठ अधिकारी की नियुक्ति कर सकती है। अधिसूचना के अनुसार बोर्ड में दो प्रकार के सदस्य होंगे। पदेन सदस्य के रूप में 7 अधिकारी होंगे तो वहीं 11 अन्य सदस्य प्रतिष्ठित व्यक्ति जिन में संत मुनि गुरु विद्वान मठाधीश महंत आचार्य स्वामी तथा शिक्षा विद उद्यमी समाजसेवी एवं श्री हरिदास जी के वंशज में एक राजभोग दूसरा शयन भोग सेवायत शामिल रहेंगे। सदस्य का कार्यकाल 3 वर्ष रहेगा और कोई भी सदस्य दो बार से अधिक नियुक्त नहीं किया जा सकेगा । सभी सदस्य हिंदू होंगे जो सनातन धर्म को मानने वाले होंगे। न्यास में ऐसा कोई भी ऐसा व्यक्ति सदस्य नहीं बनेगा जिसको कोर्ट द्वारा अपराधी ठहराया गया हो । इसके अलावा मृत्यु त्यागपत्र अथवा अन्य किसी कारण से सदस्य के हटने पर नए सदस्य की नियुक्ति बोर्ड के अन्य सदस्यों द्वारा बहुमत के आधार पर की जाएगी।

सबसे खास बात इस अधिसूचना में यह है कि सरकारी अधिकारी जो साथ सदस्य इस ट्रस्ट में होंगे उनको वोट देने का अधिकार नहीं होगा वह बोर्ड के विचार विर्मश में केवल भाग लेने और राय व्यक्त करने के हकदार रहेंगे। बोर्ड की बैठक तीन माह में एक बार अवश्य होगी।

# संक्षिप्त समाचार

## जिलाबदर अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी संवाददाता विजय कुमार सिंह मुसाफिरखाना अमेठी



पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल सिंह के कुशल नेतृत्व में भाले सुलतान शहीद स्मारक थाना प्रभारी तनुज पाल सिंह मय हमराही पुलिस के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर जिलाबदर अभियुक्त देवेंद्र कौशल उर्फ राजन पुत्र कंचनलाल निवासी पूरब गांव थाना भाले सुलतान शहीद स्मारक को गिरफ्तार किया गिरफ्तारी के संबंध में थाना भाले सुलतान शहीद स्मारक पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

## फरार आरोपित सीमांत के घर कुर्की नोटिस चस्पा

जलालाबाद शामली फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपंद शामली।



थानाभवन क्षेत्र के गांव भनेड़ा उद्दा में पूर्व सैनिक के छोटे भाई परमवीर पर होली के दिन गांव के ही पांच लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया था।उक्त घटनाक्रम के संबंध में थाना थानाभवन पर आरोपितों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है।उक्त मुकदमे में सभी आरोपी फरार हैं पुलिस की दबिशों के बाद भी हाथ खाली हैं अब न्यायालय के आदेश उप निरीक्षक गजेंद्र सिंह ने अपनी टीम के साथ सीमांत पुत्र शिवकुमार के गांव भनेड़ा उद्दा में ढोल मुनादी के साथ धारा 82 के अंतर्गत नोटिस चस्पा कर किए हैं और माननीय न्यायालय का आदेश अनाउंसमेंट के माध्यम से पढ़कर सुनाया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त फरार आरोपित की फरारी के दौरान ही हरियाणा के किसी गांव में शादी हुई है।फरारी के दौरान शादी करने को लेकर चर्चा व्याप्त है।

## तालाब में दलदल होने के कारण नीलगाय के फंसने पर ग्रामीण ने वन विभाग दरोगा को सूचना दी

जलालाबाद शामली फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपंद शामली।

जलालाबाद गांव दखौडी जमालपुर में मंदिर निकट तालाब में नीलगाय के फंसने पर ग्रामीण ने वन विभाग दरोगा को सूचना दी। सूचना पर



गांव में पहुंची वन विभाग की टीम ने तालाब से नील गाय को बाहर निकाला है।

गांव दखौडी जमालपुर में मंदिर के पास तालाब है। तालाब में पानी के साथ दलदल बनी हुई है। जंगल के रास्ते से रात्रि में नीलगाय अंधेरे में तालाब में फंस गई। रविवार दोपहर बाद तालाब निकट निवास कर रहे ग्रामीण ने किसी जानवर को डूबा देख , आसपास ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों ने देखा कि नीलगाय तालाब में फंसी है। तालाब से ग्रामीणों ने निकालने का प्रयास किया। परंतु सफल नहीं हो सके। ग्रामीण सत्येंद्र राणा ने क्षेत्रीय वन दरोगा सत्येंद्र सिंह को सूचना दी। वन दरोगा ने सूचना मिलने पर वनरक्षक सुनील कुमार, पशु रक्षक नीरज कुमार को मौके पर भेजा। काफी समय तक वन विभाग की टीम नीलगाय को निकालने का प्रयास करती रही। बाद में नीलगाय के किनारे निकट आने पर ग्रामीणों की मदद से वन विभाग टीम ने बाहर निकाला । पशुधन प्रसार अधिकारी सतपाल सिंह को सूचना दी हैं। वनरक्षक सुनील कुमार ने बताया कि नीलगाय को चोट आई है। पशु चिकित्सक द्वारा उसका उपचार कराया जाएगा।

## विनय रोहिल्ला उपाध्यक्ष, उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन उत्तराखंड सरकार ने सोमवार को ऋषिकुल मैदान पहुँचकर चारधाम यात्रा पंजीकरण केन्द्र का स्थलीय निरीक्षण किया



हरिद्वार 26 मई 2025। विनय रोहिल्ला उपाध्यक्ष, उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन उत्तराखंड सरकार ने सोमवार को ऋषिकुल मैदान पहुँचकर चारधाम यात्रा पंजीकरण केन्द्र का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पंजीकरण केन्द्र पर यात्रियों की सुविधा हेतु पंजीकरण काउण्टर, बैठने, पेयजल, शौचायलय, चिकित्सा, सुरक्षा आदि व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

उन्होंने देश–विदेश से चार धाम यात्रा हेतु पंजीकरण केन्द्र पहुँचे श्रद्धालुओं से वार्ता करते हुए विभिन्न विषयों पर फीडबैक लिया तथा सभी की सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। पंजीकरण केन्द्र पहुँचे सभी श्रद्धालुओं ने पंजीकरण हेतु किये गये इन्तजामात की भूरी–भूरी प्रशंसा की।

उन्होंने ऋषिकुल मैदान में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि चार धाम यात्रा पर आने वाले दर्शनार्थियों के लिए सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद की गई है तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा बेहतर ढंग से कार्य किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि देश विदेश से आने वाले लगभग 2 लाख 60 हजार तीर्थयात्रियों द्वारा अबतक ऑफलाइन अपना पंजीकरण करा लिया है,उन्होंने कहा कि पिछले दिनों एक दिन में 15 हजार तक व्यक्तियों के रजिस्ट्रेशन भी किए जा चुके है, रजिस्ट्रेशन प्रकिया के लिए तीर्थयात्रियों को अपना अंगूठा एवं फोटो खिंचवानी पड़ती है इस पूरी प्रक्रिया में एक मिनिट का समय लगता है फिर भी लोग शांतभाव से अपना रजिस्ट्रेशन कर रहे है।उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में चार धाम यात्रा के लिए सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद की गई है व्यवस्थाओं में कोइ कमी न रहे इसीलिए आज व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया गया है।

उन्होंने जिला पर्यटन विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को पंजीकरण कराने में किसी भी प्रकार की परेशानी या असुविधा न हो तथा आने वाले श्रद्धालु अपने साथ सुखद यादें लेकर जायें।

इस दौरान बीजेपी जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, जिल महामंत्री आशु चौधरी,उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुशील नौटियाल, विशाल गर्ग,वाशु पाराशर, नितिन चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, श्रद्धालु आदि उपस्थित थे।

# अपरहण या गुमसुदगी में उलझी पारा पुलिस परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई !

☒बीती शनिवार की रात दुकान से घर आ रहा युवक रास्ते से लापता या अपहरण हुवा !

अयोध्या टाइम्स संवाददाता अखिलेश लोधी

काकोरी थाना क्षेत्र के ग्राम चकौली का रहने वाला

युवक राहुल रावत उम्र करीब 20 वर्ष जो कि 24/5/ 2025 की रात 11 बजे करीब घर जाते समय संदिग्ध परिस्थितियों में गयाब हो गया माँ का रो रो कर बुरा है।

गयाब हुए युवक के परिजनों ने बताया कि लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे से चाय की दुकान से घर वापस आ रहा था जब काफी देर रात तक घर नही पहुंचा फोन बंद जाने लगा तो खोज बीन शुरू हुई तो पता चला कि राहुल रास्ते से कहीं लापता हो गया परिजनों ने काफी ढूंढने का प्रयास किया लेकिन युवक का कहीं कोई अता–पता नहीं लगा !

काफी ढूंढने के बाद पीड़ित परिवार ने पारा थाने में दिया लिखित शिकायती पत्र दिया जो गुमशुदगी दर्ज की गई हैं वही काकोरी थाने में भी गुमसुदगी दर्ज कराई गई है। परिजनों ने बदमाशों द्वारा अपरहण की आशंका जताई है कि राहुल के खाते से 5 लाख रुपये निकाले गए हैं और उसका फोन दो तीन बार खुला है कहीं अपरहण करने वाले बदमाश उसके फोन से पैसे ट्रांसफर करा रहे हैं। पीड़ित परिवार के लोग बैंक जाकर खाते लेनदेन रुकवाया।

राहुल के साथ गयाब हुई अन्य समान

( युवक की गाड़ी स्प्लेंडर, नंबर UP 33 HQ 6435 )

( युवक का मोबाइल नंबर 8303050226 )

(5 लाख रुपये सोमवार को ट्रांसफर हुए हैं बदमाशों के खाते में )

पीड़ित परिवार मोबाइल नंबर



7755838972 /8810944766

# अहिल्याबाई द्वारा न्याय पथ से बढ़ते हुए किये गये लोककल्याण के कार्य, अजीत पाल

मनोज सिंह दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला संवाददाता असोथर फतेहपुर

पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अन्तर्गत पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन आज प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री अजीत पाल द्वारा उपस्थित रहे , श्री पाल द्वारा उपस्थित लोगों को लोकमाता के द्वारा तीन सौ वर्ष पूर्ण किये गये लोककल्याण की चर्चा की गई, उन्होंने कहा कि उनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा सड़क निर्माण के साथ ही वृहद वृक्षारोपण कराया गया, राहगीरों को को पीने के पानी की सुचारू ढंग से उपलब्ध हो इसके लिए कुंये बावड़ियों का निर्माण किया गया, जमीनी विवादों से मुक्ति के लिए खसरा व्यवस्था को लेकर कार्य किये गये, लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी द्वारा मातृशक्ति को सशक्त बनाने को लेकर समूह के माध्यम से शक्ति प्रदान की गई , आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी के कार्यों को पथ मान कर देश को आगे ले जा रहे हैं,कार्यक्रम के जिला संयोजक व जिलापंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह द्वारा पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर जी द्वारा देश भर में किये गये धार्मिक जीर्णोद्धार पर विचार रखे गये, श्री सिंह ने बताया कि काशी विश्वनाथ मंदिर, बैजनाथ धाम कालेश्वर महादेव



मंदिर सहित देशभर में मन्दिरों को जिनको आततायियों द्वारा विध्वंस किया गया था उनका जीर्णोद्धार के साथ ही पुनरोद्धार कराया गया, उनके द्वारा सामाजिक कुरीतियां सतीप्रथा पर कठोर आपत्ति जताई गई, कार्यक्रम में उपस्थित जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल द्वारा लोकमाता द्वारा मालवा क्षेत्र के साथ ही सम्पूर्ण देश में किये गये लोककल्याण पथ पर अग्रसर होना है, श्री पाल ने कार्यक्रम में उपस्थित ब्लाक प्रमुखों जिलापंचायत सदस्यों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अहिल्याबाई होलकर के प्रेरणादायक जीवनकाल से बहुत कुछ सीखने को मिलता है, हमें उनके विचारों को जीवन में उतारना चाहिए,जिला संयोजक पुष्पराज पटेल, सम्मेलन के सह संयोजक व जिला पंचायत सदस्य ओम् मिश्रा , जिला महामंत्री उदय लोधी,नीरज सिंह, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी, ब्लाक प्रमुख अमित तिवारी, सन्तोष द्विवेदी,अतुल त्रिवेदी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शिवप्रताप सिंह मंडरांव, मुन्ना सिंह खेसहन,दीपक द्विवेदी, अवनीश मौर्य सहित बड़ी संख्या में जिला पंचायत सदस्य,ब्लाक प्रमुख व पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।।

अयाह शाह, हुसेनगंज फतेहपुर व जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र जिला स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन के साथ ही विधानसभा स्तर पर पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किए गए,अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र के शाह स्थिति शाहमढ में कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां विधायक विकास गुप्ता, जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल सुशील सिंह चंदेल, प्रकाश गुप्ता सहित विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधान उपस्थित रहे, वहीं फतेहपुर सदर विधानसभा का कार्यक्रम विक्रम सिंह की बगिया में आयोजित किया गया जिसमें अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा ने कहा कि आज देश जो उत्तरोत्तर विकास वृद्धि कर रहा है इसकी मजबूत नींव लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी द्वारा देश में रखी गई थी , जहानाबाद विधानसभा पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन मौसमी गेस्टहाऊस जहानाबाद में आयोजित किया गया जिसमें निवर्तमान जिलाध्यक्ष बांदा संजय सिंह द्वारा उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों को पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी द्वारा लोककल्याण के कार्यों को सराहते हुए कहा कि यदि हमें आज समाज सेवा का अवसर मिला है तो सहर्ष पूर्ण निष्ठावान से समाज सेवा करना चाहिए इस अवसर पर स्थानीय विधायक राजेंद्र पटेल, पूर्व जिलापंचायत सदस्य जयंती वर्मा के साथ ही महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रवीण सहित बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे, हुसेनगंज विधानसभा पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन हथगाम क्षेत्र पंचायत सभागार में आयोजित हुई जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कानपुर उत्तरी के निवर्तमान अध्यक्ष दीपू पांडेय द्वारा सम्बोधित किया गया।।

# मुख्यमंत्री द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण योजनाओं का लोकार्पण का संजीव प्रसारण कराया गया व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

• उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, अनुदेशकों व शिक्षामित्रों को किया गया सम्मानित।

दैनिक अयोध्या टाइम्स अब्दुल शकूर

रामपुर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन में बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण योजनाओं के लोकार्पण, शिलान्यास व शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का रामपुर स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी व जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह की उपस्थिति में सजीव प्रसारण कराया गया साथ ही सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक, शिक्षा मित्र एवं अनुदेशकों को सम्मानित किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा में व्यापक सुधार किए हैं आज परिषदीय स्कूल किसी कान्वेंट स्कूल की तुलना में कम नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में गुणात्मक सुधार हुआ है।

जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कहा कि परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षक पूरे मनोयोग से बच्चों को शिक्षण कार्य करायें। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का आईना होता है, पूरा समाज शिक्षा पर ही निर्भर है। बच्चों को जैसी शिक्षा मिलेगी वैसे ही समाज का निर्माण होगा। जिलाधिकारी ने शिक्षकों से समर्पित भाव से शिक्षा प्रदान करने का आह्वान किया।



जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश शिक्षा के साथ अन्य विकास कार्यों में रोजाना नए आयाम स्थापित कर रहा है। परिषदीय स्कूलों और उसमें तैनात शिक्षक अपने गुणवत्तापूर्ण शिक्षण से जिले का नाम देश भर में रौशन कर रहे हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने जिलाधिकारी को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह स्वयं व उनकी टीम और शिक्षक जिले की प्राथमिक शिक्षा को उच्च स्तर तक ले जाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे।

बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय और मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय का तोहफा दिया है। पहले चरण में जिले में 88401 अभिभावकों के खाते में ड्रेस, स्वेटर, जूता, मोजा आदि खरीदने के लिए डीबीटी के माध्यम से धनराशि हस्तांतरित की गई।

जिले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी व बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों मीनू रानी, अनुसेंद्र सिंह, इंद्रजीत कौर, सुनील कुमार, शेफाली शर्मा, सुभाष चंद्र पांडे, शिक्षामित्र जयवीर सिंह, राजेश पाल, जुबेर खान, सना अकील, कमल सिंह और अनुदेशक वीरपाल सिंह, प्रीति पांडे, राजीव कुमार, सुधा वर्मा व नीरज को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि. ध्रा. श्री अमरीश कुमार बिन्द, डायट प्राचार्य नीलम रानी टम्टा, जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली, डीसी राहुल सक्सेना सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# इमरजेंसी सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं पायलट जिले में धूमधाम के साथ मनाया गया पायलट दिवस

• बेहतर कार्य करने वाले पायलट किए गए सम्मानित

विकास चौधरी ब्यूरो प्रभारी दैनिक अयोध्या टाइम्स बस्ती

बस्ती। जनपद में 108 एवं 102 कर्मचारियों के द्वारा सोमवार को जिला महिला अस्पताल बस्ती में पायलट दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। सीएमएस जिला महिला अस्पताल डॉ. अनिल कुमार ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए बस्ती जिले के पायलटों को सम्मानित किया। इस मौके पर एम्बुलेंसों में तैनात पायलट ने एक दूसरे को मुंह मीठा कराकर बधाई दी।

108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवा बस्ती मंडल के रीजनल मैनेजर अनिमेष सिंह ने बताया कि ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज की ओर से 26 मई को पायलट दिवस मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में आज के दिन पायलट दिवस मनाया जाता है। पायलट एम्बुलेंस सेवा में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पायलट 108 एवं 102 एम्बुलेंस में मरीजों की जान बचाने के लिए अहम भूमिका




निभाते हैं। वह ना केवल मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाते हैं बल्कि आपदा एवं आपात स्थितियों में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला अस्पताल बस्ती डॉ. अनिल कुमार ने पायलट राधेश्याम,संत प्रकाश, आलोक,विजय, रामभेज,अमरजीत,दिनेश,प्रदीप,दुर्गेश आदि को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ईएमटी आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को सेवाएं देकर उनकी जिंदगी बचाने का महान कार्य करते हैं। एम्बुलेंस सेवाओं में पायलट की भूमिका महत्वपूर्ण है वे समय से अस्पताल पहुंचाते हैं। मुसीबत के समय निरूस्वार्स्थ भाव से सेवाएं देकर वे समाज में बेहतरीन उदाहरण पेश कर रहे हैं।

ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने पायलट दिवस पर सभी पायलट कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने कहा है कि ष्एम्बुलेंस पायलट इमरजेंसी सेवाओं की रीढ़ की हड्डी हैं। मेडिकल इमरजेंसी में हर पल कीमती होता है।

ऐसे कठिन क्षणों में हमारे एंबुलेंस पायलट का योगदान किसी हीरो से कम नहीं होता। रोड ट्रैफिक, समय का दबाव और मरीज की नाजुक स्थिति के बीच पायलट जिस धैर्य, सूझबूझ और जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाते हैं, वह अत्यंत सराहनीय है।ष

इस मौके पर 108 व 102 एम्बुलेंस प्रोग्राम मैनेजर राजन विश्वकर्मा, जिला एंबुलेंस कोऑर्डिनेटर राधेश्याम और आशीष कुमार मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा युवा कार्यकर्ताओं ने स्मृति ईरानी का गर्म जोशी के साथ किया स्वागत

अमेठी संवाददाता विजय कुमार सिंह मुसाफिरखाना अमेठी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी लोकसभा चुनाव में हार के बाद प्रथम बार अमेठी के एक दिवसीय दौरे के दौरान स्थानीय कस्बा स्थित गौरीगंज तिराहा पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से गर्म जोशी के साथ स्वागत किया।



पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के एक दिवसीय अमेठी आगमन पर कस्बा स्थित गौरीगंज तिराहा पर भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अभिषेक प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्मृति ईरानी का फूल मालाओं के साथ स्वागत करते हुए स्मृति ईरानी जिंदाबाद के नारे लगाए इस दौरान स्मृति ईरानी ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते हुए उनका कुशल क्षेम जाना भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अभिषेक प्रताप सिंह ने कहा कि स्मृति ईरानी ने अमेठी के लिए जो काम किया उसे भुलाया नहीं जा सकता कार्यकर्ता आज भी उनके साथ मजबूती के साथ खड़े हैं इस अवसर पर विशुव मिश्रा आशुतोष सिंह अंकुर तिवारी रणजीत यादव मुकेश निषाद रवि यादव डॉ अभय मंगल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कानूनगो और लेखपाल पर पीड़ित ने लगाए गंभीर आरोप, एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार

मुसाफिरखाना (अमेठी)। तहसील क्षेत्र के मझगवां गांव निवासी अनिरुद्ध तिवारी और कैलाशनाथ तिवारी ने क्षेत्रीय लेखपाल विमल सिंह और कानूनगो पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी धरी खाते की जमीन पर जबरन कूड़ादान के लिए भूमि आवंटित कर दी गई।




पीड़ितों का आरोप है कि उक्त भूमि का चयन राजस्व अधिकारियों द्वारा जानबूझकर किया गया, जिसमें पैसों का लेनदेन भी हुआ। अनिरुद्ध तिवारी ने यह भी आरोप लगाया कि लेखपाल और कानूनगो ने उनकी जमीन को विवादित घोषित कर दिया, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक क्षति उठानी पड़ रही है।

न्याय की गुहार लगाते हुए पीड़ित मुसाफिरखाना एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहाँ उन्होंने उपजिलाधिकारी अभिनव कन्नौजिया को पूरे मामले से अवगत कराया। एसडीएम ने मामले की जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस संबंध में खंड विकास अधिकारी विनय वर्मा ने दूरभाष पर बताया कि कूड़ादान हेतु आवंटित भूमि राजस्व टीम द्वारा चिन्हित की गई है और उसी स्थान पर निर्माण कार्य चल रहा है।

## मृतक आसुतोष के परिवार वालो डा० आसिफ सवेदना देने अपनी टीम के साथ पहुंचे

जलालाबाद शामली फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपंद शामली।

थाना भवन क्षेत्र के गाँव खियावड़ी



के आसुतोष पुत्र सतीश सहारनपुर कॉलेज में मेडिकल का कोर्स कर रहा था वह इंद्र पर्स इंस्टीट्यूट में पेपर देकर निकला ही था बिना कुछ कहने सुनने के बजाय सीधा गोली चला दी जिसमे आसुतोष के माथे पर गोली लगी और मौके पर ही मौत हो गई जिसमें पुलिस ने कुछ को गिरफ्तार भी कर लिया गया जिसमें म्रतक द्वारा तहरीर पर मुकदमा दर्जकर कार्य वही कर दी गई है जिसमे टीम युव जन सेवा समिति म्रतक परिवार वालो से मिली और डॉ आसिफ राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा संवेदना देते हुए पूरा अस्वासन दिया गया कि इस दुःख की घड़ी में वो म्रतक परिवार वालो की साथ खड़े हैं।

## बाबा संत रमता राम चतुर्भुजी महाराज के नाम पर एक भजन लिखा है:कथा व्यास नीरज शास्त्री

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। जहांगीराबाद कस्बे के रामपुर धाम में संत रमता राम चतुभुर्ज महाराज की पुनः मूर्ति स्थापना व श्रीराम नाम ज्ञान यज्ञ व पांच दिवासिय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन नीरज शास्त्री ने प्रभु श्री कृष्णा की कथा सुना कर लोगो को कृष्णा भजनों से खुश कर दिया। श्रीमद्भागवत कथा जहांगीराबाद कस्बे में स्थित रामपुर धाम में पाच दिनों तक चलेगी। कथा के तीसरे दिन कथा व्यास नीरज शास्त्री ने प्रभु श्री कृष्णा की कथा व भजनों सुनाकर लोगो का दिल जीत लिया। कथा व्यास ने बताया की हम ने बाबा संत रमता राम चतुर्भुजी महाराज के नाम पर एक भजन लिखा है जिस को में किसी दिन कथा के मध्य लोगों को गाकर सुनाऊंगा। यह कथा आर जी तूफानी पार्टी द्वारा सुनाई जा रही है। मुर्ति पुनः स्थिापना कार्यक्रम की 24 मई से शुरू हुई थी। यह 28 मई तक चालेगा।

जिस में पांच दिनों तक श्रीराम नाम ज्ञान यज्ञ व 28 मई को प्रातः 8 बजे बाबा की शोभा यात्रा,जिसके बाद मुति स्थापना कर दोपहर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा।



दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284

मंगलवार
27 मई 2025
dainikayodhyatimes.page



# संक्षिप्त समाचार

## सैनिकों को नमन ,आपरेशन सिंदूर को सम्पर्पित काव्य गोष्ठी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ चंद्रप्रकाश आगरा ,26 मई। सरस्वती विद्या मंदिर कमला नगर आगरा में शिक्षक और छात्रों ने किया काव्य गोष्ठी का आयोजन। छात्रों ने आपरेशन सिंदूर को सम्पर्पित सैनिकों के



शौर्य पराक्रम की गाथाओं से भरी वीर रस की एक से बढ़कर एक सुंदर स्वरचित कविताएं प्रस्तुत की। जिनमें छात्र काव्य, सूर्याश, गर्वित, ऋत्विक , ऋद्धिम ,करन,समर्थ, अर्पित,आरव,जितिक, धैर्य,सभी छात्रों ने स्वरचित कविता प्रस्तुत करके समा बांध दिया और तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंज उठा।सभी छात्रों को मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कृष्ण कांत द्विवेदी विजय गोयल, एवं समस्त आचार्यगण उपस्थित रहे। हिंदी प्रवक्ता सरला भारद्वाज के निर्देशन में हिंदी विभाग द्वारा आयोजित इस गोष्ठी ने सभी ने भरपूर आनंद के साथ स्वयं को देशभक्ति के भावों में रंगा।

## राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का हुआ उद्घाटन

दैनिक अयोध्या टाइम्स तम्बौर। आज दिनांक 26/5/2025 को राष्ट्रीय बजरंग दल लखीमपुर शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन हुआ जिसमें राष्ट्रीय बजरंग दल के केंद्रीय अध्यक्ष श्री मनोज सिंह भाई साहब, एवं






अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रांत महामंत्री श्री गौरव द्विवेदी जी भाई साहब,का सानिध्य सभी को प्राप्त हुआ यह वर्ग 30 मई तक चलेगा जिसमें सैकड़ो कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देकर राष्ट्र और समाज के लिए हिंदुत्व की रक्षा के लिए तैयार किया जाएगा आप सर्व हिंदू समाज हमारे राष्ट्रीय बजरंग दल लखीमपुर के प्रशिक्षण वर्ग में सादर आमंत्रित है। देव जुनेजा राष्ट्रीय बजरंग दल विभाग अध्यक्ष सीतापुर आशुतोष वर्मा जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल सीनू मिश्रा बजरंगी जिला कार्यअध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छुट्टा गोवंशों की सूचना को लेकर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा गौ आश्रय स्थलों में गौ वंशों को संरक्षित करने को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

पुष्कर शर्मा विशिष्ट जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) आशीष कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में गौ आश्रय स्थलों के संबंध में आयोजित बैठक में निर्देश दिए कि छुट्टा गोवंश की सूचना मिलने पर उन्हें गौ आश्रय स्थल में संरक्षित किया जाए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा निर्देश दिए कि गौ आश्रय स्थलों की साफ–सफाई और रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए



तथा एकत्र कंपोस्ट खाद को विक्रय कर अर्जित धनराशि को गोवंश आश्रय स्थल के नाम संचालित खाते में जमा किया जाए। अपर जिला अधिकारी द्वारा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि स्वाभाविक प्राकृतिक गोवंश की मृत्यु होने पर पंचनामा के आधार पर शव का निस्तारण किया जाए, किंतु किसी संदेह की अवस्था हो तो उस शव का पोस्टमार्टम अवश्य कराया जाये। साथ ही गो आश्रय स्थलों की नियमित निगरानी की जाए, ताकि गोवंश की स्थिति की सही जानकारी मिल सके उन्होंने कहा कि गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों के भरण पोषण हेतु धनराशि समय से भेजी जाये। इसी प्रकार गोवंश सहभागिता योजना के अन्तर्गत गोवंश भरण पोषण हेतु लाभार्थी को धनराशि देने से पूर्व क्रास वैरीफिकेशन अवश्य कराया जाये। सभी गो आश्रय स्थलों पर पशुओं के लिए पर्याप्त चारा, पानी और चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिये।बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 सुनील दत्त, उपायुक्त उद्योग श्री धनंजय सिंह, जिला अग्रणी प्रबंधक अमरेंद्र कुमार सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा दिलाई गई कान्यकुब्ज पत्रकार समिति प्रेस क्लब के पदाधिकारियो को शपथ

मो मुनब्बर अयोध्या टाइम्स तिर्वा,कन्नौज। डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय मेडिकल कॉलेज, तिर्वा के सभागार में आयोजित कान्यकुब्ज पत्रकार समिति प्रेस क्लब, कन्नौज के शपथ ग्रहण समारोह में उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि पत्रकारिता में नैतिकता, साहस और विश्वसनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए इसे समाज की आवाज और अन्याय के





खिलाफ हथियार करार दिया। महाना ने कहा, "डिजिटल युग में सूचनाएँ तेजी से फैलती हैं, जिससे पत्रकारों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है।" कन्नौज जैसे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक क्षेत्र में पत्रकारिता को स्थानीय मुद्दों को राष्ट्रीय मंच तक पहुँचाने का माध्यम बनना चाहिए। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से निष्पक्षता और सत्य के प्रति अटल रहने का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने अध्यक्ष विमलेंद्र सिंह बघेल, महामंत्री राजीव नयन त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष मोहम्मद शकील अहमद सहित सभी पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार शिवा अवस्थी ने कहा, कन्नौज की खुशबू इत्र के रूप में विश्वभर में फैली है। यहाँ से जाने के बाद मुझे कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले। पत्रकारिता को जीवंत रखने के लिए जनता से जुड़े मुद्दों को उठाना और सरकार के सकारात्मक कार्यों को सामने लाना जरूरी है।"इस अवसर पर प्रेस क्लब ने विधानसभा अध्यक्ष को एक माँगपत्र सौंपा, जिसमें पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड योजना में शामिल करने, एक्सप्रेस–वे और नेशनल हाईवे पर टोल–मुक्त सुविधा, पत्रकारों के लिए आयोग गठन, आवास योजना में शामिल करने, कन्नौज में प्रेस क्लब भवन निर्माण और पत्रकारों के लिए निश्चित मानदेय की व्यवस्था की माँग शामिल थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अरुण तिवारी ने की। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, विधायक कैलाश राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, पूर्व विधायक अरविंद प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में पत्रकार और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, पुरुलिया में समर कैंप का भव्य समापन

पुरुलिया। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, पुरुलिया में चल रहे समर कैंप का सोमवार उत्साहपूर्ण समापन हुआ। सुबह कार्यक्रम की शुरुआत योगा सत्र से हुई, जिसमें छात्रों ने तन और मन की एकाग्रता के गुर सीखे। इसके बाद जुम्बा डांस में बच्चों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया, जिससे वातावरण ऊर्जा और उल्लास से भर गया। इसके पश्चात स्कूल प्रांगण में म्यूजिकल चेयर रेस, क्रिकेट तथा अन्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों और अभिभावकों ने अपनी प्रतिभा और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का समापन सभी छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करने के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावकों एवं दर्शकों की उपस्थिति रही। इस





मौके पर स्कूल के चेयरमैन श्री नरेश अग्रवाल ने कहा, हमारा प्रयास है कि बच्चों को अकादमिक शिक्षा के साथ–साथ खेल, योग और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सम्पूर्ण विकास के अवसर मिलें। समर कैंप ने बच्चों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को निखारने का कार्य किया है। वहीं कुशल एजुकेशनल फाउंडेशन के ट्रस्टी श्री कुशल अग्रवाल ने जानकारी दी और कहा, दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, पुरुलिया शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। बच्चों की खुशी और उनके उज्ज्वल भविष्य को देखकर हमें गर्व होता है। यह समर कैंप इस दिशा में एक सफल कदम साबित हुआ है। अभिभावकों ने समर कैंप की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और भविष्य में भी इस प्रकार के रचनात्मक व ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने अनुरोध किया।

# अस्थियाँ विसर्जित करने गये अमेठी के 03 लोगों की गंगा नदी में डूबकर मौत

अयोध्या टाइम्स एस बी यादव ब्यूरो चीफ अमेठी। जनपद के थाना जगदीशपुर जगदीशपुर के अंतर्गत ग्राम पालपुर निवासी रामकिशोर कौशल की अस्थियों का विसर्जन करने के लिए उनके स्वजन परिवार सहित रायबरेली जनपद के डलमऊ के रानी शिवाला घाट पहुंचे थे। विर्सजित करने बाद गंगा स्नान के दौरान एक के बाद एक नौ लोग पानी में बहते हुए चले गए। मछुआरों की मदद से नदी में डूबे चंद्र कुमार कौशल 60 वर्ष, बाल चंद्र कौशल 40 वर्ष और आर्यन 13 वर्ष को गंभीर





हालत में डलमऊ सीएचसी ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्थानीय मछुआरों की मदद से डूब रहे अन्य 06 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। शेष तीन की मौत की हो गई। घटना की सूचना घर में मिलने पर मातम छा गया। वहीं पर घटना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। जिसने क्षेत्रीय लोगों का तॉता लग गया। पुलिस ने भीड भाड के बीच तीनों शवों का आंन्तिम संस्कार कराया।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक किया जाएगा आयोजित

– कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो ने अभियान के तैयारियों के संबंध में ली बैठक

पुलकित दास महंत जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स सक्ती, 26 मई 2025। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की सहभागिता से जिले में 29 मई से 12 जून 2025 तक विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने किसानों के बीच प्रमुख खरीफ फसलों की नवीनतम तकनीकों, शासन की योजनाओं तथा मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के प्रति जागरूकता







बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने अभियान के माध्यम से किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर संतुलित उर्वरक उपयोग, सूक्ष्म पोषक तत्वों की मात्रा, तथा जैविक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करने कहा। साथ ही किसानों से प्राप्त सुझावों, नवाचारों और समस्याओं का संकलन कर उन्हें योजनागत क्रियान्वयन में शामिल करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पीएम किसान, डिजिटल एग्रीकल्चर सहित विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ड्रोन तकनीक, स्थानीय स्तर पर जैविक कीटनाशी निर्माण, एवं अन्य नवीन कृषि विधियों पर जीवंत प्रदर्शनी आयोजित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने धान की जगह अधिक लाभकारी फसल दलहन, तिलहन एवं मक्का उत्पादन, तथा नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग एवं एडिबल ऑयल मिशन की जानकारी किसानों को देने के निर्देश दिए। इसे साथ उन्होंने अभियान का व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर उप संचालक कृषि श्री शशांक सिंदे सहित संबंधित अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

# जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत ग्राम नगरदा में हुआ समाधान शिविर का आयोजन







– समाधान शिविर में जनसमस्याओं का हुआ त्वरित निराकरण

पुलकित दास महंत जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स सक्ती, 26 मई 2025। छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार आम जनता की समस्याओं के समयबद्ध निराकरण, शासन की जनकल्याण कारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु आज जनपद पंचायत सक्ती के ग्राम पंचायत नगरदा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत जर्वे, सुन्दरेली, सोनगुढा, धनुपर, बोकरामुडा, सकरेलीखुर्द, नगरदा, कुरदा, बासीन, सेन्दरी, पुटेकेला, चमराबरपाली कलस्टर से कुल 2237 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 2233 आवेदनो का निराकरण किया गया तथा शेष आवेदनों का प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण किया जा रहा है। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्राप्त हुआ था। शिविर में जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलो का अवलोकन कर अधिकारियों से सुशासन तिहार में प्राप्त मांगों और शिकायतों के निराकरण की जानकारी ली एवं प्राथमिकता के साथ सभी आवेदनों का निराकण करने कहा। समाधान शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागवार प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी आवेदकों को दी गई तथा शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियो को लाभान्वित भी किया गया। समाधान शिविर मे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र का वितरण, मनरेगा अंतर्गत जॉब कार्ड का वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड का वितरण सहित विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहीमूलक सामग्रियों का भी वितरण किया। इसके साथ ही अन्नप्राशन एवं गर्भवती माताओं को गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में पूर्व विधायक श्री डॉ खिलावन साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कमल किशोर पटेल,जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीतू ऋषि रॉय, जिला पंचायत सदस्य श्री आयुष शर्मा, एसडीएम सक्ती श्री अरुण कुमार सोम, तहसीलदार श्री विद्या भूषण साव सहित नगरदा कलस्टर क्षेत्र के सरपंच, सचिव एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण,जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारीगण, स्व सहायता समूहों के सक्रिय महिलाएं उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का उठाएं लाभ

– शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत पात्रता हेतु निर्धारित आय सीमा में एवं देय धनराशि में की गई वृद्धि

– सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत शादी विवाह कार्यक्रम के आयोजन पर प्रति जोडें की दर से कुल एक लाख रुपये धनराशि की जाएगी व्यय

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ चंद्रप्रकाश आगरा, 26 मई। जिला समाज कल्याण अधिकारी जी०आर० प्रजापति ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत पात्रता हेतु निर्धारित आय सीमा में वृद्धि एवं देय धनराशि में वृद्धि करते हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं। इसके साथ ही योजनान्तर्गत जनपद आगरा को 951 जोडों हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि नवीन शासनादेशानुसार योजनान्तर्गत रू0 60000/–कन्या के खाते में एवं रू0 25000/–मूल्य की वैवाहिक उपहार सामग्री तथा रू0 15000/–कार्यक्रम के आयोजन पर प्रति जोडें की दर से कुल रू० 100000/–(रू० एक लाख मात्र) की धनराशि व्यय किये जाने का प्राविधान किया गया है, जिसमें योजनान्तर्गत पात्रता की शर्तें यथा कन्या के अभिभावक उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हों। कन्या/कन्या के अभिभावक निराश्रित, निर्धन तथा जरूरतमंद हों। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय सीमा अधिकतम रू0 300000.00 (रूपये तीन लाख) तक होगी।

विवाह हेतु किये गये आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है तथा वर के लिये 21 वर्ष की आयु पूर्ण हो गयी हो। आयु की पुष्टि के लिये स्कूल शैक्षिक रिकार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड मान्य होंगे। कन्या अविवाहित हो अथवा विधवा, परित्यक्तता/तलाकशुदा जिसका कानूनी रूप से तलाक हो गया हो का पुनर्विवाह किया जाना हो। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। कन्या का बैंक खाता। विवाह हेतु निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री, ऐसी कन्या जो स्वंय दिव्यांग हो को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।

उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि इच्छुक व्यक्ति उक्त योजना का लाभ लिये जाने हेतु आनलाइन पोर्टल/वेबसाइट https://cmsvy-upsdc.gov.in पर अपना आवेदन पत्र सम्पूर्ण औचारिकताओं के साथ किसी भी जन–सुविधा केन्द्र, साइबर कैफे, निजी इन्टरनेट केन्द्र के माध्यम से अथवा स्वंय आनलाइन कर सकते हैं तथा अधिक जानकारी के लिये अपने क्षेत्र के खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, नगरीय निकाय कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

# नहटौर मे मदरसा फैज उल उलूम मे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता अमरकांत शर्मा नहटौर। मदरसा फैज उल उलूम में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

रविवार को मौहल्ला पीर शहीद काला मदरसा फैज उल उलूम में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

एलकेजी में शीजा ने प्रथम, यूकेजी में आयशा ने प्रथम, नर्सरी में हुमैरा ने प्रथम स्थान, कक्षा 1 में आयत ने प्रथम, कक्षा 2 में तसमिया ने प्रथम, कक्षा 3 में अलीजा ने प्रथम, कक्षा 4 में सोफिया ने प्रथम, कक्षा 5 में रुकय्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सभी छात्र छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें मुबारकबाद देते हुए कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करे। साथ ही उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि पढ़ाई के साथ साथ तहजीब भी सीखे । साथ ही उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर बच्चों को संवारने का काम करे।

इस अवसर पर डॉ अहमद मिया, मसूद अहमद, कारी हारून, शब्बू सभासद, मौ आसिफ, नफीस अहमद, अमीर अहमद, हाफिज ताहिर, तारिक रब्बानी, मौ कामिल, अब्दुल कादिर, लईक अहमद आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हनीफ सैफी ने की।



# चौरंगी फाड़ी में नए भवन का उद्घाटन एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

कुल्टी। आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के अयुक्त सुनील कुमार चौधरी ने सोमवार कुल्टी थाना अंतर्गत चौरंगी फाड़ी में नवनिर्मित भवन का फीता काट कर उदघाटन किया। जिसमें पुलिस कर्मियों के लिये बैरक, फाड़ी प्रभारी कक्ष एवं आवास हैं। उद्घाटन कार्यक्रम पर चौरंगी चौकी परिसर में श्उत्सर्गश कार्यक्रम के तहत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस कर्मियों, सीवीक एवं स्थानीय लोगो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान किया। आयुक्त सुनील कुमार चौधरी ने कहा रक्त की कमी को दूर करने के लिए आसनसोल दुर्गापुर पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत प्रत्येक पुलिस थाना, फाड़ी में रक्तदान शिविर आयोजित की जा रही हैं। इस पहल के माध्यम से हम समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा चौरंगी फाड़ी का नया भवन पुलिस कर्मियों के काम को सुविधाजनक बनाने में





महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह क्षेत्र में सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में डीसी वेस्ट संदीप कर्रा, एसीपी कुल्टी जावेद हुसैन, कुल्टी थाना प्रभारी, चोरांगी फाड़ी प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत जाजंग के समाधान शिविर में आमजन को मिला त्वरित समाधान

पुलकित दास महंत जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स सक्ती, 26 मई 2025। छत्तीसगढ़ शासन की अभिनव पहल 'सुशासन तिहार' प्रदेश में पारदर्शी,



संवेदनशील एवं जवाबदेह प्रशासन की दिशा में एक सशक्त प्रयास सिद्ध हो रहा है। इसके अंतर्गत आयोजित समाधान शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत ग्राम पंचायत जाजंग मे समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में अपनी समस्या लेकर पहुंचे निवासी श्री शिव कुमार गबेल को मनरेगा जॉब कार्ड प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि उन्हें शिविर स्थल में तत्काल मनरेगा जॉब कार्ड बनाकर वितरित किया गया। मौके पर ही मनरेगा जॉब कार्ड पाकर गद्गद् श्री शिव कुमार गबेल ने कहा कि उम्मीद से जल्दी उन्हें जॉब कार्ड मिल गया। उन्होंने बताया कि जॉब कार्ड के अभाव में शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा था। अब जॉब कार्ड बन जाने से ये सभी समस्याएं खत्म हो जाएगा। श्री शिव कुमार गबेल ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए कहा कि जनकल्याण को समर्पित सुशासन तिहार न सिर्फ योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचा रहा है, बल्कि आमजन में विश्वास और संतोष की भावना भी जगा रहा है।

# ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के शौर्य पर निकाली गई तिरंगा यात्रा



दैनिक अयोध्या टाइम्स तम्बौर तम्बौर,सीतापुर। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य प्रदर्शन का वंदन अभिनंदन तिरंगा यात्रा ग्राम हैंठा से राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा गांव–गांव भ्रमण करते हुए तम्बौर नगर में घूमते हुए देवी माता मंदिर तंबौर में समापन किया गया और लोगों को जागरूकता के बारे में लक्ष्मी नारायण गुप्ता के द्वारा संदेश पहुंचाया गया जिसमें राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा बाइक यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के कार्यकर्ता मौजूद रहे और वंदे मातरम जय श्री राम के नारे लगाए गए साथ में पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा है जिसमें मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, संजय अवस्थी, योगेश तिवारी, सुरेश यादव, रमाकांत श्रीवास्तव, विजय तिवारी, सुभाष तिवारी, शिवकुमार तिवारी ,सुंदरलाल तिवारी, राम लखन तिवारी विजय वर्मा बजरंगी, नीरज बजरंगी जिला सहसंयोजक बजरंग दल, नवनीत, विमल हिंदू, ललित रस्तोगी, ललित वर्मा, अंकित वर्मा, आलोक मिश्रा, नरेंद्र तिवारी, रवि हिंदू, और सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे लगाए भारत माता के जयकारे और किया श्री रामचंद्र जी का जय घोष जय श्री राम।

# एनएचएम संघ सीतापुर ने 7 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

दैनिक अयोध्या टाइम्स तम्बौर तम्बौर,सीतापुर। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ जनपद शाखा सीतापुर के जिला अध्यक्ष डॉ० पीयूष बाजपेयी के नेतृत्व में संविदा कर्मचारियों ने सूबे के उप मुख्यमंत्री व प्रदेश सरकार के कैबिनेट स्वास्थ्य मंत्री को सम्बोधित अपनी 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला अधिकारी सीतापुर व मुख्य चिकित्साधिकारी सीतापुर को सौंपा। संगठन के महामंत्री अजेन्द्र ने बताया कि इस बढ़ती महंगाई में संविदा कर्मचारियों का वेतन बहुत कम है संविदा कर्मचारियों को भी महंगाई भत्ता, ई.पी.एफ. का लाभ मिलना चाहिए। जिला अध्यक्ष डॉ०पीयूष बाजपेयी ने बताया कि सरकार स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों के साथ भेदभाव कर रही है, हमारी अन्य मांगे जैसे रिक्त पदों पर गैर जनपद स्थानांतरण, आउटसोर्स से तैनात डाटा ऑपरेटर का समायोजन, संविदा कर्मचारियों को एच.आर.ए., स्वास्थ्य बीमा का लाभ, 7 और 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके कर्मचारियों को लॉयल्टी बोनस, पिछले 3 वर्ष से लम्बित च्डडटल योजना का कर्मचारियों की लम्बित प्रोत्साहन राशि का भुगतान सहित 7 मांगे ज्ञापन में शामिल हैं संगठन




के प्रदेश महामंत्री आदित्य भारती ने बताया कि प्रदेश के समस्त जनपदों में आगामी 3 दिनों में ज्ञापन प्रक्रिया पूर्ण कराई जायेगी यदि 5 जून तक हमारी मांगों पर सकारात्मक रूप से विचार नही किया जाता है तो प्रदेश के समस्त संविदा कर्मचारियों के साथ लखनऊ पहुँच कर विरोध प्रदर्शन करने हेतु संगठन बाध्य होगा इस ज्ञापन कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डॉ०पीयूष बाजपेयी, महामंत्री अजेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष कवीन्द्र बाजपेयी, डाटा मैनेजर महताब अंसारी, उपाध्यक्ष अमित शर्मा सहित दर्जनों कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रालोद के राष्ट्रीय सचिव जगपाल दास का निधन



वरदान दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता रामपुर मनिहारान सहारनपुर। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव और समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष जगपाल दास के निधन से सहारनपुर ने एक संघर्षशील, सिद्धांतवादी और जनसेवक नेता को खो दिया। वे समाजवादी आंदोलन के स्तंभ रामशरण दास के सुपुत्र थे और अपने पिता की तरह राजनीति को जनसेवा का माध्यम मानते रहे। जगपाल दास ने हमेशा ईमानदारी, सादगी और सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता दी। उनके नेतृत्व में संगठन ने अनेक उपलब्धियाँ हासिल कीं और जनआंदोलनों को नई धार मिली। उनके निधन से न सिर्फ राजनीतिक बल्कि सामाजिक क्षेत्र में भी रिक्तता उत्पन्न हुई है। सहारनपुर महानगर अध्यक्ष ब्रजभूषण चौहान ने उन्हें निडर, जुझारू और प्रेरणास्रोत नेता बताते हुए कहा कि उनकी भरपाई संभव नहीं है। संपूर्ण जनपद उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

## प्राइवेट बस चालकों में सवारियों को लेकर मारपीट, फायरिंग से दहशत



भीखमपुर, संवाददाता। मोहम्मदी लखीमपुर मार्ग पर आवंला जंगल में सवारियों को ले जाने वाली बस को दूसरी बस ने दिनदहाड़े जोरदार टक्कर मार कर कई राउंड फायरिंग करते हुए हमला कर दिया। हमलावरों ने चालक समेत स्टाफ को धमकाते हुए धारदार हथियार से हमला कर किया। हमले में 3 लोग घायल हुए।मौके पर पहुंची हैदराबाद पुलिस ने सभी घायलों 112 से मोहम्मदी सीएचसी भेज दिया। सिकंद्राबाद से झज्झर हरियाणा को प्रतिदिन जाने वाली प्राइवेट बस को आंवला जंगल में हमला करने वाली दूसरी हमलावरों की बस ने जोरदार टक्कर मार दी। अज्ञात हमलावरों ने बस को टक्कर मारने के बाद बस रोककर कई राउंड फायरिंग करते हुए बस में चढ़कर चालक और स्टाफ पर हमला करते हुए धमकाया। हमलावरों का कहना था कि हमारी बस लोकल की ही इस लिए चलेगी इस रूट पर।

फायरिंग को करने को लेकर वहां से निकलने वाले यात्री और प्रत्यक्षदर्शियों कई राउंड फायरिंग होना बताया ।हैदराबाद पुलिस फायरिंग को सही नहीं मान रही ।दिनदहाड़े हुई घटना में हमले में घायल चालक कादिर 45 पुत्र सरतार निवासी गांव अहसैनी थाना गढ़मुक्तेश्वर जिला हापुड़, हेल्फर फैजान 30 पुत्र इमरान आहार थाना अहारी बुलंदशहर ।सोनू ठाकुर पिता ज्ञानचंद ठाकुर कस्बा स्याना थाना स्याना जिला बुलंदशहर हेल्फर घायल हुए हो गए। क्षेत्र में हुई इस घटना से प्रत्यक्षदर्शी और गुजरने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। डरे सहमें राहग व वाहन चालक सकेथू तकिया, मोहम्दाबाद से आंवला गांव से रास्ते को बदलकर तीन से चार किलोमीटर दूरी से निकल। दूसरी बस अफसर मोहम्मदी चालक और हेल्फर समेत स्टाफ के 4 लोगों लोगों ने दिन के 3 बजे के करीब हमला किया। सिकंदराबाद से झज्जर हरियाणा को प्रतिदिन 4 लोग अपनी बस चलाना चाहते हैं।

## डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

❑ मृतक कानपुर के बर्रा निवासी हैं, घटना के बाद चालक डंपर लेकर फरार हुआ। ❑ पैदल जा रहा वृद्ध भी चपेट में आने से हुआ घायल।



औरैया। सदर कोतवाली क्षेत्र में जालौन चौराहे के पास सर्विस रोड पर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार पिता–पुत्र को कुचल दिया। जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दोनों बाइक सवार कानपुर से भिंड किसी काम से जा रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। वहीं सर्विस रोड पर पैदल जा रहा एक वृद्ध चपेट में आने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे सैफई रेफर कर दिया।

इटावा जिले के सिंडौस थाना क्षेत्र के जाजेपुर के मूल निवासी सुरेंद्र सिंह 45 पुत्र अमर सिंह अपने परिवार के साथ कानपुर के बर्रा में रहते थे। सोमवार को वह अपनी पुत्र अनुज 18 के साथ बाइक से सुबह लगभग 10:30 बजे भिंड जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक सदर कोतवाली क्षेत्र के जालौन चौराहे के पास सर्विस रोड पर पहुंची ही थी कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें कुचल दिया। इसी दौरान सर्विस रोड पर पैदल जा रहा 65 वर्षीय अज्ञात वृद्ध चपेट में आने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे सैफई रेफर कर दिया। वहीं घटना के बाद चालक डंपर लेकर भाग गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। साथ ही मृतक के परिजनों को सूचना दी। पिता–पुत्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ललितेश नारायण त्रिपाठी ने बताया कि घटना में बाइक सवार पिता–पुत्र की मौत हो गई। दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

वहीं टक्कर मारकर भागने वाले डंपर की पुलिस तलाश कर रही है। सीओ सिटी अशोक कुमार ने बताया कि डंपर चालक की तलाश में पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जल्द ही डंपर व चालक पुलिस की कस्टडी में होंगे।

## भोर सुवह तक चलता रहा मैया का दरबार



अजीतमल,औरैया। तहसील क्षेत्र के ग्राम हैदरपुर में रात्रि में माता रानी जगराता का आयोजन किया गया। जगराते में कानपुर से आयी जगराता की टीम सदस्यों द्वारा गणेश पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कानपुर से आएं गायक कलाकारों बेटा जो बुलायें, मां को आना चाहिए , तूने मुझे बुलाया सेरा वालिये..... तेरा भवन सजा है फूलों से ,उन फूलों की महिमा खास है.....मैया का चोला है रग ला .....ओ जंगल के राजा, मेरी मैया को लेके आ जा, गाकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी तथा भोर सुवह तक चले मातारानी के जगराते के भक्त गण भक्ति के रंग में सरा बोर बने रहें। सुबह मातारानी की आरती एवं कार्यक्रम के सयोंजकसुनील माथुर ने सभी को प्रसाद का वितरित किया गया। इस अवसर क्षेत्र के सैकड़ों भक्त मौजूद रहें।

## प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा

**❑ अवैध खनन, निर्माण और अतिक्रमण के विरूद्ध हो टीम बनाकर कार्यवाही। ❑ उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को करें आमंत्रित। ❑ जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर एक बेहतर कार्ययोजना बनाते हुए अभियान चलाकर जनपद को कराएं अतिक्रमण मुक्त। ❑ नियमानुसार कालोनियां बनाने के लिए कोलोनाइजर को करें प्रोत्साहित। ❑ ओवरलोड वाहनों पर सख्ती से की जाए कार्यवाही। ❑ नशीले पदार्थ बेचने एवं बिकवाने वालों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए – प्रभारी मंत्री। ❑ हर घर नल से जल योजना में प्रगति लाने के साथ मानक अनुसार सड़कों के शत–प्रतिशत रेस्टोरेशन के दिए निर्देश – सुनील शर्मा।**



दैनिक अयोध्या टाइम्स, सहारनपुर। मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग तथा प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आहूत की गई। सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि कोलोनाइजर के साथ बैठक कर उन्हें नियमानुसार कालोनियां काटने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही नियम विरूद्ध नई कालोनियां काटने वालों पर, प्रारम्भिक स्थिति में ही सख्त कार्रवाई की जाए। सुनील कुमार शर्मा ने जनप्रतिनिधियों द्वारा अतिक्रमण की समस्या का संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर एक बेहतर कार्ययोजना बनाते हुए अभियान चलाकर जनपद को अतिक्रमण मुक्त कराएं। आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सख्ती से अतिक्रमण हटाया जाए। संबंधित चौंकी इंचार्ज सुनिश्चित कराए कि नगर निगम द्वारा हटाए गया अतिक्रमण दोबारा न हो। आईजीआरएस एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त प्रकरणों में शिकायतकर्ता से वार्ता कर गुणवत्तापूर्ण तरीके से शिकायत निस्तारित कराएं। जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों एवं अन्य योजनाओं में जनप्रतिनिधियों की शिकायतों एवं सुझावों को अनदेखा न किया जाए। शिकायतों के निस्तारण के समय एवं बाद में भी जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जाए। निर्माणाधीन परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ ही समयबद्धता से पूरा किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर उनकी विधानसभाओं में निर्माणाधीन एवं शुरू होने वाले कार्यों की सूची उपलब्ध कराई जाए। सुनिश्चित करें कि उद्घाटन एवं शिलान्यास के समय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए एवं शिलापट्ट पर उनका नाम अंकित कराया जाए। हर घर नल से जल योजना की समीक्षा के दौरान उन्होने कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिए कि पाईपलाइन बिछाने के लिए तोडी गयी सडकों का मानक के अनुसार रेस्टोरेशन किया जाए। कानून व्यवस्था की समीक्षा में उन्होने निर्देश दिए कि नशे के विरूद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करें। उन्होने कहा कि सीमावर्ती जनपद होने के नाते आबकारी विभाग सजग रहते हुए अवैध एवं कच्ची शराब पर पूर्ण रोक लगाए। उन्होने निर्देश दिए कि नशे के कारोबारियों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होने कहा कि अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई की जाए।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने प्रभारी मंत्री को आशवस्त किया कि आपके द्वारा दिए गये निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर महापौर डॉ0 अजय सिंह, विधायक नगर राजीव गुम्बर, विधायक नकुड मुकेश चौधरी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, नगर आयुक्त शिपू गिरि, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, सिटी मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## लखनऊ में आयोजित बेसिक शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों का जनमंच में देखा गया सजीव प्रसारण

**❑ देश के विकास की पहली सीढी शिक्षा – प्रभारी मंत्री। ❑ प्रभारी मंत्री ने सेल्फी प्वाईंट पर बच्चो के साथ ली सेल्फी, स्टालों का किया निरीक्षण। ❑ जनपद में 149310 छात्र–छात्राओं के अभिभावकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रति छात्र 1200 रूपये स्थानान्तरित। ❑ 454 विद्यालयों को टैबलेट, 40 विद्यालयों को स्मार्ट टीवी पैनल वितरण के साथ ही आदर्श शिक्षकों का किया गया सम्मान। ❑ विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही आधारभूत संरचना उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता। ❑ प्रदेश में पारदर्शिता एवं बिना भेदभाव के हो रही भर्तियां। ❑ सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों तथा आमजनों से की अपील, 06 से 14 वर्ष के शत–प्रतिशत बच्चों का विद्यालय में हो नामांकन।**



दैनिक अयोध्या टाइम्स, सहारनपुर। बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालय में शिक्षण अधिक सुचारु से कराए जाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम का लोकार्पण एवं उद्घाटन लोक भवन, लखनऊ से मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया गया। इसके तहत स्कूल चलो अभियान, बेहतर शिक्षा एवं उन्नत भविष्य के दृष्टिगत डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों का सम्मान, उत्तर प्रदेश निपुण प्रदेश के संबंध में भी जानकारी दी गयी। मुख्यमंत्री द्वारा कक्षा तीन से 12 के लिए निपुण प्लस का बटन दबाकर उद्घाटन, 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के भवन का लोकार्पण, 43 मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय तथा 66 अभ्युदय विद्यालयों का उद्घाटन किया गया। जनपद के जनमंच सभागार में माननीय मंत्री इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग तथा प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। जिसके अनुक्रम में जनपद में 149310 छात्र–छात्राओं को डीबीटी स्थानांतरण के रूप में अभिभावकों के खातों में 1200 रुपए दो जोड़ी यूनिफॉर्म, जूता मोजा, स्कूल बैग, स्टेशनरी क्रय करने के लिए अंतरित किए गए। 40 विद्यालयों को स्मार्ट टीवी पैनल वितरण, समर कैंप को प्रभावशाली तरीके से संचालित कर रहे पांच आदर्श शिक्षकों का सम्मान, 454 विद्यालयों को टैबलेट वितरण, जनपद में बेहतर कार्य कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश त्यागी को सम्मानित किया गया। प्रभारी मंत्री को जिलाधिकारी मनीष बंसल ने काष्ठ की बनी गणेश जी की प्रतिमा भेंट की। जनमंच परिसर में बेसिक शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न पटलो से संबंधित सामग्री यथा गणित किट, विज्ञान किट, वंडर बॉक्स, चहक किट, सहायक शिक्षण सामग्री, दिव्यांग बच्चो हेतु विभिन्न शिक्षण सामग्री, कक्षा 1 से 8 तक की समस्त पाठ्य पुस्तक आदि का प्रदर्शन किया गया। साथ ही बच्चो के साथ सेल्फी भी मुख्य अथिति द्वारा ली गई।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल द्वारा विभाग में चल रही विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि किसी भी देश के विकास की पहली सीढी शिक्षा ही होती है। विद्यालयों में बेहतर शिक्षा के साथ ही मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। शिक्षक सहित अन्य सभी भर्तियां बिना भेदभाव एवं पारदर्शिता के साथ की जा रही है। वर्तमान सरकार शिक्षा के स्तर को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। समस्त शिक्षक–शिक्षिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इन योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से तब माना जाएगा जब हमारे पास सरकारी विद्यालय में दाखिला कराने की सिफारिश आए। मुझे विश्वास है कि शिक्षक शिक्षा व्यवस्था में लगातार परिवर्तन करते हुए छात्र–छात्राओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करा रहे है। उन्होने कहा कि 06 से 14 वर्ष के शत–प्रतिशत बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सभी आगे आएं। राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग कुंवर बृजेश सिंह द्वारा समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी को बेहतर तरीके से बच्चों को शिक्षित करना है तथा उनके सामने शिक्षण में आ रहे चुनौतियों को बेहतर तरीके से समाप्त कर बच्चों के शिक्षण को प्रभावी रूप से संचालित करना है। उन्होने देश की चौथे नम्बर की अर्थव्यवस्था बनने पर सभी को बधाई दी। विधायक नगर राजीव गुम्बर ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से शिक्षा का स्तर सुधरा है। कायाकल्प योजना के तहत विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी ने गांव ढकदेवी एवं जुड्डी के शिक्षकों की सराहना कर सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गये कार्यों के लिए सरकार का धन्यवाद दिया। सभी शिक्षकों को अपनत्व भाव से बच्चों की देखभाल की बात कही। विधायक रामपुर मनिहारान देवेंद्र निम ने कहा कि शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2047 में विकसित भारत बने यही हम सबकी इच्छा है। स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत गांव के घर–घर जाकर बच्चों को पढने के लिए प्रोत्साहित करें तथा दाखिला कराएं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, महापौर डॉक्टर अजय कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, एडी बेसिक राजेश कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती रेखा सुमन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कोमल उपस्थित रहे।

## सिंदूर आपरेशन की गूंज में उठी शौर्य यात्रा, रामपुर मनिहारान में लहराया देशभक्तिका सैलाब




वरदान दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता रामपुर मनिहारान सहारनपुर। पाकिस्तान के खिलाफ श्ऑपरेशन सिंदूरश में भारत की ऐतिहासिक कामयाबी से उत्साहित जनमानस ने सोमवार को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि और वरिष्ठ भाजपा नेता विजयपाल सिंह के नेतृत्व में भव्य तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली। तहसील परिसर से शुरू हुई इस यात्रा को संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में दोपहिया व चारपहिया वाहनों पर सवार देशभक्तों ने हाथों में तिरंगा थामे गगनभेदी नारे लगाए भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी अमर रहें जैसे नारों से आसमान गूंज उठा। डीजे पर बजते देशभक्ति के गीतों ने माहौल को ओज से भर दिया। राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर की कार्यवाही पाकिस्तान की नींदें उड़ा चुकी है। सेना के पराक्रम से भारत का मस्तक गर्व से ऊँचा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कर दिया है कि गोली का जवाब अब गोले से मिलेगा। वहीं विजयपाल सिंह ने कहा कि भारत का प्रत्येक नागरिक सेना की वीरता और शौर्य को नमन करता है। 140 करोड़ भारतीय एकजुट हैं और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व ब्लॉक प्रमुख नक्षत्र पँवार ने भी हुंकार भरी, ष्नया भारत नई सोच और नई शक्ति के साथ आगे बढ़ रहा है, जो भारत को छेड़ेगा, वह छोड़ा नहीं जाएगा। ईदगाह चौक पर यात्रा का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम में मेलाराम पँवार, कृष्ण चंद सैनी,अजीत राणा, चौधरी हैदर पँवार, देवराज सिंह, डॉ किरणपाल, प्रमोद कौशिक, महाराज गुरमुख दास, महाराज ओमवीर सिंह सूरज वाल्मीकि व समस्त प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित भारी जनसमूह मौजूद रहा।

## पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की मनाई गई 300वीं जयन्ती

**❑ रानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय सनातन संस्कृति की थी रक्षक – प्रभारी मंत्री। ❑ धर्म, समाज व संस्कृति के विकास में फैली कुरीतियों को रानी अहिल्याबाई होल्कर ने दूर करते हुए महिलाओं को सशक्त बनाने का किया कार्य – सुनील शर्मा।**



दैनिक अयोध्या टाइम्स, सहारनपुर। मंत्री इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग तथा प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में नागल स्थित जे0एस0रिसोर्ट में पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयन्ती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय सनातन संस्कृति की रक्षक है। वो केवल वीरांगना ही नहीं बल्कि उन्होने समाज से तमाम प्रकार की कुप्रथाओं को नष्ट कर समाज के सर्वांगीण विकास का कार्य किया। उनका पूरा जीवन दर्शन चुनौतियों का सामना कर सांस्कृतिक पुनर्जागरण करने के लिए प्रेरणादायक है। उन्होने कहा कि गौरव गाथा से जुडी प्रतिभाओं से आमजन को भी अवगत कराया जाए। सुनील कुमार शर्मा ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन सिद्धान्तों पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए उनके द्वारा समाज के विकास में दिए गये महत्वपूर्ण योगदान के बारे में उपस्थित लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि उन्होने धर्म, समाज व संस्कृति के विकास में फैली कुरीतियों को दूर करते हुए महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया था।

इस अवसर पर विधायक रामपुर मनिहारान देवेंद्र निम, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, जिलाध्यक्ष भाजपा महेंद्र सैनी, जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायत के सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### हम महानगर में रहने वाले दस लाख लोगों के प्रति जवाबदेहः महापौर

**❑ दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर महापौर ने बतायी निगम की उपलब्धियां।**



सहारनपुर। महापौर डॉ. अजय कुमार का कहना है कि हम महानगर में रहने वाले दस लाख लोगों के प्रति जवाबदेह हैं। हमारा प्रयास है कि हम निगम क्षेत्र में रहने वाले सभी लोगों को पेयजल, सड़क, सफाई, पथ प्रकाश आदि मूलभूत सुविधाएं श्रेष्ठता के साथ उपलब्ध कराएं। इसके लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। निगम क्षेत्र में शामिल हुए 32 गांवों में ये सुविधाएं पहुंचाने के लिए भी हम संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि अनेक चुनौतियों के बावजूद गत दो वर्षो में नगर निगम ने जनता को सुविधाएं देने के लिए अनेक ठोस कदम उठाएं हैं। महापौर डॉ. अजय कुमार आज यहां अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि गत दो वर्ष में महानगर में सड़क व नाला निर्माण के 615 कार्य पूर्ण कराये गए हैं और 57 पर कार्य चल रहा है। सड़क पर पैच मरम्मत के लिए एक पोट हॉल मशीन खरीदी गयी है। सीमए ग्रिड के सम्बंध में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि फेज–1 के अंतर्गत डीएम कार्यालय से हकीकत नगर होते हुए सिविल कोर्ट तक 90.80 करोड की लागत से सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। दूसरे फेज में डी एम कार्यालय से जैन डिग्री कॉलेज होते हुए मोहन पाण्डेय अस्पताल दिल्ली रोड तक सड़क का निर्माण कार्य 38.17 करोड़ से कराया जाना प्रस्तावित है। जबकि तीसरे फेज में अम्बाला रोड फायर ब्रिगेड स्टेशन से अम्बेडकर स्टेडियम होते हुए रोडवेज बस स्टैण्ड की सड़क प्रस्तावित है।

उन्होंने निगम द्वारा संचालित माँ शाकुंभरी कान्हा उपवन गोशाला के उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि निगम गौशाला विश्व की प्रथम एवं इकलौती गोशाला है, जो अधिकतम गो उत्पाद निर्माण के लिए 'वर्ल्ड रिकॉर्ड' से सम्मानित हुई है। गौशाला को आईएसओ 9001/2015 प्रमाण पत्र भी प्राप्त हो चुका है। नगर निगम सहारनपुर प्रदेश का प्रथम नगर निगम है जिसकी गोशाला में गोबर निर्मित प्राकृतिक पेंट यूनिट की स्थापना की गई है। इस प्राकृतिक पेंट को भी 10 वें स्मार्ट सिटी इंडिया एक्सपो में 'सस्टेनेबल सॉल्यूशन कैटेगरी' के अन्तर्गत पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इसके अलावा निगम की गौशाला प्रदेश की पहली गौशाला है जिसके उत्पाद ऑनलाइन वेबसाइट पर विक्रय हेतु उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन उठान, सफाई तथा नाला सफाई आदि के लिए अनेक वाहन व उपकरण खरीदे गए हैं। इनमें फ्रंटलोडर, बैकहोलाडोर, बड़ी पोकलेन, छोटी पोकलेन, बड़े ट्रक, ओपन टैम्पू, मिनी टैम्पू, छोटी हाईड्रोलिक ट्राली, छोटे–बड़े ट्रैक्टर, हाथ ठेली व रिक्शा के अलावा रोड स्वीपिंग मशीन शामिल है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्राम चिरुकी, ज्ञानागढ़, शंकलापुरी रोड, बेहट रोड पर पुराना घास कांटा, नूर बस्ती व पिंजौरा में एमआरएफ सेंटर, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत 06 वार्डो में वार्ड कार्यालय तथा महानगर में 22 शौचालय बनवाये गए है। इसके अलावा घुन्ना महेश्वरी में निर्मित कूड़ा निस्तारण संयंत्र के लिए बीपीसीएल से एग्रीमेंट किया गया है। जिसमें प्रतिदिन 120 टन गीले कूड़े से कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) बनायी जायेगी। उन्होंने बताया कि शहर की ढमोला व पांवधोई नदी की सफाई के लिए 11.39 करोड़ की एक कार्य योजना शासन को प्रेषित की गयी है ताकि शहर के लोगों को बाढ़ की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि सहारनपुर के आर्थिक रुप से कमजोर क्षेत्रों/मलिन बस्तियों के लिए अलग से बजट में प्रावधान किया गया है।

शहर की प्रकाश व्यवस्था के सम्बंध में उन्होंने बताया कि महानगर के सभी 70 वार्डो में साढ़े 12 मीटर ऊंचाई की 79 हाई मास्ट लाइट लगायी गयी है और 80 हजार मीटर थ्री फेस वायर बिछाने का कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति–2022 के तहत 30 प्राथमिक विद्यालयों पर दो किलो वाट के ऑफ ग्रिड सोलर प्लांट लगाने के अलावा 350 सोलर लाइट, दो स्मार्ट लाइट, दो सोलर ट्री व दो सोलर हाई मास्ट लगायी गयी है। शहर की श्वान समस्या के सम्बंध में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि श्वानों की संख्या नियंत्रित करने के लिए सहारनपुर में मंडल के पहले 'मॉडल एनिमल बर्थ कंट्रोल/डॉग केयर सेंटर' की स्थापना की गयी है। पत्रकार वार्ता के दौरान नगरायुक्त शिपू गिरि सहित निगम के सभी विभागों के अधिकारी व उपसभापति/ पार्षद मुकेश गक्खड़ मौजूद रहे।

**नया विजन देते हैं महापौररू नगरायुक्त –** नगरायुक्त शिपू गिरी ने दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर महापौर डॉ.अजय कुमार को बुके भेंट कर अभिनंदन करते हुए कहा कि महापौर नया विजन देते हैं जिससे शहर के विकास के रास्ते खुलते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महापौर के दिशा निर्देशन में लोगों के प्रति अच्छा और सुविधाओं की दृष्टि से और बेहतर कर पायेंगे।

**तीन स्थानों पर होगी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना –** महापौर डॉ. अजय कुमार ने बताया कि भूमिगत जल स्तर में और सुधार के लिए शहर के तीन स्थानों कलक्ट्रेट परिसर, नगर निगम परिसर व हसनपुर चौक स्थित तालाब पर जल्दी ही वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना करायी जा रही है। उन्होंने बताया कि शहर के लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए 35 एचपी के 07 बड़े तथा 15 एचपी के 31 छोटे नये नलकूप लगवाए गए और 20 बड़े नये नलकूपों का रिबोर भी कराया गया। जबकि 50 नये हैण्डपम्प लगवाये गए और 150 हैण्डपम्प रिबोर कराने के साथ ही करीब 30 किमी नयी पेयजल पाइप लाइन का विस्तार किया गया। इसके अतिरिक्त वार्ड 50 में मुख्य सीवर ट्रंक लाइन बदलने का कार्य भी कराया गया है।

**निगम ने की अपनी आय स्त्रोतों में वृद्धिरू महापौर–** महापौर ने बताया कि सरकार सभी निकायों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दे रही है। सहारनपुर निगम ने भी अपने आय के स्त्रोतों में वृद्धि के लिए ठोस कदम उठाए है। उन्होंने बताया कि गृहकर–जलकर से वित्तीय वर्ष 2022–23 में हुई 40.36 करोड़ की वसूली में वृद्धि करते हुए वर्ष 2023–24 में 51.34 करोड़ तथा वर्ष 2024–25 में 64.40 करोड़ रुपये की वसूली की गयी है। यानि गत दो वर्ष में 115.74 करोड़ की वसूली की गयी है। वर्ष 2023–24 की तुलना में वर्ष 2024–25 में 12.50 करोड़ की वृद्धि पर नगर निगम सहारनपुर सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत 25 करोड़ ग्रांट प्राप्त करने में सफल रहा है। उन्होंने बताया कि मेला गुघाल एवं मेला महाड़ी से गत दो वर्ष में छह करोड़ 33 लाख रुपये की आय की गयी है। नगर पथ के ठेके से भी गत दो वर्ष में 1. 26 लाख रुपये अर्जित किये गए हैं। टैक्स सम्बंधी एक सवाल के जवाब में महापौर ने बताया कि जनता की मांग पर जीआईएस सर्वे बिल वर्ष 2024 से लागू किये जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि जनसुविधा के लिए करदाताओं को ऑनलाइन कर जमा करने के लिए लेखा विभाग द्वारा डिजिटल प्लेटफॉर्म दिया गया है।

### आटो चालकों की मनमानी, स्टैंड न होने से सड़क पर खड़े होते हैं आटो

**❑ आए दिन एंबुलेंस सहित इमरजेंसी वाहन फसते है जाम में।**



अजीतमल,औरैया। कस्बा बाबरपुर अजीतमल में यातायात व्यवस्था बदहाल हो गई है। मुख्य तिराहे पर सुबह से ही ऑटो की कतारें लग जाती हैं। इससे आम लोगों को पैदल निकलने में भी दिक्कत होती है। स्थिति यह है कि नगर पंचायत ने ऑटो चालकों के लिए कोई स्टैंड निर्धारित नहीं किया है। ऑटो चालक मनमाने तरीके से वाहन खड़े करते हैं। इससे जाम की समस्या बनी रहती है। तिराहे पर न तो ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था है और न ही कोई इंट्री नियम लागू है। बाबरपुर–अटसू रोड पर मुख्य बाजार होने के कारण पहले से ही भीड़ भाड़ रहती है।इस पर अतिक्रमण ने समस्या को और बढ़ा दिया है। सड़क इतनी संकरी हो गई है कि बड़े वाहनों के आने–जाने से जाम लग जाता है। इससे बाजार जाने वाली महिलाओं को विशेष परेशानी होती है। कई बार व्यापार मंडल ने जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अधिकारियों ने कई बार पैदल गश्त कर लोगों को हिदायत दी, पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। गंभीर बात यह है कि जाम में एंबुलेंस भी फंस जाती है, जिससे मरीजों को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सकता है।स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत से ऑटो स्टैंड के लिए उचित स्थान निर्धारित करने की मांग की है। पुलिस की मौजूदगी में ही ऑटो चालक नियमों का पालन करते हैं, अन्यथा मनमानी जारी रहती है।

## नव नियुक्त अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ महराजगंज द्वारा पुलिस कार्यालय में जनता दर्शन किया गया



दैनिक अयोध्या टाइम्स विकास सिंह महराजगंज। रूआज दिन सोमवार को नव नियुक्त अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ महराजगंज द्वारा पुलिस कार्यालय में जनता दर्शन किया गया। इस दौरान आमजन की शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुना गया। शिकायतों के गुणवत्तापुर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया गया। द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो । साथ ही सभी प्र0नि0/थानाध्यक्ष को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें ।

## धर्मांतरण कराने वाले आरोपियों को घुघली पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



दैनिक अयोध्या टाइम्स अरविन्द पटेल महराजगंज। पुलिस अधीक्षक जनपद महराजगंज द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महराजगंज के निर्देशन थाना घुघली पुलिस टीम उ0नि0 राकेश कुमार यादव, उ0नि0 विनीत राय, हे0का0 रामकृपाल यादव, हे0का0 बाबूराम यादव और म0का0 शालिनी मौर्या द्वारा दिनांक 25.05.2025 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 195/2025 धारा 3/5 (1) उ0प्र0 विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्तगण शैलेष कुमार विश्वकर्मा पुत्र स्व० दीनानाथ विश्वकर्मा उम्र करीब 22 वर्ष, महेश विश्वकर्मा पुत्र स्व० दीनानाथ विश्वकर्मा उम्र करीब 24 वर्ष, निवासीगण सिहुलिया थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर और किरन पत्नी रामलखन यादव उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम पिपरा मुण्डेरी टोला पिपरा थाना घुघली जनपद महराजगंज जिनके द्वारा ग्राम पिपरा मुण्डेरी टोला पिपरा में किरन पत्नी रामलखन यादव के घर पर दिनांक 25.05. 2025 को ग्राम पिपरा मुण्डेरी व आस पास के गाँव के काफी लोगो को एकत्र कर रुपये, पैसे, मुफ्त इलाज, मुफ्त की शिक्षा आदि का प्रलोभन व गलत बयानी करते हुए हिन्दू धर्म के लोगो को ईसाई धर्म में धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। आज दिनांक 26.05.2025 को सूचना के आधार पर ग्राम हरपुर महंथ के सामने पिपरा नहर मार्ग से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तगण /अभियुक्ता के कब्जे से धर्मान्तरण कराने वाली 12 पुस्तिका (पवित्र शास्त्र भजनसंहिता एवं नीतिवचन) व दो मोबाईल बरामद हुए। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण/ अभियुक्ता के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए।

## अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत सोमवार को पंचायत प्रतिनधि का सम्मेलन चौधरी राम तीर्थ डिग्री कालेज मे आयोजित किया



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला (बलरामपुर)। अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत सोमवार को पंचायत प्रतिनधि का सम्मेलन चौधरी राम तीर्थ डिग्री कालेज मे आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखीमपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद मिश्र जी रहे। ग्राम पंचायत प्रतिनधि सम्मेलन को सम्बोधित करते हुई पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद मिश्र ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की महान नारियो में से एक है उन्होंने नारी शक्ति, प्रशासनिक दक्षता और धार्मिकता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है।

उन्होंने धर्म के साथ साथ संस्कृति का भी बढ़ावा दिया उनके त्याग व बलिदान को आने वाली पीढ़ियों को अवगत कराना हमारी जिम्मेदारी है। विधायक राम प्रताप वर्मा में अहिल्या बाई होल्कर एक मराठा शासिका थी,अपने शासनकाल में कई लोक कल्याणकारी कार्य कराए गये, मंदिरो का निर्माण,पुनरनिर्माण मरमम्त व घाटो एव कुओ का निर्माण के साथ साथ समाज के लिये कल्याण के विभिन्न कार्य किये गया जो पेरणा स्रोत है।नपा अध्यक्ष प्रतिनधि अनूप गुप्त ने कहा कि जनकल्याण सुशासन और सांस्कृतिक पुनरुत्थान की प्रेणता थी।

कार्यक्रम में आयोजक देवानंद गुप्त ,के के गुप्त,अतुल यादव,राकेश तिवारी प्रमुख गैंडास बुजुर्ग,महिपाल चौधरी प्रमुख उतरौला,गन्ना चेयरमैन तोताराम वर्मा,नगर अध्यक्ष फरीन्द्र गुप्त, विकास गुप्त,अनिल कुमार, रोहित,राहुल,महेंद्र सिंह ,व जिलेदार पांडेय सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन विधानसभा संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने किया।

## श्री शतचंडी महायज्ञ एक दिव्य संकल्प की शुभ आराधना सम्पन्न



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता बलरामपुर। आदर्श नगरपालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने परमपिता परमेश्वर की असीम कृपा,पूज्य पूर्वजों के पावन आशीर्वाद एवं ईश्वरीय प्रेरणा से ग्राम कैली निकट मथुरा बाजार,तुलसीपुर) स्थित अध्यक्ष डा. धीरेन्द्र प्रता प्रताप सिंह धीरू के पैतृक आवास पर आयोजित नव दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ के नवम दिवस (समापन) पर आध्यात्मिक गुरुओं का सानिध्य प्राप्त हुआ। उक्त अवसर देवीपाटन पीठाधीश्वर महंत मिथिलेश नाथ योगी,महंत बलराम दास महराज (अयोध्या जी),श्री राम कथा वाचक संत सर्वेश जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं साथ ही सदर विधायक पल्टूराम,तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि कुमार मिश्र, श्रावस्ती जिलाध्यक्ष मिश्री लाल, महामंत्री रमन सिंह अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे एवं सी ओ तुलसीपुर बृज नन्दन राय,सलिल सिंह टीटू,श्याम मनोहर तिवारी, अनूप चन्द्र गुप्ता,उपस्थित रहे एंव जनपद के सभी प्रमुख जनों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## परिषदीय विद्यालयों की संरचना अब कान्वेंट स्कूलों के समान: मा. विधायक सदर जय मंगल कनौजिया



दैनिक अयोध्या टाइम्स अरविन्द पटेल महराजगंज। माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी के कर कमलो से बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का दिनांक:26 मई, 2025 को लोक भवन से शुभारम्भ/लोकार्पण किया गया, जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार महराजगंज मे आयोजित हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मा. विधायक सदर जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि पहले की तुलना में प्राथमिक स्कूलों का कायाकल्प हुआ है। परिषदीय स्कूलों में अवसंरचना अब कॉन्वेंट स्कूलों के समान हो गई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में वनटांगिया जैसे दुर्गम क्षेत्र में भी परिषदीय विद्यालय का निर्माण करवाया गया है। 2017 से पहले परिषदीय विद्यालयों में कोई अपने बच्चों को भेजना नहीं चाहता था, लेकिन परिषदीय विद्यालयों में हुए अभिनव प्रयोगों और नवाचारों से आज तस्वीर बदल गई है। अब मांदृबाप अपने बच्चों को परिषदीय विद्यालयों में भेज रहे हैं। डीएम संतोष कुमार शर्मा द्वारा अपने संबोधन में स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण में अधिकाधिक संख्या में नामांकन कराये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही समस्त विद्यालयों के शिक्षकों से अपील की कि स्कूल चलो अभियान के द्वितीय फेज में गांव गांव जाकर एवं समिति के सदस्यों के साथ बैठक करके बच्चों के नामांकन पर विशेष रूप से कार्य करें। डीएम संतोष कुमार शर्मा ने सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि अपने विद्यालय में सकारात्मक माहौल बनाएं और नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत धूमधाम से करें, ताकि बच्चे विद्यालय आने को प्रेरित हों। साथ शिक्षकदृअभिभावक समिति को सक्रिय करें। डीएम संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को भेजने की मानसिकता में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है और इसमें बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े लोगों को विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है। डीएम संतोष कुमार शर्मा ने स्वच्छता अभियान को स्कूलों से शुरू करने का निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालयों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। विशेषकर शौचालय और पेयजल व्यवस्था को साफदृसुथरा रखें। उन्होंने स्कूलों के आसदृपास जल जमाव को भी न होने देने का निर्देश दिया। उन्होंने सबको ष्स्वांतः सुखायष का मंत्र देते हुए कहा कि शिक्षक अपना लक्ष्य स्वयं तय करते हुए कार्य करें औरविद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करें।भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में जो सुधार आया है, उसके लिए सरकार, प्रशासन और बेसिक शिक्षा विभाग सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने शुभकामना देते हुए कहा कि आशा है कि आगामी निपुण परीक्षा में जनपद प्रथम स्थान प्राप्त करेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महराजगंज द्वारा समस्त उपस्थित माननीय जनप्रतिनिधिगण एवं जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया कि प्रथम चरण में शैक्षिक सत्र 2025–26 में अध्ययनरत 98818 विद्यार्थियों के अभिभावकों के बैंक खातों में रू. 1200 की दर से डी0बी0टी0 के माध्यम से धनराशि प्रेषित किया जा रहा है। कायाकल्प के अन्तर्गत 19 पैरामीटर्स पर विद्यालयों को 97 प्रतिशत संतृप्त कर लिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त शिक्षकों से अपील की गयी कि विद्यालयों में अधिकाधिक संख्या में बच्चों का नामांकन कराया जाए और स्मार्ट क्लास टैबलेट्स आदि तकनीकी का उच्चतम प्रयोग करते हुए बच्चों के शिक्षण अधिगम में वृद्धि की जाय।कार्यक्रम के अंत में जनपद में 314 विद्यालयों में संचालित स्मार्ट क्लास में से 12 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यपक को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार समर कैम्प में सफल आयोजन करने हेतु जनपद के 12 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जनपद के 12 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को टैबलेट वितरण किया गया। जनपद के कुल घोषित हुए 823 निपुण विद्यालयों में से 24 विद्यालय को जनपद स्तर पर प्रशस्ति पत्र दिया गया। कुल 84 शिक्षकों को विभिन्न कार्यक्रमों में उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन हेतु प्रशस्ति पत्र दिया गया । इससे पूर्व सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने लखनऊ से मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों/अतिरिक्त डॉरमेट्री का लोकार्पण, 43 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों एवं 66 मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास सहित 7,409 विद्यालयों में स्मार्ट क्लॉस 5,258 विद्यालयों में आई.सी.टी. लैब शिक्षकों को 51,667 टैबलेट वितरण ऑनलाइन लखनऊ से किया गया। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी करुणाकर अदीब, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख सदर प्रतिनिधि विवेक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण योजनाओं, कार्यक्रमों का लोकार्पण/शिलान्यास/शुभारम्भ





रायबरेली ब्यूरो।। बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण योजनाओं, कार्यक्रमों का लोकार्पण/शिलान्यास/शुभारम्भ मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन लखनऊ से किया गया। उक्त कार्यक्रम के क्रम में जनपद के गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार, रतापुर में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री/राकेश सचान द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में विधायक सदर अदिति सिंह, विधायक ऊँचाहार डॉ0 मनोज कुमार पांडेय, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल पासी उपस्थित रहें। अतिथियों द्वारा माँ शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। इसके पश्चात निपुण विद्यालय के पांच प्रधानाध्यापकों को ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत सभी पैरामीटर में संतृप्त होने के लिये सम्मानित किया गया, इसी प्रकार समर कैम्प में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 05 शिक्षामित्रों/अनुदेशकों, 05 विद्यालय के अध्यापकों को टैबलेट व स्मार्ट क्लास का सफलतापूर्वक संचालन करने वाले 05 अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि आज लखनऊ में मुख्यमंत्री जी के आयोजित कार्यक्रम के क्रम में प्रदेश के सभी 75 जनपदों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। लगभग 3. 5 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास/ शुभारम्भ मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया, जिसमें समस्त जनपदों की योजनाए व कार्यक्रम शामिल है, इसके साथ ही डीबीटी के माध्यम से सत्र 2025–26 के छात्र/छात्राओं के अभिभावकों के खातें में 1200 रूपये की धनराशि हस्तान्तरित की गयी।

इस धनराशि का उपयोग कर अभिभावक अपने बच्वें के लिये ड्रेस, बैंग, जूता–मोजा, स्वेटर एवं स्टेशनरी क्रय कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश में शिक्षा के स्तर को ऊपर बढाया है, बेहतर इन्फ्रास्ट्रकचर प्रदान करने के साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार किया गया है, इसी का परिणाम है कि बेसिक शिक्षा के स्कूलों में छात्रों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुयी है। यदि वर्ष 2017 से पहले का और अब कि संख्या की तुलना की जाये, तो बहुत बड़ा अन्तर आयेगा। प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा के विद्यालयों का कायाकल्प कर अच्छे भवन, बेहतर फर्नीचर व मूलभूत सुविधाओं को विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को भी सरकार की इच्छा शक्ति के अनुरूप कार्य करने की आवश्यकता है, शिक्षकों को गुरू का दर्जा दिया गया है, बच्चों को प्राथमिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व संस्कार देने की जिम्मेदारी बेसिक शिक्षा के अध्यापकों की है और उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करना चाहिए। इस अवसर पर विधायकगण व अन्य अतिथियों द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये। धन्यवाद ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

## महिलाओं ने किया वटवृक्ष का सम्मान, मांगा सौभाग्य का वरदान



सोमेन्द्र पटेल महराजगंज रायबरेली। सोमवार को बरगदही अमावस्या के मौके पर सुहागिन महिलाओं द्वारा वट वृक्ष की पूजा अर्चना की गई तो सनातन में हमें यह भी बताया जाता है कि गुणों की पूजा किस प्रकार करनी चाहिए आज हम वृक्ष की पूजा कर रहे हैं और वृक्ष को सम्मान दे रहे हैं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी वृक्षों का पृथ्वी पर होना बहुत ही जरूरी है और हम उनको आराध्य मानकर जब पूजते हैं तो कहीं ना कहीं यह वृक्ष बचे भी नजर आते हैं और लकड़ी माफियाओं की पहुंच से दूर हो जाते हैं आज जहाँ एक ओर पर्यावरणीय उत्कोच दिखाई पड़ता है लोग लगातार प्रकृति का दोहन करते दिखाई देते हैं सभी ओर कटे हुए पेड़ों के ठूंठ नजर आते है सरकार पेड़ पौधों के संरक्षण के लिए प्रयत्नशील है वृक्षारोपण के अभियान पर अभियान चलाये जाते हैं किन्तु नतीजा वही ढांक के तीन पात। ऐसे में फिर एक बार फिर सनातन संस्कृति और धर्म एक आशा की किरण जगाता प्रतीत होता दिखाई पड़ता है सनातन संस्कृति में ज्येष्ठ मास की अमावस्या को वट वृक्ष की पूजा करने का विधान है पौराणिक कथा के अनुसार इसी दिन सावित्री के द्वारा यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा की गई थी तब से यह वृत और वट वृक्ष का पूजन कर आशीर्वाद लेने की परम्परा चली आ रही है किन्तु पर्यावरणीय द्रष्टिकोण से प्रकृति को धर्म से जोड़ कर महापुरषों ने पेड़ों की सुरक्षा एवं संरक्षा का महत्व बढ़ा दिया था कहते हैं कि आयुर्वेद के कथनानुसार आज के दिन जो महिलाएं बांझ होती हैं अथवा उनके मासिक चक्र में कोई भी अनियमितता होने पर वट वृक्ष के सुनगे अर्थात नवकोपल का भक्षण करने से उनकी समस्या का समाधान हो जाता है और वह पूर्ण स्वस्थ हो जाती हैं अतः सनातन संस्कृति को धारण करने योग्य पाये जाने पर इसे धर्म की संज्ञा दी गई और सनातन धर्म के प्रत्येक त्योहार और उत्सव विज्ञान संमत होने के साथ साथ ही प्रकृति और जगत का कल्याण करने वाले हैं क्षेत्र के महराजगंज चन्दापुर पहरेमऊ थुलवासां हरदोई मऊ सहित हर ग्राम पंचायत और हर गांव में वट वृक्ष की पूजा की गई।

## ए जी हाशमी डिग्री कालेज में आयोजित फेयरवेल पार्टी मे बीए बीएससी व बीकाम द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने छठे सेमेस्टर के सभी छात्र छात्राओं को दी विदाई



उतरौला के ए जी हाशमी डिग्री कॉलेज के फेयरवेल पार्टी में उपस्थित छात्र–छात्राएं

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला (बलरामपुर)। सोमवार को ए जी हाशमी डिग्री कॉलेज में आयोजित फेयरवेल पार्टी मे बीए बीएससी व बीकॉम द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र–छात्राओं ने छठे सेमेस्टर के सभी छात्र छात्राओं को विदाई दी। जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में हास्य–व्यंग्य, नृत्य, गीत, एकांकी और सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करने वाले कार्यक्रम शामिल रहे। बच्चों ने हर कार्यक्रम को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया तथा उपस्थित लोगों की वाहवाही बटोरी। छात्र आले नूर व शिन शेख ने अपनी शायरी से महफिल में सीनियर्स की खूब वाहवाही बटोरी। छात्रा साहिबा ने दोस्ती पर गीत गाकर पूरे महफिल को भावभीनी कर दिया। इरम ने सांस्कृतिक गीत प्रस्तुत किया। परीक्षा प्रभारी एफएम सिद्दीकी ने छात्र–छात्राओं को अपनी आगे की शिक्षा जारी करने की सलाह दी। महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी छात्र–छात्राओं को उनकी विदाई पर शुभकामनाएं दी और आगे शिक्षा ग्रहण करते हुए एक अच्छा नागरिक बनने की बात कही। प्रवक्ता अब्दुल राशिद ने भी छात्र–छात्राओं को विदाई संबोधन किया। प्रोग्राम कंट्रोलर फरीद वारसी ने प्राचार्य, समस्त शिक्षकों, ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के जस्सी गुप्ता, कोमल, उम्मे हुमेरा,अमन फातिमा,सदफ फातिमा,हाजरा खातून,सानिया,फिजा,इरम फातिमा,आफरीन सिद्दीकी, फिरदौस खान,मुस्कान खान, वारिसा फातिमा,उमरा फैजान, साफिया,गोसिया फातिमा,सुरेबा, कासिम,विनायक,मोहम्मद तारिक,मोहम्मद साहिल,आले नूर, यासिर आदि का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शक्तिपूर्णा व मिस्बाह परवीन ने किया।

# संक्षिप्त समाचार

### हजारों भक्तों ने ग्रहण किया बाबा वटेश्वर का प्रसाद



सोमेन्द्र पटेल चन्दापुर रायबरेली। विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी पूरे पेरु सिंह मंज़रे पहरेमऊ मे बाबा वटेश्वर के स्थान पर श्री रामचरितमानस के पाठ का आयोजन हुआ जिसे सुनने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु इकठ्ठा हुए वही रामचरितमानस के समापन के बाद हवन पूजन व चरणामृत व पंजीरी प्रसाद के रूप मे भक्तों कि दी गई तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों कि संख्या में पहुंचे भक्तों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण कर अपने आप को पुण्य का भागीदार बनाया। इस मौके पर श्री पाल प्रधान प्रतिनिधि पहरेमऊ रामकिशोर यादव कोटेदार पहरेमऊ संदीप सोनकर सुनील यादव(बादशाह) अनिल अंकित अमित आशू पाल धर्मेंद्र राकेश साहू यादव सहित हजारों भक्त मौजूद रहे।

### उतरौला का बस स्टाप यात्रियों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं

❒ बस स्टॉप पर शौचालय की सुविधा बंद, यात्रियों को भारी परेशानी। ❒ दशकों से डिपो बनाए जाने की मांग अनदेखी। ❒ समाजसेवियों की मांग फिर भी अधूरी। ❒ नगर पालिका परिषद ने समाधान के लिए आश्वासन दिया।



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला (बलरामपुर)। उतरौला का बस स्टॉप यात्रियों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। पिछले कई दशकों से डिपो बनाए जाने की मांग की जा रही है, लेकिन नगर के जिम्मेदार लोगों की अनदेखी के चलते न तो डिपो बन सका और न ही यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकीं। बस स्टॉप पर यात्रियों के लिए सबसे बड़ी समस्या शौचालय की व्यवस्था की है। वर्षों पहले बना शौचालय अब पूरी तरह से बंद है। इसकी दुर्दशा इतनी बढ़ चुकी है कि इसे इस्तेमाल करने की बजाय यात्री मजबूरन आसपास के स्थानों का सहारा लेते हैं। यह स्थिति विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांग यात्रियों के लिए बेहद कठिनाई पैदा कर रही है। स्थानीय समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी लगातार इस मुद्दे को उठाते रहे हैं। समाजसेवी लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी का कहना है कि बस स्टॉप की दशा इतनी खराब है कि बाहर से आने वाले यात्रियों को उतरते ही असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि कई बार लिखित रूप से नगर पालिका और परिवहन विभाग को पत्र भी भेजे गए हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वहीं, नगर के समाजसेवी व सपा नेता आदिल हुसैन का कहना हैं, ष्हमारे नगर का बस स्टॉप यात्रा के लिए प्रमुख पड़ाव है। लेकिन शौचालय न होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी होती है। यह महिलाओं और बच्चों की गरिमा से भी जुड़ा सवाल है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द बस स्टॉप पर शौचालय की सुविधा बहाल की जाए और यात्रियों की सुविधा के लिए पेयजल, छाया और बैठने के स्थान की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### सच्चे भाव के बिना प्रभु नहीं मिलते- आचार्य सोनू शास्त्री



सुदामा की कथा को सुनते हुए सभी भक्तजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिबियापुर औरैया। जिले के दिबियापुर नगर के समीप कंचौसी मोड़ के सटे गांव लुखरपुरा में भागवत के अंतिम दिन में भागवत के अंतिम दिन सुदामा चरित्र में भगवान कृष्ण और सुदामा की दोस्ती का वर्णन बड़े अच्छे से आचार्य स्वामी शास्त्री ने बताया द्वारका युग में जिस तरह से दोस्ती का एक नया आयाम दिया है जो अपने सगे भाइयों से भी अच्छी भूमिका निभाता है क्योंकि जिस तरह से सुदामा ने दोस्ती के नाम पर छल कपट किया उसी के अंतर्गत भगवान कृष्ण ने सुदामा को गरीबी में रहने का श्राप दे दिया है सुदामा को गरीबों का बहुत सामना करना पड़ा जिसके लिए वह एक–एक दाने को तरस गया शास्त्रों में कहा गया है गुरू से कपट मित्र से चोरी या निर्धन या कोढ़ी लेकिन कहां यह भी जाता है यदि भगवान बिगड़ता है तो एक दिन सुधा रता भी है और भगवान के यहाँ देर है लेकिन अंधेर नहीं है. लेकिन भगवान को अगर प्राप्त करना तो सच्ची श्रद्धा एवं विश्वास के साथ ही उनको प्राप्त किया जाता है तभी इंसान का इस माया रूपी दुनिया से उद्धार होगा।

### सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा

❒ पति के लंबी उम्र की कामना करते हुए फल–फूल व मिठाई की अर्पित।



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता औरैया। आज सोमवार को सोमवती अमावस्या के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए वट सावित्री की पूजा की। इस अवसर पर सुहागिनों ने बरगद के पेड़ के पास पति की लंबी आयु की कामना के लिए पूजा–अर्चना की। सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर बरगद वृक्ष के समक्ष पूजा अर्चना की। सुहागिनों ने अक्षय वट की परिक्रमा करते हुए वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधकर सभी व्रतियों ने पति की लंबी आयु की कामना की। वट सावित्री व्रत के दौरान महिलाओं ने संपूर्ण श्रृंगार कर वट वृक्ष को धागा से लपेटे हुए सात बार वट वृक्ष की परिक्रमा कर अपने पति की लंबी आयु की कामना की। मान्यता यह है कि इस व्रत को करने से महिलाएं आजीवन सुहागिन रहती हैं। पूजा के दौरान महिलाओं ने सावित्री और सत्यवान की कथा भी सुनी। यह पर्व पति–पत्नी के बीच प्रेम और स्नेह का प्रतीक माना जाता है। वट सावित्री व्रत हिंदू धर्म की महिलाओं का एक महत्वपूर्ण व्रत है। इस व्रत को सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु के लिए कामना करती हैं। वट वृक्ष को धागा से बांधकर उस पर फल, फूल, मिठाई आदि अर्पित किए। कुछ महिलाओं ने व्रत भी रखा था। वट सावित्री की कथा महाभारत में वर्णित है। इस कथा के अनुसार, सावित्री ने अपने पति सत्यवान की मृत्यु के बाद यमराज से उनका जीवन वापस मांग लिया था।

### धूमधाम से निकली श्रीमद्भागवत की कलश यात्रा



अयाना औरैया। ग्राम बीजलपुर में सोमवार से शुरू हो रही श्रीमद्भागवत कथा की कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई। तथा नगर में जगह–जगह कलश यात्रा का स्वागत किया गया सोमवार को कथा के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें परीक्षित श्रीमती मुन्नी देवी देवी एवं रामसेवक सर पर पोथी रखकर सबसे आगे चल रहे थे।महिलाएं पीले वस्त्र धारण किये हुए महिलाएं सर पर कलश रखकर मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं।तथा आगे चल रहे डीजे पर भक्ति भजनों पर युवा थिरक रहे थे। ग्राम बीजलपुर से शुरू हुई कलश यात्रा वापस पंडाल में पहुंची वहीं आचार्य पूज्य पंडित श्री श्याम जी द्विवेदी ने कलशों को स्थापित कराने के बाद कथा की शुरूआत की। सभी भक्तों ने भावपूर्ण श्रद्धा से प्रसंग को सुना और परमपिता परमेश्वर को याद किया।शाम के समय प्रसाद वितरण हुआ। इस मौके पर भक्तिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन 2 जून सोमवार हवन पूर्णाहुति के साथ समापन होगा।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284
मंगलवार
27 मई 2025
dainikayodhyatimes.com



# जिला कारागार का डीएम और एसपी ने संयुक्तरूप से किया औचक निरीक्षण



दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। सोमवार को जिलाधिकारी शंशाक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा पुलिस बल के साथ संयुक्त रुप से जिला कारागार बाराबंकी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा जिलाकारागार की बैरकों, जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे, वीडियो कान्फ्रेंसिंग रूम,महिला बैरक,किशोर सदन जिसमें 18 से 21आयु के किशोर रखे जाते है,आदि की सघन चेकिंग की गई। इसके साथ ही कारागार परिसर की साफ–सफाई,सुरक्षा व्यवस्था,बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का गहनता से अवलोकन किया गया।इस अवसर पर बंदियों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को भी सुना गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन बंदियों की बेल न्यायालय द्वारा हो गई है उनकी नियमानुसार रिहाई करवाई जाए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित हों तथा बंदियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के अवसर पर जिला कारागार परिसर में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा श्ओपन जिमश का संयुक्त रूप से लोकार्पण किया गया। यह श्ओपन जिमश कारागार मुख्यालय के सौजन्य से उपलब्ध कराया गया है,जिसका उद्देश्य बंदियों के शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना एवं उन्हें एक स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। जिलाधिकारी ने कारागार में इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि इससे बंदियों को मानसिक तनाव से राहत मिलेगी तथा उनके पुनर्वास में भी सहायता मिलेगी। इस अवसर पर कारागार अधीक्षक कुंदन कुमार,जेलर जेपी तिवारी सहित अनेक कारागार कर्मी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर किया गया सम्मानित



दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2024 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर आज उन्हें,उनके अभिभावक एवं प्रधानाचार्य के साथ सम्मानित किया गया। वर्ष 2024 की हाईस्कूल परीक्षा में राजकीय हाईस्कूल कपूलपुर बाराबंकी के विद्यार्थी शिवा ने 600 में से 559 कुल 93.17: अंक प्राप्त किया।

इसी प्रकार राजकीय इंटर कॉलेज सूरतगंज छात्रा ननकी कौर ने 500 में से 476 कुल 95.20: अंक प्राप्त किया था। दोनों विद्यार्थियों को आज विभाग द्वारा प्रदत्त टैबलेट साथ गिफ्ट हैंपर एवं डायरी पेन देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यार्थियों से कठिन परिश्रम के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव तत्पर रहने की सीख दी गई। साथ ही विद्यालय परिवार की भी उनके प्रयास की सराहना की गई। कार्यक्रम में हाई स्कूल के विद्यार्थी शिवा के भाई अनुज,इंटर की विद्यार्थी कुमारी ननकी कौर के पिता गुरप्रीत सिंह,राजकीय हाईस्कूल कबूलपुर की प्रधानाध्यापिका रश्मि सिंह एवं राजकीय इंटर कालेज सूरतगंज के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# बाहर से दवाएं लिखी तो सम्बंधित डश्क्टर पर होगी कार्यवाही:डीएम




दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन,प्रशिक्षु आईएएस तेजस के.,और मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव सहित संबंधित अधिकारियों के साथ जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) की बैठक कर स्वास्थ्य कार्यो की गहन समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सीएचसी अधीक्षक यह सुनिश्चित कर ले कि उनकी सीएचसी और पीएचसी पर चिकित्सक बाहर से दवाएं न लिखे नहीं तो उनपर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित कर ले कि प्राइवेट लोग कहीं पर कार्य करते न मिले। सभी चिकित्सक व स्टॉफ के लोग अपने नाम व पदनाम की नेमप्लेट लगाएंगे और निर्धारित वेशभूषा में ही अस्पताल में नजर आएंगे। मरीजों के पर्चे पर चिकित्सक के नाम की मुहर साइन और तारीख जरूर अंकित रहे। इसके अलावा सीएचसी और पीएचसी पर अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सक और कर्मचारी की नियमित सूचना सीएचसी अधीक्षक अपने उच्चाधिकारियों को प्रतिदिन देंगे। संचारी रोगों की रोकथाम के लिये चलाये जा रहे अभियान की गति में तेजी लाई जाए। नालियों की नियमित सफ़ाई कराई जाए। साथ ही स्वच्छता और साफ–सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) की बैठक में अधिकारियों को कार्यो में और अधिक सुधार लाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सभी अस्पतालों में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए जिससे नियमित ओपीडी और आईपीडी चल सके। सीएचसी केंद्रों पर स्वास्थ्य सेवाओं सम्बन्धी कोई शिकायत न मिले नहीं तो सम्बंधित पर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की शतप्रतिशत इंस्टीट्यूशन डिलीवरी न होने पर कड़ी नाराज़गी जताई। उन्होंने कहा कि सभी विकास खंडों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा अन्य सभी स्थानों पर बनाये गए डिलीवरी पॉइंट एक्टिव किये जायें और शतप्रतिशत इंस्टिट्यूशन डिलीवरी कराई जाए। इस कार्य में लापरवाही करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि जहाँ पर आवश्यकता हो वहाँ पर नए डिलीवरी पॉइंट बढ़ाये जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी जिम्मेदार यह सुनिश्चित कर ले कि जिला अस्पताल सहित सभी, सीएचसी और पीएचसी पर एक्सपायर दवाएं बिल्कुल भी न मिले,नहीं उनपर कार्यवाही की जाएंगी। साथ ही जरूरी दवाओं की उपलब्धता पर भी ध्यान रखे जिससे मरीजों को इधर उधर भटकना न पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि आयुष्मान अरोग्य मंदिरों पर नियमित जांच और ओपीडी सुनिश्चित की जाए। मरीजों की जांचे और उनको दवाओं की उपलब्धता हो। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने समीक्षा के दौरान कहा कि मातृ और शिशु मत्यु की रिपोटिंग कम है इसमें शतप्रतिशत रिपोर्टिंग की जाए और मृत्यु के कारणों का भी पता लगाया जाए। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एएनएम और आशा टीकाकरण पर विशेष ध्यान दे। गर्भवती महिलाओं सहित कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहने पाए। जिन इलाकों में लोग टीकाकरण के प्रति उदासीनता है वहाँ लोगों को जागरूक करके शतप्रतिशत टीकाकरण कराया जाए। जिन विकास खण्डों में डिप्थीरिया के एक्टिव केसेज मिले थे उनमें टीकाकरण पर विशेष ध्यान रखा जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि आभा आईडी कार्ड बनाने की स्थिति जिले में संतोषजनक नहीं है। सम्बंधित अधिकारी आशाओं को निर्देशित कर आभा आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाये।जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य न करने वाली इनएक्टिव आशाओं पर कार्यवाही की जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि इनएक्टिव आशाओं को कारण बताओ नोटिस जारी की जाए और अच्छा कार्य करने वाली आशा और एएनएम को प्रोत्साहित करने के लिये सम्मानित करें। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डी के श्रीवास्तव,डॉ राजीव सिंह, सभी सीएचसी अधीक्षक, बीपीएम, बीसीपीएम, आयुष्मान अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# केन्द्र व प्रदेश सरकार के नेतृत्व में बदली बेसिक शिक्षा की तस्वीर



दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर–कमलों से लखनऊ में बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का लोकार्पण–शिलान्यास–शुभारंभ के अवसर पर जनपद के कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में सजीव प्रसारण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री–राज्यमंत्री कारागार उत्तर प्रदेश सरकार सुरेश राही,विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत राजरानी रावत,कुर्सी विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा,हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत,जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी,पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय,मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन,अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरूण कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। देवा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय माधवपुर के बच्चों ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि व गणमान्य अतिथियों द्वारा कंपोजिट विद्यालय बड़ेल के बच्चों को निःशुल्क पाठ्य–पुस्तकें वितरित की गयीं। डी.एल.एड. प्रशिक्षुओं के माध्यम से माह दिसम्बर 2024 एवं फरवरी 2025 में कराए गए निपुण आकलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच खण्ड शिक्षा अधिकारियों क्रमशः देवा रामनारायण,मसौली फिजा मिर्जा,रामनगर रमेश चन्द्रा,बंकी चन्द्रशेखर यादव व त्रिवेदीगंज धर्मेन्द्र प्रसाद को मुख्य अतिथि ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत निपुण विद्यालय घोषित होने वाले 05 विद्यालयों,स्मार्ट क्लास,डिजिटल लाइब्रेरी, आईसीटी लैब की स्थापना वाले 05–05 विद्यालयों तथा समर कैम्प के आयोजन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 14 अनुदेशकों, शिक्षामित्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने कहा कि पहले सरकारी कार्यक्रमों में कान्वेंट स्कूल के बच्चे भाग लेते थे। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत स्कूलों की दिशा और दशा बदली तो शिक्षा व्यवस्था में बदलाव नजर आये। बच्चों के अंदर प्रतिभाए हैं,सिर्फ उनको उभारने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने में शिक्षकों का योगदान जरूरी है। विधायक कुर्सी साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण कार्यक्रम को सुनकर शिक्षक और बच्चे लाभान्वित होंगे। देश को नई ऊर्जा देने के लिए बच्चों का सर्वांगीण विकास करना होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने ग्रीष्मावकाश में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित समर कैम्प की सराहना करते हुए कहा कि समर कैम्प में बच्चे योगाभ्यास,पर्यावरण जागरूकता आदि अनेकों गतिविधियों को सीखने का अवसर पायंगे,जिससे बच्चे प्रफुल्लित होंगे और उनका सर्वांगीण विकास होगा। जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्या ने कहा कि अब बेसिक शिक्षा के स्कूल कान्वेंट स्कूलों से आगे हो गये हैं। कार्यक्रम का संचालन आशीष पाठक समन्वयक जिला विज्ञान क्लब ने किया। बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का लोकार्पण–शिलान्यास–शुभारंभ लखनऊ में किया गया,इस दौरान बाराबंकी जनपद में 01 मुख्यमंत्री कम्पोजिट मॉडल स्कूल (प्री प्राइमरी से कक्षा 12 तक),01 मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय (प्री प्राइमरी से कक्षा 8),समस्त कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा–कक्ष (दो मंजिला),विकास खण्ड देवा, हरख व बनीकोडर के केजीबीवी में एकेडमिक ब्लॉक व हॉस्टल का शिलान्यास मुख्यमंत्री के कर–कमलों से हुआ। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा डीबीटी की धनराशि बटन क्लिक करते हुए हस्तांतरित की, जिसमें प्रथम चरण में बाराबंकी जनपद के 121842 बच्चों के अभिभावकों के खातों में ड्रेस, स्वेटर,जूता,मोजा व स्टेशनरी की धनराशि हस्तांतरित की गयी। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार के साथ ही विकास खण्ड स्तर पर खण्ड शिक्षा अधिकारियों की देखरेख में कराया गया,जिसमें अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, अनुदेशक, शिक्षामित्र आदि लोगों ने सजीव प्रसारण को देखा। लोकसभागार में आयोजित कार्यक्रम में सूचना अधिकारी आरती वर्मा,खण्ड शिक्षा अधिकारी सूरतगंज संजय कुमार,जिला समन्वयक निर्माण विश्वजीत राय,जिला समन्वयक एमआईएस पुनीत कुमार श्रीवास्तव,जिला समन्वयक मध्यान्ह भोजन डॉ.पीयूष कुमार,जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सुधा जायसवाल,जिला समन्वयक बालिका शिक्षा पुनीत मणि त्रिपाठी,जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता नन्दन पाण्डेय,आशुलिपिक राहुल शुक्ला, ऋषि टण्डन,राजेन्द्र त्रिपाठी, ईएमआईएस इंचार्ज पंकज कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# समर कैंप में डिजिटल साक्षरता की उड़ान, विद्यार्थियों ने जाना कंप्यूटर का संसार



दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित ग्रीष्मकालीन समर कैंप के अंतर्गत आज का दिन डिजिटल शिक्षा और रचनात्मक तकनीकी गतिविधियों को समर्पित रहा। जनपद के सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों एवं इच्छुक अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन विद्यालयों में कक्षा 09 से 12 के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रारंभिक सत्र में हमेशा की तरह 1/2 घंटे का योग एवं व्यायाम कराया गया,जिसमें विद्यार्थियों ने शरीर को ऊर्जावान और मानसिक रूप से सजग रखने हेतु विभिन्न आसनों एवं प्राणायामों का अभ्यास किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों को कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी दी गई,जिसमें निम्नलिखित प्रमुख बिंदु शामिल रहेरू–कंप्यूटर के मुख्य पार्ट्स और टूल्स की पहचान–कीबोर्ड टाइपिंग का अभ्यास–वीडियो एडिटिंग के प्राथमिक सॉफ्टवेयर का परिचय–कार्टून निर्माण और रंग भरने की डिजिटल तकनीक–ऑनलाइन रचनात्मकता बढ़ाने वाले मुक्त स्रोत संसाधनों का प्रदर्शन कई विद्यालयों में छात्रों ने डै च्पदज, ब्दअं, व्पमदैीवज टपकमव म्कपजवत जैसे टूल्स पर अभ्यास कर कार्टून आकृतियाँ बनाई व रंग भरने का कार्य किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी ने विभिन्न विद्यालयों का दौरा कर कंप्यूटर शिक्षा के सत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहारूषडिजिटल युग में छात्रों के लिए कंप्यूटर साक्षरता उतनी ही आवश्यक है जितनी अक्षरज्ञान की बुनियादी शिक्षा। इस समर कैंप में हम उन्हें तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सार्थक कदम उठा रहे हैं।षजिला समन्वयक समग्र शिक्षा अखिलेन्द्र सिंह ने दिनभर भ्रमणशील रहकर यह सुनिश्चित किया कि सभी विद्यालयों में कंप्यूटर विषयक गतिविधियाँ निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार संचालित हों। उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल नैतिकता और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर भी जागरूक किया। आज की प्रमुख गतिविधियाँ रहीं–योग एवं व्यायाम–कंप्यूटर हार्डवेयर की पहचान–टाइपिंग प्रैक्टिस–कार्टून चित्रण और रंग योजना–वीडियो एडिटिंग की बुनियादी जानकारी–रचनात्मक डिजिटल अभ्यास कार्य–बाराबंकी जिले का यह समर कैंप न केवल विद्यार्थियों को बौद्धिक और रचनात्मक रूप से समृद्ध कर रहा है,बल्कि उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम नागरिक के रूप में तैयार कर रहा है।

# नन्हे हत्याकाण्ड का पुलिस ने सफल अनावरण कर हत्याभियुक्तको किया गिरफ्तार




दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। दिनांक 24.05.2025 को वादी रामऔतार कोरी पुत्र बाबू निवासी ग्राम परसोहर थाना जरवल रोड जनपद बहराइच द्वारा तहरीर दिया गया कि उनके भाई नन्हे उम्र करीब 60 वर्ष,जो कि गांवों में घूम फिरकर रहता था तथा विगत 07 माह से थाना रामनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सोधवा में रह रहे थे,जिनकी हत्या कर दी गई है। उक्त सूचना के आधार पर थाना रामनगर में संबंधित धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर फॉरेंसिक टीम को साक्ष्य संकलन एवं घटना के सफल अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में स्वाट–सर्विलांस व थाना रामनगर की पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस एवं डिजिटल डेटा की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए दिनांक 25.05. 2025 को अभियुक्त प्रमोद कुमार कोरी पुत्र स्व. बेचालाल कोरी निवासी ग्राम सोधवा थाना रामनगर जनपद बाराबंकी को सिलौटा नहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त की निशांदेही पर हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल एक लकड़ी का फन्टा बरामद किया गया। पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि मृतक नन्हे घूम फिर कर मांग कर जीवन यापन करता था तथा विगत करीब 07 माह से थाना रामनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सोधवा में अभियुक्त के घर में रामस्वरूप बाबा के नाम से रह रहा था एवं वहीं खाता पीता था। अभियुक्त प्रमोद कुमार कोरी द्वारा बताया गया कि मृतक, उसकी मां के प्रति गलत नियत रखता था,जिसको लेकर उसने घटना से 02 दिन पूर्व उसे घर से निकाल दिया था। दिनांक–23.05.2025 को समय करीब रात्रि 10.00 बजे,नन्हे उपरोक्त उसके घर के पास आकर अभियुक्त की मां से मिलने के लिए छिपा था,जिसको अभियुक्त द्वारा देख लिया गया तो वह वहां से भागने लगा, जिसका पीछा कर अभियुक्त द्वारा मुन्शीपुरवा जाने वाले चकरोड पर उसकी पीट कर हत्या कर दी गई थी।

# गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की भव्य शुरुआत



दैनिक अयोध्या टाइम्स टिकैतनगर बाराबंकी। सरयू नदी के पावन तट पर स्थित 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के ऐतिहासिक गुप्तेश्वर महादेव मंदिर,मूर्तिहन घाट में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ भव्यता के साथ हुआ। सरयू तट पर कलश यात्रा में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा,श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन की शुरुआत विशाल कलश यात्रा से हुई,जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर अपनी आस्था का परिचय दिया। वैदिक अनुष्ठानों से वातावरण गूंज उठा। वैदिक परंपराओं के साथ संपन्न हुए अनुष्ठान मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर सरयू तट तक पहुंची कलश यात्रा के दौरान भक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल संग्रह किया।

यह जल क्षेत्र के पांच प्रमुख मंदिरों में कलश भ्रमण के साथ स्थापित किया गया। यात्रा मार्ग पर ढोल–नगाड़ों,भक्ति गीतों और श्हर हर महादेवश के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलश स्थापना के पश्चात पंचांग पूजन,बेदी पूजन,जलाधिवास एवं अन्नाधिवास जैसे प्रमुख वैदिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इन धार्मिक विधियों का संचालन अयोध्या,वृंदावन और वाराणसी से पधारे सुप्रसिद्ध आचार्यों ने किया। मुख्य आचार्य डॉ.महीधर शुक्ल महाराज (अयोध्या) के नेतृत्व में आचार्य बालेंद्र धर शुक्ल,लक्ष्मी धर शुक्ल (वृंदावन),आचार्य सीताराम प्रिय,बसंत ओझा (वाराणसी), कौशलेश रामानुज एवं अभय कृष्ण शास्त्री महाराज (अयोध्या) ने विधि–विधान से पूजा संपन्न कराई। प्रसिद्ध यज्ञाचार्य डॉ.महीधर शुक्ल महाराज ने प्रवचन में कहा, षगुप्तेश्वर महादेव केवल एक देवस्थान नहीं,यह हमारी सनातन संस्कृति की जीवंत चेतना है। शिव की उपासना जहां आत्मिक शांति प्रदान करती है, वहीं सामाजिक समरसता का भी आधार है। जब–जब अधर्म बढ़ा है,तब–तब भगवान शंकर ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लिया है।'उन्होंने युवाओं को धर्म से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि,"हमें मंदिरों को केवल पूजा स्थली नहीं, बल्कि संस्कार केंद्र बनाना होगा, जहाँ से समाज को दिशा मिले।"

षपुरुषोत्तम तिवारी के प्रयासों से हुआ मंदिर का कायाकल्प – गुप्तेश्वर महादेव मंदिर का यह महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं,बल्कि उस सामूहिक प्रयास और जनभागीदारी का प्रतीक है, जिसके केंद्र में हैं समाजसेवी पुरुषोत्तम तिवारी।

उन्होंने मंदिर के जीर्णोद्धार का संकल्प लेकर इसे नवजीवन प्रदान किया। वर्षों से उपेक्षित अवस्था में पड़े इस ऐतिहासिक मंदिर को फिर से गौरव दिलाने के लिए तिवारी जी ने समाज के सहयोग से मंदिर का संपूर्ण नवीनीकरण कराया। नवीन शिखर,गर्भगृह की मरम्मत,परिसर का सौंदर्यीकरण,श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं और धार्मिक गतिविधियों की पुनर्स्थापना–इन सभी पहलुओं में पुरुषोत्तम तिवारी की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। कालिका प्रसाद तिवारी,अनिल तिवारी,पंकज मिश्रा, राकेश शुक्ला, विकास तिवारी, रिंकू पांडेय, विवेक मिश्रा, लवकुश शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

# संक्षिप्त समाचार

## आपराधिक मामलों में न्यायालय द्वारा दी गई सजाओं का विवरण

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। थाना मो0पुर खाला पर अभियुक्तगण द्वारा मारपीट कर गाली व धमकी देने के सम्बन्ध में पंजीकृत मुक़दमे के अभियुक्त 1.गजराद पुत्र प्रहलाद,2.अशोक पुत्र प्रहलाद,3.सुनील पुत्र प्रहलाद निवासीगण कुशबेहटा थाना मो0पुर खाला जनपद बाराबंकी को न्यायालय कोर्ट सं0–38 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 500–500 रुपए जुर्माना से दण्डित किया गया। 2.थाना को0नगर पर अभियुक्तगण सार्वजनिक स्थान पर जुंआ खेलने के सम्बन्ध में पंजीकृत जी0एक्ट के अभियुक्तगण 1.मो0 कफील पुत्र स्व0 मुन्ना खाँ निवासी सिविल लाइन 2.जीत पुत्र मंजीत निवासी उत्तर टोला बंकी 3.सरवन पुत्र स्व0 रामदुलारे निवासी पैतेपुर 4.अर्जुन पुत्र हरीराम निवासीगण खैरामखाना बेगमगंज थाना को0नगर जनपद बाराबंकी को न्यायालय कोर्ट सं0–15 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 100–100 रुपए जुर्माना से दण्डित किया गया। 3.थाना फतेहपुर पर अभियुक्त के पास से अवैध चाकू बरामद होने के सम्बन्ध में पंजीकृत आर्म्स एक्ट के अभियुक्त गुड्डू उर्फ रांमराज पुत्र कल्लू निवासी बन्नी रोशनपुर थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी को न्यायालय कोर्ट सं0–18 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 1000 रुपए जुर्माना से दण्डित किया गया। 4.थाना सतरिख पर अभियुक्त के पास से अवैध 53 ग्राम मारफीन बरामद होने के सम्बन्ध में पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट के अभियुक्त मो0 हनीफ उर्फ प्रधान पुत्र मौला निवासी भनौली थाना सतरिख जनपद बाराबंकी को न्यायालय कोर्ट सं0–18 जनपद बाराबंकी द्वारा जेल में बितायी गयी अवधि तक सजा व 5000 रुपए जुर्माना से दण्डित किया गया। 5.थाना सुबेहा पर अभियुक्तगण सार्वजनिक स्थान पर जुंआ खेलने के सम्बन्ध में पंजीकृत जी0एक्ट के अभियुक्तगण–1. रामिलन पुत्र श्रीनाथ 2.राकेश पुत्र रामअभिलाष 3.भारत पुत्र रामफेर निवासीगण तेजी का पुरवा थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी को ग्राम न्यायालय कोर्ट सं0–24 जनपद बाराबंकी द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 200–200 रुपए जुर्माना से दण्डित किया गया ।

## डीएम व एडीएम ने किया वेयर हाउस का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सोमवार को अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह के साथ देवा रोड स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग (ई0सी0आई0) की गाइड लाइन के अनुरुप गोडाउन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम, वीवीपैट स्ट्रांगरूम और सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम देखा और आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर नोडल अधिकारी ईवीएम एवं वीवीपैट संजय कुमार विश्वास,वेयर हाउस इंचार्ज–चकबन्दी अधिकारी सुरेश कुमार शर्मा,आदित्य नारायण झां सहायक चकबंदी अधिकारी व सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पांडेय सहित जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आगामी त्योहारों के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक ने किया फ्लैग मार्च



दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। सोमवार को पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक रामनगर अनिल कुमार पाण्डेय द्वारा पुलिस बल के साथ क्षेत्र के प्रमुख मार्गों,बाजार,भीड़–भाड़ वाले क्षेत्रों में शांति–सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना बनाये रखने हेतु फ्लैग मार्च कर आमजनमानस को सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया गया।

## विधि विधान से की गई वट सावित्री की पूजा



दैनिक अयोध्या टाइम्स मसौली बाराबंकी। सावित्री बरगदाही अमावस का पर्व सोमवार को श्रद्धा के साथ मनाया गया। ग्रामीण इलाकों में सुहागिन महिलाओं ने बरगद के पेड़ पर धागा बांधकर विधिवत पूजा की। क्षेत्र में सुबह होते ही महिलाएं अपने साथ पूजन सामग्री लेकर जिन स्थानों पर बरगद का पेड़ था,वहां पहुंच गईं। यहां महिलाओं ने विधिवत बरगद के चारो ओर धागा बांधा और मन्नतें मांगीं। महिलाओं ने पति और बच्चों की दीर्घायु की कामना की। इस दौरान सुहागिनों ने खरबूजा,आम,सुराही व श्रृंगार से जुड़े सामान चढ़ाए तथा पेड़ में धागा बांधकर अपने पति की दीर्घायु के साथ ही परिवार की सुख–समृद्धि की कामना की। पति की लम्बी उम्र के लिए निर्जला व्रत रख कर सावित्री, सत्यवान,यमराज के साथ वट वृक्ष की पूजा की इसके बाद सत्यवान सावित्री की कथा सुनाई गई। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन सावित्री ने अपने कठिन तप के बल से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा की थी। क्षेत्र के कस्बा मसौली,बड़ागाँव, बांसा,सफदरगंज,उधौली सहित ग्रामीण अंचलों में सुहागिनों ने पति की लम्बी उम्र की कामना की। सुहागिनों ने वटवृक्ष की पूजा आस्था और विश्वास के साथ सावित्री वट पूजा महिलाओं ने पूरी की है। मंदिरों में वटवृक्ष के नीचे महिलाओं ने पूजा अर्चना की इस दौरान पंडितो द्वारा कहे गए वैदिक मंत्र उच्चारण से पूरा वातावरण भक्तिमय रहा।

## विश्व माहवारी दिवस मनाया गया




दैनिक अयोध्या टाइम्स मसौली बाराबंकी। वात्सलय संस्था के तत्वाधान मे सोमवार को ग्राम पंचायत रहरामऊ में विश्व माहवारी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम मे 3 सैकड़ा से अधिक महिलाओं एव किशोरियो ने प्रतिभाग किया जिन्हे माहवारी के दिनों मे होने वाली समस्याओं एव उसके बचाव के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम मे ट्रेनर नीलिमा गुप्ता ने बताया कि खुशहाल जीवन के लिए सकारात्मक सोच, आत्म–स्वीकृति और मानसिक संतुलन कितना महत्वपूर्ण है. उन्होंने किशोरियो को तनाव प्रबंधन के कुछ प्रभावी उपाय भी बताए और यह संदेश दिया कि मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना उतना ही आवश्यक है जितना शारीरिक स्वास्थ्य का. इस तरह के जागरूकता अभियान किशोर किशोरियो के सोचने के नजरिए को बदलते हैं और उन्हें एक खुले व स्वस्थ समाज की ओर ले जाते हैं, कार्यक्रम के अंत में महिलाओ एव किशोरियो को माहवारी जागरूकता को बढ़ावा देने और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की शपथ दिलाई गयी। स्वास्थ्य कार्यकर्ता रोली वर्मा ने कहा कि माहवारी एक प्रकृतिक समय है जो प्रत्येक माह महिलाओ एव किशोरियो को इस दौर से गुजरना पड़ता है जरूरत इस बात की है कि उस समय महिलाओ एव किशोरियो को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है जिससे तमाम संकर्मित बीमारियों से बचा जा सकता हैं। इस अवसर पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर महेंद्र कश्यप और सीमा वर्मा ने माहवारी स्वच्छता प्रबंधन भ्रांतियां और सुरक्षित निपटान के बारे में बताया गया और नींबू दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कर तीन लड़कियों को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम के दौरान आकाश कला मंच के द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया जिसमें माहवारी विषय पर बातचीत की गई कार्यक्रम मे संस्था से सीमा वर्मा कमलेश कुमार शोभित मिश्रा सहित आंगनवाड़ी,आशा बहू व ग्रामीण महिलाए एव किशोरियाँ मौजूद रही।

## मऊ जनपद में तीन करोड़ का अवैध गाँजा के साथ डीसीएम वाहन को पुलिस ने किया गिरफ्तार



मऊ। जनपद के पुलिस अधीक्षक इलामारन अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्री के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री अंजनी कुमार पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में तथा थाना कोतवाली नगर व एसओजी/स्वाट/सर्विलांस टीम को उस समय अहम सफलता हाथ लगी" से पुलिस ने चेकिंग मऊ बलिया हाईवे पर स्थित पटेल ढाबा से 100 मीटर पूरब मुहल्ला ख्वाजाजहांपुर थाना कोतवाली नगर मऊ से 01 नफर अभियुक्त सभाजीत चौहान पुत्र राजाराम चौहान निवासी दुल्हापुर, थाना दोस्तपुर, जनपद सुल्तानपुर उम्र करीब 40 वर्ष को 20 कुन्तल 04 किलो 200 ग्राम अवैध गाजा 17 लोहे के बाक्स में व एक अदद वाहन डीसीएम नं. ML10 D 0332 के साथ गिरफ्तार किया गया। मुखबीर की सूचना दिनांक 25.05.2025 को पटेल ढाबा के पास से बलिया मऊ हाईवे पर समय 20.00 बजे वाहन चेक किया गया जिसमे ड्राइवर द्वारा ट्रान्सफर का सामान बताया गया। पूछताछ के दौरान बताया कि तेजपुर गोल्डेन ट्रान्सपोर्ट सर्विस तेजपुर से ट्रान्सफर सामान लोडकर लखनऊ जा रहा हूँ और पूछताछ में बताया कि साहब जिसमे गाँजा है। श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर महोदय को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया जिनके समक्ष उक्त वाहन को चेक किया गया जिसमे 20 कुन्तल 04 किलो 200 ग्राम अवैध गाँजा बरामद हुआ जिसका मूल्य करीब तीन करोड़ रुपये है। उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। **अपराध करने का तरीका** – उक्त अभियुक्त एक शातीर किस्म का अपराधी है जो मिलिट्री जैसा बाक्स बनाकर ट्रान्सफर जाने की बिल्टी आर्डर बनाकर धोखा देकर गाँजा की वाहन से सप्लाई करना।

## दिव्यांगता प्रगति में बाधक नहीं : गोपाल कृष्ण अग्रवाल



मऊ। जनपद में दिव्यांगता प्रगति में बाधक नहीं है,दिव्यांग जनों के अंदर बहुत सारी प्रतिभाएं छिपी हुई हैं बस जरूरत है उनके अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने की। साथ ही सरकार द्वारा दिव्यांग जनों के लिए बहुत सारे कानून और अधिकार दिए गए हैं ये समाज का फर्ज बनता है कि उनको पूरा हक और अधिकार दिया जाए तभी दिव्यांग जन अपने आपको अक्षम से सक्षम बना सकते हैं उक्त बातें नेशनल एसोशिएशन ऑफ द ब्लाइंड के मुख्य सलाहकार गोपाल कृष्ण अग्रवाल के हैं वे मां धनरी विकलांग शिक्षण एवं प्रशिक्षण सेवा संस्थान के तत्वाधान में भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित,राज्य स्तरीय तीन दिवसीय सतत पुनर्वास प्रशिक्षण कार्यकम ' में रिसोर्स पर्सन के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दिव्यांग जनों के लिए दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 में बहुत सारे कानून बनाए गए हैं जो उनको पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करता है। हमें इसका लाभ लेना चाहिए। लखनऊ से चल कर आए रिसोर्स पर्सन आनंद त्रिपाठी ने दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास में आस पास के वातावरण एवं परिवार का महत्व पर विस्तार से चर्चा किया। रिसोर्स पर्सन स्पेशल एजुकेटर मंजू यादव ने प्रतिभागियों के बीच अभिभावक एवं समुदाय का दिव्यांग जनों के मानसिक स्वास्थ्य पर किस तरह का प्रभाव डालता है। रिसोर्स पर्सन सूरज कुमार ने दिव्यांग बच्चों के विशेष शिक्षा एवं उसके महत्व पर चर्चा किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण उपरांत 150 प्रतिभागियों को रिसोर्स पर्सन एवं संस्था के प्रबंधक चंद्रशेखर यादव द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर सीआरई को ऑर्डिनेटर वंश बहादुर यादव ने कहा कि यहां पर आप लोगों ने तीन दिनों तक जो ज्ञान प्राप्त किया उसका लाभ दिव्यांग बच्चों तक पहुंचे तभी इस कार्यक्रम की महत्ता साबित होगी। प्रिंसीपल सीमा यादव ने कार्यक्रम की बेहतरीन सफलता पर सबका आभार व्यक्त किया।

## महर्षि कालू बाबा गौसेवा दल ने मृत गाय का किया अंतिम क्रियाकर्म



दैनिक अयोध्या टाइम्स कैराना शामली। महर्षि कालू बाबा गौसेवा दल के सदस्यों द्वारा लावारिस मृत गाय का अंतिम क्रियाकर्म किया गया। सोमवार को महर्षि कालू बाबा गौसेवा दल के सदस्यों को कस्बे के मोहल्ला गुम्बद की एक बंद गली में लावारिस गाय के मृत पड़े होने की सूचना मिली, जिस पर संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। बाद में मृत गाय को नगरपालिका परिषद से जेसीबी मशीन बुलवाकर ऊँचागांव के जंगल में ले जाया गया। जहां पर संगठन के सदस्यों द्वारा गड्ढा खुदवाकर मृत गाय का अंतिम क्रियाकर्म कराया गया। इस दौरान अनुज, अमित, रोहित, असमित, सन्नी, मोहित, मोनू, सचिन, विनीत, दीपक आदि मौजूद रहे।

## आटो-ई-रिक्शा के अवैध संचालन पर नियंत्रण लगाने हेतु परिवहन व यातायात विभाग ने शुरु किया विशेष अभियान



दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। जनपद मे मनमाने तरीके से चल रहे ऑटो–ई–रिक्शा पर नियंत्रण लगाने को लेकर परिवहन विभाग एंव यातायात विभाग ने सत्यापन शुरु कर दिया है। ई–रिक्शा ऑटो का रजिस्ट्रेशन नंबर,चालक और मालिक का नाम,पता,मोबाइल नंबर आदि का ब्योरा अपने वाहन पर लिखना होगा। आज सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन–प्रवर्तन अंकिता शुक्ला एंव यातायात प्रभारी रामयतन यादव की टीम ने पुलिस लाइन परिसर मे ई–रिक्शा–ऑटो चालको का सत्यापन करते हुये रजिस्ट्रेशन नंबर,चालक, मालिक का नाम,पता,मोबाइल आदि का ब्यौरा वाहनो पर अंकित करवाया। तथा ऑटो और ई रिक्शा को एक यूनिक आईडी नंबर जारी करते हुये जागरुक किया। इस सम्बन्ध मे एआरटीओ प्रशासन शुक्ला ने बताया कि परिवहन एंव यातायात विभाग द्वारा ऑटो और ई–रिक्शा के अवैध संचालन पर नियत्रण लगाने को लेकर पुलिस लाइन परिसर मे ई–रिक्शा–ऑटो चालको का रजिस्ट्रेशन नंबर,चालक और मालिक का नाम,पता,मोबाइल नंबर आदि का ब्योरा रजिस्टर में दर्ज तथा संबंधित ऑटो और ई रिक्शा को एक यूनिक आईडी नंबर जारी किया गया। उन्होने आगे बताया कि यदि चालक द्वारा कोई भी दुंव्यवहार या रोड़ सेफ्टी नियमो का उल्लंघन किया जाता है तो यात्री द्वारा सीधे वाहन स्वामी से सम्पर्क किया जा सकेगा।

## मा.मुख्यमंत्री जी ने बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित कई योजनाओं का किया शुभारंभ, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ सजीव प्रसारण

❑ शिक्षक देश का भविष्य गढ़ने का करते हैं कार्य, अपने दायित्व को अवश्य निभाएं शिक्षकः माननीय मुख्यमंत्री। ❑ बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित, जनपद स्तर पर भी बेहतर कार्य करने वाले खंड शिक्षा अधिकारी एवं अध्यापकों को किया गया सम्मानित।




मऊ। जनपद में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी के कर कमलों द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित योजनाओं का शुभारंभ एवं लोकार्पण का लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार मऊ में जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय,जिला अध्यक्ष रामाश्रय मौर्य, जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय की उपस्थिति में संचालित हुआ। यह कार्यक्रम लखनऊ में लोक भवन में आयोजित किया गया था।योगी आदित्यनाथ जी ने शैक्षिक सत्र 2025 –26 हेतु डीबीटी के माध्यम से ड्रेस, जूता मोजा, बैग ,स्वेटर, स्टेशनरी आदि के लिए 1200 अभिभावकों के खाते में बटन दबाकर हस्तांतरित किया। इसी कड़ी में आज कक्षा 3 से 12 तक के लिए निपुण प्लस एप का भी शुभारंभ किया गया। साथ ही 38 मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय तथा 66 अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय का भी शिलान्यास मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया ।138 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के नवनिर्मित भावनों का भी लोकार्पण किया गया। कुल 7409 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना का बटन दबाकर शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री जी द्वारा शिक्षकों के लिए 51667 टैबलेट वितरण का भी शुभारंभ किया गया। 5228 विद्यालय में आईसीटी लैब की स्थापना का शुभारंभ किया गया। 503 पीएम श्री विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना का बटन दबाकर शुभारंभ किया गया। डीएलएड प्रशिक्षुओं के माध्यम से माह दिसंबर 2024 एवं फरवरी 2025 में आकलन किए गए विद्यालयों में निपुण निकल कर आये विद्यालयों के लिए प्रदेश स्तर पर प्रतीकात्मक रूप से पांच खंड शिक्षा अधिकारियों को सम्मानित किया गया। एससीईआरटी द्वारा विकसित पुस्तक सारथी एवं निरूपण का भी विमोचन माननीय मुख्यमंत्री जी, बेसिक शिक्षा मंत्री जी एवं उपमुख्यमंत्री जी ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्तमान सरकार ने बेसिक शिक्षा विभाग में आमूल चूल परिवर्तन किया है। ऑपरेशन कायाकल्प से प्रारंभ होकर यह यात्रा अब मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय तक पहुंच चुकी है।उन्होंने शिक्षकों को देश का भविष्य गढ़ने वाला बताते हुए कहा कि शिक्षक अपने दायित्वों का बेहतर निर्वहन कर राष्ट्र निर्माण में सहयोग कर सकते हैं। यह शिक्षक की जिम्मेदारी है कि उनके आसपास गांव में कोई भी बच्चा जिसकी आयु 5 वर्ष से 14 वर्ष के बीच है स्कूल जाने से वंचित न रह जाए। इस कार्य हेतु उन्होंने विद्यालय प्रबंध समिति एवं ग्राम पंचायत का भी सहयोग लेने को कहा। इसके अलावा गांव में सफाई कार्यक्रमों में बेसिक शिक्षा विभाग सहयोग कर आम जनमानस में बेहतर माहौल बना सकता है। संबोधन के दौरान उन्होंने समर कैंप का भी उल्लेख किया तथा समर कैंप के माध्यम से बच्चों के प्रतिभा को निखारने हेतु प्रयास करने को कहा। इसके लिए विद्यालय, ब्लॉक, जिला मंडल एवं प्रदेश स्तर पर संबंधित विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित करने को भी कहा जिससे हुनरमंद बच्चों के प्रतिभाओं को आगे लाया जा सके। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय बेसिक शिक्षा द्वारा एक नवाचार है। बेसिक शिक्षा विभाग शिक्षा की गुणवत्ता एवं नवाचार को बनाए रखें तथा बच्चों के बेहतर भविष्य हेतु कार्य करें। कलेक्ट्रेट सभागर में जनपद मऊ के प्रत्येक विकासखंड से सर्वाधिक औसत उपस्थिति वाले निपुण चयनित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को भी प्रशस्ति पत्र के माध्यम से सम्मानित किया गया। निपुण विकासखंड के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों एवं एस आर जी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी विकास खण्डों से सर्वश्रेष्ठ निपुण विद्यालय के लिए चयनित प्रधानाध्यापक, खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंह,धर्मेंद्र कुमार , डीसी प्रशिक्षण अमित श्रीवास्तव, डीसीएमआईएस अवधेश सिंह, एसआरजी अरविंद पांडे सहित शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एसआरजी अरविंद पांडे ने किया।

## एडीएम के पद पर पदोन्नत हुए एसडीएम को दी भावभीनी विदाई



दैनिक अयोध्या टाइम्स कैराना शामली। अपर जिलाधिकारी के पद पर पदोन्नत हुए एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव को तहसील प्रशासन द्वारा विदाई समारोह आयोजित करके भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान पुष्प–मालाएं पहनाकर तथा ढोल–नगाड़ों के साथ उनका भव्य अभिनंदन किया गया। वह कैराना में करीब 22 माह तक उपजिलाधिकारी के पद पर तैनात रहे है।

शासन के द्वारा विगत दिनों सेवा में वरिष्ठता के आधार पर प्रदेश के कई पीसीएस अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है। इनमें एसडीएम कैराना के पद पर तैनात डिप्टी कलेक्टर स्वप्निल कुमार यादव का नाम भी शामिल है। वह एडीएम के पद पर पदोन्नत हुए है। शासन ने उन्हें चित्रकूट जनपद में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की जिम्मेदारी सौंपी है। सोमवार को तहसील मुख्यालय पर स्थित सभागार कक्ष में एडीएम के पद पर पदोन्नत हुए स्वप्निल कुमार यादव का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे लोगो ने पुष्प मालाएं पहनाकर एवं बुके भेंट करके उनका स्वागत किया। इस दौरान एडीएम बने स्वप्निल कुमार यादव एसडीएम के तौर पर कैराना में बिताए गए अपने कार्यकाल के अनुभव को लोगो से साझा किया। उन्होंने कहा कि यदि आप पूर्ण निष्ठा एवं निष्पक्षता के साथ में अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करेंगे तो लोग निश्चित रूप से आपको अपने ह्रदय में स्थान देंगे। आपके स्थानांतरण के बाद भी लोग आपको एक अच्छे अधिकारी के रूप में स्मरण करेंगे। इसलिए पद पर बैठे व्यक्ति को अपने अधिकारों का इस्तेमाल जनहित के लिए करना चाहिए। **कार्यक्रम का कुशल संचालन रजिस्ट्रार–** कानूनगों देवानंद ने किया। इस अवसर पर तहसीलदार अर्जुन चौहान, सीओ कैराना श्यामसिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, ईओ कैराना समीर कश्यप, बार एसोसिएशन कैराना के अध्यक्ष रामकुमार वशिष्ठ, महासचिव राजकुमार चौहान, पूर्व बार अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री दामोदर सैनी, राजस्व निरीक्षक अरविंद कुमार, एडवोकेट शक्ति सिंघल, महेंद्र सिंह एडवोकेट, राशिद अली चौहान एडवोकेट, पेशकार प्रदीप कुमार, लेखपाल अनुराग पंवार, मुजक्किर खान, आदि मौजूद रहे।

**कैराना एसडीएम के तौर पर 22 माह तक प्रदान की सेवाएं** – एडीएम के पद पर पदोन्नत हुए स्वप्निल कुमार यादव प्रांतीय सिविल सेवा–2019 बैच के अधिकारी है। डिप्टी कलेक्टर के तौर पर उन्हें प्रथम तैनाती अयोध्या जनपद में मिली थी। जहां पर वह करीब पौने चार वर्ष तैनात रहे है। इसके अलावा, कैराना एसडीएम बनने से पूर्व वह करीब तीन माह तक जनपद बलरामपुर में भी अपनी सेवाएं दे चुके है। अब वह करीब 22 माह तक कैराना एसडीएम के तौर पर तैनात रहे है। स्वप्निल कुमार यादव मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यवहार के पीसीएस अधिकारी के रूप में जाने जाते है।

**पत्रकार संगठन कैराना के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दी शुभकामनाएं** – सोमवार को पत्रकार संगठन कैराना के संरक्षक सुधीर चौधरी एवं अध्यक्ष संदीप इन्सां संगठन के सदस्यों के साथ में तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने सभागार कक्ष में पहुंचकर एडीएम के पद पर पदोन्नत हुए स्वप्निल कुमार यादव को बुके तथा स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए शुभकामनाएं ज्ञापित की। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार अंसार सिद्दीकी, डॉ. अरशद चौधरी, सन्नी गर्ग, इरफान चौधरी, दीपक बालान, पुनीत गोयल, आशीष सैनी, सलमान चौधरी, नदीम अली, सुहैब

## थाना गंगा घाट क्षेत्र के अंतर्गत दबंग की दबंगई: थाना गंगा घाट क्षेत्र के शंकरपुर सराय निवासी सीमा पत्नी रविशंकर को दबंगों द्वारा घर पर जाकर जा रहा धमकाया मुकदमा वापस लेने की हिदायत



उन्नाव। सीमा पत्नी रविशंकर निवासी ग्राम रामबक्स खेड़ा माजरा शंकरपुर सराय थाना गंगा घाट जिला उन्नाव की है सीमा के पति रविशंकर का मोहम्मद अख्तर हामिद पुत्र अज्ञात वी मोहम्मद खालिद पुत्र रमजान निवासी ग्राम थाना माखी थाना के निवासी हुआ मुलुक राज यादव निवासी किशोरी खेड़ा थाना कोतवाली जिला उन्नाव से पैतृक जमीन का विवाद है जो माननीय न्यायालय उप जिलाधिकारी सदर उन्नाव में विचाराधीन है उपरोक्त लोगों ने सीमा के पति की पैतृक भूमि को गैर कानूनी तरीके से जबरन हथियाना चाहते हैं तथा आए दिन सीमा के घर जाकर धमकाते हैं मुकदमा वापस लेने को कहते हैं और कहते हैं यदि मुकदमा वापस नहीं लगे तो किसी दिन पूरे परिवार को जान से मार देंगे घटना दिनांक 25 5 2025 शाम लगभग 4रू00 बजे की है जब सीमा का घर गांव के बाहर है उपरोक्त लोग लोग तीन अज्ञात साथियों सहित आए तथा हाथ में अवैध हथियार लेकर प्राथमिक के घर पर चढ़ाई कर दी और प्राथमिक को धमकाया यदि मुकदमा वापस नहीं लगे तो तुम्हें और तुम्हारे पति को जान से मार देंगे सीमा यादव ने थाना गंगा घाट में न्याय की गुहार लगाते हुए प्रार्थना पत्र देखकर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रामबक्स खेड़ा गांव में पीड़ित सीमा पत्नी रविशंकर के यहां थाना निवासी मो.अख्तर, मलूक,मो.खालिद ने कल शाम को रविशंकर के यहाँ आये और धमकी दी कि अपना मुकदमा वापस ले लो नही तो नही तो तुम्हे जान से मार देंगे जेल भिजवा देंगे। बता दे पीड़ित की पैतृक जमीन ऐराभदियार में है जिस पर इन लोगो से मुकदमा उपजिलाधिकारी के यहां विचाराधीन है जिसको लेकर ये लोग धमकी दिया करते है कि अपना मुकदमा वापस ले लो आज जब ये लोग पीड़ित के घर पर आए और धमकी दी तो पीड़ित ने 112 नं. पुलिस को सूचना दी पुलिस के आने से पहले ही ये लोग निकल गए पीड़ित ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर दी है।

## शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की पहल, डीएम की अध्यक्षता में बैठक, स्मार्ट क्लास और डिजिटल लर्निंग पर जोर



दैनिक अयोध्या टाइम्स उन्नाव। शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए विकास भवन सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। डीएम गौरांग राठी ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कृति राज और बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सेंगर समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में शुरू की गई शैक्षिक योजनाओं पर चर्चा की गई। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने इन योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे शिक्षकों को बेहतर संसाधन मिलेंगे और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। सीडीओ कृति राज ने बताया कि स्कूलों में स्मार्ट क्लास और डिजिटल लर्निंग की सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। लाइब्रेरी को मजबूत किया जाएगा और शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि आने वाले महीनों में जिले के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बदलाव देखने को मिलेगा। डीएम ने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर स्कूल की नियमित मॉनिटरिंग और निरीक्षण किया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद सभी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने जिले की शिक्षा व्यवस्था को उत्कृष्ट बनाने का संकल्प लिया।

## उन्नाव में पशु चिकित्सक रिश्वत लेते गिरफ्तार, पशुधन एप आईडी एक्टिवेट करने के लिए 25 हजार रुपए मांगे थे



दैनिक अयोध्या टाइम्स उन्नाव। उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान की टीम ने उन्नाव के ऊगू पशु चिकित्सालय में तैनात डॉ. सोमेश निगम को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। डॉक्टर ने पशुधन एप की आईडी सक्रिय करने के एवज में 25 हजार रुपये की मांग की थी। सराय अख्त्यारपुर निवासी अभिषेक कुमार ने सतर्कता अधिष्ठान में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की जांच में आरोप सही पाए गए। सतर्कता टीम ने योजनाबद्ध तरीके से शिकायतकर्ता को धनराशि देकर चिकित्सालय भेजा। जैसे ही डॉक्टर ने रुपये लिए, टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। सतर्कता टीम ने मौके से पंचनामा और अन्य साक्ष्य जुटाए। आरोपी चिकित्सक के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। बता दे कि टीम यह पता लगाने में जुटी है कि कहीं यह किसी बड़े भ्रष्टाचार नेटवर्क का हिस्सा तो नहीं है। डॉ. निगम को पुलिस हिरासत में रखा गया है। उन्हें शीघ्र ही न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, स्मैक व नकदी बरामद



दैनिक अयोध्या टाइम्स कैराना। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 15 ग्राम स्मैक, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, मोबाइल फोन व 2900 रुपये की नकदी बरामद हुई है। सोमवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 15 ग्राम स्मैक, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, मोबाइल फोन व 2900 रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता फिरोज निवासी ग्राम गोगवान बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है।

# संक्षिप्त समाचार

## दो पक्षों में हुई मारपीट, पुलिस से की गई शिकायत



दैनिक अयोध्या टाइम्स देवा बाराबंकी। देवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेरा कलां में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मामले में पुलिस से शिकायत दर्ज कराई गई है। रविवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेरा कलां निवासी सुनील कुमार पुत्र हिरा लाल ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि पत्नी,बहन तथा पुत्र रिश्तेदारी शादी में आए थे। इसी दौरान दरवाज़ा रखने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर विपक्षी जन जगत राम पुत्र रामाश्रय,सुंदरलाल पुत्र राम आसरे सकतू पुत्र रामाश्रय,आशीष पुत्र जगत राम,शुभम पुत्र जगत राम,कमलेश पुत्र सुंदरलाल,अमित कुमार उर्फ गुड्डू पुत्र सुंदरलाल,जामवंत पुत्र सुंदरलाल,ओंकार श्री ओम हरि ओम पुत्र जसकरण लाल के द्वारा फ़ावड़ा,बांका,लाठी डंडों से बुरी तरह से मारा पीटा गया तथा महिलाओं के साथ छेड़छाड़ भी की गई है। फ़िलहाल इस संबंध में स्थानीय पुलिस को शिकायती पत्र दिया गया है।

## जनपद के पुलिस अधीक्षक इलामारन जी द्वारा पुलिस लाइन का किया निरीक्षण



मऊ। जनपद के पुलिस अधीक्षक इलामारन जी ने पुलिस लाइन में समग्र व्यवस्था, बैरक और अन्य सुविधाओं की तैयारियों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान आरटीसी एवं जेटीसी केन्द्र की तैयारियों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। प्रशिक्षण केन्द्र में उपकरणों की उपलब्धता, स्वच्छता और प्रशिक्षण सामग्री की स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण के लिए सभी मूलभुत सुविधाओं की कमियों को पुरा करने और व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री अंजनी कुमार पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक रमाकान्त पाण्डेय व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## जंधेड़ी की गौशाला में गोवंशों की हो रही भयंकर दुर्दशा

❑ अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन–पत्र तहसीलदार को सौंपा।
❑ गौशाला से गोवंशों के गायब होने, समय पर चारा–पानी व उपचार न मिलने का लगाया आरोप।



दैनिक अयोध्या टाइम्स कैराना शामली। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन–पत्र सौंपा है। उन्होंने जंधेड़ी गांव में स्थित गौशाला में गोवंशों की दुर्दशा का आरोप लगाया है। ज्ञापन–पत्र में गोवंशों के निरंतर गायब होने तथा समय पर चारा–पानी व उपचार आदि न मिलने की भी बात कही गई है। सोमवार को अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के दर्जनों कार्यकर्ता तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन–पत्र तहसीलदार कैराना अर्जुन चौहान को सौंपा। बताया कि विगत रविवार को संगठन के कुछ कार्यकर्ता जंधेड़ी गांव में संचालित गौशाला में गए थे। वहां पर उन्होंने पूर्व में छोड़ी गई गाय के बारे में जानकारी की। आरोप है कि छोड़ी गई गाय गौशाला से गायब मिली। इसके अलावा, जो गाय गौशाला में मौजूद है। उन्हें भी समय पर चारा, पानी और खल–चोकर आदि नही मिल रहा है। आरोप है कि गौशाला से गायों के गायब होने का सिलसिला काफी समय से चल रहा है, जिसके सम्बन्ध में वह निवर्तमान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को सबूतों के साथ में अवगत करा चुके है। पत्र में मांग की गई है कि तहसील प्रशासन प्रत्येक गौशाला में हर महीने टीम भेजकर निरीक्षण कराए तथा वहां मौजूद गोवंशों की स्थिति पर ध्यान दे। ज्ञापन–पत्र में एक सप्ताह के भीतर गौशालाओं की स्थिति में सुधार किये जाने की मांग की गई है। ऐसा न होने पर सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन–पत्र पर प्रवीण, देवीचंद, विक्की, सचिन, निक्की, अमर, अमित, रवि आदि के हस्ताक्षर अंकित है।

## मण्डावर जानलेवा हमले का एक और आरोपी गिरफ्तार



दैनिक अयोध्या टाइम्स कैराना शामली। कोतवाली पुलिस ने गांव मण्डावर में घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। पुलिस घटना में नामजद दो अन्य आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। विगत 27 अप्रैल को क्षेत्र के गांव मण्डावर निवासी हाशिम ने सात लोगो के खिलाफ घर में घुसकर गाली–गलौच व जानलेवा हमला करने के आरोप में कोतवाली कैराना पर मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी शामली ने प्रभारी निरीक्षक को मामले की जांच करके आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए थे। सोमवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत मामले की विवेचना कर रहे एसआई सतीश प्रकाश ने घटना में नामजद आरोपी आरोपी इसरार निवासी ग्राम मण्डावर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है। पुलिस इससे पूर्व घटना में नामजद दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।

## नलकूप पर चोरी का एक और आरोपी गिरफ्तार



दैनिक अयोध्या टाइम्स कैराना शामली। ग्राम घिस्सूगढ़ में नलकूप पर हुई चोरी के प्रकरण में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से चोरी किये गए स्टार्टर व केबिल तार आदि को बेचकर प्राप्त की गई नकदी बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपी का पुलिस ने चालान कर दिया है। विगत 30 अप्रैल की रात्रि ग्राम घिस्सूगढ़ में अज्ञात चोरों ने किसान फरमान के नलकूप से स्टार्टर व केबिल तार आदि चोरी कर लिया था। घटना के सम्बंध में कैराना कोतवाली पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था। एसपी शामली ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को घटना का अनावरण करके चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजने के निर्देश दिए थे। सोमवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार चोरी की घटनाओं में लिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने नलकूप पर हुई चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से चोरी करके बेचे गए स्टार्टर व केबिल तार से प्राप्त नकदी के 320 रुपये बरामद हुए है। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम व पता इरफान निवासी ग्राम अलीपुर बताया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का चालान करके उसे जेल भेज दिया है। पुलिस इससे पूर्व चोरी की घटना में शामिल तसव्वर उर्फ गोला निवासी ग्राम मन्नामाजरा को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।

# संक्षिप्त समाचार

## ग्राम याकूबपुर में चार लाख नगदी सहित जेवरात चोरी बेटी की शादी के लिए कर रखा था इंतजाम चोरों ने किया हाथ साफ

प्रिंस गुप्ता ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स। शाहजहांपुर। जनपद जलालाबाद क्षेत्र के गांव याकूबपुर निवासी तौले अली ने बताया कि काफी दिनों से अपनी बेटी की शादी के लिए तैयारी कर रहा था कि



रविवार की रात लगभग सुबह तीन बजे खट की आवाज आई तो छत पर सो रहा परिवार नीचे घर में देखने के ली उठे. तो देखा कि जीने का दरवाजा अंदर से बंद है। गर्मी अधिक होने के कारण सभी घर वाले मकान की छत पर सो रहे थे। पीड़ित के अनुसार बेटी के लिए जेवर बनवाया था और बहुओं का का भी जेवर रखा हुआ था। कमरे के ताले तोड़ कर अन्दर रखी अलमारी के ताले तोड़ कर सोने का हार झूमर टीका,झुमकी झाले,दो जोड़ी पायल एक नथ चार चूड़ी सोने के पेडल लगभग सात तोला सोना छे सौ ग्राम चांदी का जेबर सहित चार लाख नगदी चुरा ले गए.पीड़ित ने कोतवाली तहरीर दे कर सूचना दी है। वही संबंध में थाना प्रभारी राजीव कुमार से जब बात की गई तो उन्होंने बताया उन्हें चोरी की घटना संदिग्ध लग रही है पुलिस मौके की जांच कर रही है जांच के बाद चोरी की घटना पाई गई तो चोरों पर कार्रवाई की जाएगी।

## जलालाबाद संस्कृत विद्यालय में सोमवार को वट सावित्री व्रत के अवसर पर महिलाओं ने बरगद के पेड़ की पूजा-अर्चना की

प्रिंस गुप्ता ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स।
यह व्रत पति की दीर्घायु के लिए किया जाता है। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा में भाग लिया। हिंदू धर्म में बरगद का वृक्ष पूजनीय माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार इस वृक्ष में सभी देवी–देवताओं का वास होता है। इस वृक्ष की पूजा से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है।



वृक्ष के तने के चारों ओर कच्चा धागा लपेटा पूजन सामग्री में सावित्री–सत्यवान की मूर्तियां, धूप, दीप और घी शामिल थे। साथ ही बांस का पंखा, लाल कलावा और सुहाग का सामान भी रखा गया। कच्चा सूत, भिगोया हुआ चना, बरगद का फल और जल से भरा कलश भी पूजा में उपयोग किए गए। व्रती महिलाओं ने सावित्री और सत्यवान की पूजा की। बरगद की जड़ में जल अर्पित किया। वृक्ष के तने के चारों ओर कच्चा धागा लपेटा। तीन बार परिक्रमा की। बड़ के पत्तों के गहने पहनकर वट सावित्री की कथा सुनी। भीगे हुए चनों का बायना निकाला।

## दबंगों द्वारा पीड़िता की पैतृक जमीन से कब्जा हटवाने को लेकर जिलाधिकारी से लगाई गई न्याय की गुहार

पुष्कर शर्मा विशिष्ट जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। ग्राम निकारीपुर उमर्दा मौजा निवासी शिखा पत्नी जसवीर सिंह द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराते हुए बताया गया कि उसकी गाटा संख्या 2014 जिसका क्षेत्रफल 0.2430 हेक्टेयर की पैतृक भूमि पर न्यायालय में बाद संख्या 268 बाद 2025 पर यथा स्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया गया था जिस पर लेखपाल द्वारा अपनी हद्धर्मी व गुंडई के बलबूते पर कब्जा करके अपने सगे संबंधियों नीरज यादव व मुकेश यादव को बेचने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से जांच करा कर कानूनी कार्रवाई करते हुए न्याय की गुहार लगाई गई।

## मन की बात के 122 वें संस्करण में फुलसंदा निवासी वेटलिफ्टर खिलाड़ी तुषार चौधरी का जिक्र किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता अमरकांत शर्मा नहटौर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 122 वें संस्करण में फुलसंदा निवासी वेटलिफ्टर खिलाड़ी तुषार चौधरी का जिक्र किया। तुषार चौधरी ने खेलो इंडिया के अंतर्गत बिहार में आयोजित प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। 8 मई से 15 मई तक बिहार के राजगिरी में खेलो इंडिया यूथ गेम आयोजित हुए थे। जिसमें फुलसंदा निवासी संजय सिंह के पुत्र तुषार




चौधरी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। तुषार चौधरी ने 102 किलो वर्ग भर में 289 किलो वजन उठाया था। गांव में पहुंचने पर तुषार चौधरी का ग्रामीण द्वारा फूलमाला एवं ढोलबाजों के साथ जोरदार स्वागत किया था। इसके बाद रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वेटलिफ्टर खिलाड़ियों में तुषार चौधरी का नाम दिया तो वैसे ही परिजन खुशी से झूम उठे उन्होंने इसे बड़ी उपलब्धि बताया। जिसको लेकर तुषार चौधरी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। तुषार चौधरी के दादा ओमपाल सिंह, पिता संजय सिंह, ताऊ शूरवीर सिंह, कुलदीप सिंह व चाचा देवराज सिंह ने भी प्रधानमंत्री का आभार जताया।

नहटौर। मन की बात के 122 में संस्करण में जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि खेलो इंडिया जो बिहार में आयोजित हुई उसमें 26 रिकॉर्ड बने। उन्होंने अलग–अलग खेलों के साथ–साथ वेटलिफ्टिंग स्पर्धाओं का भी जिक्र किया। जिसमें उन्होंने महाराष्ट्र की अस्मिता धोने, उड़ीसा के हर्षवर्धन साहू और उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी के रूप में फुलसंदा निवासी तुषार चौधरी का जिक्र किया। यह केवल एकमात्र जिक्र नहीं था। यह एक संजीवनी थी खिलाड़ी और उसके खेल को। जो न जाने कितने युवाओं के खेलों के माध्यम से सफलता



प्रेरित करेगा। तुषार चौधरी फुलसंदा के सामान्य परिवार से आते हैं। पिता संजय सिंह खेती करते हैं और मां सोनम देवी गृहणी है। बिहार के राजगिरी में खेलो इंडिया यूथ गेम आयोजित हुए थे जिसमें तुषार चौधरी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। जिस वर्ग 102 किलो वर्ग भार में तुषार चौधरी ने 289 किलो वजन उठाकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वह भी एक नया रिकॉर्ड बन गया। इससे पहले अक्टूबर 2024 में हिमाचल प्रदेश में आयोजित नेशनल गेम्स में तुषार चौधरी ने 281 किलो वजन उठाया था। जब तुषार चौधरी से वार्ता की गई तो तुषार चौधरी ने अपने खिलाड़ी वाले ढंग में कहा कि मेहनत कर रहे हैं देश के लिए खेल रहे हैं। वह इसमें पूरे परिवार का सपोर्ट है। माता–पिता, दादा और कोच करन सिंह आदि का भरपूर सहयोग मिल रहा है। जिसका कारण वह उपलब्धियां पा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया की अग्रिम लक्ष्य ओलंपिक में देश के लिए मेडल लाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब उनसे उनका जिक्र किया है तो यह मेरे लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। अन्य युवाओं से भी मैं यही कहना चाहूंगा कि मेहनत करते हुए सफलता को प्राप्त करें। प्रधानमंत्री द्वारा वेटलिफ्टिंग और खिलाड़ी तुषार का जिक्र किया गया है। वह अन्य युवाओं खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगा। यह भी एक बड़ी उपलब्धि है। करन सिंह, कोच– वेटलिफ्टिंग अकादमी गिलाड़ी। नहटौर ही नहीं पूरे जिले के लिए गौरांवित करने वाली बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलाड़ी का उत्साहवर्धन कर पूरे जिले को गौरान्वित किया है। हम पीएम मोदी जी के आभारी हैं। खिलाड़ी को हर प्रकार से सहयोग किया जाएगा। ओमकुमार, विधायक– नहटौर विधानसभा क्षेत्र (बिजनौर)

# पति की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा

गोपाल गुप्ता क्राइम ब्यूरो दैनिक अयोध्या टाइम्स।
शाहजहांपुर। महानगर में वट वृक्ष पूजा करने बाद महिलाओं ने बताया क्यों कि जाती है पूजा एक पौराणिक कथा के अनुसार, प्राचीन काल में भद्र देश के राजा अश्वपति की एकमात्र संतान थी, जिसका नाम सावित्री था। राजर्षि को संतान प्राप्ति कई वर्षों तक पूजा–अर्चना करने के बाद हुई थी। कन्या बड़े होकर अत्यंत तेजस्वी और रूपवान हुई, लेकिन सावित्री के विवाह के लिए उसके पिता को कोई योग्य वर नहीं मिल रहा था। इस बात से दुखी होकर उन्होंने सावित्री को स्वयं वर चुनने के लिए कह दिया। एक दिन तपोवन में भटकते हुए सावित्री की भेंट साल्व देश के राजा द्युमत्सेन के पुत्र सत्यवान से हुई। राजा द्युमत्सेन – अपने पुत्र सत्यवान के साथ वन में ही निवास करते थे, क्योंकि उनका राज्य शत्रुओं ने छीन लिया था। सत्यवान को देखकर सावित्री ने पति के रूप में उनका वर्णन कर लिया। जब नारद मुनि को इस बात का पता चला तो वह सावित्री के पिता राजा अश्वपति के पास पहुंचे और बोले, हे राजन! यह क्या कर रहे हैं आप? सत्यवान गुणवान हैं, धर्मात्मा हैं और बलवान भी हैं, पर उसकी आयु बहुत छोटी है, वह अल्पायु हैं। एक वर्ष के बाद ही उसकी मृत्यु हो जाएगी। नारद जी ने सावित्री को चेतावनी देते हुए कहा कि, पुत्री तुमने जिस राजकुमार को अपने वर के रूप में चुना है वह





अल्पायु है। तुम्हें किसी और से विवाह करना चाहिए। ऋषिराज नारद की बात सुनकर राजा अश्वपति अत्यंत चिंतित और दुखी हो गए। यह सब देखकर सावित्री ने अपने पिताजी से कहा कि, आर्य कन्याएं अपने पति का एक बार ही वरण करती हैं और राजा भी एक बार ही आज्ञा देता है, इसलिए में सत्यवान से ही विवाह करूंगी। सावित्री अपने निर्णय पर अडिग रहीं और आधिरकार उनका विवाह सत्यवान से हो गया। विवाह के पश्चात, वे राजवैभव छोड़कर वन गमन कर गईं और वहां अपने पति और परिवार की सेवा करने लगीं। लेकिन सत्यवान की मृत्यु का समय निकट आ रहा था और इस चिंता में सावित्री अधीर होने लगी। सावित्री ने अपने पति की दीर्घायु के लिए उपवास रखना शुरू कर दिया। साथ ही उन्होंने नारद मुनि जारा कथित निश्चित तिथि पर पितरों का पूजन भी किया। जिस दिन सत्यवान के महापर ग का दिन था, उस दिन वह लकड़ियां काटने जंगल गए। सावित्री भी उनके पीछे जंगल की ओर निकल पड़ी। वहां सत्यवान को दर्द होने लगा और वे मुर्छित होकर धरती सपाम पड़े। सावित्री ने सत्यवान के सिर को अपनी गोद में रख लिया और वहां यमराज प्रकट हो गए। बिना विचलित हुए, पूरे विश्वास के साथ सावित्री ने यमराज जी से सत्यवान के प्राण न ले जाने की प्रार्थना की लेकिन यमराज देव नहीं माने। सावित्री भी अपनी शन पर अडिग रही और यमराज जी के पीछे–पीछे प्रार्थना करते हुए चलने लगी। यमराज ने सावित्री को समझाने की कोशिश की कि यही विधि का विधान है। लेकिन सावित्री ने उनकी एक न सुनी। आखिरकार सावित्री की निष्ठा को देख कर यमराज ने कहा कि हे देवी, तुम धन्य हो। मैं सत्यवान के प्राण नहीं छोड़ सकता, तुम मुझसे कोई और वरदान मांग लो। यह सुनकर सावित्री ने यमराज जी से कहा कि मेरे सास–ससुर वनवासी और अंधे हैं, उन्हें आप दिव्य ज्योति प्रदान करें। यमराज ने उसे यह वरदान दिया और वहा से लोट जाने के लिए कहा। लेकिन पतिव्रता सावित्री यमराज जी के पीछे–पीछे चलवी रहें। कहा किंतु इसके जवाब में सावित्री ने कहा, हे तुझे अपने पतिदेव के पीछे–पीछे चलने में कोई दिक्कत नहीं है। यह सुनकर यमदेव ने उन्हें एक और वर मांगने के लिए कहा, तो सावित्री ने अपने ससुर का राज्य को राज करने वाले को मांग लिया।

# नगरिया बुजुर्ग को जाने वाले रास्ते से तीन चोर गिरफ्तार,104 सेफ्टी प्लेट य 7 बोरी जैहुक लोहा कबाड़ी की दुकान से बरामद

प्रिंस गुप्ता ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स।
शाहजहांपुर। जनपद के थाना जलालाबाद में रुपेश कुमार यादव एच जी इंजीनियरिंग इंफ्रा लिमिटेड गंगा एक्सप्रेस कैम्प कार्यालय गुलड़िया जलालाबाद ने थाना पर अभियुक्तगण प्रभात मिश्रा पुत्र मनोज कुमार मिश्रा निवासी ग्राम मुडिया खुर्द थाना अल्हागंज , अंकित कुमार पुत्र राजकुमार निवासी चौकी आजमपुर थाना अल्हागंज जनपद द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे हाईवे पर दोनों तरफ लगी 104 सेफ्टी प्लेट व 7 बोरी जैहुक चोरी कर लेने के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कराया। पुलिस ने संबंध में . प्रभात मिश्रा उर्फ पिन्टू 2. अंकित कुमार व 3. मनोज गुप्ता निवासी मो० जमदग्नि नगर थाना




जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर को नगरिया बुजुर्ग को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया अभियुक्तों की निशादेही पर चोरी के गये सामान 104 सेफ्टी प्लेट (MBCD) व 7 बोरी जैहुक लोहा बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते माननीय न्यायालय के समक्ष पेश होने के लिए भेज दिया।
अभियुक्त प्रभात मिश्रा उर्फ पिन्टू पुत्र मनोज कुमार मिश्र नि० ग्राम मुडिया खुर्द, थाना अल्हागंज, जनपद शाहजहाँपुर ने बताया की मैं व अंकित कुमार दोनों लोग आपस में दोस्त है तथा घर का खर्च चलाने के लिए हम लोग निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रसवे पर लगी सेफ्टी प्लेट व जैहूक को चोरी करके बारह पत्थर मनोज कबाड़ी की दुकान पर बेच देते थे और ब्रिक्री किये गये माल के पैसों को हम बराबर बराबर बांट लेते थे।

# शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में आक्सीजन प्लांट में लीकेज होने के कारण मची भगदड़ एक की मौत पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा








गोपाल गुप्ता क्राइम ब्यूरो दैनिक अयोध्या टाइम्स।
शाहजहांपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पंडित राम प्रसाद बिस्मिल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) के ट्रामा सेंटर में रविवार को उस वक्त अफरा–तफरी मच गई जब ऑपरेशन थियेटर (ओटी) से गैस रिसाव की आशंका के चलते अचानक बदबू फैलने लगी। मरीजों को सांस लेने में परेशानी होने लगी तो तीमारदार उन्हें उठाकर बाहर की ओर दौड़ पड़े। इससे भगदड़ जैसे हालात बन गए।मरीजों और तीमारदारों ने बताया कि ट्रामा सेंटर में भर्ती मरीजों को आंखों में जलन और दम घुटने जैसी दिक्कत महसूस हुई। कुछ ही देर में अफरा–तफरी मच गई और लोग एक–दूसरे को धक्का देते हुए बाहर की ओर भागने लगे। इस बीच मेडिकल स्टाफ ने भी तत्काल मरीजों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करना शुरू किया। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि ट्रामा सेंटर स्थित ऑपरेशन थियेटर से (फॉर्मेलिन) गैस की स्मेल आने की वजह से यह स्थिति उत्पन्न हुई। गैस की गंध से मरीजों को सांस लेने और आंखों में जलन की शिकायत हुई, जिससे वह घबरा गए।इसी भगदड़ के दौरान एक गंभीर रूप से बीमार मरीज की मौत हो गई। हालांकि, प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने स्पष्ट किया कि मरीज की मौत का कारण गैस रिसाव या भगदड़ नहीं, बल्कि उसकी पहले से नाजुक हालत थी।
वह कई गंभीर बीमारियों से ग्रसित था और उसकी हालत पहले से ही अंतिम अवस्था में थी। उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें।घटना की सूचना पर प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने गैस रिसाव के कारणों की जांच शुरू कर दी है और पूरे मामले की तकनीकी जांच कराई जा रही है। फिलहाल अस्पताल परिसर में स्थिति सामान्य है और सभी मरीजों को वापस वार्ड में शिफ्ट किया जा चुका है। घटना के बाद मरीजों और तीमारदारों में दहशत का माहौल है, वहीं प्रशासन लोगों से शांति बनाए रखने की अपील कर रहा है।डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह और एसपी राजेश द्विवेदी भी मेडिकल कॉलेज पहुंचे और ओटी समेत अन्य हिस्सों का निरीक्षण किया। डीएम ने बताया कि ऑपरेशन थियेटर में कई उपकरण होते हैं, जिन्हें सैनिटाइज करने के लिए फॉर्मेलिन का इस्तेमाल किया जाता है। संभवतः उसकी बोतल खुल गई हो या जरूरत से ज्यादा मात्रा में प्रयोग होने के कारण वह पंखे की हवा में फैल गया हो। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी परिजन ने किसी तरह का आरोप लगाया है तो पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी।

# चांदपुर को आवारा कुत्तों एवं बंदरों के आतंक से मुक्तिदिलाए प्रशासन : अतुल भाटिया

– नगर पालिका परिषद चांदपुर प्रशासन की लापरवाही बनी नगर वासियों के लिए सर दर्द

दैनिक अयोध्या टाइम तहसील प्रभारी अनिल शर्मा बिजनौर,चांदपुर। जनपद बिजनौर के नगर चांदपुर निवासी तथा बाजार मंडल के महामंत्री अतुल भटिया प्रशासन से नगर चांदपुर आवारा कुत्तों एवं बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलाए जाने की मांग की है। अतुल भाटिया नगर पालिका परिषद चांदपुर के अधिशासी अधिकारी से आवारा कुत्तों एवं बंदरों के कारण आम जनता को होने वाली भारी परेशानियों से अवगत कराते हुए कहा गया है कि नगर चांदपुर में आवारा कुत्तों एवं बंदरों का आतंक इतना बढ़ चुका है की चांदपुर नगर की सड़कों पर आम आदमी का निकलना भी दुश्वार हो गया है। इन आवारा कुत्तों तथा बंदरों द्वारा अनेकों बार स्कूली छात्र एवं छात्राओं पर हमला करके घायल किया जा चुका है। परंतु नगर चांदपुर का बेशर्म नगर पालिका परिषद प्रशासन इस ओर से आंखें मुड़ कर बैठा हुआ है। यदि अब भी चांदपुर के बेशर्म नगर पालिका परिषद प्रशासन कि इस और आंखें नहीं खुलता है और उनके द्वारा चांदपुर नगर में घूम रहे आवारा कुत्तों तथा बंदरों को शीघ्र ही नहीं पकड़वाया जाता है। तो नगर में इन आवारा कुत्तों व बंदरों के कारण कोई बड़ी घटना घट सकती है। उन्होंने डीएम बिजनौर जसजीत कौर से अपेक्षा की है कि उनके द्वारा जनहित में की जा रही शिकायत को गंभीरता पूर्वक लेते हुए नगर पालिका परिषद चांदपुर के अधिशासी अधिकारी को नोटिस भेज स्पष्टीकरण मांगा जाए तथा शीघ्र इन आवारा कुत्तों एवं बंदरों को पकड़वाकर चांदपुर नगर को इनके आतंक से मुक्ति दिलाई जाए।



# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा और फसल कटाई

– शाहजहांपुर में 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, फसल की वसूली होगी

प्रिंस गुप्ता ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स। शाहजहांपुर के जलालाबाद तहसील में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बोई गई गेहूं की फसल का मामला सामने आया है। तहसील प्रशासन ने फसल को ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दिया था। प्रशासन ने फसल न काटने की हिदायत दी



थी। ग्राम वजीरपुर के कुछ लोगों ने इस आदेश की अवहेलना करते हुए फसल काट ली। ग्राम प्रधान विमलेश कुमार ने अपने बयान में बताया कि अनोखेलाल, अरविंद, अनिल, अजयवीर और अन्य लोगों ने जबरन फसल काट ली। हल्का लेखपाल मोहम्मद आजम खान की शिकायत पर पांच नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 323 और 329(3) के साथ सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 2 और 3 के तहत कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने श्रेणी 6–4 का सीमांकन पुलिस टीम, किसान यूनियन के सदस्य नरेंद्र और ग्रामवासियों की मौजूदगी में किया था। अवैध कब्जाधारकों को जमीन खाली करने।

# प्रधान ने दिखाई गांव की तस्वीर, प्रभारी मंत्री बोले ऐसे ही बनाएं आत्मनिर्भर भारत

गोपाल गुप्ता क्राइम ब्यूरो दैनिक अयोध्या टाइम्स।
शाहजहांपुर। गांधी भवन में आयोजित अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर जनपद की मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट कार्यों से सबका ध्यान खींचा। ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता ने जिला प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप को गांव की एक सुंदर और संदेशप्रद तस्वीर भेंट कर अपने गांव के विकास का प्रमाण प्रस्तुत किया।इस अवसर पर मौजूद सांसद अरुण सागर, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता तथा तिलहर की विधायिका सलोना कुशवाहा ने मंत्री जी से कहा कि भटपुरा रसूलपुर जनपद की नंबर वन ग्राम पंचायत है, जिसे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।
प्रधान अनिल कुमार गुप्ता द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जानकारी पाकर प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने ग्राम पंचायत की भूरी–भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, "यदि सभी ग्राम प्रधान इसी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें, तो हमारा ग्रामीण भारत



आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकता है। सरकार की योजनाएं तभी सफल होंगी जब उनका लाभ धरातल तक पहुंचे।"कार्यक्रम के दौरान भटपुरा रसूलपुर को जनपद की प्रेरणास्रोत ग्राम पंचायत के रूप में प्रस्तुत किया गया, जो अपने विकास कार्यों और सामाजिक सहभागिता से अन्य गांवों के लिए मिसाल बन चुकी है।

# जब मां नहीं रही तो सौ रुपये लौटाने आया सिस्टम

गोपाल गुप्ता क्राइम ब्यूरो दैनिक अयोध्या टाइम्स।
शाहजहांपुर। राजकीय मेडिकल कॉलेज में रविवार की सुबह जो हुआ,उसने एक बेटे को बेसहारा तो किया ही, साथ ही सिस्टम की वो सड़ी–गली परत भी उधेड़ दी जो अब भी इंसानियत की खाल ओढ़े बैठी है। रोजा थाना क्षेत्र के गांव अटसलिया निवासी नन्ही देवी की हालत बिगड़ी तो उनका बेटा सुबह–सुबह 108 एंबुलेंस बुला लाया दृ पर उस एंबुलेंस में इलाज नहीं, 'खर्चा–पानी' का मीटर चल रहा था। चालक ने मां की नाजुक हालत देखते हुए सीधे सौ रुपये मांगे,और बेटे ने मां की साँसें न रुकें इस उम्मीद में रुपये थमा दिए। मेडिकल कॉलेज पहुंचे, किसी तरह ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया लेकिन इंसानियत का ईसीजी यहां भी फ्लैट था।वार्ड में शिफ्टिंग के लिए स्ट्रेचर तक पर सौदेबाजी शुरू हो गई। कर्मचारी ने कहा स्ट्रेचर ले जाना है सौ रुपये दो। बेटा फिर लाचार था मां के लिए कुछ भी, बस जान बच जाए यही सोचकर उसने फिर सौ रुपये थमा दिए। मगर किस्मत कुछ और ही लिख चुकी थी और सिस्टम ने भी कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी।करीब दस बजे मां ने दम तोड़ दिया और इसके बाद जो हुआ, वो इस पूरे मामले पर सबसे काली स्याही से लिखी जाने वाली लाइन है वही कर्मचारी सौ रुपये लौटाने आ गया। हां, सही सुना आपने सौ रुपये लौटाने आ गया। बेटा सन्न रह गया और भर आई



आंखों से बस एक ही वाक्य निकला अब इन सौ रुपयों का क्या करूं,जब मेरी मां ही नहीं रही। मीडिया से जब यह दर्द भरी हकीकत सामने आई तो मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ.नेपाल सिंह का जवाब आया मामले की जानकारी नहीं है, जांच कराएंगे। मानो यह जवाब पहले से तैयार पड़ा हो हर उस मां के लिए, जो अस्पताल पहुंचती है और लौटती नहीं।
आज सवाल सिर्फ नन्ही देवी की मौत का नहीं है, सवाल है उस सिस्टम का,जहां मरीज के साथ रिश्वत भी चढ़ती है स्ट्रेचर पर,जहां 108 एंबुलेंस सेवा 'नंबर' तो मुफ्त की है, लेकिन 'रफ्तार' पैसे से मिलती है और जहां बेटा रोता रह जाता है सिस्टम चुप रहता है।
यह खबर नहीं, सिस्टम पर करारी चोट है।
अगर इंसानियत बची हो, तो इस सौ रुपये की कीमत हर उस अफसर से पूछनी चाहिए,जो 'जांच कराएंगे' कहकर अपनी कुर्सी की मर्यादा बचाता फिरता है।

## डॉ मनीषा दक्ष ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया समर कैंप का शुभारंभ

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता अमरकांत शर्मा नहटौर। बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नहटौर में 4 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ डॉ मनिषा दक्ष ने



किया शनिवार को बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में समर कैंप का शुभारंभ डॉ मनीषा दक्ष, डॉ एके दक्ष एमडी दक्ष हॉस्पिटल नहटौर, जिलाध्यक्ष रा प्र महासभा बिजनौर व प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन करके किया। यह समर कैंप विद्यालय में 21 मई से 24 मई तक आयोजित किया गया है। समर कैंप में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे बैडमिंटन, स्विमिंग, डांस, म्यूजिक, मेहंदी, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्किल डेवलपमेंट आदि प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। डॉ मनीष अध्यक्ष ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम स्कूलों में समय–समय पर होते रहने चाहिए। इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों के अंदर पढ़ने की अलग जिज्ञासा होती है। डॉ दक्ष ने बताया बताया कि इस प्रकार के समर कैंप में होने वाली प्रतियोगिताओं से छात्र–छात्राओं का मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। अतः सभी छात्र छात्राओं को समर कैंप की विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना चाहिए। समर कैंप की विभिन्न प्रतियोगिताओं में सभी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा ने छात्र–छात्राओं को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और समर कैंप में आने वाले अतिथि गणों का स्वागत और अभिनंदन किया। इस असवर कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन दीपा शर्मा ने किया।

## पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नहटौर के शिक्षक राजेंद्र सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता अमरकांत शर्मा नहटौर। जनपद शामली में आयोजित विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के शारीरिक एवं खेल शिक्षकों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नहटौर के शिक्षक राजेंद्र सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राप्त समाचार के अनुसार विद्या भारती शिक्षण संस्थान गाजियाबाद द्वारा संचालित पश्चिम उत्तर प्रदेश के समस्त सरस्वती विद्या मंदिरों के शारीरिक एवं खेल शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जनपद शामली में आयोजित किया। इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 56 खेल शिक्षकों ने भाग लिया था। जिसमें बलराम



कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नहटौर के शारीरिक एवं खेल शिक्षक राजेन्द्र सिंह ने लिखित परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षक राजेंद्र सिंह के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय के प्रबंधक राजीव कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार शर्मा व स्टाफ ने बधाई देते हुए कहा कि उनकी इस उपलब्धि से बच्चों को लाभ मिलेगा।

# पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने विधि-विधान के साथ की वट सावित्री की पूजा, मांगी मन्नतें

## जरवल में बरगद पेड़ के अभाव के चलते कुछ लोगों ने अपने घरों में गमले में बरगद का पौधा लगाकर वट सावित्री पूजा की है

दैनिक अयोध्या टाइम्स

जरवल बहराइच। प्रत्येक साल ज्येष्ठ मास के अमावस्या तिथि को मनाया जाने वाला वट सावित्री पर्व सुहागिनों ने अपने पति के दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना के साथ मनाया। पारंपरिक श्रृंगार के साथ सुहागिन महिलाओं ने बांस की बनी डलिया में पूजन सामग्री लेकर वट सावित्री पूजन अनुष्ठान विधि विधान के साथ की। जेठ की भीषण गर्मी के चिलचिलाती धूप के बीच नंगे पैर पूजा की डाली लिये सुहागिन मंदिर और बरगद के पेड़ों तक पहुंची और पूजन की। जरवल नगर पंचायत के तमाम देवालयों तथा उन सभी स्थलों पर सुहागिन महिलाओं एवं बच्चों की भीड़ देखने को मिला जहां बरगद के पेड़ हैं। नगर के प्रसिद्ध खाकी दास मंदिर के पास प्राचीन वटवृक्ष के नीचे सुहागिन महिलाओं द्वारा वट सावित्री पूजन हर्षोल्लास के साथ की गयी है। वट सावित्री पूजन के संबंध में पुराणों के अनुसार कि आज ही के दिन सावित्री ने बरगद पेड़ के नीचे अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज को शास्त्रगत सवालों से प्रसन्न कर वापस प्राप्त की थी। इसी मान्यता के मुताबिक अपने सुहाग की रक्षा व पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर सुहागिन वट सावित्री का पूजन और व्रत करती है। उन्होंने बताया कि वट सावित्री पर्व परंपरा, परिवार और प्रकृति प्रेम का पाठ पढ़ाता है। पुराणों में इसे सौभाग्य को देनेवाला और संतान की प्राप्ति में सहायता प्रदान करने वाला माना गया है। इस व्रत का उद्देश्य सौभाग्य की वृद्धि और पतिव्रत के संस्कारों को आत्मसात करना है। इस व्रत में वटवृक्ष का बहुत खास महत्व होता है।

पुराणों के अनुसार बरगद के पेड़ में त्रिदेव का निवास है । ब्रह्मा वट के जड़ भाग में, विष्णु तना में और महेश का वास ऊपरी भाग में है । वटवृक्ष पूजन के लिए सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार से से धज कर निर्जला व्रत के साथ पूजन सामग्री में सिंदूर, रोली, फूल, धूप, दीप, अक्षत, कुमकुम, रक्षा सूत्र, मिठाई, चना, फल, दूध, बांस के पंखे, नये वस्त्र के साथ एकत्रित होकर विधि विधान से वटवृक्ष की पूजा अर्चना की और सावित्री – सत्यवान तथा यमराज के कथा का श्रवण किया। तत्पश्चात हल्दी में रंगे रक्षा सूत्र के रूप में कच्चे धागे लेकर बरगद वृक्ष का सात बार परिक्रमा की और पेड़ में धागे को लपेटते हुये हर परिक्रमा में वृक्ष के जड़ में एक चना चढ़ायी और अपने पति एवं संतान की दीर्घायु होने की प्रार्थना की। इस दौरान वट वृक्ष की जड़ में दूध और जल भी चढ़ाया। पूजन व कथा श्रवण के बाद सुहागिनों ने एक दूसरे को सुहाग व श्रृंगार के सामान भेंट किये । सुहागिनों ने बरगद के कोमल अंकुर को चना के साथ निगलकर व्रत तोड़ी। बाद घरों में आम रस और पूड़ी प्रसाद ग्रहण किया।



# परमार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा नेत्रहीन कन्या की शादी संपन्न कराई

दैनिक अयोध्या टाइम्स

सुशील गौतम गाजियाबाद। संजय नगर शुभम बैंक्विट हॉल परमार्थ सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में नेत्रहीन कन्या की शादी बड़े धूमधाम से संपन्न कराई ट्रस्ट के चेयरमैन वी के अग्रवाल ने बताया कि आयुष्मति काजल सुपुत्री राजवती– रामवीर निवासी मुरादनगर का शुभ विवाह चिरंजीव प्रमोद कुमार सुपुत्र सुहानी देवी– जयपाल निवासी खेकड़ा बागपत के संग बड़ी धूमधाम से संपन्न कराई शादी में यथायोग दैनिक उपयोग होने वाला सामान बर्तन, कुलर, डबल बेड, पंखा, सिलाई मशीन, 51 बर्तन, अलमीरा, पायल, बिछुए, श्रृंगार का सामान अनेकों प्रकार के वस्त्र भेंट किया बारातियों को समय अनुसार ससम्मान भोजन प्रसाद कराकर नवयुग जोड़ों के सात फेरों का पाणीग्रहण संस्कार कराकर समय पर विदा किया इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि ट्रस्ट के तत्वाधान में यह कोई पहला कार्य नहीं है समय–समय पर पात्र कन्याओं की शादी बड़े धूमधाम से कराई जाती हैं पात्र कन्याओं की शादी करना एक नेक और महत्वपूर्ण कार्य है। इससे न केवल गरीब परिवारों को मदद मिलती है, बल्कि सामाजिक रूप से भी यह एक सकारात्मक कदम है। यह सिर्फ एक आर्थिक व्यवहार नहीं है, बल्कि यह एक मानवीय दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। पात्र कन्याओं की शादी करना एक ऐसा काम है जो उनके जीवन को बेहतर बनाने में मदद करता है और समाज को भी बेहतर बनाता है। इस अवसर पर डॉ नीरज गर्ग,अनिल स्वामी, श्यामसुंदर गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता नीलकमल फर्नीचर, एसके अग्रवाल एडवोकेट, प्रदीप गुप्ता, हेमंत कंसल, राकेश चंद्र अग्रवाल, सुदेश शर्मा, शिवकुमार शर्मा, नीरज शर्मा, डीके मित्तल, अखिलेश अग्रवाल, कपिल जैन, राकेश मित्तल, राम गुप्ता, स्नेह लता, उमेश नगर पार्षद, सुरेंद्र पाल त्यागी, तरुण चितकारा, वीरेंद्र सारस्वत आदि मौजूद थे।



# सीएम योगी द्वारा शिक्षा की विभिन्न योजनाओं के तहत किए गए लोकार्पण एवं शिलान्यास के लाइव प्रसारण के दौरान प्रभारी मंत्री ने शिक्षकों को किया सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स

पुष्कर शर्मा विशिष्ट जिला संवाददाता कन्नौज। हर्षवर्धन सभागार में शिक्षा की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के तहत सीएम योगी द्वारा किए गए लोकार्पण और शिलान्यास का लाइव प्रसारण देखा गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जिले की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी भी शामिल हुई जिनके द्वारा शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने शिक्षकों को टैबलेट और प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया हैं।प्राथमिक विद्यालय से आए बच्चों ने प्रभारी मंत्री को एक चार्ट में धन्यवाद लिखकर आभार प्रकट किया हैं।

प्रेस वार्ता के दौरान प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने कहा है कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को जिस तरह उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बढ़ने का काम मिल रहा है ।बेसिक शिक्षा,माध्यमिक शिक्षा और उच्च शिक्षा में परिवर्तन देखने को भी मिल रहा हैं।आज बेसिक शिक्षा का कार्यक्रम हुआ हैं।पहले की तुलना में अब प्राथमिक विद्यालय में पहले से अधिक बच्चों की संख्या देखने को मिल रही हैं।अभिभावकों में सरकार के प्रति भरोसा जाग रहा हैं।अब हमारा बच्चा सरकारी स्कूल में पढ़ने जाएगा तो उसे अच्छी शिक्षा मिलेगी।सरकार शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए स्कूल चलो,कायाकल्प ,अलंकार और अभ्युदय योजना को धरती पर लेकर आई हैं।



ताकि गरीब तबके के बच्चे अपने सपने को साकार कर सके। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने शिक्षकों को टैबलेट और प्रशस्ति पत्र देकर उनका मान बढ़ाया हैं।क्योंकि शिक्षक को सरकार ने एक अलग दर्जा दिया हैं।शिक्षक ही समाज का मजबूत स्तंभ हैं।यदि शिक्षा व्यवस्था सही होगी तो देश और प्रदेश भी तरक्की करेंगे ।

# अवैध ई-रिक्शा/ऑटो रिक्शा के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान में चालकों को किया गया जागरूक

(दैनिक अयोध्या टाइम्स) श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देश पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम व क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात मो0 शमीम व उनकी टीम द्वारा थाना कोतवाली भिनगा एवं थाना सिरसिया क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना कलर कोडिंग/नम्बरिंग के संचालित ई–रिक्शा/ऑटो रिक्शा एवं डग्गामार वाहनों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। साथ ही स्थानीय बाजार, टैक्सी स्टैण्ड व भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर चालकों को एकत्र कर ई–रिक्शा/ऑटो रिक्शा में कलर कोडिंग व नम्बरिंग अनिवार्य रूप से कराने हेतु जागरूक किया गया। प्रभारी यातायात ने सभी चालकों को एक सेकंड की लापरवाही, उम्र भर का पछतावा का संदेश देते हुए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, बिना बीमा व बिना नम्बर प्लेट वाले वाहन से बचने के संबंध में विस्तृत रूप से समझाया गया।



# गुमशुदा मंदबुद्धि युवक को पुलिस द्वारा 24 घंटे के भीतर सकुशल किया गया बरामद

(दैनिक अयोध्या टाइम्स) श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में जनपद में गुमशुदा/अपहृत व्यक्तियों की तलाश एवं बरामदगी अभियान के क्रम में अखिलेश कुमार पाण्डेय थाना इकौना मय पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा युवक को 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। घटना 24 मई 2025 को थाना इकौना पर ग्राम पासीपुरवा दा0 सोनरई निवासी टहलू पासवान द्वारा एक लिखित प्रार्थना पत्र देकर अपने मंदबुद्धि पुत्र श्याम जी उर्फ बाउर (उम्र लगभग 20 वर्ष) की गुमशुदगी दर्ज कराई गई। बता या गया कि 23/24 मई 2025 की रात वह घर के बाहर चारपाई पर सो रहा था और बिना बताए कहीं चला गया था। काफी खोजबीन के उपरांत भी जब उसका पता नहीं चला, तो गुमशुदगी दर्ज कराई गई। पुलिस टीम द्वारा तत्परता एवं सतर्कता के साथ प्रयास करते हुए गिलौला क्षेत्र के ग्राम बेलवा खतीम में उक्त युवक को घूमते हुए पाया गया, जिसे थाना लाकर सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया गया।



## संक्षिप्त खबर

### जनता दर्शन में अपर पुलिस अधीक्षक ने सुनी जन समस्याएं

(दैनिक अयोध्या टाइम्स) श्रावस्ती। 26 मई 2025 को अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम ने



जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना। जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल निराकरण के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान कुल 25 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 05 जमीनी विवाद,05 मारपीट संबंधी विवाद,03 महिला संबंधी,01 लेनदेन,11 अन्य से संबंधित थे। प्राप्त शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

### ट्रैक्टर ट्राली के पलटने से नीचे दबकर चालक की हुई मौत

(दैनिक अयोध्या टाइम्स) श्रावस्ती। जनपद



श्रावस्ती के थाना सोनवा क्षेत्र अंतर्गत लखाही खास व नारायन गांव के बीच अचानक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली पलट गया। जहां ट्रैक्टर के नीचे चालक छोटू उर्फ संजय यादव दब गया जिससे उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई। स्थानीय लोगों की जुटी भीड़ के दौरान लोगों ने बताया कि ट्रैक्टर चालक बन रहे बांध पर पत्थर गिरा कर वापस लौट रहा था। घटना की सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू की।

### बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से 11 हजार लाइन का पोल टूटने से बड़ा हादसा टला

सहयोगी संवाददाता रंजीत कुमार फर्रूखाबाद। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के बगिया मांगूलाल मोहल्ला में 11 हजार लाइन का पोल टूटकर मकान पर गया जहां पर ग्रामीणों जानवर थे आज सुबह तेज आंधी पानी के तूफान में 11 हजार लाइन का पोल टूट गया ग्रामीणों ने बताया कि इस पोल के बारे में सभी ग्रामीणों ने जे0ई0साहब व उप–खण्ड अधिकारी को दिनांक 20 जून 2023 व 23 जुलाई 2023 को प्रार्थना पत्र ब ई–मेल के जरिए अवगत कराया गया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई ग्रामीणों का कहना है कि यदि आज बिजली चल रही होती हो बड़ा हादसा हो सकता था वर्तमान में तैनात जे0ई0जावेद अहमद व उपखण्ड अधिकारी विनोद कनोजिया कई बार अवगत कराया लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई वहीं गौरव मिश्रा मण्डल अध्यक्ष ने बताया कि आए दिन बिजली विभाग के अधिकारी इतने लापरवाह क्यों होते जा रहे है यदि ऐसे ही चलता रहा तो किसी दिन निश्चित ही बड़ा हादसा हो सकता है घटना के दौरान ब्रह्मानंदन,रामराजी, दीपक,संजय, वदनसिंह,पुष्पेंद्र आदि लोग मौजूद थे।



# ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना के शौर्य को समर्पित भव्य तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स

जुगनू गौतम

गाजियाबाद ।दिल्ली। करोल बाग क्षेत्र में "ऑपरेशन सिंदूर" और भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करने के उद्देश्य से एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम, अनुज शर्मा – सह संयोजक, लघु उद्योग प्रकोष्ठ, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और कपिल अग्रवाल सह संयोजक, बुद्धिजीवी वर्ग ने प्रमुख रूप से भाग लिया ।तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में देशभक्त नागरिकों ने भाग लेकर देशभक्ति का अद्भुत संदेश दिया। इस दौरान पूरा करोल बाग 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से गूंज उठा। दुष्यंत गौतम ने इस अवसर पर पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा, "सिंदूर भारतीय महिलाओं के सौभाग्य का प्रतीक है और शत्रुओं के लिए सर्वनाश का। भारत किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। हमारी सेना हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है।"

वहीं अनुज शर्मा ने भारतीय सेना के पराक्रम को सलाम करते हुए कहा, "अब पाकिस्तान की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। भारतीय सैनिकों का साहस और बलिदान देश को गौरवान्वित करता है। यह तिरंगा यात्रा उनके सम्मान में एक छोटा–सा प्रयास है।यह आयोजन कपिल अग्रवाल के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ, जिन्होंने समूचे कार्यक्रम का समन्वयन किया। उन्होंने सभी देशवासियों से अपील की कि वे भारतीय सेना के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। यह तिरंगा यात्रा देशभक्ति, एकता और शक्ति का प्रतीक बनकर राजधानी की सड़कों पर गूंज उठी, जो आने वाले समय में जनमानस को प्रेरित करती रहेगी।




# कण्डेरे करन समाज कल्याण संगठन ने मनाई 40वीं वर्षगांठ

दैनिक अयोध्या टाइम्स

जुगनू गौतम गाजियाबाद ।कण्डेरे करन समाज कल्याण संगठन(रजि)दिल्ली प्रदेश ने अपना 40 वीं वर्षगांठ अपनी निर्माणाधीन धर्मशाला के पास नत्थूपुरा चौक बुराड़ी में मनाई जिसके तहत बिस्कुट केले और मीठे शरबत का वितरण किया ।इस संगठन ने इन चालीस वर्षों में काफी काम किए हैं ।संगठन के संयोजक एवम् संस्थापक सदस्य कंछी लाल ने संगठन के पदाधिकारियों, सदस्यों और समाज बंधुओं को बधाई दी संगठन अच्छे कार्य करे सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को संकल्प दिलाया। संगठन के अध्यक्ष धर्मपाल ने कहा कि संगठन भविष्य में समाज से जुड़े अच्छे कार्य करता रहेगा ।संगठन के युवा उपाध्यक्ष योगेंद्र कुमार(योगी) ने कहा कि बुराड़ी धर्मशाला का निर्माण कराना, समाज एकता करना,शिक्षित समाजऔर समाज तरक्की ही हमारा लक्ष्य है। संगठन के कार्यकारी महासचिव सूरज प्रकाश ने कहा कि संगठन पूरे समाज को दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करने के लिए समर्पित है।





गाजियाबाद के बीजेपी नेता वीरेंद्र कुमार कंडेरे ने संगठन के चालीस वर्ष से समाज सेवा के लिए बधाई दी और कहा कि संगठन ऐसे ही काम करता रहे ।इस अवसर पर संगठन के सभी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे राजेंद्र निर्वाण, कल्याण सिंह, गिरिराज, नरेश, नितिन, त्रिलोक, राम रतन, संजय, संजीव दिनेश, देवेंद्र, दिनेश, रणबीर,करन समाज कल्याण संगठन(पश्चिमी दिल्ली दिल्ली प्रदेश) अध्यक्ष गजराज सिंह, महासचिव दीवान सिंह, सतीश चंद्र, नानक, मुकेश गौड़, उमाशंकर, सोनू(प्रचारमंत्री)और काफी संख्या में समाज बंधुओं ने अपना योगदान दिया और इस पावनवेला के हिस्सा बने।

# अमृतपुर में दूसरे दिन भी झमाझम बारिश, सैकड़ों गांवों की बिजली गुल

दैनिक अयोध्या टाइम्स

☒ व्यापार प्रभावित, सब्जियों के दामों में उछाल

ब्यूरो चीफ विपिन सिंह चौहान फर्रूखाबाद। अमृतपुर तहसील क्षेत्र में सोमवार को लगातार दूसरे दिन बारिश का दौर जारी रहा। सुबह से ही आसमान में घने काले बादल छाए रहे और तेज हवाओं के साथ बारिश होती रही। मौसम जहां एक ओर सुहावना बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

सुबह करीब 9 बजे से अमृतपुर तहसील उपकेंद्र सहित राजेपुर और सलेमपुर उपकेंद्रों से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। इससे अमृतपुर, राजेपुर, सलेमपुर, अलीगढ़, भरखा समेत सैकड़ों गांवों में अंधेरा छाया हुआ है। ग्रामीणों और कस्बाई इलाकों में रहने वाले लोगों को बिजली न होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।दुकानों पर पड़ा असर, ग्राहक नदारद बारिश के चलते स्थानीय बाजारों की रौनक भी फीकी पड़ गई है। अमृतपुर, राजपुर, अलीगढ़, सलेमपुर और भरखा के बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही बेहद कम रही। छोटे दुकानदार बारिश से अपना सामान बचाने के लिए पॉलीथिन का सहारा ले रहे हैं। व्यापार पर इसका सीधा असर पड़ा है और बिक्री में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है।सब्जियों की कीमतों में उछाल लगातार बारिश का असर अब सब्जी बाजार पर भी दिखने लगा है। मंडियों में आपूर्ति बाधित होने से फुटकर दुकानदारों ने सब्जियों के दाम बढ़ा दिए हैं। टमाटर की कीमत 17–18 रुपए से बढ़कर 20 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है। कटहल अब 40 रुपए किलो, बैंगन 35 से 40 रुपए किलो और घुइयां 60 रुपए किलो बिक रही है। वहीं आलू के दाम भी बढ़कर 20 रुपए किलो हो गए हैं।स्थानीय लोग बोले – बिजली बहाल हो, तभी राहत पूरी मानी जाएगी स्थानीय निवासियों का कहना है कि मौसम जरूर राहत देने वाला है, लेकिन बिजली न होने से परेशानी और बढ़ गई है। तेज बारिश और आंधी के चलते बिजली आपूर्ति बार–बार बाधित हो रही है। लोग प्रशासन से जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग कर रहे हैं।



# व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की मीटिंग के दौरान भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष की अगुवाई में व्यापारियों की समस्याओं को लेकर दिए गए सुझाव

दैनिक अयोध्या टाइम्स

☒ मानीमऊ की चोरी की घटना का खुलासा न होने पर व्यापारियों में नाराजगी

☒ जाम की समस्या को लेकर व्यापारियों ने उठाई आवाज

पुष्कर शर्मा विशिष्ट जिला संवाददाता कन्नौज ।व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की मीटिंग पुलिस सभागार में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक कन्नौज अजय सिंह के द्वारा की गईं जिसमें पुलिस कार्यालय सभागार में मीटिंग मे भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष राज शर्मा के द्वारा व्यापारियों सहित आम जनमानस के सामने आने वाली समस्याओं को लेकर कहीं सुझाव दिए गए। जनपद में रात्रि 12:00 बजे से लेकर सुबह 5:00 बजे तक तेज गश्त करने के लिए कहा गया, जिले के विभिन्न कस्बा में आए दिन जाम से निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस आफाक खान को दिशा निर्देश दिए गए वहीं मानीमऊ में उमेश दुबे के यहां चोरी बिगत 5 अप्रैल को होने के बावजूद भी अभी चौकी इंचार्ज मनीमाऊ के द्वारा कोई भी खुलासा नहीं किया गया है इस पर मनीमाउ के व्यापारियों एवं जिला कमेटी ने चोरी की घटना को जल्द से जल्द खुलासा करवाने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक से कहा इस घटना को जल्द से जल्द खुलासा करके चोरों को जेल भेजा जाए माल बरामद किया जाए और भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष राज शर्मा के द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से मानीमऊ में होमगार्ड को मार्केट में रात्रि गस्त करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक को अवगत करवाया, गुरसहायगंज एवं इंदरगढ़ और छिबरामऊ में पूर्वी बाईपास पर जाम लगने कि शिकायत की गई, रामजी अग्रवाल के द्वारा लखन चौराहे पर हो रहे अतिक्रमण के संदर्भ में संबंधित अधिकारी को शिकायत की गई मानीमऊ ठठिया रोड पर क्रॉसिंग के पास बैरियर लगाए जाने हेतु व्यापारियों के द्वारा मांग की गई। राज शर्मा जिला अध्यक्ष कन्नौज के द्वारा निर्दोष व्यापारियों एवं अन्य लोगों पर छिबरामऊ में हुए लाठी चार्ज के प्रकरण में पुलिस के द्वारा फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया है वह जांच कर वापस लिए जाएं एवं उनको परेशान ना किया जाए

व्यापारी वर्ग प्रदेश को अच्छा खासा राजस्व देता है इसके बावजूद भी उसको परेशान किया जा रहा है जो कि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस अवसर पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला मंत्री संजीव पांडे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद तिवारी, मानीमऊ नगर महामंत्री लालू कटियार, सोहित दुबे, छिबरामऊ नगर अध्यक्ष रजत त्रिपाठी, सचिन शुक्ला, नगर प्रभारी अंशू, हिरदेश कुमार, प्रदीप शर्मा, एवं अन्य संगठनों से व्यापारी नेता मौजूद रहे।



# जिलाधिकारी ने परतावल सीएचसी का किया देर शाम आकस्मिक निरीक्षण

☒ सीएचसी में गंदगी को लेकर जताई नाराजगी, तत्काल सफाई का दिया निर्देश

☒ स्वास्थ्य सेवाओं में शिथिलता नहीं मंजूर : जिलाधिकारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स अरविन्द पटेल

महराजगंज। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा देर शाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परतावल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी महोदय बिना किसी को सूचित किए अचानक सीएचसी पहुंचे, जिससे सीएचसी में हड़कंप मच गया। परिसर में इधरदृउधर टहल रहे कर्मी भागकर अपने ड्यूटी प्वाइंट पर जाने लगे। जिलाधिकारी महोदय ने सबको रोककर कड़ी फटकार लगाई और ड्यूटी को ईमानदारी से करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा जैसी आकस्मिक सेवा में शिथिलता किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी महोदय ने निरीक्षण के दौरान शौचालय, एईएस वार्ड, अधीक्षक कक्ष, पैथोलॉजी सहित पूरे परिसर का किया निरीक्षण। उन्होंने कोल्डचेन कक्ष में तापमान नियंत्रण प्रणाली, स्टॉक रजिस्टर आदि को। साफ सफाई पर्याप्त न होने पर लगाई फटकार। उन्होंने बेड पर मौजूद चद्दरों को बदलने का निर्देश दिया।

शौचालय में हैंडवाश न होने पर फटकार लगाते हुए तत्काल हैंडवाश लगवाने का निर्देश दिया। उन्होंने परिसर में साफदृसफाई सुनिश्चित कराने को लेकर कड़ा निर्देश दिया और कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों पर साफदृसफाई अनिवार्यतः सुनिश्चित करें। ईटीसी वार्ड में सीलन मिलने पर भी जिलाधिकारी महोदय ने नाराजगी व्यक्त करते हुए ठीक कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कोल्डचेन कक्ष में तापमान नियंत्रण प्रणाली को देखा और निर्धारित तापमान की जांच की। साथ ही वैक्सीन वितरण की जानकारी ली और वैक्सीन स्टॉक रजिस्टर को भी देखा। जिलाधिकारी महोदय ने सामान्य प्रसूत वार्ड में भर्ती एक महिला से जबकि सिजेरियन वार्ड में भर्ती दो महिलाओं से बात की और उनसे स्वास्थ्य केंद्र में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। सभी महिलाओं ने सुविधाओं को लेकर संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि स्वास्थ्य व चिकित्सा बेहद अहम सेवा है। इसमें काम करने वालों की जिम्मेदारी औरों से ज्यादा है। इसलिए सभी लोग अपनी ड्यूटी को निष्ठापूर्वक करें, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप अंतिम व्यक्ति को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवा मुहैय्या कराया जा सके।

निरीक्षण के दौरान अधीक्षक डॉ अनिल जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।





# वटसावित्री व्रत की हार्दिक शुभकामनाएं : निधि विश्वकर्मा

अयोध्या टाइम्स

———————————————————

जुगनू गौतम गाजियाबाद। वटसावित्री व्रत की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए निधि विश्वकर्मा एक्टिव ग्रीन (नींव), एनजीओ की अध्यक्ष ने बताया कि सालो पहले आज के दिन ही बरगद के पौधे लगाए थे जो आज बड़े वृक्ष बन चुके हैं हमारे ये त्यौहार सनातन में प्रकृति के संरक्षण के हेतु बनाए गए थे पर आज के इस युग में हम प्रकृति को नुकसान पहुंचाकर त्योहार मनाते है पेड़ पौधे लगाते रहिए,यह हमारी संपदा है।



# हरिश्चंद्र अग्रवाल की पुण्यतिथि पर व्यापारी सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स



बरेली। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बरेली द्वारा आज स्वर्गीय हरिश्चंद्र अग्रवाल की पुण्यतिथि पर संगठन द्वारा आयोजित प्रेरणा दिवस के अवसर पर संगठन के तमाम साथियों ने स्वर्गवासी हरीश चंद्र अग्रवाल के चित्र पर माला अर्पण कर एक पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एक समय था जब अफसर शाही द्वारा व्यापारी समाज की छवि शासन प्रशासन में बहुत खराब बनाई हुई थी ताकि उनसे खुलकर उगाही कर सके और कोई भी नेता उसकी सही बात को भी गंभीरता से ना ले। इसी कारण व्यापारी समाज के सम्मान की लड़ाई लड़ने के लिए व्यापार मंडल का गठन हुआ और यही वह मंच था जिस पर व्यापारी समाज ने लड़ाई लड़कर शासन प्रशासन को मजबूर कर दिया और अब व्यापारी समाज की आवाज को कोई भी सरकार अनसुनी नहीं कर पाती है। इसी लड़ाई को लड़ते वक्त 26 मई 1979 को सर्वे छापों का विरोध कर रहे लखनऊ में आंदोलन व्यापारियों पर पुलिस प्रशासन द्वारा गोलियां चलाई गई जिसमें व्यापारी हरिश्चंद्र अग्रवाल की गोली लगने से शहादत हो गई।

जिला अध्यक्ष सुरेंद्र रस्तोगी ने बताया कि आज का दिन व्यापारी समाज के लिए प्रेरणा का दिन है और हमारा संगठन 26 में को प्रत्येक वर्ष प्रेरणा दिवस के रूप में संपूर्ण उत्तर प्रदेश के साथ–साथ तमाम अन्य राज्यों में भी जहां–जहां अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मजबूती से खड़ा है मनाता है और इस अवसर पर व्यापारी समाज हेतु कर्मठता से अपनी सेवाएं दे रहे जुझारू साथियों को सम्मानित भी करता है। इसी क्रम में आज संगठन के द्वारा वरिष्ठ व्यापारी एवं समाजसेवी शिव कुमार अग्रवाल, मुकेश सक्सेना, परग गुप्ता, नरेश शर्मा, पराग रस्तोगी को सम्मानित किया गया। महानगर अध्यक्ष सुधीर गोयल ने कहा कि संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में निरंतर व्यापारी समाज की समस्याएं केंद्र सरकार व उत्तर प्रदेश के समक्ष उठाता रहा है और उन्हीं के प्रयासों से आज केंद्र सरकार ने ऑनलाइन शॉपिंग के लिए कठोर कानून बनाए हैं ,जिसके परिणाम अब बाजारों में दिखाई देने लगे हैं और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर उद्योगों और व्यापार के क्षेत्र में पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है। महानगर महामंत्री मुकेश सिंघल ने कहा कि हमारे संगठन द्वारा व्यापारी समाज को भी 60 वर्ष की आयु के उपरांत पेंशन देने एवं जी.एस.टी में रजिस्टर्ड व्यापारियों को निशुल्क स्वास्थ्य बीमा देने की लड़ाई लड़ रही है।

जिला महामंत्री अंकुर सक्सेना ने कहा कि अखिल भारतीय व्यापार मंडल का संकल्प है कि किसी भी अधिकारी व कर्मचारियों को किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं करने दिया जाएगा यही संकल्प स्वर्गीय हरिश्चंद्र अग्रवाल को संगठन की ओर से एवं समस्त व्यापारी समाज की ओर से सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सुरेंद्र रस्तोगी,महानगर अध्यक्ष सुधीर गोयल ,जिला महामंत्री अंकुर सक्सेना ,महानगर मंत्री मुकेश सिंघल एवं सैयद सिराज अली ,संयुक्त जिला महामंत्री अभय अग्रवाल,जिला प्रभारी पवन निहलानी ,जिला कोषाध्यक्ष अरुण भसीन, महानगर कोषाध्यक्ष संजय गर्ग ,संगठन मंत्री राजगोपाल खट्टर , महानगर युवा अध्यक्ष मनीष रस्तोगी,युवा जिला अध्यक्ष वीरेश पाल सिंह ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश सक्सैना ,सुरेंद्र बंसल ,हर्ष अग्रवाल ,वीरेंद्र देवल ,जिला उपाध्यक्ष कमलजीत सिंह ,सतनाम सिंह ,नीरव अग्रवाल,हरीश सूरी ,राशिद अली ,विक्की मित्तल ,सागर रस्तोगी, दीपक रस्तोगी ,आकाश अग्रवाल मौजूद थे।

# पुलिस महानिदेशक ने नागरिक सुरक्षा के पदाधिकारियों और वार्डेन्स को किया सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स







बरेली। पुलिस लाइन स्थित रवींद्रालय सभागार में पुलिस महानिदेशक (सिविल डिफेंस) उत्तर प्रदेश अभय कुमार प्रसाद (आईपीएस) तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बरेली अनुराग आर्य द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले वार्डेन्स को अपने हाथों से प्रशस्ति पत्र दिए गए। इससे पूर्व पुलिस महानिदेशक के सभागार में पहुंचने पर उपनियंत्रक, नागरिक सुरक्षा, बरेली राकेश मिश्र तथा डिप्टी चीफ वॉर्डन रंजीत वशिष्ठ द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया उनके साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली अनुराग आर्य को भी उनके द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। तदोपरान्त शिवलेश चन्द्र पाण्डेय, दिनेश यादव तथा अन्जय अग्रवाल द्वारा उनका माल्यार्पण किया गया। उपनियंत्रक राकेश मिश्र द्वारा सिविल डिफेंस बरेली के वार्डेन्स द्वारा विभिन्न अवसरों पर किए गए कार्य, प्रशिक्षण और मॉक ड्रिल के बारे में विस्तार से बताया। प्रत्येक पोस्ट में उनके पोस्ट वार्डेन्स के नेतृत्व में सहा उपनियंत्रक प्रमोद डागर द्वारा सीपीआर की ट्रेनिंग, ब्लैक आउट और युद्ध की स्थिति में अपने बचाव की ट्रेनिंग विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थाओं में दी गई। ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान वार्डेन्स ने रात और दिन में अपनी ड्यूटी को अंजाम दिया। आईवीआरआई के गेट पर युद्ध से बचाव और पूर्ण ब्लैक आउट का प्रदर्शन किया गया जिसमें मंडल आयुक्त तथा जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों उपस्थित रहे। पूरे वर्ष में लगभग 300 यूनिट रक्तदान किया गया। तिरंगा यात्रा में वार्डेन्स ने भाग लिया।लगभग 150 ट्रेनिंग तथा 300 डिमॉन्स्ट्रेशन हुए , 75 प्रतिशत वार्डन की नियुक्ति हो चुकी है। एक ही दिन में एक साथ तीन ड्यूटियां, बरेली में उर्स जिसमें हजारों जायरीन आते हैं, गंगा महारानी का जुलूस तथा पुलिस भारती परीक्षा थी। पूरे शहर वार्डेन्स ने प्रशासन का सहयोग किया। वृद्धाश्रम आदि में भोजन और वस्त्रों की व्यवस्था की जाती है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने पुलिस महानिदेशक का स्वागत करते हुए उन्हें बरेली आगमन पर धन्यवाद दिया। उन्होंने बरेली सिविल डिफेंस के वरिष्ठ तथा कनिष्ठ वार्डेन्स के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये अवैतनिक वार्डेन्स पूरी तन्मयता से अपनी ड्यूटियों को पूरा करते हैं। मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट का सफल बहुत बढ़िया था।

पुलिस महानिदेशक सिविल डिफेंस, अभय कुमार प्रसाद ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले वार्डेन्स को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुझे बरेली जिले से लगाव रहा है जब मैं शाहजहांपुर में पुलिस अधीक्षक था। आज मैं आप वार्डेन्स के सामने बात कर बहुत बढ़िया अनुभव कर रहा हूं। आपकी लगन और समर्पण को मैने कुम्भ मेले प्रयागराज में देखा है। आप देश हित में कार्य कर रहे हैं और देश हित को सर्वोपरि मान रहें हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सिविल डिफेंस के वार्डेन्स के कार्यों का और अधिक महत्व बढ़ जाता है जब दुश्मन देश हमारे देश को नुकसान पहुंचाना चाहता है। रेडक्रॉस के सिविल डिफेंस ही ऐसी संस्था है जिसके वार्डेन्स पर कोई गोली नहीं चला सकता। इसके जो मूल कार्य है, सरकार उन्ही कार्यों की ओर लौट रही है। उन्होंने सिविल डिफेंस में युवाओं और महिलाओं की कम संख्या पर असंतोष व्यक्त किया और कहा कि युवाओं और महिलाओं की नियुक्तियां ज्यादा से ज्यादा की जाएं। इसमें एनसीसी, एनएसएस तथा पूर्व मिलिट्री वालों को प्राथमिकता दें। वार्डेन्स की भलाई के लिए सरकार कुछ प्रस्ताव भेजे गए हैं।

इससे पूर्व पुलिस महानिदेशक महोदय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने अपने हाथों से डिप्टी चीफ वॉर्डन रंजीत वशिष्ठ जी,शिवलेश चन्द्र पाण्डेय (प्रभागीय वार्डन आ0), दिनेश यादव, प्रभागीय वार्डन (सिविल लाइन्स) तथा प्रभागीय वार्ड अंजय अग्रवाल जी को उनके बैच लगाकर सम्मानित किया।

अन्त में डिप्टी चीफ वॉर्डन रंजीत वशिष्ठ ने पुलिस महानिदेशक , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य , पुलिस अधीक्षक बरेली सिटी मानुष पारीक , उपनियंत्रक राकेश मिश्र तथा सहा उपनियंत्रक प्रमोद डागर सहित उपस्थित वरिष्ठ और कनिष्ठ वार्डेन्स का हृदय से आभार व्यक्त किया और बहुत बहुत धन्यवाद दिया। संचालन श्री कलीम हैदर सैफी ने किया तथा संजय पाठक, एसओ, आदि का बहुत सहयोग प्राप्त हुआ।

# सुहागिनों ने 16 श्रंगार कर की वट सावित्री वृक्ष की पूजा

- मांगा अखंड सौभाग्य का वरदान, दान पुण्य कर लिया बड़ों का आशीर्वाद

दैनिक अयोध्या टाइम्स







फरीदपुर। हिंदू धर्म में वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व है इस वर्ष वट सावित्री व्रत पर सोमवती अमावस्या का शुभ सहयोग रहा सुहागिन स्त्रियों ने बट वृक्ष की पूजा कर मांगा अखंड सौभाग्य का वरदान किया अपनों से बड़ों को दान पुण्य लिया आशीर्वाद!

सुहागिन स्त्रियों को खास होता है व्रत – सोमवार को जेठ माह की अमावस्या तिथि को बट सावित्री व्रत का त्यौहार मनाया गया यह व्रत सुहागन स्त्रियां पति की लंबी आयु के लिए करती हैं देश भर में सुहागिन स्त्रियों ने 16 श्रंगार कर अपने पति की लंबी आयु की कामना के साथ विधि विधान पूर्वक वट वृक्ष की पूजा की मान्यता है कि इस व्रत को करने से अखंड सौभाग्य के साथ सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है!

पूजा के बाद लिया बड़ों का आशीर्वाद–

वट सावित्री व्रत में कुछ स्थानों पर बट पूजा के बाद सुहागन महिलाएं 16 श्रृंगार हेतु फल खरबूजा पंखा सिंदूर पूजन में प्रयोग होने वाली सामग्री का अपने से बड़ों को दान कर चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेती हैं वट सावित्री व्रत अखंड सौभाग्य का प्रतीक है!

पूजा का अभिजीत मुहूर्त – हिंदू धर्म में प्रेम श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक वट सावित्री व्रत का पर्व बहुत पवित्र माना जा रहा है इस दिन महिलाओं ने पूरी श्रद्धा सच्ची आस्था के साथ वट सावित्री की पूजा की पूजन का अभिजीत मुहूर्त उदया तिथि में सुबह 11:20 से मंगलवार सुबह 8:00 बजे तक रहा त्यौहार दो दिवसीय मनाया जाएगा!

वटवृक्ष की परिकल्पना – सुहागिन महिलाओं ने पहले बरगद के पेड़ की विधिवत पूजा की फिर वटवृक्ष में कच्चे सूत को लपेटकर परिक्रमा की उसके बाद पति की लंबी आयु की प्रार्थना के साथ सत्यवान और सावित्री की कथा का पाठ किया!

बट वृक्ष को कहते हैं अक्षय वट– धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बरगद के पेड़ में त्रिदेव यानी ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास होता है वटवृक्ष की आयु बहुत लंबी होती है इसलिए इसे अक्षय बट कहा जाता है मान्यता है कि बट वृक्ष की पूजा करने से जीवन में सुख समृद्धि आती है पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन देवी सावित्री ने यमराज को अपने पति सत्यवान के प्राण लौटने पर बट वृक्ष के नीचे विवश कर दिया था इसलिए सुहागिन स्त्रियां पति की लंबी आयु के लिए बट वृक्ष के नीचे व्रत वाले दिन पूजा करके अखंड सौभाग्य का वरदान मांगती हैं।

# फरीदपुर में मुंशिफ कोर्ट द्वार का गड्ढा बना जानलेवा

- नगर पालिका की अनदेखी से हो चुके कई एक हादसे
- कोर्ट परिसर में दिन भर रहती है लोगों की आवा जाही, गड्ढे में बाइक सवार गिरकर हो रहे घायल बारिश में होता जल भराव

दैनिक अयोध्या टाइम्स



फरीदपुर। एसडीएम कॉलोनी स्थित सिविल बार न्यायालय मुख्य द्वार के सम्मुख काफी लंबे समय से वाहनों की आवाजाही से गड्ढा हो गया है जिसमें आए दिन वाहन चालक गिरकर हादसे का शिकार हो रहे हैं बारिश के दौरान जल भराव होता है जिसे नगर पालिका की अनदेखी कहे या ठेकेदार की दबंगई!

एसडीएम कॉलोनी में प्रशासनिक अधिकारियों के दफ्तरों की भरमार है जहां पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय, चकबंदी अधिकारी कार्यालय, आपूर्ति कार्यालय के अलावा मुकदमों की सुनवाई के लिए सिविल बार न्यायालय लंबे समय से संचालित है जहां दिनभर मुकदमे की पैरवी करने वाले लोगों की आवाजाही रहती है कुछ कदम पर आगे नवीन तहसील भवन भी है जो दिन भर लोगों से गुलजार रहता है अधिवक्ताओं के अलावा तहसील के इलाके के लोगों की भरमार रहती है!

बता दें लंबे समय पूर्व पितांबरपुर रेलवे स्टेशन से लेकर नवीन तहसील भवन तक सड़क गड्ढा युक्त थी समाजसेवी लोगों और अधिवक्ताओं की पहल पर नगर पालिका प्रशासन ने सड़क को इंटरलॉकिंग कर गड्ढा मुक्त बना दिया लेकिन मजे की बात है मुंशिफ कोर्ट के सामने निर्माणाधीन सड़क का अध्याय खत्म हुआ दबंग ठेकेदार ने सड़क को प्रकाश चाय वाले की दुकान के सामने बिना समतल किए गड्ढा छोड़ दिया जो दिन भर वाहनों की धमाचौकड़ी से गहरे गड्ढे में तब्दील हो गया जहां बाइक सवार गिरकर हो रहे हैं घायल कई एक हो चुके हैं हादसे अधिवक्ताओं ने पालिका अध्यक्ष से मामले की शिकायत की लेकिन पालिका प्रशासन की कान पर जू नहीं रेगी जिससे अधिवक्ताओं में पालिका प्रशासन के खिलाफ भयंकर आक्रोश प्राप्त है उन्होंने पालिका प्रशासन से तत्काल गड्ढे का समाधान करने की मांग की है जिससे हादसो पर लगाम लगाई जा सके अन्यथा की स्थिति में पालिका प्रशासन के खिलाफ आंदोलन तय है।

# अलीगढ़ की घटना यू.पी. में गुंडाराज का सुबूत : अदनान रजा

- घायल मुस्लिम युवकों से अलीगढ़ के अस्पताल में मिलने पहुंची आरएसी
- मॉब लिंचिंग की धारा जोड़ी जाए, जालिमों पर हो सख्त कार्रवाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बरेली। सत्ताधारी संरक्षण प्राप्त गुंडों ने अलीगढ़ में भैंस के गोश्त को गोमाँस बताकर चार मुसलमानों युवकों को जिस तरह पीट–पीटकर लहूलुहान किया है जो इस बात का पक्का सुबूत है कि उत्तर प्रदेश में गुंडाराज कायम हो चुका है। अलीगढ़ की घटना पर यह कड़ी प्रतिक्रिया नबीरा–ए–आला हजरत व ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान



रजा कादरी ने दी है। उन्होंने अलीगढ़ में आरएसी से जुड़े लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल घायल युवकों और परिजनों से मिलने भेजा, जिसने उन्हें विस्तार से घटना की जानकारी दी है। अलीगढ़ में चार मुस्लिम युवकों पर जुल्म और ज्यादती की खबर वायरल होते ही कौम के दर्दमंद लोगों ने नबीरा–ए–आला हजरत से संपर्क किया। घटना की पूरी जानकारी हासिल करने और घायल नौजवानों की हालत जानने के लिए नबीरा–ए–आला हजरत ने अलीगढ़ में पढ़ाई कर रहे बरेली के मौलाना तस्लीम रजा से फोन पर बात की। इसके बाद मौलाना तस्लीम रजा के साथ मौलाना आरिफ रजा रामपुरी, डॉ. तौसीफ रजा, फसाहत खाँ, नवेद खाँ, मौलाना इंतजार साहब आदि अलीगढ़ के अस्पताल पहुँचे। इन लोगों ने तीन घायल नौजवानों से मुलाकात की जबकि चौथे युवक की गंभीर हालत के कारण डॉक्टरों ने मुलाकात न करने की सलाह दी। प्रतिनिधिमंडल ने घायलों के भाई रिजवान और आरिफ से भी बातचीत की। इसके बाद हजरत अदनान रजा को पूरी जानकारी दी। उन्होंने अदनान मियाँ को बताया कि अलीगढ़ पुलिस ने 13 नामजद और 20–25 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, जिनमें से अभी तक सिर्फ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मौलाना अदनान रजा ने एफ.आई. आर. की प्रति भी मंगवाई जिसमें चौथ वसूली का मामला लिखा पाया मगर मॉब लिंचिंग की धारा गायब थी।

घटना की जानकारी और घायलों की हालत जानने के बाद मौलाना अदनान रजा ने बरेली में एक बयान जारी कर कहा है कि इस मामले में पुलिस को सभी 13 नामजदों को तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजना चाहिए और जल्द से जल्द बाकी 20–25 अज्ञात को भी ढूँढकर सलाखों के पीछे भेजना चाहिए। इतना ही नहीं, यह सीधा–सीधा मॉब लिंचिंग का मामला है, लिहाजा इसमें मॉब लिंचिंग की धारा भी जोड़ी जाए ताकि कड़ी सजा से दोषियों को सबक मिल सके और कानून का राज स्थापित हो। नबीरा–ए–आला हजरत ने आरएसी की अलीगढ़ इकाई को निर्देश दिए हैं कि पीड़ितों और उनके घरवालों की पूरी मदद करें। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वह खुद भी अलीगढ़ जाएंगे। मौलाना अदनान रजा ने कहा कि सत्ता के संरक्षण में बेकुसूर मुसलमानों की मॉब लिंचिंग करने वालों को छुट्टा घूमने नहीं दिया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने सभी दोषियों के विरुद्ध तुरंत कड़ी से कड़ी कार्रवाई न की तो आरएसी सड़क से न्यायालय तक पूरा जोर लगाकर जालिमों को सजा दिलाएगी।

मौलाना अदनान रजा कादरी ने कहा कि सत्ता का संरक्षण पाने वाले गुंडे अगर यह सोचते हैं कि वो जब जो चाहें करते रहेंगे और उन्हें कोई रोकने वाला नहीं है तो यह उनकी गलतफहमी है। उन्होंने कहा कि अमनपसंद होने और बुजदिल होने में जो फर्क है उसे हम खूब समझते हैं। मुसलमान खेत से लेकर सरहद तक मुल्क की खिदमत में बराबरी का शरीक है, उसे दूसरे दर्जे का नागरिक समझकर कुछ गुंडे इस तरह आए दिन कानून हाथ में लेंगे तो आरएसी खामोश नहीं बैठेगी। नबीरा–ए–आला हजरत ने कहा कि गुंडों ने अपने राजनीतिक आकाओं के बल पर पूरे देश–प्रदेश में आतंक फैला रखा है। कभी सड़क पर तो कभी ट्रेन में मुसलमानों पर हमले



किए जा रहे हैं। बड़ी–बड़ी बातें करने वाले सत्ताधारी नेता ऐसी घटनाओं पर कानून और इंसाफ की बात करने की औपचारिकता तक निभाने की जरूरत नहीं समझते। इससे साफ है कि इन गुंडों को सत्ता का संरक्षण हासिल है और उत्तर प्रदेश में गुंडाराज कायम हो चुका है। ऐसे में पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है कि मजलूमों के साथ न्याय करें ताकि मुल्क के हालात बिगाड़ने की साजिश नाकाम की जा सके।

# समर कैंप एवं पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर का समापन

दैनिक अयोध्या टाइम्स






बरेली। जीवनधारा पुनर्वास एवं शोध संस्थान में सोमवार को आयोजित समर कैंप एवं पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समापन कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्थान के छात्र हनी सिंह ने आई एम ए डिस्को डांसर गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इसके अलावा ताहिरा खान, आदित्य शर्मा, ऋषि वर्मा एवं ओम सक्सेना ने तारे जमीन पर फिल्म के गीत पर भावनात्मक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने समापन समारोह को विशेष बना दिया। कार्यक्रम का संचालन भारत विकास परिषद् के जिला संयोजक संजय नेगी द्वारा किया गया।समारोह में भारत विकास परिषद् की पंचाल नगरी शाखा के वरिष्ठ सदस्य हर्ष वर्धन विज, के.बी.एम. सिंह, पंकज सिंह, अतुल सक्सेना एवं संजय नेगी द्वारा शिविर के सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रतिभागिता प्रमाण–पत्र भेंट किए गए। संस्थान के प्रशासक हर्ष चौहान ने बताया कि समर कैंप का आयोजन 15 मई से 26 मई तक किया गया। इसमें भारत विकास परिषद् के सहयोग से बाल संस्कार शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें विशेष बच्चों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्या सोनल भाटिया ने बताया कि शिविर में बच्चों को वंदे मातरम् गायन, योग, चित्रकला, मेहंदी, ब्लॉक पोटिंग, मंडला आर्ट, फन विथ वाटर, फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता आदि का प्रशिक्षण दिया गया। अंत में संस्थान के अध्यक्ष प्रो. (डा.) अमिताव मिश्रा और निदेशिका शाश्वती नंदा ने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

# बिजली के पोल से पड़ी जर्जर केबिल से उतरा करंट, दो नाबालिक बच्चों की मौत, नहीं कराया परिजनों ने पोस्टमार्टम

ब्यूरो चीफ विपिन सिंह चौहान

फर्रुखाबाद। तेज हवा के साथ बारिश से जहां जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था स बिजली के पोल से घर में पड़ी केबिल जर्जर हालत में होने से लगे हुए लोहे के जीने में अचानक करंट आ गया जिससे नाबालिक दो बच्चों की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई, परिजनों ने दोनों बच्चों का पोस्टमार्टम नहीं कराया है स बताते हैं कि जर्जर केबल की वजह से बिजली के खंभे से जीने में करंट उतर आया था जिसमें दोनो भाईयो की चिपक जाने से मौत हो गई स दोनों नाबालिक बच्चों की मौत से परिबार में कोहराम मच गया है सथाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम पुठरी के रहने वाले अमित शर्मा की पत्नी रूबी देवी ने अपने दूसरे नंबर के पुत्र अनुराग को अहाते में बंधी भैंस को छांव में बंधने के लिए कहा। तो अनुराग भैंस बांधने अहाते में लेकर गया था ।

वहां रखे लोहे के जीने में अचानक करंट आ जाने से अनुराग लोहे के जीने में चिपक गया। 5 मिनट बाद उसका छोटा भाई रितिक अनुराग को बुलाने पहुंचा। तो देखा अनुराग यहां बैठा है जैसे ही उसने अनुराग को उठाने के लिए हाथ लगाया वह भी बिजली की चपेट में आ गया। दोनों पुत्रों के वापस ना आने पर मां मारुति देवी ने मौके पर जाकर देखा तो दोनों जीने के पास अचेत अवस्था में पड़े हुए थे। परिजनों ने आनन–फानन में दोनों को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अमित शर्मा के चार पुत्र थे। जिसमें बड़ा पुत्र अंशुल, मृतक अनुराग, आदित्य और रितिक का शव देखकर घर पर परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल



है। अमित शर्मा ने बच्चों की पोस्टमार्टम को न कराने की बात कही। घटनास्थल पर थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी पुलिस फोर्स के साथ निरीक्षण करने पहुंचे।

# संक्षिप्त समाचार

## डीएम से शराब की दुकान हटाने की मांग

- लक्ष्मी नगर कॉलोनी के वासियों ने दिया ज्ञापन

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बरेली। लक्ष्मीनगर कॉलोनी के गेट नंबर 5 पर अवैध रूप से खोली गई शराब की दुकान को लेकर क्षेत्रीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। कॉलोनी वासियों ने जिलाधिकारी से मिलकर दुकान को तत्काल हटाने की मांग की है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि लगभग 165 परिवारों वाली इस कॉलोनी में सात प्रवेश द्वार हैं। गेट नंबर 5 पर 1 अप्रैल 2025 को एक शराब की दुकान खोल दी गई, जबकि आबकारी विभाग द्वारा इसका आवंटन संजय नगर क्षेत्र के लिए किया गया था। कॉलोनी वासियों ने इसे पूरी तरह अवैध बताते हुए विरोध शुरू कर दिया है। निवासियों ने बताया कि दुकान के महज 40–50 मीटर की दूरी पर



सैक्रेड हार्ट स्कूल है, जहां छोटे–छोटे बच्चे पढ़ते हैं। इसके अलावा आसपास तीन मंदिर भी स्थित हैं, जहां रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु आते हैं। शराब की दुकान के चलते शाम होते ही असामाजिक तत्व यहां एकत्र हो जाते हैं और खुलेआम शराब पीते हैं। स्थानीय लोग, स्कूल स्टाफ, अभिभावक और मंदिर के पुजारी कई बार जिला प्रशासन और आबकारी विभाग से शिकायत कर चुके हैं। शराब पीने वालों की तस्वीरें और वीडियो भी संबंधित अधिकारियों को दिखाए जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि आबकारी अधिकारी की उदासीनता से यह संदेह और गहराता जा रहा है कि दुकान को जानबूझकर नियमों को ताक पर रखकर यहां संचालित किया जा रहा है। नागरिकों ने मांग की है कि सामाजिक हित में इस अवैध दुकान को तत्काल हटाया जाए। ज्ञापन देने वालों में दीपक शंखधार, मनोज दुबे, हरपाल सागर, राकेश चन्द्र, दीप्ती, प्रभा शर्मा, गोपी, रितु, पूर्व पार्षद वीरेन्द्र कुमार , जवाहर सिंह , अभिषेक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## लापरवाही : कार की टक्कर से ई रिक्शा पलटा चार घायल

- घायलों को बिहारीपुर पुलिस ने नहीं पहुंचाया अस्पताल

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बरेली। चौपला चौराहा के पास कार ने ई रिक्शा में मारी टक्कर ई रिक्शा पलट जाने से बच्चा सहित चार लोग घायल हो गए घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल नहीं पहुंचाया चारों घायल खुद जिला अस्पताल पहुंचे । परिजनों ने बताया कि जिला बदायूं के थाना बिनावर क्षेत्र रहने वाले 32 वर्षीय नीरज कुमार पुत्र ओमकार सागर अपनी पत्नी नीलम सागर साथ बच्चा श्लोक के साथ अपनी ससुराल थाना बारादरी क्षेत्र के मोहल्ला जोगी नवादा में आए थे सोमवार की सुबह को नीरज परिवार के साथ घर वापस जाने के लिए ससुराल से निकले ई रिक्शा से जाते समय चौपला चौराहा के पास पुल के नीचे तेज रफ्तार आ रही कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी जिससे ई रिक्शा पलट गया जिसमें बच्चा सहित चार लोग घायल हो गए। ई रिक्शा चालक कालीबाड़ी निवासी 22 वर्षीय करन पुत्र दीनानाथ घायल हो गया ई रिक्शा में बैठी सवारी नीरज उसकी पत्नी नीलम और बच्चा श्लोक घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचे, टक्कर मारने के बाद कर फरार हो गई घायलों का आरोप है नगर निगम की कार होने के कारण पुलिस वालों ने कार को भगा दिया उल्टा ई रिक्शा चालक को ही डांटने लगे। घायल का कहना है कि कार नगर निगम के किसी कर्मचारी या अधिकारी की थी जिस कारण पुलिस ने कार को जाने दिया और बिहारीपुर पुलिस की लापरवाही घायलों को जिला अस्पताल लेकर नहीं पहुंची चारों घायल खुद जिला अस्पताल पहुंचे। इसमें पुलिस की बहुत बड़ी लापरवाही है।



## अहिल्याबाई जयन्ती पर साहित्य परिषद करेगी गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स



बरेली। अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रान्त बरेली के तत्वावधान में आज एक बैठक का आयोजन प्रभात नगर स्थित परिषद के जनपदीय कार्यालय पर किया गया । बैठक की अध्यक्षता जनपदीय अध्यक्ष डॉ व्रजेश कुमार शर्मा द्वारा की गई । संचालन प्रांतीय संगठन मन्त्री निरुपमा अग्रवाल ने किया। बैठक में परिषद द्वारा आयोजित होने बाले कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई ब्रज प्रान्त के अध्यक्ष डॉ सुरेश बाबू मिश्रा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि रानीअहिल्याबाई होल्कर अपनी प्रजा को अपनी संतान समझती थीं और जनता के कल्याण के लिए हर समय तत्पर रहती थीं । बे बड़े धार्मिक स्वभाव की थीं । बनारस के विश्व प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर की स्थापना अहिल्याबाई होल्कर ने ही की थी ।श्री मिश्रा ने कहा किअहिल्याबाई होल्कर की जयन्ती पर 31 मई को गोष्ठी एव सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा । इसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने बाली पांच महिलाओं को अहिल्याबाई होल्कर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा । बैठक में सर्वसम्मति से बरेली के जनपदीय अध्यक्ष डॉ व्रजेश कुमार शर्मा को 31 मई को सायं 5 बजे से सायं 7 बजे तक कैम्ब्रिज स्कूल के सभागार में आयोजित होने बाली विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का संयोजक मनोनीत किया गया । जनपदीय मंत्री वी सी दीक्षित को कार्यक्रम का सह संयोजक बनाया गया पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर साहित्य परिषद बृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण पर विचार गोष्ठी का आयोजन रानी लक्ष्मीबाई पार्क में करेगी ।प्रवीण कुमार शर्मा एवं डॉ अखिलेश कुमार गुप्ता को संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया बैठक में मैडम निरुपमा अग्रवाल एस के कपूर, मोहन चन्द्र पाण्डेय, प्रवीण कुमार शर्मा ,डॉ रवि प्रकाश शर्मा ,डॉ अखिलेश कुमार गुप्ता ,निर्भय सक्सेना ,अनुराग उपाध्याय, डॉ ब्रजेश कुमार शर्मा तथा सरदार गुरविंदर सिंह मौजूद रहे । बरिष्ठ साहित्यकार एस के कपूर ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बरेली कॉर्पोरेट लीग में राहुल कपूर के हरफनमौला प्रदर्शन से किंग्सलेयर विजयी

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बरेली। डी जी इंफ्रा ग्रुप के तत्वाधान में श्री राम मूर्ति स्मारक क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे बरेली कॉर्पोरेट लीग में आज शाहजेब फर्नीचर व किंग्सलेयर के मध्य खेला गया। जिसमे शाहजेब फर्नीचर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।किंग्सलर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए राहुल कपूर के 56 व अजीम राजा के 22 रनों की मदद से 20 ओवर में 170 रनों का लक्ष्य शाहजेब फर्नीचर के समक्ष रखा। शाहजेब फर्नीचर की ओर से जारिफ ने 2 विकेट लिए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी शाहजेब फर्नीचर की टीम ने कृष्णा यादव के 24 व विकास राघव के 50 रन की मदद से 19.5 ओवर में 131 रन पर आल आउट हो गयी।किंग्सलेयर ने यह मैच 38 रनों से जीत लिया। किंग्सलेयर की ओर से राहुल कपूर,सैफ रजा व डॉ हरित ने 2–2–2 विकेट लिए। राहुल कपूर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस अवसर पर एस आर एम एस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति , शशांक रस्तोगी,रियाज अफरीदी,शुभम कौशिक,अतुल यादव,जारिया कलेक्शन के मालिक जहीर उद्दीन आदि उपस्थित रहे। आज के मैच के अंपायर संदीप पाल व पिंटू सिंह थे तथा स्कोरिंग अनूप गुप्ता ने की। आज का मैच पहला एक्सप्लोर इलेवन व आर सी सी तथा दूसरा मैच किंग्सलेयर व इलाइट इलेवन के मध्य खेला जायेगा।



## आगामी फिल्मों में दमखम दिखाएंगे सुनील शेट्टी



दैनिक अयोध्या टाइम्स

मुंबई। सुनील शेट्टी की फिल्म केसरी वीर ने बॉक्स ऑफिस पर दम तोड़ दिया है। फिल्म 2 दिन में ही ओंधे मुँह गिरी है है। वैसे सुनील शेट्टी की आने वाली फिल्मों में तीन ऐसी हैं, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट क्या ब्लॉकबस्टर साबित हो सकती हैं। विजय कुमार अरोड़ा के निर्देशन में बन रही फिल्म सन ऑफ सरदार 2 में अजय देवगन का लीड रोल है। कई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि संजय दत्त और अन्य स्टार्स के साथ सुनील शेट्टी की भी इसमें अहम् भूमिका है। हालांकि, हम इसकी पुष्टि नहीं करते हैं। फिल्म इसी साल रिलीज हो सकती है। वेलकम टू दि जंगल 2007 में आई वेलकम और 2015 में आई वेलकम बैक का तीसरा पार्ट है। फिल्म में अक्षय कुमार संजय दत्त, अरशद वारसी, परेश रावल और अन्य के साथ सुनील शेट्टी भी अहम् रोल में नजर आएंगे। हेरा फेरी 3 का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं। फिल्म में सुनील शेट्टी के साथ अक्षय कुमार की भी अहम् भूमिका है। यह फिल्म 2000 में आई हेरा फेरी और 2006 में रिलीज हुई फिर हेरा फेरी का तीसरा पार्ट है।

फिल्म इन गलियों में 10 अक्टूबर 2025 को रिलीज होगी। फिल्म में सुनील शेट्टी के अलावा रवीना टंडन, जावेद जाफरी, विवान शाह और सुशांत सिंह जैसे कलाकारों की अहम् भूमिका है।

## सोशल थ्रिलर फिल्म कुबेर का टीजर रिलीज, धनुष और नागार्जुन ने दिखाई शानदार एक्टिंग




हाल ही में एक्टर धनुष की आने वाली फिल्म 'कुबेर' का टीजर रिलीज हुआ है। फिल्म 'कुबेर' में लीड रोल में धनुष, नागार्जुन, रश्मिका मंदाना हैं। वहीं नेगेटिव के रोल में जिम सरभ नजर आएंगे। फिल्म 'कुबेर' के टीजर की बात करें तो इसका वीडियो दो मिनट और सात सेकंड का है। इस पूरे टीजर में एक्शन और एक्टिंग के अलावा गाना भी है, लेकिन बस कोई डायलॉग नहीं है। जिसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि मेकर्स ने इसे खास अंदाज में रिलीज किया है। हालांकि फिल्म की परफॉर्मेंस कैसी रहेगी ये तो रिलीज के बाद ही पता चलेगा। 'कुबेर' फिल्म के चंद मिनट के टीजर में धनुष, रश्मिका मंदाना, नागार्जुन और जिम सरभ ने अपनी एक्टिंग से फैंस को प्रभावित करते हैं। यह एक सोशल थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म को शेखर कम्मुला ने निर्देशित किया है। टीजर में पैसों का ढेर, एक्शन और ड्रामा की झलक मिलती है। फिल्म 'कुबेर' में धनुष के लुक को देखकर फैंस हैरान हो गए है। कुछ सीन्स में वह गरीबी, लाचर किस्म के आदमी के तौर पर दिखते हैं। वहीं कुछ सीन्स में उनका एक अलग अंदाज दिखाया है। नागार्जुन एक फैमिली मैन के रोल में नजर आते हैं। रश्मिका इस फिल्म में धनुष के साथ नजर आ रही है। इस फिल्म को तेलुगू, तमिल और हिंदी में एक साथ शूट किया जा रहा है। वहीं फिल्म के रिलीज होने के बात करें तो यह फिल्म पैन इंडिया फिल्म के तौर पर 20 जून को सामने आएगी।

## ताहा शाह बदुशा को कान्स में मिला सम्मान

- हीरामंडी और पारो के लिए वर्ष के प्रभावशाली अभिनेता का खिताब मिला

मुंबई (अनिल बेदाग)। डायनेमिक अभिनेता ताहा शाह बदुशा ने कान्स फिल्म फेस्टिवल में एक बड़ी जीत के साथ अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करवाई है। जहाँ उन्हें संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित ऐतिहासिक महाकाव्य हीरामंडी और गजेंद्र अहिरे द्वारा निर्देशित दुल्हन की गुलामी की एक मार्मिक कहानी पारो में उनके दमदार अभिनय के लिए इन्फ्लुएंशियल ऐक्टर ऑफ द ईयर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसमें तृप्ति भोईर ने उनके ऑपोजिट अभिनय किया है, जिसके साथ ताहा ने राशिद का किरदार निभाया है। एक ऐसा पति जो इस शोषणकारी व्यवस्था में महिलाओं की पीड़ा को समझता है और उसके संघर्षों के प्रति सहानुभूति रखता है। उनकी यह भूमिका फिल्म की कहानी में गहराई और संवेदनशीलता लेकर आती है। कान्स फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित होने के बाद पारो को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में भी दिखाया जाएगा, जिससे इसकी वैश्विक पहुंच एवं प्रभाव और भी बढ़ेगा। ताहा की इस जीत ने सिनेमा की परिवर्तनकारी शक्ति पर महत्वपूर्ण चर्चाओं को जन्म दिया है। प्रशंसक और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग उनके सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पण की जमकर सराहना कर रहे हैं। विश्व स्तर पर ताहा शाह की मौजूदगी ने उन्हें आलोचकों की प्रशंसा और दर्शकों का प्यार दोनों ही दिलवाया है। लेकिन यह उनका समर्पण है कि वे अपने मंच का इस्तेमाल बड़े उद्देश्यों के लिए करते हैं जो उन्हें दूसरों से अलग करता है। उनकी कान्स जीत सिर्फ उनके करियर की एक उपलब्धि नहीं है, यह तेजी से स्वचालित होती दुनिया में जागरूकता, सहानुभूति और कार्रवाई के लिए एक स्पष्ट आह्वान है। हीरामंडी और पारो ने पहले ही धूम मचा दी है, ऐसे में सभी




की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि ताहा शाह बदुशा, एक अभिनेता और चेंजमेकर हैं जो वैश्विक मंच पर देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## फिर साथ आ रहे माधुरी-संजय दत्त!

दैनिक अयोध्या टाइम्स

मुंगई। साल 1993 में आई संजय दत्त-माधुरी दीक्षित की फिल्म खलनायक को कौन भूल सकता है। सुभाष घई की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इस वक्त फिल्म के सीक्वल पर काम चल रहा है, जिसपर एक धांसू अपडेट आ गया है। पर यहां एक पेंच है, मेकर्स ने कास्टिंग को लेकर कुछ नया बता दिया।

जी हां, मेकर्स संजय दत्त को फिल्म से बाहर नहीं करने वाले हैं। 32 साल बाद एक बार फिर संजू बाबा-माधुरी दीक्षित



उसी अंदाज में देखने को मिलेंगे। इस जोड़ी को साथ देखने का हर कोई इंतजार कर रहा है। लेकिन संजय दत्त और माधुरी दीक्षित का पत्ता नहीं कटेगा। दोनों का खलनायक पार्ट 2 में कैमियो होगा। फिल्म पर तेजी से काम किया जा रहा है। दरअसल साल 2024 में ऐसी खबर आई थी कि बल्लू के लिए नए एक्टर की तलाश की जा रही है लेकिन सुभाष घई ने इस अफवाह पर विराम लगा दिया था। उनका कहना था कि इस आइकॉनिक रोल को सिर्फ संजय दत्त प्ले करेंगे. वहीं, इस सीक्वल में नए एक्टर्स ही नए किरदारों को निभाते दिखाई देंगे।

## मीठी रिवर स्कैम में डिनो मोरिया से पूछताछ



दैनिक अयोध्या टाइम्स

मुंबई। मुंबई के बहुचर्चित मीठी रिवर स्कैम की जांच तेज होती जा रही है। इस घोटाले में बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया का नाम सामने आने के बाद वे सोमवार सुबह आर्थिक अपराध शाखा के दफ्तर में पेश हुए। सूत्रों की मानें तो मोरिया सुबह करीब 11 बजे जांच अधिकारियों के सामने अपना बयान दर्ज कराने पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक जांचकर्ताओं को उनके, उनके भाई और मुख्य आरोपी केतन कदम के बीच कई बार फोन पर बातचीत का पता चलने के बाद डिनो मोरिया को तलब किया गया।

बताया जा रहा है कि ईओडब्ल्यू की जांच में अब तक कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। ताजा अपडेट में यह बात सामने आई है कि डिनो मोरिया, उनके भाई और इस घोटाले के मुख्य आरोपी केतन कदम के बीच कई बार बातचीत हुई है। इन कॉल की रिकॉर्डिंग और डेटा अब जांच एजेंसियों के रडार पर हैं। बता दें कि डिनो मोरिया को आखिरी बार ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर स्टारर वेब सीरीज द रॉयल में देखा गया था। यह सीरीज इसी महीने नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। यह घोटाला मीठी नदी की सफाई में मुंबई नगर निगम द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले स्लज पुशर और ड्रेजिंग मशीनों की खरीद-फरोख्त से जुड़ा है। आरोप है कि इन मशीनों को कोच्चि की कंपनी मैटप्रॉप टेक्निकल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से ऊंचे दामों पर किराए पर लिया गया था और इसमें भारी वित्तीय अनियमितता की गई थी। केतन कदम और जय जोशी इस मामले में मुख्य आरोपी बताए जा रहे हैं। इन दोनों पर मैटप्रॉप कंपनी के अधिकारियों और बीएमसी के स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों रुपये का घोटाला करने का आरोप है। कथित तौर पर मीठी नदी के कथित डिसिल्टिंग घोटाले में नगर निगम को 65.54 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

## 'रेड 2' ने आज 'छावा' जैसी ब्लॉकबस्टर को भी दे दी मात!

अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' ने 1 मई को रिलीज होने के बाद लगातार 25 दिनों तक बॉक्स ऑफिस पर राज किया. साल 2018 में आई 'रेड' के सेकेंड पार्ट में भी अमय पटनायक बन अजय देवगन ने दर्शकों का प्यार पाया है. फिल्म को रिलीज हुए आज 26 दिन पूरे हो चुके हैं और




फिल्म की कमाई से जुड़ा आज का शुरुआती डेटा भी सामने आ चुका है तो चलिए जानते हैं कि फिल्म ने अभी तक कितनी कमाई कर ली है और आगे कौन सा रिकॉर्ड बनाने वाली है.

रेड 2 का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन : रेड 2 ने ऑफिशियल आंकड़ों के मुताबिक 22 दिन में 161.79 करोड़ रुपये कमाए. इसके बाद 23वें और 24वें दिन फिल्म की कमाई सैक्निल्क के मुताबिक 1 करोड़ और 1.85 करोड़ कमाए. 25वें दिन यानी रविवार को फिल्म की कमाई बढ़कर 2.4




करोड़ रुपये हो गई. इस तरह से फिल्म ने 25 दिन में 167.04 करोड़ बटोर लिए. 26वें दिन यानी आज फिल्म ने 10रू15 बजे तक 0.75 करोड़ कमाए हैं और टोटल कलेक्शन 167.79 करोड़ हो चुका है. आज का डेटा फाइनल नहीं है. इसमें बदलाव हो सकता है.

रेड 2 का बजट और वर्ल्डवाइड कलेक्शन : रेड 2 को 48 करोड़ रुपये में तैयार किया गया है और फिल्म ने सैक्निल्क के मुताबिक 25 दिनों में वर्ल्डवाइड 223.50 करोड़ कमा लिए. इसमें आज की कमाई जोड़ें तो ये 224.25 करोड़ हो जाता है. यानी फिल्म ने बजट का करीब 470 प्रतिशत निकाल लिया है. इस साल की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म छावा की बात करें तो उसने इंडिया में 601.54 करोड़ रुपये कमाए थे यानी इस फिल्म ने सिर्फ इंडिया में बजट का 462 प्रतिशत एक्स्ट्रा निकाला था क्योंकि इसका बजट 130 करोड़ था. अगर विक्की कौशल की फिल्म की सिर्फ इंडियन कमाई की तुलना रेड 2 की वर्ल्डवाइड कमाई से करें तो रेड 2 ने छावा से करीब 8 प्रतिशत एक्स्ट्रा कमा लिया है।

DAT Network

DAT NEWS

हर खबर आप तक

Our Channel is broadcasting in 12 states.

UTTAR PRADESH, BIHAR, GOA, CHHATISGARH
WEST BENGAL, ODISHA, HARYANA, RAJASTHAN
PANJAB, ASSAM, TRIPURA, MUMBAI

+91 9918523251 datnewsofficial ayodhyatimes06@gmail.com